वाराणसी, शनिवार, 17 सितम्बर, 2022

भाद्रपद मास, कृष्ण पक्ष 7, वर्ष 11, अंक 221, पृष्ठ 16, मूल्य: 5.00



परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित



नगर/डाक संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

# यूपी में बारिश से भारी तबाही, 17 लोगों की मौत

## हर तरफ पानी ही पानी, शुक्रवार तड़के एक निर्माणाधीन मकान की दीवार गिरने से नौ लोगों की मौत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मानसून ने फिर वापसी की है। पूरे प्रदेश में पिछले दो दिन से लगातार बारिश हो रही है। कहीं मूसलाधार बारिश हो रही है तो कहीं रुक-रुक कर पानी बरस रहा है। बारिश के कारण विभिन्न जिलों में हुए हादसों में 24 घंटों में 17 लोगों की मौत हो चुकी है। लखनऊ में शुक्रवार तड़के एक निमार्णाधीन मकान की दीवार गिरने से नौ लोगों की मौत हो गई वहीं उन्नाव में भी एक कच्चे मकान की छत ढहने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई, जिनमें दो भाई और एक बहन हैं। बारिश के कारण हुए हादसों में मरने वालों के प्रति प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने दुख जताया है।

उन्होंने मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये का मुआवजा देने का एलान किया है। राजधानी लखनऊ के गाजीपुर थाना क्षेत्र में बिजली के खंभे के पास भरे पानी में उतरे करंट की चपेट में आने से एक बच्चे की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं उन्नाव में पीड़ित परिवार को पक्का आवास भी मिलेगा। आवास बनने तक उनके रहने और खाने की व्यवस्था कर प्रशासन की ओर से की जाएगी।

बारिश के कारण प्रदेश के हर बड़े शहर में जलभराव की समस्या हो गई है। स्कूल और कार्यालयों में कार्य प्रभावित हुआ है। गोरखपुर में घरों के अंदर पानी चल रहा है। पानी में सोफा, कुर्सी, बेड, फ्रिज सब आधे डूबे हुए हैं। लोगों को ना घर में ना बाहर कोई ठिकाना नहीं है। जिलों का प्रशासन बार-बार लोगों से बिना जरूरी काम के बाहर नहीं निकलने का आह्वान कर रहा है।

**आपदा**

**लखनऊ की मंडलायुक्त रोशन जैकब ने विभिन्न स्थानों पर जाकर जलभराव का जायजा लिया**

**सड़क पर घुटनों तक बहते पानी के बीच कमिश्नर ने लोगों का हाल जाना**





लखनऊ की मंडलायुक्त रोशन जैकब ने गुरुवार को विभिन्न स्थानों पर जाकर जलभराव का जायजा लिया। इस दौरान सड़क पर घुटनों तक बहते पानी के बीच वे एक हाथ में चप्पल पकड़े और दूसरे हाथ से एक कर्मी का हाथ पकड़कर सहारा लेकर विभिन्न इलाकों में जलभराव का जायजा ले रही हैं। कानपुर में जलभराव होने से अलग-अलग हादसों में दो युवकों की मौत हो गई। इसमें एक युवक की जूही खलवा पुल के नीचे पानी में डूबने से मौत हुई। तो वहीं, दूसरे का शव परमपुरवा के नाले में उतराता मिला। दोनों शवों की शिनाख्त की जा रही है। लखनऊ और झांसी में जिला प्रशासन ने देर रात जिला के 12वीं तक के सभी सरकारी, अर्द्ध-सरकारी या प्राइवेट स्कूलो में अवकाश रखने का निर्देश जारी किया है।पिछले 24 घंटे में गोरखपुर और बस्ती मंडल के जिलों में झमाझम बारिश हुई है। गोरखपुर में 158 मिलीमीटर, महराजगंज में 90, देवरिया में 81.4, सिद्धार्थनगर में 70.2, संतकबीरनगर में 52, कुशीनगर में 34.15 और बस्ती में 27 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई।

देवरिया के रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के गौतम चक मठिया में बृहस्पतिवार सुबह आठ बजे बिजली गिरने से बरामदे में बैठे मंकेश चौहान के दो वर्षीय बेटे अभी की मौत हो गई। वहीं, कुशीनगर के पडरौना कोतवाली क्षेत्र के सिरसिया दीक्षित गांव में सुबह 11 बजे बिजली गिरने से महिला व किशोरी झुलस गईं। शाम करीब पांच बजे हाटा कोतवाली क्षेत्र के पड़री गांव में बिजली गिरने से 12 लोग झुलस गए। सभी का इलाज चल रहा है। रायबरेली शहर कोतवाली क्षेत्र में मकान गिरने से एक मासूम की मौत हो गई जबकि 3 लोग घायल हो गए। डीएम ने पहुंचकर घायलों का हालचाल लिया। इससे पहले गुरुवार को झांसी के पूंछ में फसल खराब होने से सदमे में आए किसान की मौत हो गई, जबकि ललितपुर में फसल को काफी नुकसान हुआ है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने घटना पर दुख जताया है। मृतकों के परिजनों के लिए 4-4 लाख रुपये मुआवजे का ऐलान किया गया है। वहीं, प्रदेश में बारिश का कहर देखने को मिल रहा है। मॉनसून के सक्रिय होने के बाद दो दर्जन से अधिक जिलों में बारिश का येलो और ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। राजधानी लखनऊ में भारी बारिश को देखते हुए स्कूलों को बंद करने का आदेश डीएम ने जारी किया है।

### मौत की नींद सो गए बूढ़ी मां के पांच सहारे

**लखनऊ।** शुक्रवार तड़के दीवार गिरने से नौ लोगों की मौत होने की जानकारी जैसे ही झांसी के बंगरा अंतर्गत पचवारा गांव में हुई तो वह मातम पसर गया। मरने वालों में एक ही परिवार के पांच लोग हैं जबकि चार उनके रिश्तेदार हैं। पचवारा गांव के आदिवासी मोहल्ले में रहने वाले गिरजा अपनी पत्नी व बच्चों के अलावा रिश्तेदारों के साथ लखनऊ में काम के सिलसिले में पिछले 20 वर्ष से जा रहे हैं। वहां मजदूरी कर यह लोग परिवार का भरण-पोषण करते थे। गांव में उनकी मां भगवती देवी रहती हैं। इस हादसे में एक ही परिवार के गिरजा शंकर और उनकी पत्नी मान कुमार, पुत्र प्रदीप, प्रदीप की पत्नी रेशमा और पुत्री भारती की मौत हो गई। इसके अलावा चार रिश्तेदारों की भी जान चली गई। यह जानकारी जैसे ही गांव पहुंची तो गांव में मातम पसर गया। लोग गिरजा के घर पर कई लोग इकट्ठा हो गए। मां और रिश्तेदारों का रो-रोकर बुरा हाल है। पीड़ित परिवार का विलाप देख किसी की आंख नम हो गई। घटना के बाद प्रशासनिक अधिकारी मौके पहुंचे उन्होंने मदद का आश्वासन दिया है। गौरी शंकर के परिवार में सिर्फ एक बेटा गोलू ही बचा है। बता दें कि भारी बारिश से लखनऊ के कैंट के दिलकुशां कॉलोनी में यह हादसा हुआ है। जहां कॉलोनी में निमार्णाधीन दीवार गिरने से उसके नीचे दबकर नौ लोगों की मौत हो गई और दो लोग घायल हो गए। मृतकों में दो बच्चे भी हैं। दीवार गिरने के बाद अधिकारी मौके पर पहुंचे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने घटना पर दुख जताते हुए मृतकों के परिजनों के लिए मुआवजे का एलान भी किया है। मुख्यमंत्री योगी ने हादसे में हुई जनहानि पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।



NDS
नरायन दास सर्राफ ज्वेलर्स
(प्रा०लि०)
वाराणसी
सोने, चॉदी, हीरे, प्लेटिनम एवं कुंदन के आभूषण
● 916 हॉलमार्क ज्वेलरी ●
रथयात्रा
0542-2361600, 2987700, 8318650589
अर्दली बाजार
0542-2505500, 2507700, 9455084195
SUNDAY OPEN
●रथयात्रा ● अर्दली बाजार ● चौक (ठठेरी बाजार) वाराणसी
● पार्किंग की सुविधा उपलब्ध ●

## तेज बारिश से पूर्वांचल की नदियां उफनाईं

**गोरखपुर।** गोरखपुर और आसपास के जिलों के साथ ही नेपाल में हो रही तेज बारिश का असर दिखने लगा है। गोरखपुर में बहने वाली सभी नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। सरयू नदी बरहज में खतरे के निशान के काफी करीब पहुंच गई है। राप्ती-रोहिन और गोर्रा नदी का जलस्तर भी बढ़ाव पर है। जिला आपदा प्रबंध प्राधिकरण और सिंचाई विभाग के आंकड़े बयां कर रहे हैं कि नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। बुधवार की सुबह जहां सरयू नदी का जलस्तर बरहज में 65.90 आरएल मीटर था देर शाम तक 66.40 आरएल मीटर पहुंच गया। सरयू नदी बरहज में खतरे के निशान 66.50 आरएल मीटर के काफी करीब पहुंच गई है। सिंचाई विभाग का मानना है कि सरयू कभी भी यहां खतरे का निशान पार कर सकती है। राप्ती नदी का जलस्तर भी बढ़ाव पर है। सिंचाई विभाग के मुताबिक राप्ती नदी का जलस्तर बुधवार की सुबह बर्डघाट में 71.580 आरएल मीटर था जो देर शाम को 71.670 आरएल मीटर पहुंच गया।

**खतरे के निशान के पास पहुंचीं सरयू**

## अष्टधातु की मूर्ति संग 10 तस्कर अरेस्ट

**कामयाबी**

**108 किग्रा की दो मूर्तियों की कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में 95 करोड़**

**15 वर्ष पहले की गई थी मूर्ति चोरी महेवाघाट पुलिस ने किया बरामद**

**कौशाम्बी।** गैर जनपद के किसी गांव स्थित मंदिर से 15 वर्ष पहले चोरी हुई अष्टधातु की दो मूर्तियों को महेवाघाट पुलिस ने शुक्रवार को बरामद किया है। इस दौरान पुलिस के हत्थे दस तस्कर भी चढ़े हैं। एसपी हेमराज मीणा के निर्देश पर पकड़े गए सभी तस्करों को जेल भेज दिया गया था। कौशाम्बी जिले के महेवाघाट कोतवाल रोशन लाल के अनुसार बृहस्पतिवार की रात्रि में उन्हें मुखबिर ने बताया कि यमुना पुल के समीप मूर्ति तस्कर बेशकीमती मूर्ति का सौदा करने जा रहे हैं।

जानकारी पर इंस्पेक्टर दल बल के साथ मौके पर पहुंच गए। इस दौरान तस्कर भागना चाहा तो पुलिस टीम ने दौड़ाकर पकड़ लिया। तस्करों के कब्जे से ठाकुर जी की अष्टधातू की तकरीबन 62 किग्रा की एक मूर्ति व 46 किग्रा वजन की दूसरी मूर्ति अवशेष पुलिस ने बरामद किया। वहीं मौके पर दस तस्करों को गिरफ्तार किया। बरामद दोनों मूर्तियों की कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में तकरीबन 95 करोड़ आंकी जा रही थी। पकड़े गए तस्करों में कौशाम्बी, बांदा व चित्रकूट के तस्कर बताए गए हैं। पकड़े गए मूर्ति तस्करों को जेल भेज दिया गया।



## सीएम योगी के सलाहकार बनाए गए अवनीश अवस्थी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने पूर्व अपर मुख्य सचिव (गृह) अवनीश अवस्थी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सलाहकार बनाया गया। इस संबंध में नियुक्ति विभाग ने आदेश जारी कर दिया है। अवस्थी 31 अगस्त को रिटायर हुए थे। उसके बाद से ही उन्हें बड़ी जिम्मेदारी दिए जाने की चर्चाएं थीं।बता दें कि अवनीश अवस्थी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का भरोसेमंद अफसर माना जाता रहा है।



**पिछले महीने ही हुए थे एसीएस के पद से रिटायर**

## भाजपा के होंगे कैप्टन अमरिंदर

**हो गया तय**

**19 सितंबर को लेंगे पार्टी की सदस्यता, पीएलसी का भी होगा विलय**

**नई दिल्ली।** पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह सोमवार 19 सितंबर को नई दिल्ली में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में भाजपा में शामिल होंगे। इस दौरान वह अपनी पार्टी पंजाब लोक कांग्रेस (पीएलसी) का भी भाजपा में विलय करेंगे। कैप्टन के साथ पंजाब के छह पूर्व मंत्रियों के अलावा उनके पुत्र रनिंदर सिंह, बेटी जयइंदर कौर और पोता निर्वाण सिंह भी भाजपा की सदस्यता लेंगे। इस बीच, पंजाब भाजपा के पुनर्गठन की तैयारी भी चल रही है, जिसमें माना जा रहा है कि कैप्टन पंजाब भाजपा का प्रमुख चेहरा होंगे और पार्टी उन्हीं के नेतृत्व में अपने दम पर अगले चुनावों में उतरेगी।



पिछले दो महीने से पीएलसी के भाजपा में विलय की बातें चल रही थी। हालांकि इस सवाल को कैप्टन टालते रहे लेकिन विदेश से लौटने के बाद कैप्टन ने सबसे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। उसके बाद गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ भी बैठक की। इस बीच, भाजपा हाईकमान ने पंजाब भाजपा की नई कार्यकारिणी का ऐलान सितंबर माह के दौरान करने का फैसला भी ले लिया है।

कैप्टन की पीएम, गृहमंत्री और भाजपा अध्यक्ष के साथ बैठकों ने पीएलसी के भाजपा में जल्द विलय की चर्चा को तेज कर दिया है। आगामी सोमवार को कैप्टन और उनकी पार्टी के भाजपा में समाहित होने के बाद कैप्टन ही पंजाब भाजपा का मुख्य चेहरा होंगे। दरअसल, पंजाब भाजपा के पास इस समय कोई भी ऐसा कद्दावर नेता नहीं है, जो अपने बूते पर पार्टी को प्रदेश की सत्ता तक पहुंचा सके।

## विधायक अमानतुल्लाह को एसीबी ने किया अरेस्ट

**कार्रवाई**

**वक्फ बोर्ड में गैरकानूनी रूप से भर्ती करने का है मामला**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) ने आप विधायक अमानतुल्लाह खान को वक्फ बोर्ड में 32 लोगों की गैर कानूनी रूप से भर्ती कराने के मामले में शुक्रवार को गिरफ्तार किया है। इससे पहले उनके घर पर छापा मारा गया और दोपहर करीब 12 बजे पूछताछ की गई। एसीबी प्रमुख मधुर वर्मा ने आप विधायक अमानतुल्लाह को पूछताछ के लिए शुक्रवार को बुलाने की पुष्टि की है। उनके कहना है कि एसीबी के पास विधायक के खिलाफ गवाह व सबूत हैं।



एसीबी के अधिकारियों के अनुसार विधायक के खिलाफ एसीबी में एफआईआर दर्ज है। विधायक खान पर आरोप है कि उन्होंने वक्फ बोर्ड का चेयरमैन रहते हुए 32 लोगों की गैरकानूनी रूप से भर्ती की थी। इसके अलावा उन्होंने वक्फ बोर्ड की प्रॉपर्टी को गैर-कानूनी तरीके से किराए पर दिया। एबीसी के अधिकारियों के अनुसार एसीबी के पास विधायक खान के खिलाफ गवाह व सबूत हैं।

## ओपी राजभर को लगा बड़ा झटका

**अपने छोड़ रहे साथ**

**सुभासपा के 45 नेताओं ने महेंद्र के समर्थन में दिया इस्तीफा**

**2017 के विस चुनाव में मुख्तार को दी थी टक्कर**

**मऊ।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी प्रमुख ओम प्रकाश राजभर को बड़ा झटका लगा है। सुभासपा के 45 अधिकारियों और कार्यकताओं ने सामूहिक इस्तीफा दे दिया है। बताया जा रहा है कि महेंद्र राजभर के समर्थन में सभी अधिकारियों और कार्यकताओं ने इस्तीफा दिया है। कोपागंज में बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं ने बड़ा फैसला लिया है। सभी कार्यकर्ताओं ने सुभासपी की टोपी भी आज उतार दी।



महेंद्र राजभर ने ओमप्रकाश राजभर पर मनमाने तरीके से फैसले लेने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि जब भी कोई कार्यक्रम करना होता है तो कार्यकर्ताओं को उत्साहित कर वह कार्यक्रम को सफल बनाने की तैयारी करते हैं, जब कार्यकर्ता के सम्मान की बात आती है तो उन्हें नहीं पूछा जाता, न ही उनसे राय ली जाती है। सुभासपा में भगदड़ और इस्तीफों से ओम प्रकाश राजभर परेशान हो गए हैं। लगातार हो रहे इस्तीफों पर अब ओपी राजभर का बयान आया है, उन्होंने पार्टी में बगावत और इस्तीफों के लिए अखिलेश यादव को सीधे जिम्मेदार बताया है। राजभर ने कहा कि अखिलेश यादव उनकी पार्टी के नेताओं को तोड़ रहे हैं। नेताओं को पैसा, गाड़ी और टिकट का लालच दिया जा रहा है। पार्टी के संस्थापकों में शामिल रहे महेंद्र सुभासपा अध्यक्ष के काफी करीबी लोगों में रहे हैं। पार्टी में महेंद्र की अहमियत ओमप्रकाश के बाद दूसरे नंबर पर थी। वह पार्टी की रणनीति और नीति बनाने की प्रमुख भूमिका निभाते थे। 2017 के विधानसभा चुनाव में भाजपा गठबंधन में सुभासपा ने उन्हें मुख्तार के खिलाफ मऊ सदर से लड़ाया था, जिसमें महेंद्र को 89 हजार के करीब वोट मिले थे।

## यूक्रेन से लौटे छात्रों को सुप्रीम कोर्ट से राहत

**नई दिल्ली।** यूक्रेन से देश लौटे मेडिकल छात्रों को शुक्रवार को बड़ी राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को यूक्रेन से लौटकर आए छात्रों की मदद करने को कहा है। शीर्ष अदालत ने शुक्रवार को सुझाव देते हुए केंद्र सरकार को निर्देशित किया कि रूस-यूक्रेन युद्ध के मद्देनजर यूक्रेन से देश लौटे मेडिकल छात्रों की सहायता के लिए एक वेब पोर्टल बनाए। इस पोर्टल पर उन सभी विदेशी विश्वविद्यालयों का विवरण दिया जाए, जहां वे सरकार के शैक्षणिक गतिशीलता कार्यक्रम के अनुसार अपना पाठ्यक्रम पूरा कर सकते हों। जस्टिस हेमंत गुप्ता और जस्टिस सुधांशु धूलिया की पीठ ने कहा कि यह एक पारदर्शी प्रणाली होनी चाहिए और इस वेब पोर्टल पर वैकल्पिक विदेशी विश्वविद्यालयों में उपलब्ध फीस और सीटों की संख्या का पूरा विवरण निर्दिष्ट करना चाहिए, जहां से वे अपना पाठ्यक्रम पूरा कर सकते हैं। शुक्रवार को सुनवाई की शुरूआत में, केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि मामले में वह प्रतिकूल रुख नहीं अपना रहे हैं और सुनवाई के दौरान उन्होंने पीठ के दिए सुझावों पर सरकार से निर्देश प्राप्त करने के लिए समय मांगा।

**निर्देश**

**छात्रों की मदद के लिए सरकार बनाए वेब पोर्टल**

## पहले शराब बेचने वाले ही पोषण आहार बांटते थे: योगी

**लखनऊ।** बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा शुक्रवार को लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विगत पांच वर्ष से पोषण माह कार्यक्रम सफलतापूर्वक मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2018 में इसकी शुरूआत की थी।

उन्होंने कहा कि वर्तमान और भविष्य को कुपोषण से मुक्त करने का यह बेहद महत्वपूर्ण अभियान है। किशोरी, धात्री महिलाएं, माताएं सुपोषणयुक्त होंगी तो बच्चे भी स्वस्थ व सक्षम होंगे। इससे समाज और देश भी सशक्त होगा। जनपद के भ्रमण में मेरा लक्ष्य होता है कि स्वास्थ्य केन्द्र और स्कूल आंगनबाड़ी केंद्र जरूर जाऊं। 2017 से पहले शराब बेचने वाले ही पोषण आहार बांटने का कार्य करते थे। मुझे आश्चर्य हुआ। मेरी सरकार ने ऐसे कॉकस को खत्म किया।



सीएम ने कहा कि शिक्षित और स्वस्थ बच्चे ही मजबूत राष्ट्र का आधार होते हैं।बच्चों को उद्धरणों के माध्यम से बेहतर सिखा सकते हैं।

## बीएलडब्ल्यू का इंजीनियर रिश्वत लेने में गिरफ्तार

**वाराणसी।** केंद्रीय जांच ब्यूरो ने शुक्रवार को बीएलडब्ल्यू के एक वरिष्ठ सिविल इंजीनियर को 3 लाख की रिश्वत लेने के मामले में गिरफ्तार किया है। यह मामला पिछले दिनों शिकायतकर्ता की शिकायत पर दर्ज किया गया था। जिसमें शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया गया था कि उससे उक्त इंजीनियर रिश्वत की मांग कर रहा है। इस पर सीबीआई ने जाल बिछाया और 3 लाख रुपये की रिश्वत मांगते और स्वीकार करते हुए आरोपी को रंगेहाथ पकड़ लिया। आरोपितों के आवासीय परिसरों की तलाशी ली गयी। गिरफ्तार आरोपी को विशेष न्यायाधीश, सीबीआई अदालत में पेश किया जाएगा। गिरफ्तार वरिष्ठ सिविल इंजीनिय का नाम ओम प्रकाश सोनकर बताया गया है।

## मोदी ने जिनपिंग व शरीफ से बनाई दूरी, नहीं मिलाया हाथ

### पीएम ने रूस से कहा-समस्याओं का समाधान जंग से नहीं, शांति के रास्ते पर आगे बढ़ने से होगा

**नई दिल्ली/ताशकंद ।** शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच दूरियां स्पष्ट नजर आईं। मोदी जिनपिंग के साथ ही पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से दूरी बनाकर रखी। उन्होंने इन नेताओं से हाथ भी नहीं मिलाया। हालांकि रूस के राष्ट्रपति के साथ मुलाकात के दौरान मोदी और पुतिन के बीच कई अहम मुद्दों पर बात हुई। दरअसल, गलवान घाटी में भारत और चीन के सैनिकों के बीच 2020 में हुई झड़प के बाद यह पहला अवसर था, जब मोदी और जिनपिंग एक ही मंच पर थे। उज्बेकिस्तान के समरकंद में आयोजित समिट में दोनों नेता औपचारिक मुलाकात से भी बचते दिखाई दिए। जानकारी के मुताबिक दोनों नेता आसपास ही खड़े थे, लेकिन उन्होंने हाथ नहीं मिलाया। मोदी को गुरुवार को ही समिट में पहुंचना था, लेकिन शुक्रवार को समिट से कुछ समय पहले ही वे आयोजन स्थल पर पहुंचे। उन्होंने डिनर भी अटेंड नहीं किया। समिट को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि दुनिया कोरोना काल के बाद चुनौतियों का सामना कर रही है। ऐसी में शंघाई सहयोग संगठन की भूमिका महत्वपूर्ण है। भारत के प्रधानमंत्री ने कहा कि एससीओ के सदस्य देश वैश्विक जीडीपी में करीब 30 फीसदी का योगदान देते हैं और दुनिया की 40 प्रतिशत जनसंख्या भी एससीओ देशों में रहती है।

पुतिन ने कहा कि भारत की तरफ से की गई फर्टीलाइजर की मांग को हम पूरा करेंगे। ऊर्जा के क्षेत्र में हम मदद करेंगे। भारत-रूस को वीजा फ्री टूरिज्म पर विचार करना चाहिए। यूक्रेन से जंग के दौरान भारत ने रूस से कच्चे तेल की खरीदारी की।

**कूटनीति**

**रूस-भारत ऊर्जा के क्षेत्र में मिलकर करेंगे काम**

**मोदी बोले- दुनिया ऊर्जा व खाद्य संकट का सामना कर रही**



### अगले साल भारत करेगा मेजबानी

अगले साल यानी 2023 में भारत एससीओ समिट की मेजबानी करेगा। इसके लिए रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने भारत को बधाई दी है। इसके अलावा बिलावल ने अगले साल एससीओ की मेजबानी भारत के करने पर भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान इसमें शामिल होगा या नहीं इस पर अभी कोई फैसला नहीं किया गया है।

# इस दफ्तर में शाम होते ही सजता है मयखाना!

**सदर तहसील**

**तहसील परिसर के कमरा नंबर-17 में हर शाम चलती है शराब की पार्टी, छत पर फेंक देते हैं बोतलें**

**रविवार को करते हैं वसूली कर्मचारियों को याद नहीं कि कब हुआ कार्यालयों का अंतिम मुआयना**

**जनसंदेश न्यूज**

**वाराणसी।** जनपद का सदर तहसील प्रशासन अपने ही परिसर में चल रही मौज-मस्ती से बेखबर है। इस प्रांगण स्थित भवन के प्रथम तल पर कमरा नंबर-17 के संग्रह अनुभाग में ऐसी कोई शाम नहीं जब महफिल न जमती हो। रविवार को लंबित कार्य निबटाने के बहाने भी यहां जुटान होता है और जमकर दारू की पार्टी चलती है। रविवार को इस दफ्तर में पहुंचने की एक और वजह बतायी जा रही है।



सदर तहसील के प्रथम तल स्थित छत पर किसी भी दिन यह दृश्य देखा जा सकता है

चर्चा है कि इसी कमरा नंबर-17 में इकोनॉमिकली वीक सेक्शन यानि ईडब्ल्यूएस के तहत प्रमाण-पत्र बनवाने के लिए आने वाले लोगों से 'सौदेबाजी' और 'लेन-देन' का कार्य आसान माना जाता है। यह कार्य अत्यधिक मलाईदार समझा जाता है। इस कमरे में प्रतिदिन सायंकाल शराब की महफिल शुरु होकर देर रात तक चलती है। उसके बाद मदिरा की बोतल, शीतल पेय के बोतल, नमकीन वगैरह के खाली पैकेट्स आदि प्रथम तल के ही छत पर फेंक दिये जाते हैं। खास यह भी कि परिसर की चौकीदारी करने वालों को प्रतिदिन होने वाले इस कृत्य की जानकारी होने के बावजूद अफसरों को इसकी सूचना तक देने की आवश्यकता नहीं समझी जाती। लोगों की मानें तो अरसे से सदर तहसील परिसर के मुआयने की कोई जरूरत समझी ही नहीं गयी। यहां के कर्मचारियों को भी याद नहीं कि सदर तहसील परिसर के दफ्तरों का अंतिम निरीक्षण कब हुआ था।

# हफ्ते भर में महिला साइबर अपराध को निबटाएं

**निरीक्षण**

**फोन कर पीड़ितों से समस्या के समाधान की ली जानकारी**

**सारनाथ।** पुलिस महानिरीक्षक के सत्यनारायण ने शुक्रवार को सारनाथ स्थित साइबर क्राइम थाने का निरीक्षण किया। इस दौरान साइबर थाने पुलिस कर्मियों को निर्देश दिया कि सप्ताह भर में महिलाओं से सम्बंधित मामलों का निस्तारण कर दिया जाय। वही अपराध विवेचना रजिस्टर में साइबर के निस्तारण मामलों में को फोन कर निस्तारण की जानकारी ली तो कार्यवाई से संतुष्ट है।



पुलिस महानिरीक्षक के सत्यनारायण दोपहर में साइबर थाने पर पहुंचकर महिला साइबर अपराध हेल्प डेस्क का निरीक्षण किये जिसमे महिला हेल्प डेस्क में सुधार करने की जरूरत है। इसके बाद साइबर अपराध रजिस्टर व अपराध विवेचना रजिस्टर की जांच किये। जिसमे साइबर क्राइम के निस्तारण मामले में भुक्त भोगी को क्षेत्राधिकारी अविनाश चन्द्र सिन्हा से फोन करवा कर फीड बैक में ड्डुक्तड्डोगी संतुष्ट होने की बात कहने पर पुलिस कर्मियों ने राहत की सास ली। इस दौरान उन्होंने कहा कि जब कोई अंगूठा लगाकर पैसा निकलता है, साइबर अपराधी की नजर उसके अंगूठे के निशान पर रहती है पलक झपकते ही एक प्लास्टिक टेप के माध्यम से अंगूठे के निशान लेकर पैसा निकाल लेते हैं। इसके लिए लोगों को जागरूक किया जाय। कोई साइबर अपराधी तीन मामलों में वांछित है, उसका हिस्ट्रीशीट खोला जाय। जिससे अपराध पर अंकुश लगेगा। इस मौके पर साइबर क्राइम क्षेत्राधिकारी अविनाश चन्द्र सिन्हा, थाना प्रभारी विजय कुमार मिश्रा मौजूद थे।

## संक्षेप

### चोरी के 11 मोबाइल फोन संग चार गिरफ्तार



**वाराणसी।** कपसेठी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चार मोबाइल चोरों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 11 मोबाइल फोन बरामद किये गये। पकड़े गए अभियुक्तों में क्रमशः राजभर 'बब्लू', आयुष सिंह 'लकी', आशीष राजभर और शिवम राजभर 'बाघा' हैं। यह सभी स्थानीय थाना क्षेत्र के लोहराडीह निवासी हैं। इनकी गिरफ्तारी बरकी गांव स्थित नेताजी इंटर कॉलेज के पीछे की गयी। चारों के खिलाफ 187/22 धारा 41, 411, 413, 414 भा.द.वि. पंजीकृत कर पुलिस विधिक कार्रवाई में जुट गयी है। पुलिस की पूछताछ में पता चला कि पकड़े गये युवक पैदल या साइकिल पर सवार होकर फोन पर बात करते हुए चलने वालों से झपट्टा मारकर मोबाइल छीनकर भाग जाते हैं। उसके बाद छिने मोबाइलों को बेच देते हैं। इनलोगों की धर-पकड़ करने वाली टीम में थाना प्रभारी बैद्यनाथ सिंह, उ.नि. रामराज शुक्ल, अरविंद यादव, अभिषेक पांडेय, हे.कां. हरिकेश यादव, कां. अमित सिंह, विक्रम राय रहे।

### लोहता में सपा ने चलाया सदस्यता अभियान

**वाराणसी।** जनपद में समाजवादी पार्टी की ओर से चलाए जा रहे सदस्यता अभियान के तहत शुक्रवार को शिवपुर विधानसभा क्षेत्र के मीना बाजार लोहता शिविर लगाया गया। जिलाध्यक्ष सुजीत यादव लक्कड़ के नेतृत्व में तमाम लोगों ने संगठन की प्राथमिक सदस्य ली। मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व मंत्री दयाराम प्रजापति मौजूद थे। इस मौके पर उन्होंने वर्तमान सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए महंगाई और बेरोजगारी आदि के मुद्दे उठाए। कैंप में वरुण सिंह, सत्यप्रकाश सोनकर सोनू, वसीम अकरम, सचिन प्रजापति, रिंकू यादव, धर्मेंद्र कनौजिया, मोहम्मद इकराम, सनी सोनकर, फरीद पहलवान आदि की प्रमुख उपस्थिति रही।

### होमगार्ड पर हमले के आरोपी की जमानत स्वीकृत

**वाराणसी।** जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने होमगार्ड पर हमला करने के एक मामले में आरोपी मो. इरशाद की जमानत अर्जी मंजूर कर ली। अदालत में बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता अनुज यादव ने पक्ष रखा। अभियोजन पक्ष के अनुसार होमगार्ड चंद्रकांत मिश्र ने बीते 28 अगस्त को मंडुआडीह थाने में तहरीर दी थी। आरोप था कि वह ड्यूटी पर लहरतारा चौराहे पर थे। उस दौरान उसके टीएसआई मंगेश्वर मिश्र द्वारा एक ऑटो को सीज करने के लिये पुलिस लाईन भेजा था। उस दौरान चालक न सिर्फ ऑटो लेकर भागने लगा बल्कि होमगार्ड को जान से मारने की कोशिश भी की थी।

### चेन स्नैचिंग मामले में जमानत मंजूर

**वाराणसी।** अपर जिला जज (एकादश) सुबाष चंद्र तिवारी की अदालत ने लूट के एक प्रकरण में आरोपी आशीष यादव की जमानत अर्जी मंजूर कर दी। अदालत में बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता नरेश यादव ने पक्ष रखा। अभियोजन पक्ष के अनुसार नैपुरा कला डाफी निवासी विजय शंकर सिंह ने लंका थाना में मामले की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोप था कि उसकी पुत्री प्रियंका सिंह बीते चार अप्रैल को अपनी पुत्री आराध्या सिंह को स्कूल जाने के लिए मेन रोड पर स्कूल बस पर चढ़ाने गयी थी। बेटी को बस पर बैठाकर वह घर लौट रही तो घर के निकट पहुंचने पर दो अज्ञात पल्सर सवार लोगों ने उसके गले से 12 ग्राम की सोने की चेन छीनकर सुसुवाही रोड की तरफ भाग निकले। इस मामले में विवेचना के दौरान आरोपित का नाम प्रकाश में आने पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर उसके पास से लूट की चेन बरामद की थी।

### नाबालिग के गायब होने पर अपहरण का मुकदमा

**वाराणसी।** लंका थाना क्षेत्र के साकेत नगर नरिया निवासी 17 वर्षीय नाबालिक लड़की को भगाने के भगाने के आरोपी के खिलाफ पुलिस ने अपहरण का मुकदमा दर्ज किया। गायब किशोरी की मां ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसकी बेटी मंगलवार को घर से काम के सिलसिले में निकली। जिसके बाद वह घर नहीं लौटी। उनकी बेटी को तेलियाना बजरडीहा का रहने वाला शमीर अपने साथ ले गया। उसके घर जाकर परिजनों ने शिकायत करने पर भी आरोपी के परिजन उनकी बेटी को वापस लौटाने को तैयार नहीं हुए। पुलिस आरोपी शमीर के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर छानबीन में जुट गई।

### हाईटेंशन लाइन से झुलसा रेलकर्मी

**वाराणसी।** बनारस स्टेशन (मंडुआडीह स्टेशन) पर शुक्रवार को हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से रेलकर्मी झुलस गया। साथी कर्मचारियों ने घायल को उपचार के लिए नजदीकी निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार माधोसिंह डिपो में टीआरडी के टेक्नीशियन सलमान बीलूंग बनारस स्टेशन के यार्ड में ट्रैकर गिरे ओवर हेड इलेक्ट्रिक तार का मरम्मत कर रहे थे। इस बीच अचानक करंट का झटका लगने से वह अचेत हो गए। मौके पर मौजूद रेलकर्मियों की मदद से सलमान बीलूंग को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। इस दुर्घटना पर नरमू के मंडल मंत्री प्रमेंद्र सिंह ने कहा कि निर्धारित विश्राम के बिना कर्मचारियों से काम लिया जा रहा है। सुरक्षा के मानकों की अनदेखी की जा रही है। वहीं कर्मचारियों की माने तो वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता की ओर से जबरन दबाव बनाया गया था।

### गोवंशों को लगी लम्पी वायरस की वैक्सीन

**वाराणसी।** लम्पी वायरस वैक्सीन से बचाव हेतु विकास खण्ड के छह गोवंश आश्रय स्थलों पर रखे 102 गोवंशों को लम्पी वायरस रोधी वैक्सीन पशुपालन विभाग की ओर से लगाया गया। पशुचिकित्साधिकारी चिरईगांव डा. आर ए चौधरी ने बताया कि 300 लम्पी वायरस रोधी वैक्सीन मिली थी। जिसमें ग्राम पंचायतों में स्थित छह गोवंश आश्रय स्थल में रखे गये गोवंशों को लम्पी वायरस रोधी वैक्सीन शुक्रवार को लगाया गया। पशुचिकित्सक ने बताया कि लम्पी वायरस का प्रकोप ज्यादा गोवंशों में होता है। क्षेत्र में एक दो जगहों से लम्पी वायरस जैसे लक्षण दिखने की शिकायत मिली थी। उसके रोकथाम हेतु पशुपालकों को जागरूक किया जा रहा है।

### चोरी के मामले में जमानत की अर्जी खारिज

**वाराणसी।** बैंक का लॉकर तोड़कर जेवरात चुराने के एक मामले में विशेष न्यायधीश (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम) राकेश पांडेय की अदालत ने घमरिया लोहता निवासी आरोपित दो सगे भाई रहमान शेख व ताहीर शेख की जमानत अर्जी खारिज कर दी। अभियोजन के अनुसार सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया सारनाथ के शाखा प्रबंधक राकेश कुमार ने प्रकरण को लेकर स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोप था कि इसी वर्ष बीते 16 फरवरी को जब वह पूर्वाह्न दस बजे बैंक पहुंचे तो देखा कि लॉकर रूम की छत को तोड़कर और लॉकर नंबर 39 को काटकर उसमें रखा लाखों रुपए का जेवरात चोरी हो गयी थी। इस मामले के पांच माह बाद इसी तरह से लॉकर तोड़कर गत 19 जुलाई को यूबीआई बैंक सैदपुर गाजीपुर में भी लाखों के जेवरातों की चोरी हुई। विवेचना के दौरान पुलिस ने दोनों आरोपितों को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया था। पूछताछ में उन्होंने दोनों बैंक से लूटे जेवरातों को 36 लाख रुपए में झारखंड में ले जाकर बेचने की बात स्वीकार किया था।

# आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पोषण के साथ पढ़ाई पर जोर

**अभियान**

**नन्हे-मुन्ने बच्चों की बाल पिटारा एप से होगी ऑनलाइन पढ़ाई**

**सहयोग एप से होगा जिले के आंगनबाड़ी केन्द्रों का पर्यवेक्षण**

**जनसंदेश न्यूज**

**वाराणसी।** वाराणसी सहित पूरे प्रदेश में शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकभवन लखनऊ में राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। इसके साथ ही उन्होने सक्षम व सशक्त आंगनबाड़ी पुस्तिका का विमोचन किया। आंगनबाड़ी केन्द्रों के पर्यवेक्षण के लिए सहयोग एप तथा बच्चों की ऑनलाइन पढ़ाई के लिए बाल पिटारा एप की लॉंचिंग भी की।

कार्यक्रम का सीधा प्रसारण विकास भवन कार्यालय में बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के अधिकारियों ने भी देखा। जिला कार्यक्रम अधिकारी (डीपीओ) डीके सिंह बताया कि बाल पिटारा एप के माध्यम से आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़ने वाले नन्हे-मुन्ने बच्चों को आनलाइन पढ़ाया जाएगा। इस एप्लीकेशन से बच्चों को कविता, कहानी, भावगीत आदि के माध्यम से ज्ञानवर्धक बातें सिखायी जाएंगी। इस एप को अभिभावक अपने मोबाइल में भी अपलोड कर सकते हैं। इसके माध्यम से वह घर पर भी बच्चों को पढ़ा सकते हैं। इस तरह से पढ़ाई करने से बच्चों में रूझान बढ़ेगा। आंगनबाड़ी कार्यकताओं को अभिभावकों के एंड्रायड मोबाइल फोन में इस एप को अपलोड कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई है जिससे माता-पिता खाली समय में बच्चों को पढ़ा सकें। इसमें हिंदी, गणित समेत नैतिक शिक्षा के जुड़े संदर्भों को शामिल किया गया है।

# विवाहिता को धमकाया, आईटी एक्ट के तहत रपट

**बड़ागांव।** पति के फोन पर पत्नी की अश्लील वीडियो भेजा और धमकाने व ब्लैकमेल करने की कोशिश भी की गयी। इस मामले में स्थानीय पुलिस ने विवाहिता की तहरीर पर आरोपी के विरुद्ध आईटी एक्ट समेत धमकी दिये जाने का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। जानकारी के मुताबिक बड़ागांव थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी युवती की शादी इसी वर्ष बीते नौ मई को मीरजापुर जनपद में हुई। विवाह से पूर्व और उसके बाद युवती के गांव का ही एक युवक उसे अपने साथ चलने के लिए दबाव बनाने लगा। युवती ने इसका विरोध किया तो उसने फोन पर धमकी देना आरंभ कर दिया। साथ ही युवती की अश्लील फोटो उसके पति के मोबाइल फोन पर भेजा। फलस्वरूप पति-पत्नी के बीच तनाव उत्पन्न हो गया। भयभीत विवाहिता ने स्थानीय पुलिस को लिखित प्रार्थना-पत्र देकर न्याय दिलाने की मांग की है।

# प्रधानमंत्री मोदी की दीर्घायु के लिए किया जलाभिषेक

**आयोजन**

**बड़ादेव मंदिर में भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष महेश चंद श्रीवास्तव ने किया अनुष्ठान, अनाथालय में बच्चों संग काटा केट, दिये उपहार**

**वाराणसी।** काशी के सांसद एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन की पूर्वसंध्या पर शुक्रवार को गोदौलिया स्थित बड़ादेव मंदिर में भाजपा काशी क्षेत्र अध्यक्ष महेश चंद श्रीवास्तव ने जलाभिषेक एवं यज्ञ कर पीएम के स्वस्थ जीवन एवं दीर्घायु होने की कामना की। उसके बाद लहुराबीर स्थित काशी अनाथालय में बच्चों संग केक काटकर मोदी का जन्मदिन मनाया।

इस अवसर पर श्री श्रीवास्तव ने अनाथालय के बच्चों को मिठाई, पुस्तक, पेन, कॉपी, सीलिंग फैन, सब्जियां रखने की जालीदार रैक आदि का वितरित किये। उन्होंने बताया कि मोदी का जन्मदिन भाजपाइयों के लिए बेहद खास है। इस अवसर पर अनूप जायसवाल, श्रीप्रकाश शुक्ल, नवरतन राठी, दिनेश कालरा, शैलेन्द्र श्रीवास्तव 'मुन्ना' आदि की प्रमुख उपस्थिति रही। दूसरी ओर, नमामि गंगे की ओर से दशाशवमेध घाट पर मोदी की तस्वीर संग मां गंगा की आरती उतारी गयी और स्वचछता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में राजेश शुक्ला, कीर्तन बरनवाल, सुषमा जायसवाल वैगरह की हिस्सेदारी थी। इधर, भाजपा के प्रदेश सह प्रभारी सुनील ओझा ने शनिवार से आरंभ हो रहे सेवा पखवाड़ा की दो चरणों में तैयारी बैठक की।



पीएम नरेंद्र मोदी के ज्नमदिन की पूर्व संध्या पर भाजपाइयों ने बड़ादेव मंदिर में पूजन-अर्चन किया

# मेला स्पेशल के चार चक्के पटरी से उतरे, हड़कम्प

**मॉकड्रिल**

**रेलवे संरक्षा व एनडीआरएफ के संयुक्त बचाव कार्य की तत्परता को देख अधिकारियों ने की सराहना**

**जनसंदेश न्यूज**



बनारस स्टेशन पर आयोजित मॉकड्रिल में अपनी कुशलता का प्रदर्शन करती एनडीआरएफ व संरक्षा की टीम

**वाराणसी।** पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल के कंट्रोल को शुक्रवार की सुबह 10:52 पर सूचना मिली कि गाड़ी संख्या 23902 अप (मेला स्पेशल) का पांचवा कोच बनारसझ वाराणसी जं रेल खण्ड के मध्य कोचिंग डिपो के वाशिंग पिट के पास डिरेल हो गयी है, ट्रेन के चार चक्के पटरी से उतरने के साथ ही कोच में आग लग गयी है, जिसमें छह यात्रियों के गम्भीर रूप से घायल होने की सूचना है।

सूचना के बाद पूरे रेल महकमें में हड़कम्प मच गया। आनन फानन में एआरटी, एआरएमई सहित संबंधित अधिकारी एवं पर्यवेक्षक सहित एनडीआरएफ, फायर ब्रिगेड, जिला प्रशासन लोकल पुलिस मौके पर पहुंच स्थिति का जायजा लिया, दरअसल यह कोई घटना नहीं बल्कि सुरक्षा से संबंधित एक मॉकड्रिल था। जो पूरी तरह से सफल रहा। इसके बाद अधिकारियों ने इस टीम में शामिल लोगों की सराहना की।

इसके साथ ही दुर्घटना की प्लाटिंग की गई ,प्राथमिक सूचना का प्रसारण एवं सायरन बजाकर जनसंचार किया गया, मेन लाइन ब्लॉक होने के कारण गाडियों के मार्ग परिवर्तन एवं शार्ट टर्मिनेशन/ओरिजनेशन की सूचना दी गयी, हेल्पलाइन नम्बर जारी किया गया, घटना स्थल पर अग्निशामक बल, दुर्घटना राहत यान एवं चिकित्सा राहत यान का तत्काल पहुंचना, सभी तकनीकियों का प्रयोग कर आग बुझाना, साईट पर अस्थाई नियन्त्रण केंद्र स्थापित करना, यात्रियों के परिजनों को सही जानकारी हेतु इमरजेंसी नम्बर जारी करना, प्रोटोकाल के अनुसार कर्मचारियों एवं अधिकारीयों द्वारा दुर्घटना साईट पर पहुंच कर अपनी जिम्मेवारियों का निर्वहन, दुर्घटना प्रभावों न्यूनतम करने हेतु त्वरित कार्य करना, टावर लाइट्स का लगाया जाना, प्रकाश हेतु जनरेटर एवं पीने के पानी की व्यवस्था करना यात्रियों को संरक्षित ढंग से निकाला जाना, संरक्षा सम्बन्धी अन्य कार्य आपातकालीन खिड़कियां खोलना/ कटर एवं वेल्डिंग मशीन का प्रयोग कर फंसे यात्रियों को निकालना, प्राथमिक उपचार देना, घायलों का ट्रॉमा प्रबंधन, आपातकालीन परिस्थितियों में प्रबंधन,क्रेन एवं आपदा निवारण टूल्स के प्रयोग से ट्रैक क्लियरेंस, कोच रिस्टोरेशन एवं सामान्य वर्किंग बहाल करने के उपरांत दुर्घटना के कारणों की समीक्षा की गई। इस दौरान मंडल रेल प्रबंधक रामाश्रय पाण्डेय,अपर मंडल रेल प्रबंधक(इन्फ्रा) ज्ञानेश त्रिपाठी, कमान्डेंट रेलवे सुरक्षा बल डॉक्टर अभिषेक, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी आशुतोष शुक्ला,वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर(कैरेज एण्ड वैगन) सत्यप्रकाश श्रीवास्तव, वरिष्ठ मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर रजत प्रिय, वरिष्ठ मंडल वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक(सामान्य) ए के सक्सेना, अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षकों में डा. कल्पना दूबे, एन.डी.आर.एफ. की 11वीं बटालियन के द्वितीय कमांड अधिकारी अमित कुमार सिंह ,डिप्टी कमाण्डेन्ट अभिषेक कुमार राय, प्रेम कुमार पासवान एवं अनिल कुमार पाल उपस्थि रहे।

# महिला के शोर मचाने पर भागे चेन स्नैचर

**शुक्रवार की घटना**

**आशापुर-पुराना आरटीओ मार्ग स्थित अपनी गुमटी खोलने पहुंची थी महिला**

**जनसंदेश न्यूज**

**सारनाथ।** आशापुर चौराहे से लगभग 200 मीटर दूर स्थित अपनी दुकान शुक्रवार की सुबह खोलने गयी महिला की आंखों में मिर्च पाउडर फेंक कर चेन छीनने का प्रयास किया गया। महिला के शोर मचाने पर आस-पास के लोगों को एकत्र होते देखकर उचक्के फ्लाईओवर से गाजीपुर की तरफ पलायित हो गये।

बताया जाता है कि मवइया निवासिनी मुनारी देवी (52) की आशापुर चौराहे से पुराना आरटीओ कार्यालय मार्ग पर चाय-पान की गुमटी है। सुबह करीब पांच बजे वह अपनी पुत्री फेकना के साथ दुकान खोलने गयी और दुकान के आसपास की साफ-सफाई करने लगी। उसी दौरान अपने मुंहपर कपड़ा बांधे खड़ा युवक ने इनकी आंखों पर मिर्च का पाउडर फेंक दिया। अचानक हुए इस कृत्य से मुनारी बदहवास हो कर गिर गयी। मौके का फायदा उठाकर वह युवक मुनारी गले से सोने की चेन छीनने की कोशिश करने लगा। तभी मुनारी ने शोर मचाना शुरु कर दिया। इस पर आस-पास के लोग उसकी ओर दौड़ पड़े। लोगों को निटक आता देखकर युवक अपने साथी की बाइक पर बैठकर फ्लाईओवर ब्रिज से गाजीपुर की तरफ भाग गए। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस सीसी टीवी फुटेज खंगाल रही है।



**भूल सुधार (सूचना)**

दैनिक जनसंदेश टाइम्स में दिनांक 31 अगस्त तथा 1 और 2 सितम्बर 2022 के अंक में श्री दूधनाथ सुदामी बालिका महाविद्यालय भीमापार सादात, गाजीपुर के आवश्यकता कालम में रसायन विज्ञान में तीन तथा शेष विषयों में दो-दो पदों की जगह पर एक-एक पद छप गया है पाठकगण सुधार कर पढ़ें व समझे। शेष प्रकाशन पूर्ववत रहेगा।

प्रबन्धक-मो0-9030947088, 7800668669

# पूर्वांचल से निर्यात की बाधाएं दूर करे सरकार

**कार्यशाला**

**पूर्वांचल से इंजीनियरिंग उत्पाद का एक्सपोर्ट बढ़ाने के लिए विभागों व संगठनों की संयुक्त बैठक**

**जनसंदेश न्यूज**

**वाराणसी।** सूबे में निर्यात को प्रोत्साहन देकर यूपी की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर के लक्ष्य तक पहुंचाने के उद्देश्य से शुक्रवार को मंडुवाडीह क्षेत्र स्थित एक होटल में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन वाराणसी, इंजीनियरिंग एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल, एक्सपोर्ट क्रेडिट गारंटी कार्पोरेशन ऑफ इंडिया, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम इंटरप्राइजेज, विदेश व्यापार महानिदेशालय आदि का यह संयुक्त कार्यक्रम था।

इस मौके पर मुख्य अतिथि इंजीनियरिंग एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल के चेयरमैन महेश देसाई ने वाराणसी को पूर्वांचल का द्वार बताते हुए इंजीनियरिंग उत्पादों के निर्यात के स्वयं के अनुभव को उद्यमियों संग साझा किया। विशिष्ट अतिथि इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आरके चौधरी ने वाराणसी से निर्यात में आ रही समस्याओं की ओर ध्यान दिलाया। उन्होंने बताया कि वाराणसी एवं पूर्वांचल में निर्यात की असीम संभावनाओं के बावजूद लैंडलॉक्ड एरिया होने के कारण उम्मीद के मुताबिक एक्सपोर्ट नहीं हो पा रहा है। इस दिशा में सरकार को तर्क संगत फ्रेट सब्सिडी देनी चाहिए। कार्यशाला में एके सिंह, एक्सपोर्ट क्रेडिट गारंटी कार्पोरेशन के मैनेजर संजीत कुमार, एमएसएमई विभाग भारत सरकार के असिस्टेंट डायरेक्टर वीके राना, विदेश व्यापार विकास अधिकारी अजय श्रीवास्तव, इंजीनियरिंग एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल दिल्ली के रीजनल डायरेक्टर राकेश सूरज, ईईसीपी के असिस्टेंट डायरेक्टर आशुतोष श्रीवास्तव आदि ने भी विचार व्यक्त किये।




पूर्वांचल से इंजीनियरिंग उत्पादों का निर्यात बढ़ाने संबंधी एक कार्यशाला शुक्रवार को आयोजित हुई


**जनसंदेश टाइम्स वर्गीकृत सूचना**

मेरा सेन्ट जोसेफ स्कूल इण्टरमीडिएट वर्ष 2021 का टी0सी0 खो गया है। आर्यन गुप्ता पुत्र श्री प्रमेन्द्र कुमार गुप्ता एस9/12 बी2, हुकुलगंज वाराणसी।

मेरा इण्टरमीडिएट वर्ष 2014 अनुक्रमांक 2516290 का प्रमाणपत्र सह-अंकपत्र खो गया है। पवन कुमार कन्नौजिया पुत्र वीरबहादुर कन्नौजिया, ग्राम+पोस्ट-फेफना, जिला-बलिया, उ0।

सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल वर्ष 2022 अनुक्रमांक 1222287725 का प्रमाणपत्र सह अंकपत्र वास्तव में खो गया है। देवी कुमारी पुत्री राजेन्द्र प्रसाद व माता तारा देवी पता-डोहरी, जमालपुर, मीरजापुर।

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2014 अनुक्रमांक 3533337 व इंटरमीडिएट वर्ष 2016 अनुक्रमांक 2682580 का अंक पत्र व प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। धनंजय सिंह कुशवाहा पुत्र मुराली कुशवाहा, ग्राम-बसंतपुर, पोस्ट-मानपुर गाजीपुर उत्तर प्रदेश 233305।

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2021 अनुक्रमांक 21203546 का अंकपत्र सह प्रमाण पत्र सहित खो गया है। तन्या सिंह पुत्री संतोष सिंह ग्राम-हूंसेपुर सलूप, पोस्ट-पिपरी, अतरौल जनपद आजमगढ़।

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2013 अनुक्रमांक 3711297, प्रमाण पत्र क्रमांक H9038277 का मूल प्रमाण पत्र खो गया है। अर्पित कुमार पुत्र ज्ञानचंद्र मिश्र, पता- I-632, हिंडाल्को कालोनी, रेणुकूट, सोनभद्र।



**युको बैंक** आंचलिक कार्यालय : धनश्री कॉम्पलैक्स, प्रथम तल, डी-63/88-1एम, तुलसीपुर, महमूरगंज, वाराणसी

**ई- नीलामी बिक्री सूचना ( सरफेसी एक्ट 2002 के तहत )**

बैंक के प्राधिकृत अधिकारी ने प्रतिभूतिकरण वित्तीय आस्ति का पुनर्निमाण एवं प्रतिभूति ब्याज का प्रर्वतन अधिनियम - 2002 (SARFAESI ACT - 2002) की धारा 13(2) सहपठित नियम 5,6,7,8, और 9 के अर्न्तगत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए बैंक के पास साम्यिक बंधक रखी गई निम्नलिखित संपत्ति के संबंध में मांग - नोटिस जारी करने के उपरांत उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए संपत्तियों को कब्जे में ले लिया है। और अब प्राधिकृत अधिकारी उक्त संपत्त्यिों को ''जो है, जैसा है, जहां है '' के आधार पर यथास्थिति ई-नीलामी द्वारा बिक्री करते है।

| शाखा का नाम ऋणी का नाम व बन्धककर्ता का नाम | बंधक सम्पत्ति का विवरण | कब्जा तिथि/ कब्जा की वस्तु-स्थिति (वास्तविक/प्रतीकात्मक) | मांग सूचना की तिथि व बकाया शशि | आरक्षित मूल्य अग्रिम मूल्य निविदा बढ़ोतरी राशि | प्राधिकृत अधिकारी का विवरण | ई-नीलामी की तारीख व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **चौक**<br>ऋणी : मेसर्स लूट ले<br>स्वामी : श्री चाँद खान पुत्र श्री अख्तर खान<br>पता - सी - 1/67 ए शेख़ सलीम फाटक, नई सड़क, वार्ड भेलूपुर, वाराणसी - 221010<br>जमानतदार : श्री चाँद खान पुत्र श्री अख्तर खान<br>पता - सी - 1/67 ए शेख़ सलीम फाटक, नई सड़क, वार्ड भेलूपुर, वाराणसी - 221010 | मकान संख्या सी-1/67, (मकान के भूतल पर बनी दुकान का हिस्सा), कार्पेट ऐरिया 75 वर्ग फुट, यानी 6.97 वर्ग मीटर, परिसर संख्या सी-1/67, मोहल्ला फाटक शेख़ सलीम, वार्ड चेतगंज, जिला वाराणसी में स्थित है जो की उप-पंजीयन कार्यालय -3 वाराणसी के बिक्री विलेख दस्तावेज संख्या 1550, दिनांक 25.09.2017 के पुस्तक संख्या 1, खंड 3219, के पृष्ठसंख्या 1/28 में पंजीकृत है। चौहद्दी - पूरब : विक्रेता की उक्त दुकान का हिस्सा, पश्चिम : 4 फिट चौड़ा सरकारी रास्ता, उत्तर : सरकारी रोड, दक्षिण : बाबू ख़ान का मकान | दिनांक 28.01.2022 (प्रतीकात्मक) | दिनांक 16.10.2021 रू. 14,68,900.45 +ब्याज +अन्य खर्च | रू.19,03,000/-<br>रू. 1,90,300/-<br>रू. 10,000/- | E-mail : Varana@ucobank.co.in मोo नं- 8901344829 | 28.10.2022 दोपहर 01.00 से सायं 05.00 तक |


नीलामी से सम्बन्धित नियम व शर्तो के लिए यूको बैंक के website : mstcecommerce.com , https://ibapi.in को देखें। नोट : यदि प्रकाशित विज्ञापन में कोई त्रुटि हो जाती है तो अंग्रेजी समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापन को सही माना जाये।

दिनांक : 17.09.2022 स्थान : वाराणसी प्राधिकृत अधिकारी - युको बैंक



# वाराणसी






# 'गंड़ासा गुरु की शपथ' एक रोचक अनुभव वाली पुस्तक

**बोले डॉ. कुंदन**

सूरत में काशी निवासी आईआरएस अधिकारी की पुस्तक का विमोचन

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** चंडीगढ़ में कार्यरत काशी निवासी अपर आयुक्त डॉ. कुंदन यादव (आईआरएस) की पुस्तक 'गंड़ासा गुरु की शपथ' का सूरत में आयोजित दो दिवसीय राजभाषा सम्मेलन के दौरान विमोचन हुआ। राजभाषा विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम के दौरान राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह, गृह राज्यमंत्री अजय मिश्रा, निशीथ प्रामाणिक और राजभाषा संसदीय समिति के उपसभापति भतृहरि, पूर्व संयोजक सत्यनारायण जटिया, सचिव अंशुलि आर्या और संयुक्त सचिव डॉ. मीनाक्षी जौली ने पुस्तक का विमोचन किया। डॉ. कुन्दन भारतीय राजस्व सेवा के 2007 बैच के अधिकारी हैं। उन्होंने बताया कि कहानियों में आप बनारस को तो सुनेंगे ही, मानव स्वभाव और सम्बन्धों के उन पहलुओं को भी देख सकेंगे, जो रोजमर्रा के जीवन में सामने आते हैं, लेकिन हमारी निगाह उन पर नहीं पड़ती। जिन लोगों को ये कहानियां आपके सामने लाती हैं, उनमें बेगुनाह लोगों की 'प्रापर फिज़ियोथेरैपी' करने वाले पुलिस वाले भी हैं। हर हाल में जुआ खेलाने की



पुस्तक का विमोचन करते अतिथिगण


डॉ. कुंदन यादव

सौगन्ध निभाने वाले गंडासा गुरु भी, लेकिन इस दास्तान में और लोग भी हैं। बड़ी-बड़ी बातें किए बिना ही, बच्चों को संवेदनशील संस्कार देने वाले डॉ. साहब। धंधे में नुकसान उठाकर भी पड़ोसी धर्म निभाने वाले टेलर मास्टर, सारे मोहल्ले को घर मानने वाले लोग, और 'मजबूती का नाम महात्मा गांधी' पर असली ज़िन्दगी में अमल करने वाले चौधरी साहब जैसे पात्र हैं। ऐसे चरित्रों के जरिए, ये कहानियां साधारण व्यक्तित्वों की असाधारण क्षमता और मानवीय सम्बन्धों की मार्मिकता के साथ-साथ ताकत के गुमान और दैनिक जीवन के पाखंडों को भी बहुत ही रोचक अन्दाज में रेखांकित करती हैं। समारोह में देश-विदेश के लगभग 10 हजार हिंदी प्रेमी वह राजभाषा अधिकारी उपस्थित थे।

## इस रविवार को खुले रहेंगे सरकारी अस्पताल

**वाराणसी।** जिले में 17 सितम्बर से शुरू हो रहे सेवा पखवाड़ा के दूसरे दिन रविवार 18 सितम्बर को जिले के सभी सरकारी अस्पताल खुले रहेंगे। इस दिन इन अस्पतालों में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जायेगा। शिवप्रसाद गुप्त मण्डलीय चिकित्सालय समेत जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर आयोजित होने वाले स्वास्थ्य शिविरों के जरिये नागरिकों को चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध करायी जायेंगी।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. संदीप चौधरी ने बताया कि 17 सितम्बर से दो अक्टूबर तक आयोजित हो रहे सेवा पखवाड़ा में स्वास्थ्य विभाग नागरिकों को बेहतर चिकित्सकीय सेवाये उपलब्ध कराने का प्रयास कर रहा है। इस दौरान चिकित्सकीय सुवधाएं प्रदान करने के साथ-साथ नागरिकों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा।

# वाराणसी में बुनकरों को सस्ते दर पर मिलेगा बढ़िया रेशम

**बोले राकेश सचान**

यूपी व कर्नाटक के विभागीय मंत्रियों ने सारंग तालाब क्षेत्र में किया कर्नाटक रेशम धागा विक्रय शाखा का उद्घाटन

बोले : रेशम का धागा अब बुनकरों को सीधे आसानी से मिल सकेगा, समाप्त हो चुकी है बिचौलियों की दखलंदाजी

जनसंदेश न्यूज


सूबे के मंत्री राकेश सचान और कर्नाटक के मंत्री डॉ. नारायण गौड़ा ने शुक्रवार को सारनाथ क्षेत्र सारंग तालाब स्थित सिल्क एक्सचेंज में लगे स्टॉल का जायजा लिया

**सारनाथ।** सूबे के एमएसएमई, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा, वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान और कर्नाटक के रेशम, खेल एवं युवा सशक्तिकरण मंत्री डॉ. नारायण गौड़ा ने शुक्रवार को सारनाथ क्षेत्र सारंग तालाब इलाके में मान्यवर कांशीराम सिल्क एक्सचेंज परिसर में कर्नाटक सिल्क मार्केटिंग बोर्ड लिमिटेड के सिल्क विक्रय शाखा का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। इस मौके पर बुनकरों को बताया गया कि रेशम का धागा बुनकरों को अब सीधे और आसानी से मिलेगा। इस कारोबार में बिचौलियों का हस्तक्षेप खत्म हो चुका है। इस शाखा के जरिये गुणवत्तापरक रेशम का धागा उचित मूल्य पर मिलेगा।

इस अवसर पर श्री सचान ने सूबे के विभिन्न जिलों में टसर रेशम व एरी रेशम के हो रहे उत्पादन परिधानों के किये जा रहे निर्माण एवं आपूर्ति की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वाराणसी के सिल्क एक्सचेंज में ओडीओपी के इंटीग्रेटेड सिल्क कांप्लेक्स की स्थापना कर बुनकरों के उत्पाद को प्रदर्शित एवं विक्रय करने के लिए कॉम्प्लेक्स निर्माण, सिल्क टेस्टिंग लैब सुविधाओं संग अन्य प्रदेशों के सिल्क धागा विक्रय केंद्र स्थापना का प्रस्ताव सिल्क एक्सचेंज वाराणसी में करने का प्रस्ताव दिया गया है। जल्द ही सिल्क एक्सचेंज का संचालन दोबारा आरंभ होगा। उन्होंने कहा कि वाराणसी में बुनकरों को समय से धागा उनकी मांग के अनुसार मुहैया कराने के लिए प्रदेश सरकार के रेशम विभाग एवं कर्नाटक सरकार के रेशम विभाग के उपक्रम कर्नाटक सिल्क मार्केटिंग बोर्ड (केएसएमबी) के संयुक्त प्रयास से यहां के सिल्क एक्सचेंज परिसर में धागा विक्रय केंद्र शुरु किया गया है। रेशम का उत्पादन बढ़ाने के लिए रेशम किसानों को खास ट्रेनिंग दे रहे हैं। इसके लिए यूपी के संबंधित किसानों को प्रशिक्षण के लिए कर्नाटक भी भेजेंगे। इस मौके पर डॉ. गौड़ा ने आश्वस्त किया कि बुनकरों को सस्ते दर पर रेशम धागा उपलब्ध कराएंगे। मंत्रीद्वय ने परिसर में लगे स्टॉल का जायजा भी लिया। आयोजन में कर्नाटक सिल्क मार्केटिंग बोर्ड के चेयरमैन बीसी नारायण स्वामी, यूपी के विशेष सचिव एवं निदेशक रेशम कृष्ण कुमार, केएसएमबी की एमडी डॉ. अनुराधा के. आदि की प्रमुख उपस्थिति रही।

# सुरक्षा घेरे में रहे शहर के कई इलाके

**सावधानी**

ज्ञानवापी प्रकरण पर फैसले के बाद पहला जुमा


पुलिस की कड़ी सुरक्षा के बीच ज्ञानवापी मस्जिद से नमाज अदा कर लौटते लोग

वाराणसी। ज्ञानवापी-श्रृंगार गौरी मामले में आए फैसले के बाद पहले जुमे पर पूरे शहर में अलर्ट रखा गया। ज्ञानवापी पर जुमे की नमाज अदा करने पहले से ज्यादा मुस्लिम पहुंच गये थे। इसके मद्देनजर पुलिस प्रशासन की टीमों को सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए थे। पिछली बार से तुलना की जाए तो करीब डेढ़ गुना ज्यादा नमाजी शुक्रवार को जुमे की नमाज अदा करने पहुंचे। सोमवार को ज्ञानवापी और श्रृंगार गौरी केस की मेरिट पर हुई सुनवाई में मुस्लिम पक्ष को कोर्ट की तरफ से झटका लगा था। मुस्लिम पक्ष 1991 में बने कानून और वक्फ बोर्ड का हवाला देकर हिन्दू पक्ष की याचिका रद करने की मांग कर रहा था। जबकि कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष के तर्कों को नहीं माना और याचिका पर सुनवाई जारी रखने का फैसला सुनाया था। इसी फैसले के बाद से शहर में सतर्कता बढ़ी हुई है। शुक्रवार को जुमे की नमाज को देखते हुए अतिरिक्त सतर्कता बरती गई। ज्ञानवापी क्षेत्र यानी विश्वनाथ मंदिर के गेट नंबर चार के पास और गोदौलिया-मैदागिन मार्ग पर अतिरिक्त फोर्स दिखाई दी। ज्ञानवापी मस्जिद में भी नमाजियों की संख्या पिछली बार से अधिक हो गई। पिछले जुमे को नमाजियों की संख्या जहां 532 थी, इस बार बढ़कर 732 हो गई है। हालांकि मस्जिद में नमाज पढ़ने के लिए लोग शांति पूर्ण तरीके से पहुंचे। पुलिस ने भी लोगों का सहयोग किया। अधिक भीड़ होते देख दूसरे मस्जिदों में नमाज की अपील की गई। इसे लोगों ने मान लिया। वहीं, मुस्लिम इलाकों रेवड़ी तालाब, मदनपुरा, दालमंडी, चौक, गोदौलिया, नई सड़क, मदनपुरा आदि क्षेत्रों में पुलिस की गश्त बढ़ा दी गई थी।

## पीएम के जन्मदिन पर रक्तदान करेंगे भाजपा कार्यकर्ता


पीएम के जन्मदिन के पहले कैंट विधायक ने जलाये दीये

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्तव के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता और सर सुंदरलाल अस्पताल, बीएचयू के डॉक्टर रक्तदान करेंगे। इसके पहले पूर्व संध्या पर उन्होंने अपने आवास पर फूलों और दीयो से संजाकर पीएम के जन्मदिन की शुभकामना दी। कैंट विधायक ने ऐसे मौके पर जनता से रक्तदान में भाग लेने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता, काशी के सांसद व भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपना पूरा जीवन राष्ट्रीय सेवा में समर्पित कर दिया। उनके जन्मदिवस पर हमारा भी दायित्व बनता है कि हम राष्ट्र सेवा के इस यज्ञ में अपनी भी आहुति दें। उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में लोगों से रक्तदान हेतु बीएचयू आने की अपील की है।

## अबकी कार्तिक पूर्णिमा पर नहीं मनेगी देवदीपावली

**पहली बार**

ज्योतिषविदों ने निकाला रास्ता तारीख भी कर दी तय

**वाराणसी।** काशी की प्रसिद्ध देवदीपावली इस साल एक दिन पहले मनायी जाएगी। चंद्रग्रहण के कारण देवदीपावली व गंगा महाआरती महोत्सव सात नवंबर को ही मनाया जाएगा। काशी विद्वत परिषद और ज्योतिषविदों के परामर्श के बाद आरती समितियों ने यह निर्णय लिया है। केंद्रीय देव दीपावली महासमिति, गंगा सेवा निधि, गंगोत्री सेवा समिति, जय मां गंगा सेवा समिति ने देव दीपावली के आयोजन की तैयारियां शुरू कर दी हैं। यह जानकारी केंद्रीय देव दीपावली महासमिति के अध्यक्ष आचार्य वागीश दत्त मिश्र, गंगा सेवा निधि के मुख्य संरक्षक श्याम लाल सिंह, अध्यक्ष सुशांत मिश्र, गंगोत्री सेवा समिति के सचिव पं. दिनेश शंकर दूबे, जय मां गंगा सेवा समिति के श्रवण कुमार मिश्र ने संयुक्त रूप पत्रकार वार्ता में दी। आचार्य वागीश दत्त मिश्र ने बताया कि चंद्रग्रहण के दिन हर साल लाखों की संख्या में श्रद्धालु गंगा स्नान करते हैं। सुबह से अगले दिन तक हजारों लोग मां गंगा के तट पर ही रहते हैं। उन्होंने बताया, सात नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा अपराह्न 3:54 बजे से आरंभ होगी और आठ नवंबर को अपराह्न 3:53 बजे तक रहेगी। उस दिन वैकुंठ चतुर्दशी का पर्व है। आठ नवंबर को चंद्रग्रहण होने के कारण उस काल में भोग और आरती संभव नहीं है।

# अंतरदेशीय परिवहन की बाधाएं करें दूर

**मंडलीय समीक्षा बैठक**

कमिश्नर दीपक अग्रवाल ने जाना विकास कार्यों का हाल

सभी अस्पतालों में फायर एक्शटिंगविशर की चेकिंग पर जोर

गाजीपुर सीएमओ को चेतावनी

जनसंदेश न्यूज


कमिश्नर दीपक अग्रवाल ने विकास कार्यों की मंडलीय समीक्षा बैठक की

वाराणसी। कमिश्नर दीपक अग्रवाल ने शुक्रवार को अपने अनुश्रवण कक्ष में विकास कार्यों की मंडलीय समीक्षा बैठक की। इस मौके पर उन्होंने सेतुनिगम को कार्यों में तेजी लाने और अंतरदेशीय परिवहन में आ रही रुकावटों को दूर करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्वास्थ्य व शिक्षा पर पूरे मजबूती से काम करने पर जोर दिया। सभी सीएमओ को बढ़िया कार्य करने वाले हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर को पुरस्कृत करने एवं जहां समस्या आ रही हो उनको दूर करने को कहा। मीटिंग के दौरान सही जानकारी न देने पर श्री अग्रवाल ने गाजीपुर के मुख्य चिकित्साधिकारी गाजीपुर को चेतावनी दी।

बैठक में मंडलायुक्त ने सभी सरकारी व निजी अस्पतालों में फायर एक्सटिंगविशर की सख्ती से चेकिंग कराने समेत मॉकड्रिल करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कोई समस्या हो तो 15 दिन में उनको सही कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि विभिन्न विभागों में यदि संविदा के पद हैं तो उनकी जानकारी शासन को भेजें ताकि संबंधित दफ्तरों में मैनपावर की उपलब्धता सुनिश्चित करना संभव हो। उन्होंने जन्म-मृत्यु पंजीकरण का डाटा दुरुस्त करने और निजी अस्पतालों को भी जन्म-मृत्यु पंजीकरण सही समय पर कराने का आदेश जारी करने को कहा। उन्होंने कहा कि बच्चे के जन्म के 21 दिन के भीतर ग्राम विकास अधिकारी या एएनएम उसके घर जाकर उनका पंजीकरण सौपें। मंडलायुक्त ने बिजली विभाग के अभियंताओ को शहंशाहपुर प्लांट में कम बिजली सप्लाई पर तत्काल एक्शन लेने एवं ट्रिपिंग की समस्या दूर कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कई अन्य बिंदुओं पर भी समीक्षा की।

विश्वकर्मा पूजा की समस्त छात्र-छात्राओं व अभिभावकों को हार्दिक शुभकामनाएं

आशा पी०जी० कालेज

सम्बद्ध–वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर
धिरजीजोत, सिखड़ी गाजीपुर।

प्रवेश प्रारम्भ

B.A. हिन्दी, संस्कृत, समाजशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, गृहविज्ञान, भूगोल, प्राचीन इतिहास, ललित कला (चित्रकला), शारीरिक शिक्षा, स्वास्थ्य शिक्षा एवं खेलकूद शिक्षाशास्त्र, अंग्रेजी, मनोविज्ञान, सैन्य विज्ञान व संगीत (गायन)

B.Sc. रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, प्राणि विज्ञान, गणित, मनोविज्ञान, सैन्य विज्ञान, भूगोल व गृहविज्ञान

M.A. भूगोल, गृहविज्ञान समाजशास्त्र, हिन्दी

M.Sc. रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान वनस्पति विज्ञान, प्राणि विज्ञान, गणित

डी.एल.एड. (बी.टी.सी.) कालेज कोड–450143 | बी.एड. कोड SP5309 | B.Sc.(Ag.)

आशा कालेज ऑफ एजुकेशन बी-एड कोड SP-2899

समा महेन्द्र कालेज ऑफ एजुकेशन

डी.एल.एड. (बी.टी.सी.) कोड-450095 | डी.एल.एड. (बी.टी.सी.) कोड-450144

SAMA MAHENDRA COLLEGE OF PHARMACY
DHIRJIJOTE SIKHARI-GHAZIPUR

D. PHARMA (Allopathic) College Code : 4896

Mob. 8572910025 9415988231 9792089569



प्रस्तावित सतीश विधि महाविद्यालय
धिरजीजोत, सिखड़ी गाजीपुर

सतीश यादव
(प्रबंधक)

## संक्षेप

### बच्चों ने निकाली पोषण जागरूकता रैली



**चांदमारी।** बेसिक विभाग और संयुक्त राष्ट्र खाद्य कार्यक्रम की ओर से राष्ट्रीय पोषण माह मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में हरहुआ ब्लॉक के बेलवरियां कम्पोजिट विद्यालय के बच्चों और अध्यापकों ने शुक्रवार को पोषण जागरूकता रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया। प्रधानाध्यापिका बेबी फरीदा ने हरी झंडी दिखायी। सार्थक संस्था के सहयोग से निकाली गयी रैली स्कूल से निकलकर गांव का भ्रमण करने बाद स्कूल में आकर समाप्त हुआ। इस दौरान बच्चों ने बुलंद आवाज के साथ हरी सब्जी और संतुलित आहार की विशेषता बतायी। तख्तियों और स्लोगन लिये बच्चों ने 'हमारा स्वास्थ्य अनमोल है, नहीं कोई इसका मोल है', 'पोषण टीके खेल खिलौने, बच्चे इनसे बने सलोने' जैसे नारे लगा रहे थे। संयोजक प्रीति श्रीवास्तव ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के साथ-साथ अन्य लोगों को भी पोषण के लिए जागरूक करना है। रैली में अनुदेशक पूनम यादव, साधना श्रीवास्तव, पूजा शर्मा, संगीता सिंह, बवली, गोपाल राय सहित अन्य रहे।

### खेलो बनारस और देव दीपावली की करें तैयारी : सीडीओ



**वाराणसी।** मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक गोयल ने शुक्रवार को विकास भवन सभाकक्ष में खेलो बनारस-2022 और देव दीपावली-2022 के आयोजन की तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक की। बैठक में सीडीओ ने ग्राम पंचायत, न्याय पंचायत और विकास खंड स्तर पर खेलकूद प्रतियोगिता के लिए मैदान का चयन करने को निर्देशित किया। कहा कि खेलो बनारस में जनपद के समस्त ग्राम पंचायतों के प्रतिभागी और समस्त विद्यालयों के प्रतिभागी भाग ले सकेंगे। उन्होंने जिला युवा कल्याण अधिकारी अजय सिंह और बीएसए डॉ. अरविंद पाठक को निर्देशित किया कि अभी से खेलों की लिस्ट के साथ ही रेफरी की फाइनल लिस्ट एक सप्ताह के भीतर तैयार करें। कहा कि पूर्व की भांति इस वर्ष भी देव दीपावली-2022 का आयोजन होगा। गंगा उस पार सुजाबाद से रामनगर तक 20 सेक्टरों में और इस पार कुल 83 घाटों को 20 सेक्टरों में बांटते हुए अधिकारियों की तैनाती की गई है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि उनके सेक्टर में कितने दिया-बाती की आवश्यकता होगी एक सप्ताह में प्रत्येक सेक्टर अधिकारी अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करें। बैठक में जिला विकास अधिकारी विजय कुमार, उपायुक्त एनआरएलएम दिलीप सोनकर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### विधिक व्यवसाय के बारे में बताया

**वाराणसी।** काशी विद्यापीठ के विधि विभाग में शुक्रवार को 'विधिक व्यवसाय का ऐतिहासिक विकास और महत्व' विषय पर व्याख्यान आयोजित हुआ। मुख्य वक्ता बीएचयू लॉ स्कूल के प्रो. रजनीश पटेल ने विधि व्यवसाय के इतिहास के विभिन्न काल खण्डों की व्याख्या की। स्वागत विभागाध्यक्ष प्रो. रंजन कुमार, संचालन डॉ. मेराज हाशमी और धन्यवाद डॉ. शिल्पी गुप्ता ने किया।

### दर्शनशास्त्र की मिड टर्म परीक्षा 21 को

**वाराणसी।** काशी विद्यापीठ के बीए द्वितीय सेमेस्टर दर्शनशास्त्र की मिड टर्म परीक्षा 21 सितंबर को आयोजित है। यह जानकारी पीआरओ डॉ. नवरत्न सिंह ने दी। बताया कि परीक्षा मानवीकी संकाय के थियेटर कक्ष में पूर्वान्ह 11.30 बजे से होगी।

### नगर निगम ने खोला कन्ट्रोल रूम

**वाराणसी।** शहर में वर्षा के कारण मकानों के गिरने से हो रही दुर्घटना को देखते हुए नगर निगम ने कन्ट्रोल रुम की स्थापना की है। नगर आयुक्त प्रणय सिंह ने समस्त नगरवासियों जानकारी देते हुए बताया कि वर्षा से प्रभावित मकानों के गिरने की सम्भावना पर लोग नगर निगम के टोल फ्री नंबर 1533, 18001805567 या लैंडलाइन 0542-272000 पर फोन कर सूचित कर सकते हैं।

### 24-25 को होगी मंडल स्तरीय प्रतियोगिता

**वाराणसी।** दो दिवसीय माध्यमिक विद्यालयी जनपदीय क्रिकेट प्रतियोगिता शुक्रवार को सम्पन्न हुई। आर्य विद्या सभा, काशी के मैदान में आयोजित प्रतियोगिता में जूनियर (17वर्ष से कम) बालक वर्ग तथा सीनियर (19 वर्ष से कम) बालक वर्ग के मैच हुए। प्रतियोगिता के उपरांत मंडलीय क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए वाराणसी टीम का चयन किया गया। जिसमें जूनियर व सीनियर वर्ग के खिलाड़ियों को चुना गया। संयोजक ध्रुव शर्मा ने बताया कि मंडलीय क्रिकेट प्रतियोगिता जूनियर तथा सीनियर बालक वर्ग का आयोजन इसी मैदान पर दिनांक 24 व 25 सितंबर को होगा। प्रतियोगिता में जौनपुर, गाजीपुर, चंदौली और वाराणसी की टीमें प्रतिभाग करेंगी। प्रधानाचार्य दयाशंकर दयालु प्रतियोगिता का उद्घाटन करेंगे।

### काया से नहीं, भाव से होता है व्यक्ति महान : उमाशंकर

**वाराणसी।** कथा की प्रमाणिकता उससे प्रस्फुटित होने वाले आचरण और प्रकाशमान व्यक्तित्व के चरित्र,आम आदमी से जुड़ाव और आदर्श से विशेष होती है। श्री भाई जी जयंती महोत्सव का शुक्रवार को शुभारंभ करते हुए श्री राम कथा के मर्मज्ञ बरेली से पधारे उमाशंकर व्यास ने मां जानकी भरत लक्ष्मण जैसे अनेक पात्रों का उल्लेख करते हुए श्रोताओं को कथा रस का पान कराया। वह अपने में अति सुंदर तो था ही जीवन में आदर्श को जीने के लिए उपयोगी भी था। उन्होंने कहा कि काया से कोई महान नहीं होता है। महान होने के लिए भाव की जरूरत होती है। भाव के चलते शूर्पणखा मारीच जैसे राक्षसों का भी प्रभु श्रीराम का सानिध्य मिला और संत महात्माओं की तरह उद्धार हुआ कथा के पूर्व भक्ति पूर्ण भजनों ने सबका मन मोह लिया। कथा सायं पांच से सात बजे तक 22 सितंबर तक चलेगी। यह जानकारी प्रबंधन की तरफ से दी गई है। मौके पर सुधीर पोद्दार, नागर प्रसाद दाधीच, नंदकिशोर सारडा, श्याम बूबना, यदु कानोडिया सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

### स्वरूपानंद ने राष्ट्र के लिए अप्रतिम योगदान दिया था



**वाराणसी।** साकेतनगर संकटमोचन स्थित पार्क में शुक्रवार को अपराह्न 3 बजे ब्रम्हलीन ज्योतिष एवं द्वारका शारदा पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाराज को शिव काशी मंच व महामना विद्यालय की तरफ से "साष्टांग दण्डवत प्रणाम अर्पण सभा" का आयोजन कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में महामना विद्यालय के सैकड़ों बच्चों व क्षेत्रीय नागरिकों ने साष्टांग दण्डवत प्रणाम के मुद्रा में लेट कर अद्भुत श्रद्धांजलि अर्पित किया। कार्यक्रम के दौरान आयोजित सभा को सम्बोधित करिये हुए शिव काशी मंच प्रमुख संजय पाण्डेय ने कहा कि ब्रम्हलीन शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती धर्म,राष्ट्र व समाज के लिए अप्रतिम योगदान दिया था। सभा की अध्यक्षता करते हुए महामना विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय प्रियदर्शी ने कहा कि महाराज भले आज हमलोगों के मध्य स्थूल रूप से मौजूद नही लेकिन उनके द्वारा प्रदत्त ज्ञान व सदाचार के शिक्षा का प्रकाश सदैव हमलोगों के जीवन के राह को प्रकाशित करता रहेगा।

# 'ई-समाधान' से उच्च शिक्षा की समस्याओं का हल

**सुविधा**

**यूजीसी ने समस्याओं के निबटारे के लिए शुरू की नई सेवा**

**विद्यार्थियों से लगायत शिक्षक अधिकारी व कर्मचारियों की भी सुनी जायेगी समस्या**

e-Samadhan

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** उच्च शिक्षा से जुड़ी समस्याओं के लिए अब इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा। यूजीसी ने समस्याओं के निवारण के लिए एक ऐसा प्लेटफार्म तैयार किया है। जहां न सिर्फ विद्यार्थी बल्कि शिक्षक और कर्मचारी भी अपनी समस्याएं रख सकेंगे। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने देशभर के विश्वविद्यालय और कॉलेजों में विद्यार्थियों से लगायत शिक्षक, अधिकारी और कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए 'ई-समाधान' सेवा शुरू की है। जहां प्रवेश से लेकर परीक्षा तक, किताबों से लेकर समीक्षा तक, हर विषयों से संबंधित समस्याओं का निस्तारण होगा। यूजीसी की वेबसाइट या फोन नंबर 1800-111-656 के माध्यम से 'ई-समाधान' सेवा तक पहुंचा जा सकता है।

विश्वविद्यालयों में इस समय प्रवेश और परीक्षा संबंधी प्रक्रियाएं पूरी करायी जा रही है। ऐसे में तमाम विद्यार्थियों को प्रवेश लेते समय या प्रवेश के बाद फीस वापसी में आ रही मुश्किलें, रैगिंग आदि से जूझ रहे विद्यार्थी सहित अन्य कई तरह की समस्याओं से दो-चार होना पड़ता है। जनपद में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ और सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के साथ ही तिब्बती उच्च शिक्षा संस्थान जैसे विश्वविद्यालय संचालित हैं।

इसके अलावा यूपी कॉलेज, डीएवी कॉलेज, हरिश्चन्द्र कॉलेज सहित सैकड़ों संबद्ध और स्वायत्त कॉलेज भी हैं। इससे अध्ययनरत लाखों विद्यार्थियों के साथ ही संबंधित शिक्षक व कर्मचारियों को इसका लाभ मिल सकेगा।

**समस्याओं के निबटारे के लिए समयसीमा भी तय**

'ई-समाधान' पर न सिर्फ विश्वविद्यालय बल्कि सरकारी और निजी क्षेत्र के उच्च शिक्षा संस्थान में अध्ययनरत विद्यार्थी, उससे संबंधित शिक्षक, अधिकारी व कर्मचारी अपनी समस्या सीधे शीर्ष नियामक यानि कि यूजीसी से कर सकते हैं और उसका समाधान भी पा सकते हैं। यूजीसी ने ई-समाधान पर प्राप्त होने वाले विद्यार्थियों की शिकायतों को दस कार्य दिवस के भीतर, शिक्षकों और गैर शिक्षकों के मामलों को 15 कार्य दिवस और विश्वविद्यालय व कॉलेजों के मामलों को अधिकतम 20 कार्यदिवस के अंदर निबटाने का निर्देश दिया है।

# पांच दशक पुराने पूजा पंडाल पर पुलिस ने लगाया ब्रेक

**वाराणसी।** वरुणापर क्षेत्र के प्रमुख पूजा पंडालों में से एक पाण्डेयपुर पूजा पंडाल पर करीब 5 दशक बाद रोक लगाए जाने से श्रद्धालुओं में नाराजगी है। लोगों का कहना है कि कोरोना की वजह से पिछले 2 साल से आयोजन नहीं किया जा रहा था। कोरोना संक्रमण की रफ्तार थमने के बाद इस बार उन्हें काफी उम्मीद थी।

पूजा समिति एवं स्थानीय लोग जोरों से इसकी तैयारियां कर रहे थे। इसी बीच कोर्ट का हवाला देते हुए कैंट पुलिस ने रोक लगाई तो उन्हें भारी निराशा हुई। 2019 में अंतिम बार पूजा पंडाल लगाया गया था।

लायंस सोसाइटी दुर्गा पूजा समिति पाण्डेयपुर द्वारा पाण्डेयपुर चौराहे के पास ओवर ब्रिज के उत्तर में कराये जा रहे दुर्गा पूजा पर इस बार जिला प्रशासन रोड जाम होने की बात कह कर परमिशन देने से इंकार कर दिया। जिसपर पूजा समिति ने पूर्व के स्थान पर प्रशासन द्वारा पंडाल नहीं बनाने दिए जाने पर मूर्ति के स्थान पर मां दुर्गा की तस्वीर रखकर दो दिन अष्टमी व नवमी को पूजा सम्पन्न का निर्णय लिया है। समिति के अध्यक्ष लल्लू यादव ने बताया की कैंट थाने पर इंसपेक्टर प्रभुकांत के साथ मीटिंग हुई जहां प्रशासन द्वारा स्पष्ट रूप से शासन का हवाला देते हुए रोड पर पूर्व के स्थान पर पंडाल बनाने से मना कर दिया गया है।

प्रशासन ने समिति के अध्यक्ष से रोड छोड़कर कही अन्य स्थान खोज लेने को कहा जहा पंडाल सुरक्षित बन सके। सड़क पर किसी प्रकार का धार्मिक आयोजन करना कोर्ट के आदेश पर शासन ने पूरी तरह रोक लगा दी है।

# आंदोलनरत छात्रों के धरने का नाटकीय अंत



देर रात छात्रसंघ महामंत्री को जूस पिलाकर वीसी ने अनशन कराया समाप्त



सुबह होते ही छात्रसंघ उपाध्यक्ष के नेतृत्व में फिर धरने पर बैठे छात्र



शाम को फिर धरने पर बैठे छात्रों को वीसी ने पिलाया जूस

**नानुकुर के बाद माने**

**वीसी को दो बार जूस पिलाकर धरना कराना पड़ा समाप्त**

**आंदोलन में दो गुटों में बंटे नजर आये छात्र**

**रिजल्ट की गड़बड़ियों को सुधारा जायेगा**

जनसंदेश न्यूज


**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में छात्रों के आंदोलन का नाटकीय ढंग से शुक्रवार की देर शाम समापन हो गया। छात्र एकता जिंदाबाद का नारा लगाने वाले इस आंदोलन में दो गुटों में बंटे नजर आये। चीफ प्राक्टर के इस्तीफे की मांग को लेकर आमरण अनशन पर बैठे छात्रों ने कुलपति के आश्वासन के बाद धरना समाप्त कर दिया। कुलपति प्रो. आनंद कुमार त्यागी ने छात्रों को जूस पिलाकर अनशन समाप्त कराया। इसके पहले भी गुरूवार की देर शाम छात्रसंघ महामंत्री को भी वीसी ने जूस पिलाकर आंदोलन समाप्त करवाया था। छात्रों के इस आंदोलन का शुक्रवार की शाम होते-होते पूरी तरह से पटाक्षेप हो गया।

दरअसल चीफ प्राक्टर प्रो. अमिता सिंह के दुर्व्यवहार से नाराज छात्र काशी विद्यापीठ में पिछले तीन दिनों से धरना दे रहे हैं। गुरूवार की शाम छात्रों ने धरने को आमरण अनशन में बदल दिया। इसी बीच हरकत में आये विश्वविद्यालय प्रशासन ने छात्रों का मेडिकल परीक्षण इत्यादि कराया और उनसे धरना समाप्त करने का आग्रह किया। गुरूवार की देर शाम वीसी ने कुलपति प्रो. आनंद त्यागी छात्रसंघ महामंत्री अभिषेक सोनकर सहित अन्य को जूस पिलाकर अनशन समाप्त कराया।

दूसरी तरफ शुक्रवार की सुबह से छात्रसंघ उपाध्यक्ष शिवजनक गुप्ता के नेतृत्व में फिर से छात्र धरने पर बैठ गये। छात्रों का कहना था कि जब तक चीफ प्राक्टर का इस्तीफा नहीं लिया जाता, तब तक वे धरना समाप्त नहीं करेंगे। देर शाम छात्रों को समझाने पहुंचे कुलपति ने कहा कि विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम हुई गड़बड़ियां ठीक की जायेंगी। काउंटर संख्या पांच पर ऐसे छात्रों के उत्तर पुस्तिका की जांच निशुल्क होगा। जिसके बाद छात्रों ने धरना समाप्त किया। धरना देने वालों में उपाध्यक्ष शिवजनक गुप्ता, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष संदीप यादव, करन प्रजापति, गौतम मिश्र, आशीष मार्य, विवेक यादव, केशव यादव, संदीप पाल, अखिलेश यादव, रितिक सिंह, गौरव, अभिषेक सहित अन्य रहे।

# सेंट जॉन्स बरेका में राज्य खेल स्पर्धा का शुभारंभ



**वाराणसी।** सेंट जॉन्स स्कूल, बीएलडब्ल्यू की ओर से शुक्रवार को राज्य स्तरीय यूपी एवं उत्तराखंड खेलकूद प्रतियोगिता बालिका वर्ग का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता में यूपी और उत्तराखंड के 10 जोन के 470 प्रतियोगियों ने हिस्सा लिया है। मुख्य अतिथि बरेका के चीफ पर्सनल ऑफिसर प्रदीप सिंह ने प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। वहीं राज्य स्तर के क्षेत्र समन्वयक फादर सुसई राज, सेंट जॉन्स मढ़ौली के प्रधानाचार्य फादर हेनरी ने भी खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। कहा कि आप सभी खेल भावना के साथ खेलें।

### वाद-विवाद में बढ़ चढ़कर किया प्रतिभाग

**वाराणसी।** सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में एनएसएस की ओर से पोषण माह के तहत वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित हुआ। 'महिलाओं और बच्चों के लिए पारंपरिक भोजन' विषय पर आयोजित प्रतियोगिता में छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। निर्णायक के रूप में प्रो. अमित शुक्ल रहा। समन्वयक डॉ. दिनेश गर्ग ने बताया कि पोषण माह का उद्देश्य युवाओं में पोषण के प्रति जागरूकता लाना है। मौके पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विद्या चन्द्रा, डॉ. विजय शर्मा, डॉ. कुंज बिहारी, डॉ. विजेन्द्र आर्य सहित अन्य उपस्थित रहे।

### सकारात्मक सोच व योग से दूर होगा तनाव : वंदना दीदी

**वाराणसी।** सोच अगर सकारात्मक हो और परमात्मा से योग लगाया जाय तो जीवन की नैय्या ही सिर्फ पार नहीं होगी बल्कि जन्म जन्मांतर भी सुधर जायेगा। क्योंकि सांसारिक भवसागर से मनुष्य इस कदर व्यथित है कि मानसिक तनाव और चिंता ने उनका जीवन दुश्वार कर दिया है। उक्त बातें प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि की भोजूबीर शाखा की संचालिका बीके वंदना दीदी ने रोडवेज परिसर में कर्मियों के लिए आयोजित मानसिक तनाव प्रबंधन कार्यक्रम में व्यक्त किया। उन्होने रोडवेजकर्मियों से कहा कि वह, अपने जीवन की दुश्वारियों से छुटकारा पाना चहते हैं तो सप्त दिवसीय कोर्स करें जो पूरी तरह निःशुल्क है।

# महापौर ने लाखों के विकास कार्यों की रखी बुनियाद



विकास कार्यों का शिलान्यास करती महापौर

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** शहर की गलियों के क्षतिग्रस्त स्थिति को सुधारने, जल निकासी कराने और सुन्दर काशी बनाने के सपने को साकार करने के लिए महापौर ने चार वार्डो में चौका निर्माण, जल निकासी और इंटरलाकिंग के कार्यो पर लाखों रूपये का बजट बनाया है। उन्होंने शुक्रवार को इन कार्यों का शिलान्यास किया और जनसमस्याओं के तत्काल निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

इस अवसर पर नदेसर वार्ड के मलदहिया मलिन बस्ती में मुख्य मार्ग से शंकर जी मंदिर के पीछे की गली में सात लाख 12 हजार की लागत से चौका मरम्मत के कार्यो को कराने, सरसौली वार्ड में विष्णु नगर कालोनी पंचकोशी मार्ग पर आईपीडीएस के द्वारा खोदे गये पत्थर के चौका निर्माण में छह लाख 75 हजार खर्च करने, तरना वार्ड के भरलाई उत्तरी क्षेत्र स्थित हनुमान मंदिर तक चौका मरम्मत तथा इंटरलाकिंग लगाने के कार्यो पर नौ लाख 91 हजार रुपये का बजट आवंटित किया है। वहीं छतरीपुर के पटेल नगर कालोनी में जल निकासी और इंटरलाकिंग का कार्य 14 लाख 91 हजार होगा। इसके अलावा राजाबाजार वार्ड अर्न्तगत पिपरियां पोखरी के अंधरापुल चौकाघाट मुख्य मार्ग के लिए आठ लाख 12 हजार की लागत से इंटरलाकिंग कराया जायेगा। कार्यक्रम पार्षद सुशील गुप्त, सुनील सोनकर, संदीप, राकेश, अशोक मौर्य, सिंधु सोनकर, जय, अजय गुप्त सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### प्रो. मृत्युंजय व डॉ. अनूप बने मालवीय मिशन सचिव

**वाराणसी।** बीएचयू महामना मालवीय मिशन बैठक शुक्रवार को वैदिक विज्ञान केन्द्र में सम्पन्न हुई। प्रो. उपेन्द्र त्रिपाठी की अध्यक्षता में हुई बैठक में महामना के कार्यशैली और उनके लक्ष्य को सामने रखकर मिशन को पूरा करने का संकल्प लिया गया। महामंत्री प्रो. सुमन सैन ने कार्यकारिणी समिति की घोषणा करते हुए बताया कि उपाध्यक्ष प्रो. गुलाब चन्द्र जायसवाल और विजयनाथ पाण्डेय, संगठन सचिव डॉ. प्रभाकर उपाध्याय, सचिव प्रो. मृत्युंजय देव पाण्डेय व डॉ. अनूप कुमार और केदार तिवारी को कोषाध्यक्ष बनाया गया। सदस्य के रूप में डॉ. डीएस त्रिपाठी, डॉ. सुनील मिश्र, पवन मिश्र, डॉ. गिरीश चंद्र तिवारी, डॉ. शिवराम सिंह चौहान, प्रो. शैलेन्द्र गुप्ता, प्रो. कविता शाह, प्रो. राज कुमार मिश्र सहित अन्य चुने गये।

### सांस्कृतिक प्रतिभा खोज कल

**वाराणसी।** आजादी का अमृत महोत्सव के तहत 'सांस्कृतिक प्रतिभा खोज प्रतियोगिता' 18 सितंबर को नौ बजे से कमच्छा स्थित सीएम एंग्लो बंगाली इंटर कॉलेज परिसर में आयोजित है। प्रतियोगिता में विभिन्न विधाओं के 43 दल कार्यक्रम की प्रस्तुति देंगे। प्रत्येक दलों को अपने कार्यक्रम की प्रस्तुति के लिए आठ से नौ मिनट की अवधि दी जाएगी। सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति के आधार पर विशेषज्ञ दल को एबीसी श्रेणी की ग्रेडिंग दी जाएगी।

# राष्ट्रीयता का संबंध भारत से : रमेश

**आयोजन**

**शिक्षा से बदलता है समाज : महेन्द्र, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की ओर से शिक्षकों का सम्मान**



**वाराणसी।** आरएसएस के प्रांत प्रचारक रमेश ने इंडिया और भारत की अवधारणा को स्पष्ट करते हुए कहा कि राष्ट्रीयता का संबंध भारत से है, इंडिया से नहीं। नई शिक्षा नीति ने इसी अवधारणा को स्पष्ट किया है। शुक्रवार को वे राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की ओर से एक स्कूल में आयोजित गुरूवंदन कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। मुख्य वक्ता के रूप में महासंघ के उच्च शिक्षा प्रभारी महेन्द्र ने शिक्षा के संस्कारों से जुड़ा होने पर बल दिया और कहा कि शिक्षा से समाज बदलता है और सरकारें समाज नहीं बदलती। विशिष्ट अतिथि बीएसए डॉ. अरविंद पाठक ने जनपद में निपुण भारत में हुए कार्यक्रमों को बताया और शिक्षकों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर नौ स्कूलों को उत्कृष्ट विद्यालय और 26 अध्यापकों को उत्कृष्ट शिक्षक का पुरस्कार प्राप्त हुआ। इसके अलावा बीईओ चिरईगांव स्कंद गुप्ता और नगर क्षेत्र के बीईओ देवी प्रसाद दुबे व विंध्याचल मण्डल अध्यक्ष अखिलेश मिश्रा को उत्कृष्ट कार्य का भी सम्मान हुआ। मौके पर राकेश तिवारी, अनिल, उदयन मिश्रा, अमित, आनंद सिंह, सत्यप्रकाश पाल, संजीव, रमा, प्रभाकर, संजीव, आशुतोष, ममता, दीपिका सिंह सहित अन्य रहे। अध्यक्षता भगवती सिंह और संचालन जिलाध्यक्ष शशांक कुमार ने किया। अंत में कार्यकारी अध्यक्ष ज्योति प्रकाश सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# जंक फूड से बढ़ रहा युवाओं में हड्डी रोग

**बोले चिकित्सक**

**बीते एक साल में तीस फीसदी युवाओं की कमर व घुटने में बढ़ा दर्द**

**आयुर्वेद अस्पताल में कमर व घुटने के दर्द में पंचकर्म करा रहे युवा**



डा. अजय गुप्ता | डा.स्वर्णलता सिंह | डा.दिलीप यादव

**वाराणसी।** बदलते जीवन शैली में अनियमित दिनचर्या ने युवाओं को जंक फूड के प्रति बेहद आर्कषित किया है। कार्य के बोझ के तले दबे आज का युवा वर्ग मोटे आनाज को छोड़ जंक फूड का ही सहारा ले रहा है, जिसका नतीजा युवा हड्डी रोग से ग्रसित हो रहे हैं। एक आंकड़ों के मुकाबले बीते एक वर्ष में लगभग तीस फीसदी युवाओं में कमर व घुटने का दर्द बढ़ा है। आयुर्वेद हॉस्पिटल में भी कमर व घुटने के दर्द के लिए पंचकर्म कराने वाले युवाओं की संख्या बढ़ी है।

कमर दर्द की समस्या पहले अधड़े उम्र के लोगों और बुजुर्गों को होती थी लेकिन अब यह युवाओं में भी बढती जा रही है, इसमें अधिकतर लोगों को कमर के मध्य या निचले भाग में दर्द महसूस होता है। युवाओं में कमर दर्द की समस्या के पीछे कई कारण चिकित्सक जंक फूड को भी मानते हैं। इसके साथ ही गलत तरीके से घंटों बैठे रहकर काम करना, शारीरिक श्रम नहीं करना इसके प्रमुख कारणों में हैं, कई बार चोट लगने, इंफेक्शन या मासपेशियों में खिंचाव, ज्यादा नर्म गद्दे पर सोने, गलत तरीके से ज्यादा वजन उठाना से भी कमर दर्द की समस्या हो सकती है।

राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय व चिकित्सालय के काय चिकित्सा के डा.अजय गुप्ता बताते हैं कि बीते एक साल में उनकी ओपीडी में लगभग 30 फीसदी ऐसे युवाओं की संख्या में इजाफा हुआ है जिनको कमर व घुटने के दर्द की शिकायत रही है। दवाओं के साथ ही पंचकर्म व एक्सरसाइज काफी फायदेमंद हुआ है। आर्थो सर्जन डा.दिलीप यादव कहना है कि कम समय में ही शरीर को बेहतर आर्कषित बनाने के लिए युवाओं में जिम का क्रेज बढ़ा है, इसके साथ ही बाहर ज्यादा देर तक रहने पर जंक फूड का ही सहारा लेना, ज्यादा देर तक बाइक चलाना भी एक बड़ा कारण है। जिला महिला चिकित्सालय की पूर्व अधिक्षिका डा.स्वर्णलता सिंह ने बताया कि जंक फूड गर्भवती महिलाओं के भी नुकसानदेह साबित हो रहा है। बताया कि गर्भवती महिलाओं जंक फूड के सापेक्ष पोषण आहार लेना ज्यादा फायदेमंद है जिससे कमर व घुटने का दर्द ना के बराबर रहता है।

### ओजोन परत के महत्व की दी जानकारी

**वाराणसी।** अग्रसेन पीजी कॉलेज के वनस्पति विज्ञान की विभाग की ओर शुक्रवार को ओजोन परत दिवस मनाया गया। मुख्य वक्ता विभागाध्यक्ष डॉ. संजय सिंह ने ओजोन के महत्व और संरक्षण पर बोधपूर्ण बातें बतायी। वहीं दीपिका और साक्षी ने पीपीटी के माध्यम से ओजोन के निर्माण, क्षय और उसके प्रभाव से होने वाली खतरनाक बिमारियों के बारे में बताया। शांता ने कविता के माध्यम से ओजोन के क्षय को रोकने का उपाय बताया। मौके पर भौतिक विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. सुनील मिश्रा, डॉ. वंदनी, डॉ. जेपी शर्मा, डॉ. विभा अग्रवाल, रिया, पूजा, समता, त्रीषा, उजाला, उज्ज्वला, वर्षा और अर्पिता मौजूद रही। धन्यवाद डॉ. जेपी शर्मा ने किया।

### बच्चों ने निकाली रैली

**पिंडरा।** पोषण माह के तहत प्राथमिक विद्यालय स्कूल फूलपुर में जागरूक रैली निकाली गयी। बीईओ मंगरु राम ने झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। पर्यवेक्षक मोतीलाल शर्मा ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। मौके पर प्रधानाध्यापक डॉ. कुंवर पंकज सिंह, प्रधान सुरेश पटेल, धर्मेंद्र सिंह, नंदलाल मौर्य, संतोष जायसवाल, कैलाश पाल, जेपी पटेल सहित अन्य रहे।

# श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह समाज के लिए आदर्श

**वाराणसी।** वैदिक मंत्रोच्चार के बीच गुलाब की पंखुड़ियों की वर्षा और हर्ष में झूमते द्वारिकावासियो के हुजूम सम्मुख भगवान श्रीकृष्ण रुक्मिणी के गले मे वरमाला डालते हैं, यह दृश्य देख हर कोई भगवान की युगल छवि को अपलक अपने नेत्र में सदैव सैदव के लिए समेट लेने को आतुर दिखलाई पड़ा। अवसर था महमूरगंज स्थित श्रृंगेरी मठ में श्रीश्याम मण्डल के तत्वावधान में चल रहे सप्ताहव्यापी श्रीमद भागवत कथा के छठवें दिन शुक्रवार को श्रीकृष्ण -रुक्मिणी विवाह के प्रसंग का। जैसे ही कथा में श्रीकृष्ण विवाह का प्रसंग आया समूचा कथा प्रांगण झूम उठा।

'आओ मेरी सखियां मुझे मेहंदी लगा दो..', 'मेरे बाँके बिहारी लाल, ना करियो श्रृंगार, नजर तोहे लग जायेगी...' जैसे गीत पर गरबा करता महिलाओं का समूह ओर बीच मे श्रीकृष्ण और रुक्मिणी की युगल छवि अत्यंत मनोहारी लग रही थी। इससे पूर्व कथा श्रवण कराते हुए वृंदावन से पधारे कथा व्यास आचार्य पंकज शास्त्री ने कहा कि प्रभु श्रीकृष्ण ने सदैव अपने प्रियजनों का ख्याल रखा।

पूर्वोत्तर रेलवे

# सपा कार्यकर्ताओं का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

**नाराजगी**

### जनसमस्याओं को लेकर नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा पत्रक



कलेक्ट्रेट में सपा के प्रदर्शन को संबोधित करते पूर्व मंत्री नारद राय

**बलिया।** समाजवादी पार्टी ने नगर क्षेत्र की जन समस्याओं को लेकर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पर जोरदार प्रदर्शन किया। तत्पश्चात नगर मजिस्ट्रेट को पत्रक सौंपा। इसके पूर्व नगर क्षेत्र के सभी इलाकों से टोलियों के रूप में कार्यकर्ता सपा कार्यालय पर एकत्र हुए और नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पर पहुंचे।

पूर्व मंत्री नारद राय ने कहा कि बलिया नगर की नालियां बजबजा रही हैं। कोई उसका सुध लेने वाला नहीं है। हल्की बारिश में ही नगर के कई मुहल्ले जलमग्न हो गये है।

कहा कि बलियावासियों को जुहू-चौपाटी का सपना दिखाने वाले लोग वातानुकूलित कमरों में बैठकर गलतबयानी कर रहे हैं। उन्हे ना बलिया शहर और ना ही यहां के लोगो की चिंता हैं। उन्हे सिर्फ झूठ और जुमला परोस कर जनता को ठगना हैं, लेकिन सपा ऐसा होने नही देगी। उनके झूठ और जुमले को जनता में उजागर करेगी। सपा की सरकार में लोहिया बाजार बना था, जो आज तक दुकानदारों में आवंटित नहीं हुआ। सीवरेज योजना शुरू हुई थी, लेकिन आज तक वह कार्य पूर्ण नहीं हुआ। नगर क्षेत्र में अंडर ग्राउंड बिजली के तारों को बिछाने का कार्य शुरू किया गया था, जिसे सरकार अधर में लटकाये हुए है। पूर्व चेयरमैन संजय उपाध्याय ने कहा कि नगर के विकास एवं स्वच्छता हेतु सत्तासीन लोगों के पास कोई रोड मैप नहीं है। इस अवसर पूर्व मंत्री व्यास गोड़, डॉ. विश्राम यादव, यशपाल सिंह, सुशील पाण्डेय कान्हजी, बरमेश्वर प्रधान, पिंटू जावेद, रामकवल विन्द, ददन यादव, अमित दुबे, रविन्द्र नाथ यादव, मृत्युंजय राय, सतेंद्र पाण्डेय, हरिशंकर राय, उमेश कुमार, सत्येंद्र गोड, शकील अहमद, कमलेश भारती, रामेश्वर पासवान, आदर्श मिश्र झब्बु, दरोगा सिंह, भीम चौधरी, चिराग उपाध्याय, कृष्ण यादव, श्रीभगवान यादव, गामा यादव, डा. वीरेन्द्र यादव आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता अजय यादव तथा संचालन जमाल आलम ने किया।

## बेटे के साथ मां बाप को 10 वर्ष का सश्रम कारावास

**बलिया।** जनपद में महत्वपूर्ण चिन्हित मुकदमे में प्रभावी पैरवी कर अभियोग में त्वरित निस्तारण के लिए बलिया पुलिस द्वारा चलाये गये अभियान के क्रम में मानिटरिंग सेल, अभियोजक, संयुक्त निदेशक अभियोजन व पैरोकारों की प्रभावी पैरवी के चलते सुखपुरा थाने में पंजीत धारा 498ए, 304बी भादवि व धारा 3/4 डीपी एक्ट में न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम बलिया ने फैसला सुनाया। न्यायालय ने अभियुक्त विनय पासवान पुत्र उदय पासवान, श्रीमती देवन्ती पासवान पत्नी उदय पासवान व उदय पासवान पुत्र स्व. गरीबा पासवान निवासीगण जटी स्थान, सुखपुरा, बलिया को धारा 304बी भादवि के अपराध में 10-10 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनायी। धारा 498ए भादवि के अपराध में प्रत्येक को 02-02 वर्ष का सश्रम कारावास व 5000 रुपये के अर्थ दण्ड से न्यायालय ने दण्डित किया है। अर्थ दण्ड न अदा करने पर 01-01 माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतना होगा। धारा 3/4 डीपी एक्ट के अपराध में प्रत्येक को 01-01 वर्ष का सश्रम कारावास व 02 हजार रुपये अर्थ दण्ड से दण्डित कया गया। अर्थ दण्ड न अदा करने पर 10 दिन का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतना होगा।

# अभियुक्त की निशानदेही पर पिस्टल बरामद

**बेल्थरारोड।** उभांव थाना क्षेत्र के ग्राम फरसाटार में हुए भागीरथी हत्याकांड के मामले में विवेचक पुलिस क्षेत्राधिकारी रसड़ा शिवनारायण वैस सहित उभांव थाने की पुलिस टीम ने शुक्रवार को क्षेत्र के ग्राम पलिया के सामने सिंचाई नहर की पुलिया के पास सरपत (खर-पतवार) के बीच से मुख्य अभियुक्त जितेंद्र यादव की निशानदेही पर आला कतल पिस्टल बरामद करने में सफलता पा लिया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार इस मुकदमे के विवेचक क्षेत्राधिकारी रसड़ा शिव नारायन वैस ने इस मुकदमे में प्रकाश में आए मुख्य अभियुक्त जितेंद्र यादव पुत्र रमाशंकर यादव निवासी ग्राम केरमा महरूपुर, थाना घोसी, जिला मऊ को न्यायालय द्वारा रिमांड पर लिया था। न्यायालय ने विवेचक के आवेदन पत्र पर विचार करते हुए 16 तथा 17 सितम्बर तक दो दिनों की रिमांड मंजूर किया था। मुख्य अभियुक्त से पूछताछ के बाद उसकी निशानदेही पर आला कतल बरामद करने में सफलता पा लिया।

भागीरथी हत्याकांड बीते माह अगस्त में 5/6 की रात में हुई थी। इसका मुकदमा उभांव थाने में दर्ज होने के बाद पुलिस क्षेत्राधिकारी रसड़ा द्वारा इसकी विवेचना की जा रही थी। इस मामले में जनार्दन तथा ओम प्रकाश यादव पहले ही गिरफ्तार हो चुके है। आला कतल बरामदगी में पुलिस क्षेत्राधिकारी संग उभांव थाने पर तैनात अपराध निरीक्षक अंशुमान यदुवंशी, उप निरीक्षक राघव राम यादव तथा पुलिस बल शामिल रही। बता दें कि इस मामले में अज्ञात पर मुकदमा दर्ज किया था। विवेचना के दौरान तीन अभियुक्तों का नाम प्रकाश में आया था।

### दो वारंटी गिरफ्तार

**रेवती।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे वारंटियों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में रेवती पुलिस ने सफलता अर्जित करते हुए दो वारंटियों को गिरफ्तार कर सुसंगत धाराओं के तहत चालान न्यायालय कर दिया। एसआई चंद्र भूषण पांडेय, राम अनन्त यादव, प्रदीप मौर्या की टीम ने वारंटी प्रभुनाथ पासवान पुत्र रामदेव पासवान निवासी शिवपुर सेमरा, थाना रेवती तथा चांददेव पुत्र हरि भजन निवासी रेवती पानी टंकी के समीप, थाना रेवती को अलग-अलग समय पर उनके घर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गिरफ्तार दोनों वारंटियों को सुसंगत धाराओं के तहत चालान न्यायालय कर दिया।

## संक्षेप

### सोलर लाइट की चार बैटरी खोल ले गये चोर



**रतसर।** स्थानीय नगर पंचायत स्थित गांधी आश्रम चौराहे पर पुलिस पिकेट के समीप लगा स्ट्रीट लाईट की चार बैटरी गुरुवार की रात चोर खोल ले गए। घटना स्थल पर गिरे बैटरी बाक्स के ढक्कन जब दुकानदारों ने देखा तो उपर लगी बैटरी गायब थी। बताते चले कि गांधी आश्रम चौराहे के आस-पास चार बैंक स्थित है। साथ ही इसकी सुरक्षा के लिए पुलिस पिकेट पर चौबीस घंटे पुलिस की ड्यूटी लगाई गई है। चोरी की घटना को लेकर अगल-बगल के दुकानदारों में दहशत का माहौल है। सोलर लाइट को पूर्व मंत्री उपेन्द्र तिवारी ने लगवाया था, जो विगत कई वर्षो से मरम्मत के अभाव में खराब पड़ा था।

### राजेश यादव अध्यक्ष, मंत्री बने हरिकेश गुप्त



**बेल्थरारोड।** विकास खंड सीयर के डवाकरा हाल में ग्राम पंचायत अधिकारी संगठन का चुनाव शुक्रवार को सर्वसम्मति से किया गया। इसमें राजेश यादव अध्यक्ष, अविनाश कुमार गुप्ता उपाध्यक्ष, हरिकेश गुप्ता मंत्री, विनोद कुमार गुप्ता सचिव, राजकुमार कोषाध्यक्ष, संजय कुमार (सोहांव) संप्रेक्षक, संजय (नगरा) संगठन मंत्री, उपेंद्र कुमार मीडिया प्रभारी एवं संरक्षक प्रशांत कुमार यादव चुने गए। नव निर्वाचित अध्यक्ष राजेश यादव ने कहा कि हमारा संगठन स्वहित में काम करेगा। गैर कानूनी तरीके से किसी ग्राम पंचायत अधिकारी का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। हम विभागीय कार्य को विधि सम्मत निबटाने का काम करेंगे। मंत्री हरिकेश गुप्ता ने सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को अपेक्षित सहयोग हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया।

### ड्राइविंग प्रशिक्षण को 23 तक जमा करें आवेदन

**बलिया।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बलिया में व्यवसाय-कार-ट्रक ड्राइविंग में 20 सीटों के आधार पर सीधे प्रवेश हेतु 23 सितम्बर तक नोडल संस्थान बलिया में उपस्थिति होकर आवेदन पत्र जमा किया जाना है। इच्छुक अभ्यर्थी उक्त तिथि तक आवेदन कर सकते है। मेरिट के आधार पर सीधे प्रवेश होगा एवं राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद लखनऊ द्वारा जारी दिशा-निर्देश मान्य होंगे। अधिक जानकारी हेतु कार्यालय नोडल संस्थान में उपस्थिति होकर कार्यदेशक पन्ना लाल गुप्ता से संपर्क कर सकते है।

### बाइक से गिरकर महिला घायल

**बेल्थरारोड।** उभांव थाना क्षेत्र अंतर्गत सीयर-पशुहारी मार्ग पर बाबा डीगंबर नाथ की परती के पास बाइक पर सवार बबीता देवी (35) गिरकर चोटिल हो गई। वह इलाज हेतु गुरुवार की रात करीब आठ बजे गोरखपुर जाने के लिए ट्रेन पकड़ने हेतु बेल्थरारोड रेलवे स्टेशन के लिए जा रही थी। जानकारी के अनुसार चोटिल बबीता देवी पत्नी नारायण ग्राम दौलतपुर, जिला बक्सर, बिहार प्रांत की निवासी है, जो पशुहारी में अपने मौसी के घर आई हुई थी। यहीं से इलाज कराने के लिए वह गोरखपुर जाने हेतु बाइक पर सवार होकर ट्रेन पकड़ने बेल्थरारोड स्टेशन जा रही थी कि रास्ते में अचानक गिर कर गंभीर रूप से चोटिल हो गई। उसका प्राथमिक उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीयर में कराया गया, जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के दौरान हालत गंभीर होने पर उसे रेफर कर दिया।

### बोलेरो से अंग्रेजी शराब ले जा रहे दो तस्कर गिरफ्तार



**बलिया।** दुबहर पुलिस ने बोलेरो से छह पेटी अवैध अंग्रेजी शराब लेकर जा रहे दो लोगों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त किया है। पुलिस ने पकड़े गये लोगों को संबंधित धाराओं में पाबंद कर चालान न्यायालय कर दिया। एसपी राज करन नय्यर के निर्देशन एवं एडीएम के कुशल पर्यवेक्षण में अवैध शराब का निष्कर्षण व तस्करी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दुबहड़ पुलिस को सफलता मिली है। गुरुवार को प्रभारी निरीक्षक दुबहर राजेश कुमार मिश्र के नेतृत्व में उनि जयशंकर प्रसाद राठौर मय हमराही फोर्स द्वारा मुखवीर की सूचना पर बिहार जाते समय नगवां बंधा बंधुचक मोड़ पर विश्वजीत ठाकुर पुत्र गोपाल ठाकुर निवासी गंगौली, थाना सीमरी, जिला बक्सर, बिहार एवं अभिमन्यु पाण्डेय पुत्र विन्ध्याचल पाण्डेय निवासी गंगौली, थाना सीमरी, जिला बक्सर, बिहार को बोलेरो से छह पेटी अवैध अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया।

# ट्रेन से गिरी छात्रा की मौत से मचा कोहराम

**दुखद**

### फेफना-बलिया रेलखंड पर वायना रेलवे क्रासिंग के समीप हुई घटना

**बलिया।** वाराणसी-बलिया रेलखंड पर स्थित वायना रेलवे क्रािसंग के पास शुक्रवार की सुबह ट्रेन से गिरकर ग्रेजुवेशन की छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई। आस-पास के लोगों ने घायल युवती को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी मौत हो गई।

फेफना थाना क्षेत्र अंतर्गत कोपवा गांव निवासी हरेंद्र सिंह की पुत्री तनु सिंह (21) शुक्रवार की सुबह बलिया आने के लिए पैसेंजर ट्रेन पर जिगनी हाल्ट से चढ़ी। वह ग्रेजुवेशन की छात्रा थी। उसके साथ पढ़ने वाले सहपाठी भी थे। कहा जा रहा है कि ट्रेन में सेल्फी लेने के चक्कर में तनु वायना रेलवे क्रासिंग के पास असंतुलित होकर गिर गई, जिससे उसके सिर में गिट्टी धंस गया।

उसे टेम्पो से लादकर जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ ही घटना की जानकारी परिजनों को दी। घटना से तनु के घर-परिवार में कोहराम मच गया।

### मालगाड़ी की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**चितबड़ागांव।** स्थानीय कस्बा के जवाहर नगर निवासी 55 वर्षीय मुन्नीलाल कन्नौजिया की शुक्रवार को मालगाड़ी की चपेट में आकर मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मुन्नीलाल कन्नौजिया गांधी आश्रम यूसुफपुर में कार्यरत थे। प्रतिदिन की भांति वह शुक्रवार को घर से पैसेंजर ट्रेन पकड़ने के लिए घर से निकले थे। वह बलिया की तरफ से आ रही ट्रेन में सवार होने के लिए प्लेटफार्म पर जा रहे थे कि अचानक गाजीपुर की ओर से आ रही मालगाड़ी की चपेट में आ गये। से यूसुफपुर जाने के लिए निकले थे। बलिया की ओर से आ रही ट्रेन पर सवार होने के लिए वह प्लेटफार्म पर जा रहे थे। इसी बीच गाजीपुर की ओर से आ रही मालगाड़ी की जद में आ गये। बताया जाता है कि मृतक को कान से भी कम सुनाई देता था।

### आयुष्मान कार्ड बनाने में हो रही दिक्कत

**बैरिया।** डिजिटल इण्डिया का प्रभाव कही-कही गम्भीर दुष्प्रभाव का कारण बन गया है। जी हां, हम बात कर रहे है आयुष्मान कार्ड की। इसे बनाने की जिम्मेदारी आशा बहुओं एवं संगिनी को सौंपी गई है। इसके लिए आशा बहुओं को एंड्रायड फोन दिया गया है, लेकिन जानकारी के अभाव में आशा बहुओं व संगिनी को काफी दिक्कत हो रही है। बता दे कि सरकार ने आठवीं पास महिलाओं को आशा बहू नियुक्त किया था। हाईस्कूल पास आशा बहुओं को संगिनी बना दिया गया है। अब आयुष्मान कार्ड बनाने में साफ्टवेयर के माध्यम से कार्य करना है। इसके विषय में आशा बहुओं व संगिनीयों को जानकारी का अभाव है। हालांकि समय-समय पर विभाग द्वारा प्रशिक्षण की भी व्यवस्था है, किंतु विभागीय भ्रष्टाचार के कारण धरातल पर प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरी तरह से नहीं उतर पाता है। इससे अभी भी अधिकांश आशा बहुओं व संगिनीयों को एंड्रायड फोन व संबंधित साफ्टवेयर के संदर्भ में पूरी जानकारी का अभाव है। इसके चलते आयुष्मान कार्ड बनाने में दिक्कत आ रही है। इस संदर्भ में पूछे जाने पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुरली छपरा के प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. देव नीति सिंह ने बताया कि कार्य को आसान बनाने के लिए पंचायत सहायक को भी आशा बहुओं व संगिनी के साथ अटैच किया गया है।

# सुरेमनपुर स्टेशन के प्लेटफार्म का होगा विस्तार

**पहल**

### प्लेटफार्म से बाहर हो जाते है अधिकांश ट्रेनों के पीछे के तीन-चार डिब्बे


सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म एक के बाहर खड़े स्वतंत्रता सेनानी एक्स. के डिब्बे

**बैरिया।** उप्र-बिहार सीमा पर स्थित सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन ट्रेनों से छोटा पड़ जा रहा है। इसका संज्ञान लेते हुए प्लेटफार्म नम्बर एक का बिस्तार किया जायेगा। पुराने मालगोदाम के आगे तक प्लेटफार्म एक को बढ़ाया जायेगा।

उक्त जानकारी देते हुए सुरेमनपुर के स्टेशन अधीक्षक एलपी वर्मा ने बताया की 19 डिब्बे से अधिक की ट्रेन जैसे पवन एक्सप्रेस, सद्भावना एक्सप्रेस, स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस, गोरखपुर-कोलकाता एक्सप्रेस, सारनाथ एक्सप्रेस सहित अधिकांश ट्रेनों का पीछे के तीन से चार डिब्बे प्लेटफार्म से बाहर हो जाते है। इससे यात्रियों को विशेषकर महिलाएं, बच्चें, वृद्ध जनों को व रोगियो को ट्रेन में चढ़ने-उतरने में काफी दिक्कत होती है। यह समस्या मण्डल रेल प्रबन्धक वाराणसी रमाशंकर पाण्डेय के संज्ञान में समाचार पत्रों के माध्यम से पहुंची है। इसके लिए उन्होंने सम्बंधित विभाग को प्रस्ताव भेजा है। जल्द कार्य शुरू होने की उम्मीद है।

गौरतलब है कि सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन पर एक दर्जन से अधिक लम्बी दूरी के मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव है।

प्रतिदिन लगभग पांच हजार यात्री इस स्टेशन से ट्रेन पकड़कर आते-जाते है। ऐसे में मेल/एक्सप्रेस गाड़ियों के कुछ डिब्बे प्लेटफार्म से बाहर रह जाना यात्रियों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। हालांकि अभी प्लेटफार्म नम्बर दो का निर्माण कार्य भी आधा-अधूरा है, जिससे यात्री काफी परेशान है। वरिष्ठ अधिवक्ता अजीत सिंह, पूर्व प्रधान धर्मेन्द्र तिवारी सहित दर्जनों लोग सोशल मीडिया के माध्यम से ट्रेनों के डिब्बों को प्लेटफार्म से बाहर होने की शिकायत करते रहे है।

हालांकि इस मामले का रेल विभाग ने संज्ञान लिया है।

### तैयारी पूरी, विश्वकर्मा पूजा आज

**बलिया।** शहर समेत ग्रामीण अंचलों में 17 सितम्बर, शनिवार को भगवान विश्वकर्मा की पूजा होगी। इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। विभिन्न वर्कशापों, अभियंत्रण संस्थानों, वाहन एजेंसी, मोटर वाहन प्रतिष्ठानों, बस स्टैंड, टेंपो स्टैंड, साइकिल स्टैंड में पूजा की तैयारी की गई है। पूजा स्थानों पर सजावट देर रात तक जारी रहेगा। विश्वकर्मा पूजा को भव्य तरीके से मनाने की तैयारी की गई है। विभिन्न स्थानों पर साज-सज्जा का काम चल रहा है। कई जगहों पर मूर्तिकारों के यहां से भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति लाने का काम शुक्रवार की शाम तक चला। पूजा को लेकर पूजा स्थलों की सफाई और साज-सज्जा में सुबह से ही लोग जुटे रहे।

# कदम चौराहा में 24 घंटे होगी पेयजल की आपूर्ति

**बलिया।** शहर के कदम चौराहा वार्ड को अमृत योजना के तहत जल निगम शहरी ने चयनित किया है। इस वार्ड में अलग से पाइप लाइन बिछाने के साथ ही पानी की टंकी लगाई जाएगी। सभी घरों में 24 घंटे पेयजल की आपूर्ति की जाएगी। लोगों के घरों और ट्यूबवेल पर पानी की मात्रा जांचने के लिए मीटर भी लगाया जाएगा। इससे ये पता किया जाएगा कि भूमि से कितना जल निकाल रहे हैं और लोग कितने जल का प्रयोग कर रहे हैं।

नष्ट होने वाले जल के बारे में भी जानकारी की जाएगी। शासन ने नपा परिषद व नपं क्षेत्र के नागरिकों को अमृत योजना के तहत 24 घंटे निर्बाध रूप से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। योजना के तहत जिले में प्रथम चरण में बलिया नपा के कदम चौराहा वार्ड को चयनित किया गया है। जल निगम शहरी के अनुसार योजना के तहत वार्ड में अंडरग्राउंड नान लिकेज लोहे की पाइप लाइन बिछाई जाएगी। इसके लिए भूमि तलाश कर ली गई है। स्थानीय सभासद ने कहा कि योजना का सीधा फायदा वार्ड से जुड़ी आबादी को मिलेगा। इससे शुद्ध पेयजल की समस्या भी पूरी तरह दूर हो सकेगी। शासन का यह प्रयास काफी सराहनीय है। योजना के तहत इस वार्ड में बनने वाली पानी की टंकी से किसी और वार्ड में सप्लाई नहीं होगी। साथ ही किसी अन्य वार्ड की पाइप लाइन से पानी इस वार्ड में नहीं आएगा। ये योजना विशुद्ध रूप से इस वार्ड की होगी।

### घरों में लगाये जायेंगे डिजिटल मीटर

**बलिया।** चयनित वार्ड में हर समय पानी की आपूर्ति के लिए घरों में डिजिटल मीटर लगाए जाएंगे। हालांकि इस मीटर के अनुसार कोई धनराशि नहीं ली जाएगी, बल्कि ये देखा जाएगा कि एक घर में कितने जल की आपूर्ति हो रहा है। इसके साथ ही ट्यूबवेल से निकलने वाले भ-गर्भ जल के बारे में रिकार्ड रखा जाएगा। भूमि से निकलने वाले जल और घरों को दिए जाने वाले जल से बीच में नष्ट होने वाले जल (एनआरडब्ल्यू) के बारे में भी रिकार्ड रखा जाएगा। शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए क्विक रेस्पान्स टीम का गठन किया जाएगा। इसकी निगरानी भी की जाएगी।

> वार्डों के चयन के बाद लखनऊ में नगर विकास विभाग की कार्यशाला में अधिशासी अधिकारियों की बैठक हो चुकी है। जनपद के लिए डीपीआर तैयार की जा रही है। जल्द ही इसे स्वीकृति के लिए शासन को भेजा जाएगा।
>
> अंकुर श्रीवास्तव, एक्सईएन, जल निगम शहरी इकाई

# शहीदों के बलिदान से लेनी चाहिए प्रेरणा

**बोले चंद्रभूषण सिंह**

### शहीद सैनिक की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया नमन्

जनसंदेश न्यूज



शहीद बिजेन्द्र बहादुर सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते लोग

**बांसडीह।** क्षेत्र के नारायनपुर गांव में गुरूवार की देर शाम आयोजित कार्यक्रम में लोगों ने शहीद सैनिक बिजेन्द्र बहादुर सिंह की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर फूल चढ़ाकर नमन किया। एनसीसी कैडेटों एवं स्कूल के बच्चों ने मार्च पास्ट व सलामी देकर शहीद को नमन किया।

मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख चन्द्र भूषण सिंह भोला ने शहीद बिजेन्द्र बहादुर को नमन करते हुए कहा कि सैनिकों के देश की रक्षा के लिए किए गए बलिदान के बल पर ही आज भारत सुरक्षित हैं। हम सभी को शहीद के बलिदान से प्रेरणा लेकर देश व समाज के विकास के लिए कार्य करना चाहिए।

कांग्रेस के प्रदेश महासचिव राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि शहीद बिजेन्द्र बहादुर युवा पीढ़ी के प्रेरणा स्त्रोत है। नौजवानों को उनके आदर्श को आगे लेकर कार्य करना चाहिए। जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन विनोद शंकर दूबे ने कहा कि देश के वीर सैनिकों के त्याग, बलिदान व तपस्या के बल पर ही हम सभी लोग सुरक्षित हैं।

इस मौके पर भाजपा नेता नागेन्द्र पाण्डेय, बबुआ सिंह, प्रतुल ओझा, दिनेश तिवारी, अशोक सिंह, अखिलेश सिंह, जेपी सिंह, राजप्रकाश सिंह आदि मौजूद रहे।

### देश में बढ़ते धार्मिक उन्माद पर रोक लगाने की मांग

**बलिया।** ब्राह्मण उत्थान समिति बलिया की बैठक शुक्रवार को कैम्प कार्यालय पर हुई। इसमें देश में बढ़ते धार्मिक उन्माद पर चर्चा की गई। इस दौरान सभी ने एक स्वर से इस पर रोक लगाने की मांग की। रमाशंकर पांडेय ने कहा कि मुस्लिम धर्म भाईचारा का संदेश देता है और हिंसक वारदात की निंदा करता है, किन्तु अब हौव्वा बनाकर दहशत फैलाया जा रहा है। लव जिहाद द्वारा मुस्लिम छात्र हिंदू बनकर लड़कियों को फंसा रहे है। हिंदू धार्मिक जुलूस पर पत्थर बरसा रहे है और आपसी सौहार्द बिगाड़ रहे है। परशुराम मिश्र ने कहा कि सरकार सभी को समान सुविधा दे रही है। कहीं भेदभाव नहीं हो रहा है। सभी धर्मों का सम्मान करना हमारा कर्तव्य है। इस अवसर पर देवेन्द्र तिवारी, विजय नारायण मिश्र, चंद्रशेखर उपाध्याय, भूपनारायण पांडेय, प्रदीप पांडेय, नीलमणि पांडेय, प्रकाश मणि पांडेय आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता डॉ. शत्रुध्न पांडेय ने किया।

# बीईओ व एडी बेसिक को भेजा शिकायती पत्र

**बैरिया।** शिक्षा क्षेत्र मुरली छपरा के कम्पोजिट विद्यालय लक्ष्मीपुर शिक्षा समिति के अध्यक्ष ने खंड शिक्षा अधिकारी एवं एडी बेसिक आजमगढ़ को पत्रक देकर आरोप लगाया है कि प्रधानाध्यापक ने विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से मेरा फर्जी हस्ताक्षर बनाकर एमडीएम के लाखों से रुपए निकाल कर गबन कर लिये है।

शिक्षा समिति के अध्यक्ष सोवर्धन राम ने आरोप लगाया है कि मेरा 2019 में प्रबंध समिति के अध्यक्ष पद पर चयन हुआ था। मेरा व प्रधानाध्यापक का संयुक्त खाता खुला था। इसमें एमडीएम का पैसा आता है, किंतु आज तक एमडीएम का पैसा निकालने के लिए मुझसे नहीं कहा गया। तब मैं जाकर बैंक स्टेटमेंट निकाला तो मेरे पैरों तले जमीन खिसक गई। प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय के खातों से अनेक बार एमडीएम का पैसा फर्जी हस्ताक्षर बनाकर निकाला गया है। जब मैंने इसकी शिकायत प्रधानाध्यापक से की तो उनके द्वारा टालमटोल करने के साथ अभद्रता से पेश आया गया। धमकी दी कि हमारे ही मकान में बेसिक शिक्षा का लेखाधिकारी कार्यालय है। मैं जो चाहता हूं, वही होता है। शिकायत करके मेरा कोई कुछ नहीं कर सकता। इस घटना की शिकायत खंड शिक्षा अधिकारी मुरली छपरा एवं एडी बेसिक आजमगढ़ से किया है। प्रबंध समिति के अध्यक्ष सोवर्धन राम ने बताया कि विभाग की मिलीभगत के कारण प्रधानाध्यापक की तैनाती इब्राहिमाबाद नौवरार पर होने के बावजूद लक्ष्मीपुर पर अटैच है। वह यहीं पर पढ़ाते हैं और यहीं से वेतन उठाते हैं। इससे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि किस हद तक बेसिक विभाग भ्रष्टाचार के लिए सहयोग करता है।

# झमाझम बारिश से खुशनुमा रहा मौसम

**बलिया।** हल्की और तेज बारिश होने से शुक्रवार को भी मौसम खुशनुमा रहा। लोगों को गर्मी से निजात मिली। शहर की सड़कों समेत बाजारों में कीचड़ जैसे हालात हो गए। इसके चलते आवागमन में लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे। दोपहर में शहर में स्कूल की छुट्टी होने के बाद बच्चे भींगते हुए घर पर पहुंचे। सरकारी कार्यालयों के साथ ही शहर के कई इलाके जलमग्न हो गये। विगत् कई दिनों से हल्की एवं तेज बारिश होने के चलते कलेक्ट्रेट परिसर से लगायत जिला जेल, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, बीएसए कार्यालय, कोतवाली, जापलिनगंज पुलिस चौकी में पानी भर गया है। लोगों के घरों में नालों का गंदा पानी घुस गया है। जल जमाव ने नगर पालिका के व्यवस्थाओं की परतें उधेड़ दी हैं। ग्रामीण अंचलों में जहां खेतों में पानी भरने से सब्जियों और धान की फसलों को भारी क्षति हुई है, वहीं शहर की सड़कों पर पानी भर गया। नगर के टैगोर नगर, जापलिनगंज, काजीपुरा समेत आधा दर्जन मोहल्लों में बारिश का पानी लोगों के घरों में जा घुसा। इसके अलावा एनएच-31 पर मालगोदाम से सतीश चंद्र कालेज चौराहा, एलआईसी रोड से नया चौक, काजीपुरा होते हुए कलेक्ट्रेट जाने वाली सड़क, मिड्ढी से एनसीसी तिराहा जाने वाली सड़कें बारिश के पानी से लबालब रही।

### सड़क पर पेड़ गिरने से बाधित रहा आवागमन

**रतसर।** बारिश और आंधी के कारण गुरुवार की देर रात रतसर-पचखोरा मार्ग पर स्थित साईं की तकिया के समीप सड़क पर विशाल बरगद का पेड़ गिर गया। बीच सड़क पर पेड़ गिरने से पूरी रात आवागमन बाधित रहा। इस कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। छोटे वाहनों को छोड़ दोनों ओर भारी वाहनों की लम्बी कतारें लगी रही। राहत की खबर यह है कि जिस वक्त पेड़ गिरा, उस वक्त उधर से कोई वाहन या कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था, जिससे जान-माल का नुकसान नही हुआ। स्थानीय लोगों की कड़ी मशक्कत के बाद पेड़ को काटकर हटाया गया। इसके बाद शुक्रवार की सुबह लगभग दस बजे आवागमन शुरू हो सका। एक हफ्ते से हो रही लगातार बारिश से आमजन के जीवन पर असर पड़ा है।

### मुख्य मार्ग पर पानी लगने से लोगों में रोष



**सिकंदरपुर।** स्थानीय नगर पंचायत से सटे जलालीपुर में इन दिनों मुख्य मार्ग पर पानी लग जाने के कारण लोगों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इससे लोगों में रोष व्याप्त है। लोगों का कहना है कि नगर पंचायत द्वारा निकलने वाला पानी उनके बगल के गड़ही में गिराया जाता है, जहां से पानी निकासी की कोई सुविधा नहीं है। इससे गड़ही का पानी लोगों के घरों में घुसने लगता है। पानी पूरे सड़क पर घुटने तक लगकर रास्ता पूरी तरह से अवरुद्ध कर दिया है। लोगों ने कई बार इसकी शिकायत नगर पंचायत के अधिशासी अधिशासी से लेकर चेयरमैन तथा एसडीएम से की, लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई। गड़ही का गंदा पानी सड़क पर जाम हो जाने के कारण लोगों को आने-जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जलालीपुर के लोगों ने बताया कि सबसे अधिक परेशानी बरसात के दिनों में होती है। बरसात के दिनों में पानी घुटने तक लग जाता है, जिससे उनके घरों के आंगन तक पानी पहुंचने लगता है। लोगों ने पानी निकासी की समस्या से निजात दिलाने की मांग किया है।

परख सच की
जनसंदेश टाइम्स
मेडिकल डायरेक्ट्री

सार्थक सर्जिकल सेन्टर
मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेन्टर
अत्याधुनिक लिथोट्रिप्सी मशीन द्वारा गुर्दे की पथरी का बिना आपरेशन सफल इलाज
एम्बुलेन्स एवं इमरजेन्सी सेवा 24 घण्टे उपलब्ध
डा. विनोद कुमार
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
एफ.ए.आई.एस., एफ.आई.सी.एस.
जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
सा. 6/174 ए-बी, अकथा, गाजीपुर रोड, पहड़िया, वाराणसी
मो0: 9415273558, टेलीफोन : 0542-2586160
www.sarthaksurgicalcentre.co.in e-mail : vinod_sarthak21@rediffmail.com

परख सच की
जनसंदेश टाइम्स
एजुकेशन डायरेक्ट्री

राजेन्द्र प्रसाद त्रिपाठी महाविद्यालय
(सम्बद्ध-महात्मा गाँधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी)
(प्रवेश प्रारम्भ)
बी.ए., बी.कॉम., एम.ए., एम.कॉम, एवं बी.टी.सी. (डी.एल.एड.)
प्रवेश पर विशेष छूट
(सम्बद्ध-राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद, भारत सरकार)
(कालेज कोड- 430035)
न्यूनतम फीस उत्तम शिक्षा
ग्राम-कमलापुर (एकौनी), पोस्ट-वसंत नगर (रामनगर पंचवटी से मुगलसराय स्टेशन मार्ग के मध्य में) जिला-चन्दौली
एससी/एसटी छात्रों का प्रवेश निःशुल्क
ई. अरविन्द त्रिपाठी (प्रबंधक)
मो.: 7080833939, 7905000502, 7905076035
E-mail : rptc230@gmail.com, website : www.rptc.co.in

# तहसील पर काली पट्टी बांधकर किया प्रदर्शन

बलिया। अधीनस्थ कृषि सेवा संघ के बैनर तले कृषि विभाग में कार्यरत प्राविधिक सहायकों का आंदोलन शुक्रवार को भी जारी रहा। काली पट्टी बांधकर वेतन विसंगति समेत नौ सूत्रीय मांगों को लेकर बेल्थरारोड में तहसील पर प्रदर्शन किया। चेतावनी दी कि मांगें पूरी ना होने पर 17 सितंबर के बाद आंदोलन को तेज किया जाएगा।

संगठन मांगों पर ध्यानाकर्षण कराने के लिए 12 सितंबर से 17 सितंबर तक काला फीता बांधकर विरोध सप्ताह मना रहा है। कर्मियों ने अधीनस्थ कृषि सेवा संवर्ग की वेतन विसंगतियां दूर करने, वरिष्ठ प्राविधिक सहायक बी के पद पर 11 माह पूर्व पदोन्नत कर्मियों के समायोजन का आदेश निर्गत करने, मुख्य सचिव के जारी शासनादेश के परिपालन में अधीनस्थ कृषि सेवा वर्ग एक के वर्षों से रिक्तचल रहे 564 पदों और वर्ग दो के लगभग 800 रिक्त पदों पर पदोन्नति प्रदान करने, अधिनस्थ कृषि सेवा वर्ग तीन के रिक्त चल रहे 5,000 पदों पर भर्ती करने समेत नौ मांगें सामने रखीं। तहसील अध्यक्ष लाल मुनी सिंह ने कहा कि वेतन विसंगति दूर नहीं की जा रही है। कई बार आंदोलन भी किया गया, लेकिन उच्चाधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया। कहा कि 17 सितंबर को इस सम्बन्ध में सीएम को संबोधित पत्र डीएम को सौंपा जाएगा। चेतावनी दी कि अगर उस पत्र पर शासन की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं होती है तो संगठन एक अक्टूबर को कलम बंद करके क्रांतिकारी कदम उठाएगा। मौके पर अमरीश, मथुरा राम, अजीत कुमार गुप्ता, राकेश, बाबूलाल मौर्या, अजय कुमार, ज्ञान प्रसाद आदि मौजूद रहे।

**नाराजगी**

**प्राविधिक सहायकों ने दी आंदोलन को तेज करने की चेतावनी**

# 19 गांवों को चकाचक करने की तैयारी

जनसंदेश न्यूज

बलिया। जिले में ओडीएफ प्लस के तहत गांवों को स्वच्छ बनाने एवं कूड़ा निस्तारण आदि को लेकर 19 गांवों का चयन किया गया है। इसके लिए कुल 13.074 करोड़ रुपये की कार्य योजना तैयार की गई है। कार्य योजना स्वीकृति के लिए मंडलीय कार्यालय को भेजी गई है। स्वीकृति के बाद गांव में स्वच्छ भारत मिशन अभियान के तहत विभिन्न कार्य कराए जाएंगे।

ओडीएफ प्लस के तहत गांवों को चकाचक बनाने की योजना बनने लगी है। ओडीएफ प्लस गांव में प्लास्टिक कलेक्शन सेन्टर बनने के साथ ही सामुदायिक बायो गैस प्लांट होना भी आवश्यक है। सार्वजनिक स्थानों और कम से कम 80 फीसदी घरों में ठोस और तरल कचरे का प्रबंधन के साथ ही सामूहिक जगहों पर जैविक या अजैविक कूड़ा या नाले में पानी इकट्ठा न हो।

ओडीएफ प्लस योजना चरणवार संचालित की जाएगी। जनपद में पहले चरण के तहत 15 ब्लाकों के 29 ग्राम पंचायतों के कुल 47 राजस्व गांवों का चयन कर लिया गया है।

इसके सापेक्ष 19 गांवों को ओडीएफ प्लस के लिए 13. 074 करोड़ रुपये की कार्य योजना भी पंचायती राज विभाग की ओर से तैयार कर मंडलीय कार्यालय को स्वीकृति के लिए भेजा गया है।

अधिकारियों की मानें तो शेष 28 गांवों की कार्य योजना भी तैयार की जा रही है। ओडीएफ प्लस में चार मदों से धनराशि खर्च की जाएगी। 19 गांवों के लिए कुल 13 करोड़ 7 लाख 42 हजार 748 रुपये की कार्य योजना है। इसमें स्वच्छ भारत मिशन का अंशदान 8 करोड़ 60 लाख 77 हजार 226 रुपये, 15वें वित्त का अंशदान 3 करोड़ 66 लाख 92 हजार 222 रुपये, मनरेगा का अंशदान 78 लाख 8300 रुपये व कृषि विभाग का अंशदान एक लाख 65 हजार रुपये निर्धारित किया गया है।

**पहल**

**मंडलीय कार्यालय को भेजी गई 13 करोड़ की कार्य योजना**

**जिले में ओडीएफ प्लस में चार मदों से खर्च की जायेगी धनराशि**

## इन गांवों की भेजी गई कार्य योजना

बलिया। कार्य योजना में मुरलीछपरा ब्लाक के इब्राहिमाबाद उपरवार व कोड़हरा नौबरार, बेरूआरबारी के सुखपुरा व बांसेरा, बैरिया के कोटवां, बेलहरी के हल्दी व बेलहरी, दुबहड़ के अखार, नगवां, घोड़हरा व जनाड़ी, सीयर के तुर्तीपार व फरसाटार और चिलकहर ब्लाक के सिकरिया कला, ममरेजपुर, कुरेजी, अम्हतापुर, हसनपुर व पाह कुरेजी गांव शामिल है।

## 28 गांवों की तैयार हो रही कार्य योजना

बलिया। 28 गांवों की कार्य योजना तैयार हो रहा है। इसमें दुबहर ब्लाक के शेर, हनुमानगंज के रामपुर महावल, मनियर के जिगिरसड़, आराजी माफी जोगिया, प्राणपुर, टीका चक, मुरली छपरा के चांददियर, नगरा के डिहवा, नरही, मेहराब, नवानगर के कठौड़ा, बरहुंचा, सीसोटार दियारा, सिवान कला, सिवान खुर्द, पंदह के सहुलाई हरदो पट्टी, फुलवरिया व मोहम्मदपुर, रसड़ा के डेहरी, बकुल्हा, सखुआपुर, सराय भारती, भीखमपुरा, रेवती के झरकटहा, मठंग नाथ, सिंगही व सोहाव ब्लाक के नरही व खमीरपुर शामिल है।

> ओडीएफ प्लस के पहले चरण में कुल 47 गांव चयनित किए गए हैं। 19 गांवों की कार्य योजना भी मंडल कार्यालय को भेज दी गई है। शेष 28 गांवों की कार्य योजना तैयार की जा रही है। जल्द ही इनको भी मंडल कार्यालय को स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा।
>
> यतेंद्र सिंह, डीपीआरओ बलिया

## संक्षेप

### गरीबों, पीड़ितों की मदद करने से मिलता है सुकून : सूरज



बलिया। सदर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम ब्रह्माईन निवासी स्वास्थ्य विभाग से सेवानिवृत्त सूरज समदर्शी ने वार्ता में कहा कि माता-पिता से मिला मार्ग दर्शन नौकरी में रहते हुए भी और सेवानिवृत्त के बाद भी हमेशा गरीबों-पीड़ितों व असहायों के लिए खड़ा रहता हूँ। बच्चों के शिक्षा में आर्थिक मदद करना व त्यौहारों में गरीब महिलाओं की आर्थिक मदद करना बहुत ही सुकून देता है। श्री समदर्शी ने बताया कि सेवानिवृत्त होने के बाद वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति का महामंत्री की जिम्मेदारी निभायी। दो वर्षों से कार्तिक पूर्णिमा पर चितु पाण्डेय चैराहा स्थित निःशुल्क दवा व चाय अपने सहयोगियों के साथ आने वाले स्नानार्थियों की सेवा करके अपने आप को भी धन्य मानता हूँ। जो भी मेरा समय मेरे पास बचा है उसे मैं जीवन का लक्ष्य बनाकर चल रहा हूँ। आशा करता हूँ कि सभी लोग स्वस्थ्य समाज की रचना हो एक दूसरे से प्रेम भाव बना रहे यही जीवन का मूल कर्तव्य है। जीवन जियों और दूसरों को भी प्रेरणा दो। आने वाले समय में युवा पीढ़ी सही रास्ते पर चलकर आगे बढ़ते हुए गरीबों और पीड़ितों की मदद करें।

### अफवाह फैलाने वाले व्यक्तियों पर होगी कार्रवाई : सीओ




बलिया। पुलिस अधीक्षक राजकरण नैयर के निर्देश पर सीओ सिटी प्रीति त्रिपाठी ने बताया कि सभी त्यौहारों को देखते हुए प्रत्येक थानों पर लगातार शांति समिति की बैठक की जा रही है। इसमें सभी धर्मों के लोगों से यह अपील किया जा रहा है कि त्यौहार को मिलजुल कर मनाएं ताकि शांति व्यवस्था बनी रहे। श्री त्रिपाठी ने कहा कि जिले में पहले से धारा-144 लागू है इसका पालन करना अति आवश्यक है। इसके साथ अफवाह से ध्यान न दें अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ पहले से ही कारवाई चल रही है। अगर जो इसी तरह की आपके संज्ञान में शांति व्यवस्था भंग करने वाली बात आती है तो तुरंत 112 पर कॉल कर अवगत कराएं। साथ ही हमें भी आप अवगत करा सकते हैं। कोई भी प्रोग्राम करने से पहले अनुमति लेना अनिवार्य है। नगर क्षेत्र में सिटी मजिस्ट्रेट, तहसील क्षेत्र में उप जिलाधिकारी बलिया से अनुमति लेनी होगी। बिना अनुमति के कोई भी प्रोग्राम नहीं होगा। शासन के गाइडलाइन से अनुसार त्यौहार मनाए जाएंगे। कानून से खिलवाड़ करने वाले व्यक्तियों को किसी भी किमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

### बलिया में होगा भृगु बाबा मंदिर कारिडोर का निर्माण



बैरिया। अयोध्या, मथुरा व काशी विश्वनाथ कारिडोर की तर्ज पर भृगु बाबा कारिडोर का भव्य निर्माण होगा। इसके लिए सांसद वीरेन्द्र सिंह मस्त के आग्रह पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपनी सहमति प्रदान की है। साथ ही गत दिवस मुख्यमंत्री के साथ बलिया आए प्रमुख सचिव दुर्गाशंकर मिश्र ने भी इस बाबत अपनी मुख्यमंत्री के समक्ष रिपोर्ट प्रस्तुत किया है। सांसद के निर्देश पर गत गुरुवार को भाजपा नेता सुशील पांडे के नेतृत्व में एक शिष्ट मंडल बलिया पहुंचकर भृगु बाबा मन्दिर का निरीक्षण किया और हो रहे कार्यों के विषय में विधिवत रिपोर्ट सांसद को भेजा। सांसद उस रिपोर्ट के साथ शनिवार को मुख्यमंत्री से मिलकर वार्ता करेंगे। शिष्ट मंडल के साथ मौजूद नगर विकास विभाग के अभियंता शैलेश कुमार ने बताया कि शासन का निर्देश प्राप्त हुआ है कि भृगु बाबा मंदिर परिसर में रैन बसेरा, गेस्ट हाउस व पार्क का निर्माण होगा। अन्य विकास संबंधी कार्य करके भृगु बाबा मंदिर को कारिडोर के रूप में भव्यता प्रदान की जाएगा। इस संदर्भ मे सुशील पाण्डेय ने बताया कि सांसद ने कहा है कि भृगु बाबा मंदिर के विकास में धन का अभाव आड़े नहीं आएगा। भव्य कारिडोर का निर्माण होगा। शिष्ट मण्डल में मुन्ना, अरूण, बलराम सिंह शामिल रहे।

# हर तीर्थ बार-बार, गंगा सागर एक बार : गिरि



बलिया। जूना आखाड़ा के संत बाबा रामेश्वर गिरि ने दूरभाष पर बताया कि गृहस्थ जीवन में रहकर मनुष्य अपना हर कार्य करके जीवन में एक बार गंगा सागर जरूर आना चाहिए। श्री गिरि ने कहा कि मनुष्य को खुशहाल जीवन जीने के लिए हर मनुष्य को धर्म, सत्य कल्याण के पथ पर चलकर सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। जो युवा माता-पिता की सेवा करता है उनके आज्ञाकारी अनुसार जीवन जिता है वह हमेशा ईश्वर को प्राप्त होता है।

जो भी परिस्थितियां हो सुख-दुख हर भाव में भी परोपकार का मार्ग अपनाना चाहिए तभी जीवन सफल होगा। किसी को अपने मुख से अशब्द न बोले। श्रीराम व श्रीकृष्ण के मार्ग पर चलकर ही मनुष्य को बड़ी सफलता मिलती है और परिवार का कल्याण होता है। साथ ही सही मार्ग पर चलने वालों के साथ ईश्वर के रूप में कोई न कोई मदद के रूप में आ जाता है।

कभी भी धर्म व सत्य का पतन नहीं होता है हमेशा सत्य की विजय होती है और हमेशा होती रहेगी। कलयुग में कृष्ण और राम का नाम जपने वाला वाला मनुष्य सुख-समृद्धि के साथ अपने लक्ष्यों को प्राप्त करता है। जो मनुष्य अपना काम ईश्वर पर छोड़ता है उसका काम पूर्ण होता है। मनुष्य का सादा जीवन सार्थक होता है। समाज के कल्याण के लिए हर व्यक्ति को जीना चाहिए। मनुष्य तन बहुत मूल्यवान होता है। ईश्वर हमेशा भाव के भूखे रहते है।

## एक वारंटी गिरफ्तार

ओबरा। एसपी द्वारा वांछित अभियुक्तों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस ने शुक्रवार को एक वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। पुलिस के अनुसार न्यायालय जारी वारंट से संबंधित आरोपी के संबंध में शुक्रवार को मुखबिर ने सूचना दिया कि धरमराज उर्फ गुड्डू पुत्र रामप्यारे निवासी पीएसी कैम्प न्यू बस्ती सेक्टर दस थाना ओबरा जो अपने घर के बाहर मौजूद है। मुखबिर की सूचना पर टास्क प्रभारी अमित कुमार त्रिपाठी, राम सिंह यादव पहुंचकर वारंटी को उसके घर के बाहर से गिरफ्तार कर लिया।

## बिना कागजात के एस्क्रेप ले जा रहा ट्रक सीज

म्योरपुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के मुर्धवा बीजपुर के रास पहरी में छत्तीसगढ़ से रेणुकूट की तरफ बिना कागजात के लोहे का स्क्रैप ले जा रहे ट्रक को बिक्री कर अधिकारी ने गुरुवार देर शाम पकड़ कर जांच के बाद सीज कर पुलिस के हवाले कर दिया। थानाध्यक्ष अश्वनी कुमार ने बताया कि बिक्री कर अधिकारी उक्त मार्ग पर वाहनों की जांच के दौरान लोहे का स्क्रैप ले जा रहे ट्रक को रोक कर चालक से कागजात मांगा तो उसके बाद कोई कागजात नही दिखाया। इसके बाद ट्रक को थाने लाकर सीज कर दिया गया।

# पहले दिन 477 लोगों के बने गोल्डेन कार्ड

मऊ। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना जो आयुष्मान भारत योजना के नाम से जाना जाता है। और इसके लाभार्थियों को रु 5 लाख तक की स्वास्थ्य सुविधा चिन्हित सरकारी व गैर सरकरी अस्पतालों में निःशुल्क प्रदान किया जाता है। यह कहना है मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नरेश अग्रवाल ने का। डॉ अग्रवाल ने बताया कि योजना के लाभार्थियों का गोल्डन कार्ड बनाने को लेकर 15 से 30 सितंबर तक आयुष्मान पखवाड़े के दौरान आयुष्मान कार्ड बनाने का विशेष अभियान का शुभारंभ हो गया है। पखवाड़ा के दौरान विभाग पूरी तैयारी के साथ आयुष्मान कार्ड बना रहा है। जिले में 90,240 परिवारों के बचे लाभार्थियों का गोल्डन कार्ड बनाने का लक्ष्य निर्धारित है।

आयुष्मान भारत योजना के नोडल डॉ बीके यादव ने बताया की सरकार चाहती है कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना से आच्छादित परिवारों के प्रत्येक सदस्य के पास आयुष्मान का गोल्डेन कार्ड होना अनिवार्य है। ऐसे में योजना 23 सितंबर को चार वर्ष पूरा कर रही है। इधर चार वर्ष के उपरांत भी 27 फीसदी परिवारों में ही आयुष्मान कार्ड उपलब्ध हो पाया है। योजना से आच्छादित पात्र लाभार्थियों में से 27 फीसदी लाभार्थियों के ही आयुष्मान गोल्डेन कार्ड ही बन पाए हैं। इन्हीं सब को देखते हुए एक बार फिर से 15 सितंबर से 30 सितंबर तक आयुष्मान पखवाड़े के दौरान आयुष्मान कार्ड बनाने का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस बार विशेष पखवाड़े में आशा और आंगनबाडी के द्वारा लाभार्थियों को कैंप तक लाया जाएगा। जिसके लिए पूरे जनपद में 985 कैंप लगाए जाएंगे। इन सभी कैंपों में जन सेवा केंद्र के वीएलई, ग्राम पंचायत सहायक और ब्लॉक लेवल ऑपरेटर शामिल हैं। इस विशेष पखवाड़े में जिला सूचना विभाग, जिला आपूर्ति विभाग, जिला पंचायती राज विभाग, जनपद के सभी एसडीएम और बीडियो की विशेष सहभागिता ली जा रही है। आयुष्मान भारत योजना के जिला कार्यक्रम समन्वयक डॉ पीएन दुबे ने बताया कि जनपद में कुल 18,8331 परिवार का आयुष्मान कार्ड बनाया जाना था। जिसमें से परिवार सर्वे में अब तक नहीं मिल पाए हैं। जिसको लेकर अब तक 98091 परिवार का 20,7729 आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। वहीं इस बार 15 से 30 सितंबर तक चलने वाले पखवाड़े में 90240 परिवार का डाटा प्राप्त हुआ है। पहले दिन इस अभियान में कुल 477 लोंगों के गोल्डेन कार्ड बनाये गये हैं।

## नाजायज गांजा के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

मऊ। थाना मधुबन पुलिस द्वारा शुक्रवार को देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर कुंडा पेट्रोल पंप के पास से शिवसरन पुत्र रामशब्द निवासी परशुरामपुर थाना मधुबन मऊ के कब्जे से 500 ग्राम नाजायज गांजा बरामद कर गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में उक्त अभियुक्त के विरुद्ध मु.अ.सं. 394/22 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट में अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया।

## संक्षेप

### तीन वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

मऊ। थाना कोतवाली पुलिस द्वारा शुक्रवार को देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर सलाहाबाद मोड़ से मु.अ.सं. 330/22 धारा 454,380,411 भादवि में प्रकाश में आये वांछित अभियुक्त शेरु उर्फ पंकज वर्मा व राहुल वर्मा पुत्रगण स्व. विक्रम प्रसाद निवासीगण सुराही थाना मुबारकपुर जनपद आजमगढ़ के कब्जे से चोरी के 3200 रुपये बरामद कर गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में उक्त अभियोग में धारा 413,414 भादवि की बढोत्तरी कर चालान न्यायालय किया गया। साथ ही साथ थाना रानीपुर पुलिस द्वारा तेंदुली चट्टी के पास से मु.अ.सं. 177/22 धारा 363,366 भादवि में वांछित अभियुक्त प्रद्युम्न चैहान पुत्र विरेन्द्र निवासी खानपुर थाना सरायलखंसी मऊ को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

### न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज

घोसी, मऊ। घोसी कोतवाली अन्तर्गत नगर क्षेत्र के प्रभुनाथ रोड पर बंटवारे की जमीन की पैमाइश के दौरान मारपीट के मामले में कोतवाली पुलिस ने अदालत के आदेश पर पांच माह बाद मुकदमा पंजीकृत किया है। स्थानीय कोतवाली अन्तर्गत नगर क्षेत्र के मदापुर समसपुर निवासी सलाहुद्दीन ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में आईपीसी 156 (3) के तहत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया जिसमें बताया गया कि नगर के प्रभुनाथ रोड पर उनकी पुस्तैनी जमीन है। बंटवारे के बाबत विगत 10 अप्रैल को उक्त जमीन की पैमाईश की जा रही थी। इसी दौरान इनामुद्दीन, अलाउद्दीन, मुहम्मद आसीन, कैसर जमाल, नाहिदा, शाहिना व साहिस्ता परवीन ने लाठी डंडे से मारपीट कर बाप बेटे को घायल कर दिया। कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देने पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।

### सेवा सप्ताह के रूप में मनाया जायेगा पीएम का जन्मदिवस



मऊ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिवस उपलक्ष्य में 17 सितम्बर से 24 सितम्बर तक सेवा सप्ताह का आयोजन प्रकाश हास्पिटल एवं ट्रामा सेन्टर सहादतपुरा मऊ के तत्वाधान में मनाया जायेगा। जिसमें सभी मरीजों को विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा निःशुल्क परामर्श दिया जायेगा एवं रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया है। इस अवसर पर होने वाले सभी जांचों में 50 प्रतिशत की विशेष छुट भी दी जायेगी। यह सूचना प्रेस कान्फ्रेंस के माध्यम से प्रकाश हास्पिटल एवं ट्रामा सेन्टर डायरेक्टर डा. मनीष कुमार राय ने दी। उन्होने कहा कि शिविर मे वरिष्ठ न्यूरो सर्जन डा. नितिश कुमार राय, हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. पीके हृदय रोग विशेषज्ञ डा. यूपी मिश्रा, जनरल सर्जरी, डा. बीके, दन्त रोग विशेषज्ञ डा. राकेश, महिला रोग विशेषज्ञ डा. आरिफा आदिल, नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. फैसल मुख्तार के द्वारा मरीजों को निःशुल्क परामर्श दिया जायेगा।

### नवनिर्मित आंगनबाड़ी केन्द्र का विधायक ने किया लोकार्पण




घोसी, मऊ। स्थानीय विकास खण्ड अन्तर्गत मझवारा क्षेत्र के ग्रामसभा सेमरी जमालपुर में नवनिर्मित आंगनबाड़ी केन्द्र का लोकार्पण किया गया। जनपद की मधुबन विधानसभा के विधायक रामबिलास चैहान ने फीता काटकर इसका लोकार्पण किया। स्थानीय तहसील अन्तर्गत सेमरी जमालपुर में मनरेगा मद व चैदहवें वित्त से मिलाकर कुल साढे 7 लाख की लागत से बने नवनिर्मित आंगनबाड़ी भवन का लोकार्पण शुक्रवार को समारोह आयोजित कर किया गया। भवन का लोकार्पण विधायक रामबिलास ने किया। कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी के कर्मियों व बच्चों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी में बनाये गये पकवानों व कलाकृतियों का भी अतिथियों ने निरिक्षण किया व बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी व प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों सहित बच्चे मौजूद रहे।

# पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य महिला की लाठी डंडे से पीटकर हत्या

**दबंगई**

**गुरुवार की रात पड़ोस का झगड़ा छुड़ाने गयी थी हो गयी गुस्से की शिकार**

जनसंदेश न्यूज



दोहरीघाट, मऊ। थानान्तर्गत बहादुर गांव मे बीती रात पड़ोस मे दो पक्षो के विवाद को सुलझाने पहुँची पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य दुर्गावती देवी उम्र 50 वर्ष की एक पक्ष द्वारा लाठी डंडे से पीटकर हत्या कर दी गयी जिससे गाँव मे कोहराम मच गया मृतक की पुत्री की तहरीर पर पुलिस ने पांच लोंगो के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपितो की गिरफ्तारी मे जुट गयी।

मृतक की पुत्री दीपिका ने थाने मे तहरीर देते हुए बताया कि गुरूवार को रात मे आठ बजे हमारे घर के बगल मे दयानंद के मकान पर विक्रम चैहान व उनके पुत्र विनय अजय तथा चन्द्रकेश हरिकेश समेत पांच लोग लाठी डंडे से लैस होकर दरवाजा पीटने लगे तथा गाली गुप्ता दे रहे थे तभी हमारी मां घर से बाहर निकली और हमलावरो से वापस जाने को कहा इस बिच विक्रम समेत पांचो लोग लाठी डंडे से पीटकर मेरी मां की हत्या कर दी और फरार हो गये। इधर जैसे ही घटना के बारे मे पुलिस को सुचना मिली मौके पर मय फोर्स पहुँच कर हत्यारो के तलाश मे जुट गयी इधर इस घटना से पुरे गाँव मे कोहराम मच गया है। मृतक के परिजनो का रो रोकर बुरा हाल हो गया है। मृतिका का पति कुछ वर्ष पूर्व फालिज का शिकार हो गया था जिससे कारण वह चलने फिरने में असमर्थ है मृतिका ही परिवार के भरण पोषण का सहारा थी। उसकी पांच पुत्रीयां है ज्योती 20, दिपाली 18, दिपिका 16, जानकी 14, खुशी 12 है। जिनके करूण क्रन्दन से पुरा माहौल गमगीन है इधर पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है।

### हत्यारों की गिरफ्तारी हेतु टीम गठित : एएसपी

घटना की सुचना पाकर मौके पर पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक त्रिभुवन त्रिपाठी ने बताया कि जो भी हत्यारे है। बहुत जल्द से जल्द पकड़े जायेगें। उनकी गिरफ्तारी के लिये पुलिस टीम गठित कर दी गयी है तथा गाँव मे फोर्स की तैनाती की गया है। बहुत जल्द ही हत्यारे पकड़ लिये जायेंगे।

# युवक पर राड से हमला कर किया मोबाइल छिनैती का प्रयास

कोपागंज, मऊ। थाना क्षेत्र के अदरी नगर पंचायत निवासी विमलेश मौर्या पुत्र कान्ता मौर्य को वृहस्पतिवार की देर शाम लहुलुहान कर के मोबाइल छिनैती का किया प्रयास, नगरवासियों ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां डाक्टरों ने गंभीर रूप से घायल विमलेश मौर्या को किया वाराणसी रेफर।

अदरी नगर पंचायत निवासी विमलेश मौर्या पुत्र कान्ता मौर्य उम्र 25 वर्षीय वृहस्पतिवार की देर शाम अपने दोस्त अतुल विश्वकर्मा के साथ पैदल टहलते हुए अदरी भट्ठे पर किसी काम से जा रहा है वह जैसे ही भारतीय स्टेट बैंक अदरी के पास पहुंच था की पहले से ही घात लगाकर सड़क के किनारे चोरों ने पीछे से किसी धारदार राड़ से सिर पर हमला कर दिया साथी के चिल्लाने पर चोर फरार हो गया। विमलेश मौर्या वहीं सड़क पर गिर कर छटपटाने लगा दोस्त के शोर शराबे पर राहगीरों ने घायल विमलेश को निजी वाहन से जिला अस्पताल भेजवाया जहां डाक्टरों ने गंभीर रूप से होने से वाराणसी के लिए रिफर कर दिया। परिजनों ने आनन फानन में मऊ के एक प्राईवेट अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। क्षेत्रवासियों कहना है कि इन दिनों क्षेत्र में मोबाइल छिनैती की घटनाएं बहुत हों रही है। अभी कुछ ही दिन पहले अदरी में ही एक व्यक्ति को चाकू से घायल कर के मोबाइल छिनैती हुए थी। क्षेत्र में बढ़ रही मोबाइल छिनैती की घटनाएं से क्षेत्र में दहशत व्याप्त है। इस बावत थानाध्यक्ष कोपागंज अमित मिश्रा ने यह कह कर पल्ला झाड़ दिया कि मोबाइल छिनैती की घटना मेरे संज्ञान में नहीं है। न ही कोई तहरीर थाने पर मिली है।

**दबंगई**

**डॉक्टरों ने गंभीर रूप से घायल विमलेश मौर्या को वाराणसी किया रेफर**

### क्षेत्रवासियों ने की पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग

कोपागंज थाने क्षेत्र के अदरी, इंदारा, कसारा आदि बाजारों में इन दिनों मोबाइल छिनैती गिरोह सक्रिय है। इसके पूर्व भी कई घटनाएं हो चुकी है। जिससे क्षेत्रवासी नरसिंह मौर्य, नि?जन विश्वकर्मा, अकील अख्तर, सन्तोष गुप्ता, अमरजीत चैहान आदि लोगों ने बताया कि इन दिनों मोबाइल छिनैती की घटनाएं बढ़ रही है। इससे लोगों में डर व्याप्त है आदि लोगों ने जिला प्रशासन से पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग किया है।

# विशेष लोक अदालत के सफल आयोजन को लेकर बैठक

मऊ। 17 सितम्बर को आयोजित की जाने वाली आर्बिट्रेशन विशेष लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रामेश्वर की अध्यक्षता में शुक्रवार को जनपद न्यायाधीश के कक्ष में बैठक आहूत की गयी। जनपद न्यायाधीश द्वारा बैठक में उपस्थित न्यायिक अधिकारीगणों से आर्बिट्रेशन के निष्पादन वादों के अधिकाधिक निस्तारण किये जाने योग्य बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया एवं 17 सितम्बर दिन शनिवार को दोपहर 2 बजे से आर्बिट्रेशन निष्पादन वादों के निस्तारण हेतु आयोजित विशेष लोक अदालत में न्यायालय द्वारा चिन्हांकित वादों के निस्तारण किये जाने हेतु बैठक में उपस्थित न्यायिक अधिकारीगण एवं अधिवक्तागण व फाइनेन्स कम्पनी के अधिकारीगण को आवश्यक निर्देश भी प्रदान किया गया। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुँवर मित्रेश सिंह कुशवाहा ने आबीर्टेज्शन के लम्बित वादों निस्तारण हेतु आम जनमानस, वादकारी व अधिवक्तागण से अपील किया कि विशेष लोक अदालत में अपने सम्बन्धित वादों को निस्तारण कराकर लाभान्वित होवे।

बैठक में अपर जनपद न्यायाधीश अशोक कुमार सिंह, अपर जनपद न्यायाधीश प्रथम, अपर जनपद न्यायाधीश, कोर्ट नं-2 पुष्पेन्द्र सिंह अपर जनपद न्यायाधीश/एफटीसी प्रथम अभिनय कुमार मिश्रा, अपर जनपद न्यायाधीश, कार्ट न.-3 दिनेश कुमार चैरसिया एंव अधिवक्ता दिलीप श्रीवास्तव केएन पाण्डेय, श्रीराम फाइनेंस, श्रीराम यूनियन फाइनेन्स, सर्वेश पाण्डेय, मैग्मा, महेन्द्रा एण्ड महेन्द्र आदि फाइनेन्स कम्पनी के ब्रांच मैनेजर उपस्थित रहे।

## दुकान के काउंटर से उड़ाये 90 हजार, मुकदमा दर्ज

घोसी, मऊ। बीयर व बेकरी की दुकान के काउंटर से दुकानदार को झांसा देकर 90 हजार नकदी पर हाथ साफ करने के मामले में कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया है। कोपागंज थाना अन्तर्गत ग्रामसभा गोडसरा निवासी पलकधारी पुत्र स्व0 सुदामा ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि घोसी कोतवाली अन्तर्गत मझवारा बाजार में हमारी सरकारी बीयर व बेकरी एवं टाफी की अलग अलग दो दुकान है। 10 सितम्बर को बीयर की दुकान के सेल्समैन द्वारा दो दिन की बिक्री का 90 हजार रुपया मुझको दिया गया था जो कि टाफी वाली दुकान के काउंटर में रखे थे। दोपहर करीब साढे 12 बजे मेरी टॉफी की दुकान से सामान लेने के लिये दो अज्ञात व्यक्ति आये और मुझसे सामान मांगा। मैं सामान निकालने के लिये दुकान के अंदर चला गया इसी दौरान उक्त अज्ञात व्यक्तियों ने काउंटर के अंदर रखा 90 हजार रुपया निकाल लिया और मौके से फरार हो गये।

# अध्यक्ष पद के लिए तीन लोगों ने ठोंकी दावेदारी

**चुनाव**

**आठ लोगों ने किया नामांकन, मतदान 18 सितम्बर को, अध्यक्ष पद के लिए तीन लोगों ने ठोंकी दावेदारी**

मऊ। मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति मऊ (सूचना एवं जनसंपर्क विभाग उत्तर प्रदेश सरकार) जिलास्तरीय संगठन चुनाव के लिए आठ उम्मीदवारों द्वारा निर्वाचन अधिकारी/ जिला सूचना अधिकारी के समक्ष नामांकन किया गया। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए सर्वाधिक तीन लोगों ने नामांकन किया। नामांकन पत्र की जांच निर्वाचन अधिकारी धनपाल सिंह व संरक्षण मण्डल सदस्य वेद नारायण मिश्रा, विजय गुप्ता व सुधाकर पांडेय ने किया। जिसमें सभी नामांकन वैध पाए गए।

गौरतलब हो कि मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति के संगठनात्मक चुनाव के लिए नामित निर्वाचन अधिकारी/ जिला सूचना अधिकारी धनपाल सिंह के यहाँ प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र जमा किया। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए प्रदीप सिंह, अमित त्रिपाठी व प्रवीण राय ने अपने अपने नामांकन दाखिल किया। इसके साथ ही महामंत्री पद के लिए श्रीराम जायसवाल, उपाध्यक्ष पद के लिए हरिओम राय व जाहिद इमाम, मंत्री पद के लिए चंद्रप्रकाश तिवारी व कोषाध्यक्ष पद के लिए डॉक्टर आजाद नोमानी ने अपना नामांकन किया। इस अवसर पर संरक्षक मंडल सदस्य के रूप में वेद नारायण मिश्रा, विजय गुप्ता व सुधाकर पांडेय, ब्रह्मानन्द पाण्डेय, बालचन्द त्यागी, आनंद गुप्ता, संजय राय, दुर्गा किंकर सिंह, संजय दुबे व जितेंद्र वर्मा उपस्थित रहे।



आज हुए नामांकन में जहां अध्यक्ष पद के लिए 3 लोगों ने नामांकन किया। वहीं महामंत्री, उपाध्यक्ष, मंत्री व कोषाध्यक्ष के लिए पर अनुसार पद के सापेक्ष में उतने लोगों ने ही नामांकन किया। जिनका लगभग निर्विरोध चुना जाना तय माना जा रहा है। फिलहाल इसकी घोषणा मतदान तिथि 18 सितंबर को होगी।

# जहरीली शराब से मौत होने पर अधिकारी होंगे जिम्मेदार

**बोले डीएम**

### जिला पंचायत सभागार में आधा दर्जन विभाग की समीक्षा

**जनसंदेश न्यूज**



जिला पंचायत सभागार में बैठक लेते डीएम एमपी सिंह।

**गाजीपुर।** जिलाधिकारी एमपी सिंह की अध्यक्षता में कर-करेत्तर एवं मासिक स्टाफ बैठक जिला पंचायत सभागार में सम्पन्न हुआ। इसके अतिरिक्त वाणिज्य कर में 68 प्रतिशत, स्टाम्प देय 85 प्रतिशत, आबकारी 81 प्रतिशत वसूली जो लक्ष्य कम रहा है जिसमें प्रगति लाने का निर्देश दिया। उन्होंने खनन अधिकारी को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि गंगा नदी में बाढ़ स्थिति कम हुई है ऐसे में खनन माफिया सक्रिय होंगे इस पर पैनी नजर रखते हुए किसी भी दशा में अवैध खनन न होने दिया जाये। आबकारी अधिकारी अवैध एवं नकली शराब बिक्री पर नजर बनाये रखे तथा किसी भी दशा में अवैध शराब की तस्करी/ बिक्री न होने दिया जायें। उन्होंने कहा कि यदि जनपद में कहीं किसी भी व्यक्ति की मृत्यु जहरीली शराब के कारण होती है तो सम्बन्धित अधिकारी स्वयं जिम्मेदार होंगी। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों का आह्वान करते हुए उन्हें निर्देश दिया कि राजस्व प्राप्ति के संबंध में जो विभाग कार्य कर रहे हैं उनके द्वारा अपने-अपने लक्ष्य को प्रत्येक माह से पूर्ण कर अंतिम रूप प्रदान किया जाए ताकि सभी विभागों में राजस्व प्राप्ति के लक्ष्य पूर्ण किए जा सकें। उन्होंने कम राजस्व वसूली वाले विभागो के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को अपने लक्ष्य के प्रति प्रत्येक माह कार्य योजना बनाकर मूर्त रूप प्रदान किया जाये। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही एवं शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने स्पष्ट किया है कि जिन विभागीय अधिकारियों के द्वारा अपने राजस्व लक्ष्यों की प्राप्ति नहीं की जाएगी उनके विरुद्ध कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। जिसकी जिम्मेदारी स्वयं संबंधित विभागीय अधिकारी की होगी। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने मासिक स्टाफ बैठक में राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ ली। बैठक में लंबित प्रकरण एवं विवादित प्रकरण, दाखिल खारिज, विवादित वादो का निस्तारण करने को कहा।

#### कम वसूली पर लगाई फटकार

जिलाधिकारी ने चकबन्दी, व्यापार कर, विद्युत देय, आबकारी, परिवहन, वन विभाग, स्टाम्प, नगर पालिका, आडिट आपत्ति, अंश निर्धारण, आईजीआरएस, मोटर देय, काउण्डर फाईल, के सम्बन्ध विस्तारपूर्वक समीक्षा की। समीक्षा के दौरान वन विभाग, विद्युत वितरण खण्ड चतुर्थ, नगर पालिका परिषद जमानियां तथा नगर पंचायत जंगीपुर में सबसे कम वसूली तथा रैंकिंग में फिसड्डी होने पर फटकार लगाते हुए लक्ष्य के सापेक्ष वसूली का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि समस्त अधिकारी राजस्व वसूली का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर करते हुए डिमांड के अनुसार वसूली सुनिश्चित करें। उन्होंने राजस्व वादों के निस्तारण में समीक्षा करते हुए, राजस्व वादों के निस्तारण के संबंध में सभी पीठासीन अधिकारियों द्वारा शिकायतो का निस्तारण गुण एवं दोष के आधार पर कार्रवाई करते हुए सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारी, तहसीलदार एवं अन्य संबंधित राजस्व अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि राजस्व कार्यों में सभी अधिकारियों द्वारा सरकार की मंशा के अनुरूप चलाए जा रहे प्रत्येक कार्यक्रम में तत्परता दिखाते हुए कार्यों का संपादन किया जाना सुनिश्चित करें ताकि सरकार की राजस्व योजनाओं का लाभ जन सामान्य को आसानी के साथ प्राप्त हो सके।

बैठक में अपर जिलाधिकारी वि.रा अरूण कुमार सिंह, मुख्य राजस्व अधिकारी सुशील लाल श्रीवास्तव, अपर उपजिलाधिकारी, समस्त उपजिलाधिकारी तहसीलदार एवं सम्बन्धित अधिकारी एंव पटल सहायक उपस्थित थे।

# स्कूली बस का ब्रेक फेल बाल-बाल बचे बच्चे



गगरन गांव के पास स्कूली बस पलटने के बाद ग्रामीण एवं पुलिस।

**नगसर/दिलदारनगर।** स्कूल से बच्चों को गांव छोड़ने जा रही एक निजी स्कूल की बस का स्टेयरिंग व ब्रेक शुक्रवार की दोपहर दो बजे फेल होने से बस गगरन गांव के सिवान के सामने अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई हालांकि बस में बैठे 30 बच्चे बाल बाल बच गए।दिलदारनगर के बहुआरा गांव के पास स्थित निजी स्कूल की बस बच्चों को लेकर जाते समय गगरन गांव के सिवान के सामने अचानक बस का स्टेयरिंग व ब्रेक फेल हो गया जिससे बस सड़क किनारे अनियंत्रित होकर गड्ढे में पलट गई।इसके बाद स्कूल की दूसरी गाड़ी से बच्चों को उनके गांव छुडवाया गया।थानाध्यक्ष नगसर आनंद कुमार ने बताया कि स्कूली बस की स्टेयरिंग व ब्रेक अचानक फेल होने से बस गड्ढे में पलट गई।कोई बच्चा घायल नहीं हुआ सभी को घर भेजवा दिया गया।

# मोटर जलने से गहमर पूर्वी पंप कैनाल बंद



गहमर पूर्वी पंप कैनाल के जले मोटर को खोलते मैकेनिक।

**बारा।** क्षेत्र के किसानों की समस्याएं कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। बारिश न होने से किसान पहले ही परेशान हैं कि अब मोटर जल गया। इसके चलते गहमर पूर्वी पंप कैनाल बंद है। यह समस्या हर वर्ष आती है लेकिन इसको लेकर अधिकारी गंभीर नहीं रहते हैं। धान की फसल की सिंचाई को लेकर किसान परेशान हैं। गहमर पूर्वी लिफ्ट कैनाल को बिजली पहले करहिया उपकेंद्र से मिलता था। सरकार सिंचाई की दुश्वारियों को समझी तो बारा में नए उपकेंद्र का निर्माण हुआ। गहमर पूर्वी पंप कैनाल के लिए स्वतंत्र उपकेंद्र बना दिया गया। बावजूद इसके किसानों को राहत नहीं मिल पा रही है। गहमर पूर्वी पंप कैनाल के दो मोटरों में से एक मोटर एक सप्ताह से जला है। इससे गहमर माइनर, बारा माइनर, मिश्रवलियां, प्रतापपुर, पटकवलियां माईनरों से जुड़े करीब दो हजार बीघे खेतों की सिंचाई बाधित हो गई है। किसान फसलों की सिंचाई को लेकर चिंतित हैं। गहमर पूर्वी पंप कैनाल के अवर अभियंता सर्वजीत कुमार ने बताया कि एक मोटर जल गया है, इसलिए समस्या उत्पन्न हो रही है। मैकेनिकों को भेजकर मोटर खुलवाया गया था। मोटर की मरम्मत होने में पंन्द्रह दिन लग सकते हैं।

# ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ ने यूबीआई प्रमुख से लगाई गुहार

**गाजीपुर।** उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष रोशन लाल ने जनपद में पंचायती राज विभाग के अधीन तैनात ग्रामीण सफाई कर्मचारियों के समस्याओं के निराकरण के लिए क्षेत्र प्रमुख यूनियन बैंक आफ इंडिया को पत्र लिखा है। जिलाध्यक्ष रोशनलाल ने कहा कि जनपद में लगभग 33 सफाई कर्मचारी तैनात हैं। जिनका खाता यूनियन बैंक आफ इंडिया के भिन्न-भिन्न शाखाओं में संचालित है। संचालित खाताओ में ही 13 वर्ष से वेतन जा रहा है। लेकिन इतना दिन बीतने के बावजूद भी सफाई कर्मचारी साथियों के खाते को बचत खाता से वेतन खाता में परिवर्तित नहीं किया गया है, ऋण सुविधा ऑनलाइन नहीं की गई है, सफाई कर्मचारी साथियों के आयकर की श्रेणी में नहीं होने के बावजूद भी ऋण हेतु मांग की जाती हैं। साथ ही घर आदि बनाने के लिए आसान किस्तों में ऋण नहीं दिया जा रहा है। जिसकी वजह से जनपद के समस्त सफाई कर्मचारियों में यूनियन बैंक की सुविधाएं ना मिलने के लिए असंतोष व्याप्त है।

# गाजीपुर से जुड़े थे तार, गिरोह में हाहाकार

**उत्तराखंड पेपर लीक कांड**

### इनामी मास्टरमाइंड सादिक मूसा और योगेश्वर गिरफ्तार

**गाजीपुर।** उत्तराखंड पेपर लीक कांड के सरगना सादिक मूसा और साथी योगेश्वर की गिरफ्तारी होते ही जिले में हड़कंप मच गया है। साथी योगश्वर का गाजीपुर में बड़ा गिरोह सक्रिय है। जानकारी मिलते ही जुगाड़ से सरकारी नौकरी पाए लोगों में खलबली मच गई है। बिरनो थाना क्षेत्र के भड़सर गांव निवासी एक लाख इनामी योगेश्वर राव उर्फ राजू की गिरफ्तारी गुरूवार को लखनऊ में हो गई है। गांव में यह खबर आग की तरह फैल गई है। मीडिया की खबरों को लोग सोशल मीडिया के जरिए एक दूसरे को भेजने में लगे है। गांव के लोग आश्चर्य में है कि सीधा साधा दिखने वाला योगेश्वर इतना बड़ा खिलाड़ी है। इधर कुछ लोगों को इसके रहन सहन और घर पर भीड़ देखकर यह आभास हो गया था कि कुछ गलत कार्य जरूर कर रहा है। लेकिन सबूत के अभाव में कोई कुछ बोल नहीं पा रहा था। परंतु क्षेत्र के युवाओं के मुताबिक योगेश्वर का जिले में बड़ा रैकेट था। जिसके जरिए यह बेराजगार युवाओं से मोटी रकम लेकर जुगाड़ से सरकारी नौकरी लगवाया है। जिसमें बहुत तेजी से एक शिक्षक का नाम आ रहा है। इधर एक जिला पंचायत का भी नाम तेजी से चलने लगा है। गिरोह ने शिक्षक, ग्राम पंचायत सचिव, लेखपाल, उत्तर प्रदेश पुलिस, वन रक्षक, वन दरोगा सहित तमाम विभागों में नौकरी दिला चुका है। इधर फरार योगेश्वर की गिरफ्तारी होते ही गिरोह के सदस्यों में हड़कंप मच गया है। बतादें,उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की तरफ से बीते साल दिसंबर में कराई गई स्नातक स्तरीय परीक्षा (बीपीडीओ) के पेपर लीक में मुख्य सरगना एसटीएफ के हत्थे चढ़ गए हैं। दो लाख रुपए इनामी सादिक मूसा और एक लाख रुपए इनामी योगेश्वर राव को यूपी एसटीएफ ने लखनऊ में दबोच लिया है। दोनों को उत्तराखंड एसटीएफ को सुपुर्द कर दिया गया है। पेपर लीक कांड में अब तक 41 गिरफ्तारियां हो चुकी हैं।

#### एसटीएफ की जांच में खुलेंगे बड़े राज

दरअसल, आयोग ने बीते 4-5 दिसंबर को उत्तराखंड में स्नातक स्तरीय भर्ती परीक्षा कराई थी। इसमें अलग-अलग विभागों के 13 श्रेणी के 854 पदों के लिए हुई परीक्षा में 1.60 लाख युवा बैठे। परीक्षा परिणाम जारी होने के बाद इसमें फजीर्वाड़ा सामने आया। आयोग ने रायपुर थाने में केस दर्ज कराया तो एसटीएफ ने जांच शुरू की।एसटीएफ ने कड़ियां जोड़ीं तो पेपर लीक कांड मामला सामने आया । जिसमें 39 को पूर्व में जेल भेजा गया। वहीं, परीक्षा का मुख्य सरगना सादिक मूसा निवासी अब्दुल्लापुर, अकबरपुर आंबेडकर नगर और उसका साथी योगेश्वर राव निवासी शहाबुद्दीनपुर, भड़सर, बिरनो गाजीपुर हाल निवासी इंदिरानगर लखनऊ फरार थे। जिसका यूपी और उत्तराखंड एसटीएफ तलाश कर रही थी। दोनो पर उत्तराखंड सरकार ने क्रमशः दो लाख और एक लाख इनाम रखा था। दोनों के लखनऊ के आसपास होने पर यूपी एसटीएफ सक्रिय हुई। एसटीएफ ने लखनऊ के पॉलिटेक्निक चौराहे से दोनों को गुरुवार शाम को गिरफ्तार किया। दोनों वहां किसी से मिलने के लिए पहुंचे थे। सूचना मिलते ही उत्तराखंड एसटीएफ की टीम वहां पहुंची। टीम ने दोनों आरोपियों को पकड़ लिया।

## संक्षेप

### क्षेत्राधिकारी ने थाने का किया निरीक्षण



**नगसर।** स्थानीय थाने में शुक्रवार को दोपहर में क्षेत्राधिकारी जमानिया विजय आनंद शाही अचानक थाने का निरीक्षण करने के लिए पहुंचे। जिससे थाने में अफरा-तफरी मच गई। विजय आनंद शाही ने थाने में रखें शस्त्र व कागजात तथा फाइलों की रखरखाव व उचित कानून व्यवस्था का अवलोकन तथा निरीक्षण किया। जिसमें थानाध्यक्ष को निर्देशित किया की कानून व्यवस्था को कायम रखने में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### लोक अदालत में होगा लंबित मामलों का निस्तारण

**गाजीपुर।** उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ एवं कार्यपालक अध्यक्ष, उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निदेर्शानुसार 26, 27, 28 व 29 को जनपद में एनआई एक्ट की धारा-138 के अन्तर्गत लम्बित मामलों के निस्तारण हेतु विशेष लोक अदालत की व्यापक सफलता हेतु पक्षकारों को समय से सम्मन/नोटिसों का तामीला सुनिश्चित कराने एवं विशेष लोक अदालत में एनआई एक्ट के मामलों के अधिकाधिक संख्या में निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त के सम्बन्ध में 16 सितबंर को अपराह्न 1:30 बजे मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गयी है। बैठक में आयोजित होने वाली विशेष लोक अदालत की व्यापक सफलता हेतु पक्षकारों को समय से सम्मन/नोटिसों का तामीला सुनिश्चित कराने एवं विशेष लोक अदालत में एनआई एक्ट की धारा-138 के मामलों को अधिकाधिक संख्या में निस्तारण हेतु विशेष रूप से चर्चा की गयी।

### जिला कारागार में एचआईवी परीक्षण का लगेगा शिविर

**गाजीपुर।** जिला कारागार में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पूर्णकालिक सचिव कामायनी दूबे, द्वारा एचआईवी परीक्षण हेतु विशेष शिविर का आयोजन एवं जेल का निरीक्षण किया गया। जेल अधीक्षक द्वारा बताया गया कि वर्तमान में कुल 1257 बंदी निरूद्ध है। जिसमें 1105 पुरूष, 59 महिला बंदियों के साथ कुल 4 बच्चे निरूद्ध है व 93 अल्पवयस्क है। सुबह का नाश्ता-दलिया, चाय, दोपहर का भोजन-रोटी, चावल, अरहर की दाल, सब्जी (आलू,नेनुआ ), शाम का भोजन-रोटी, चावल, चना व उर्द की दाल, सब्जी (आलू, बैगन)। सचिव द्वारा एचआईवी जॉच में पाये जाने वाले बंदियों को समुचित इलाज का प्रबन्ध सुनिश्चित करने एवं जिला कारागार में स्थित जेल लीगल क्लीनिक पर विशेष रूप से ध्यान देने के लिए निर्देशित किया गया। बैरक एवं कारागार परिसर में साफ-सफाई, मच्छरो के बचाव के लिए छिड़काव के लिए निर्देश दिये गये।

### आज आर्बिट्रेशन मामले का होगा निस्तारण

**गाजीपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, सर्वोच्च न्यायालय तथा उच्च न्यायालय इलाहाबाद के निदेर्शों पर उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा-निर्देशन में स्वप्न आनन्द, प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बताया गया कि शनिवार को अपराह्न 02:00 बजे से आर्बिट्रेशन के निष्पादन वादों के निस्तारण के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन दीवानी न्यायालय में किया जा रहा है। उक्त के सम्बन्ध में जनपद के समस्त नगर वासियों/ग्रामीण वासियों को यह सूचित किया जाता है कि वादकारी अपने आर्बिट्रेशन के निष्पादन वादों को विशेष लोक अदालत में आपसी सुलह वार्ता के आधार पर निस्तारण करा सकते है।

### यातायात पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

**गाजीपुर।** यातायात पुलिस ने नगर सहित अन्य मार्गों चेकिंग कर जहाँ वाहन चालकों को यातायात के प्रति जागरूक किया गया व कईं वाहन चालकों पर कार्यवाही भी की गई। यातायात प्रभारी सुशील कुमार मिश्रा ने बताया कि अंधऊ, भुतहियाटाड़ महराजगंज, कचहरी, रौजा सहित अन्य मार्गों पर चेकिंग अभियान चलाकर लोगों को यातायात प्रति जागरूक करते 131 वाहनों का चालान किया गया। वही 2500 रुपया का जुमार्ना वसूल किया गया।

### करंट की जद में आने से युवक की मौत

**गाजीपुर।** शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के नई बस्ती स्थित माल गोदाम रोड़ निवासी अजय कुमार गुप्ता की विद्युत करंट की जद में आने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि अजय कुमार गुप्ता उम्र लगभग 32 वर्ष पुत्र बिनोद कुमार गुप्ता गुरुवार की शाम बीकापुर स्थित अपने नये मकान पर जा रहा था। बारिश के कारण वह फिसल कर गिर पड़ा। पास में विद्युत पोल में करंट होने के कारण उसकी मौत हो गईं। परिजनों को घटना की जानकारी होते ही जिला अस्पताल ले गये। जहाँ चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की जानकारी होते ही परिवार में कोहराम मच गया।

### तय कीमत से अधिक वसूल रहे गैस सिलेंडर के दाम

**गाजीपुर।** जिले में घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत से ज्यादा वसूली जा रही है। इससे रसोई गैस उपभोक्ताओं में रोष है। गैस सप्लाई करने वाली गैस एजेंसियों की मनमानी से उपभोक्ताओं को चूना लग रहा है। शहर क्षेत्र में रसोई गैस सिलेंडरों की सप्लाई के लिए चार से अधिक गैस एजेंसी की गाड़ियां भेजी जाती है। जहां उपभोक्ताओं को प्रत्येक सिलेंडर की तय कीमत 1125 रुपये का प्रति सिलेंडर का बिल काट कर दिया गया। लेकिन उपभोक्ताओं से 1165 रुपये वसूले गए। यानी प्रति सिलेंडर चालीस रुपये अधिक की राशि ली गई। जब किसी उपभोक्ता ने एतराज जताया तो गैस सिलेंडर देने में हाकर आनाकानी करते हुए गोदाम से सिलेंडर लेने का फरमान सुना देते है।

### ट्रैफिक व्यवस्था के लिए नहीं बना कोई प्लान

**गाजीपुर।** अगर आप नगर में आए हो तो आपको रुक-रुककर चलने की आदत डालना होगी, क्योंकि यहां शहर के मार्ग पर पल-पल जाम लगता है। शहर में एक भी ऐसा मार्ग नहीं हैं जहां जाम की स्थिति नहीं बनती हो। शहर के मुख्य मार्ग नईसड़क, मिश्रबाजार, कचहरी, लंका, विशेश्वरगंज चौराहा ऐसे स्थान हैं जहां मार्ग पर जाम आम बात है। शहर में लगने वाले जाम के अनेक कारण है, न तो कभी टैफिक व्यवस्था के लिए कोई प्लान बना है और न ही कोई विकल्प तैयार किया है। दुकानों के आगे अतिक्रमण के चलते जहां शहर के मार्ग सकरे होते जा रहे हैं, वहीं खड़े ठेले भी जाम लगा देते हैं।

### 'मशीनरी चुस्त फिर भी चाल सुस्त'

**गाजीपुर।** मिलावट पर अंकुश लगाने के लिए सरकार ने खाद्य सुरक्षा अधिनियम को संशोधित कर उसे और अधिक प्रभावी बनाया। सीएमओ से हटाकर विभाग सीधे प्रशासन के अधीन कर दिया। एडीएम प्रशासन को प्राधिकारी बना दिया गया। जिले में अभिहित अधिकारी के साथ तहसीलों के लिए खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की तैनाती कर दी गई। लेकिन उसका कोई फायदा नजर नहीं आ रहा है।

# मुख्तार के परिवार की ढाई करोड़ की संपत्ति कुर्क



दर्जी मुहल्ला में कुर्की के दौरान क्षेत्राधिकारी एवं पुलिस फोर्स।

**सख्ती**

### जिला प्रशासन लगातार भू-माफिया पर कर रहा आर्थिक चोट

**मुहम्मदाबाद।** माफिया डॉन मुख्तार अंसारी पर जिला प्रशासन ने एक और बड़ी आर्थिक चोट की है। मुख्तार सहित उनके भाई सांसद अफजाल अंसारी की ढाई करोड़ की अचल भू- संपत्ति कुर्क की है। पुलिस माफिया द्वारा अपराध के जरिए अर्जित की गई अवैध संपत्ति की डुगडुगी बजाकर कार्रवाई की है। बाहुबली पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी और उसके करीबियों पर जिला प्रशासन लगातार आर्थिक चोट कर रहा है। गैंगेस्टर एक्ट के तहत पुलिस माफिया द्वारा अवैध तरीके से कमाई गई बेनामी ढाई करोड़ की संपति को कुर्क किया है। जिला प्रशासन भारी फोर्स के साथ शुक्रवार को कोतवाली के दर्जी मुहल्ला निवासी अभियुक्तगण मुख्तार अंसारी, अफजाल अंसारी पुत्र सुभानुल्लाह अंसारी, काजू उर्फ शहनवाज उर्फ काजू कुरैशी पुत्र हसनैन कुरैशी द्वारा अपने परिवारिजन के नाम अवैध ढंग से अर्जित की गई भू-सम्पत्ति को कुर्क किया। कुर्क की कार्रवाई के दौरान थाना बरेसर, करीमुद्दीनपुर ,भांवरकोल के अतिरिक्त स्थानीय पुलिस बल तथा अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अभिषेक भारती ,सीओ सीटी गौरव कुमार, एसडीएम हर्षिता तिवारी, सीओ श्याम बहादुर सिंह तथा पीएसी मिर्जापुर 39 बटालियन उपस्थित थे।

कुर्क की कार्रवाई के दौरान आसपास के मकानों के ऊपर भी पुलिस बल तैनात थे ताकि कहीं कोई दुविधा उत्पन्न ना हो।

#### कुर्क भू-संपत्ति का विवरण

माफिया मुख्तार अंसारी के कुर्क की गई मकान 130 की सरकारी और बाजार की कीमत पच्चीस लाख ग्यारह हजार रुपए है। बसपा सांसद अफजाल अंसारी के पास सेआराजी सं0 403 रकबा 0.033 हे., आराजी सं 405 रकबा 0.075 हे.,आराजी सं 407 रकबा 0.086 हे., आराजी सं 402 रकबा 0.097 हे,आराजी सं 408 रकबा 0.255 हे कुल में से 0.132 हे0 = कुल रकबा 0.326 हे। कुल सरकारी कीमत रुपये में 69लाख 68 हजार 5सौ रुपये तथा बाजारू कीमत एक करोड़ पचासी लाख रुपये है। अभियुक्त काजू उर्फ शहनवाज उर्फ काजू कुरैशी के पास से भूखण्ड संख्या 30अ में कुल 42 वर्ग मीटर क्रयशुदा जमीन भूखण्ड संख्या 30अ में कुल 123.264 वर्ग मीटर क्रयशुदा जमीन । कुल सरकारी कीमत रुपये में 14लाख50 हजार रुपये बाजारु कीमत चालीस लाख है।

#### मुहम्मदाबाद कोतवाल की आख्या पर ऐक्शन

पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध व अपराधियों के विरुद्ध अवैध तरीके से धन, भू-सम्पत्ति व अचल सम्पत्ति अर्जित करने वाले माफियाओं के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत थाना प्रभारी मुहम्मदाबाद की प्रेषित आख्या पर पुलिस अधीक्षक की संस्तुति के आधार पर डीएम एमपी सिंह द्वारा बीते 13 सिंतबर को पारित कुर्की आदेश अंतर्गत धारा 14(1) उप्र. गिरोह बन्द एवं समाज विरोधी अधिनियम के तहत माफिया पर एक्शन लिया गया।

# क्षतिग्रस्त पुलिया से गुजर रहे राहगीर, विभाग मौन



हसनपुरा-नसीरपुर गांव की क्षतिग्रस्त पुलिया।

**रेवतीपुर।** क्षेत्र के हसनपुरा से नसीरपुर, अठहठा न्याय पंचायत से लेकर दर्जनों छोटे-छोटे गांवों को सेवराई तहसील मुख्यालय से जोड़ने वाली एक मात्र सड़क पर बनी पुलिया जो विगत कई वर्षो से जर्जर हालत में है। जिसकी शिकायत लोकनिर्माण विभाग एवं पूर्व विधायक एवं वर्तमान विधायक तथा बलिया सांसद सबसे की गई है। परंतु इस पर किसी ने ध्यान नहीं दिया नसीरपुर पुलिया के दोनों साइड सड़क धंस जाने और फट जाने ऐसी स्थिति है। कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कोई दुर्घटना होगी सारे लोग घड़ियाली आंसू बहाने दौड़े चले आएंगे। ऐसे हर जनप्रतिनिधियों से लेकर अधिकारियों तक को सूचना दिया जा चुका है। लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया है। जान जोखिम में डालकर ग्रामीणों को तहसील मुख्यालय तथा भदौरा मार्केट जाना पड़ रहा है। दिन में तो लोग बच बचाकर किसी तरह से लोग इधर-उधर कर लेते हैं। लेकिन रात्रि के समय में कोई नहीं आता जाता है। वर्तमान की स्थिति ये है कि रात्रि में किसी की तबीयत खराब होती है। कैसे जान बचेगी ये सोचना पड़ता है ग्रामीणों को भगवान भरोसे ही चलते हैं। लोग अगर समय रहते इस पर नहीं ध्यान दिया गया। तो हम ग्रामीण आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इसकी जिम्मेदारी जनप्रतिनिधियों से लेकर ढहऊ के अधिकारियों तक होगी।

# तीन पशु चोर गिरफ्तार, गए जेल



**मरदह।** मटेहुं पुलिस चौकी प्रभारी कौशलेंद्र प्रताप सिंह ने पुलिस टीम के साथ चोरी की भैंस बरामद करने के साथ ही तीन पशु चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मरदह थाना के घरिहां गांव से राजेश यादव के दरवाजे पर बांधी गयी दो भैसो को चोरों ने बीते दिनों चोरी कर लिया था।राजेश यादव के तहरीर पर मरदह पुलिस ने भैस चोरी का मुकदमा दर्ज किया था।चौकी प्रभारी कौशलेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि पुलिस टीम के साथ पूर्वाचल एक्सप्रेसवे के पास स्थित डोड़सर गांव की पुलिया के पास से आजाद अहमद पुत्र मुंशी अहमद निवासी अंधऊ कोतवाली गाजीपुर, अफजाल पुत्र मुख्तार निवासी सजना सलारपुर थाना भांवरकोल सहित एक नाबालिक चोर को चोरी की एक भैस के साथ गिरफ्तार कर लिया।बताया कि गिरफ्तार चोरों को सम्बन्धित धारा के तहत जेल भेज दिया गया है।मिली जानकारी के आधार पर पशु चोरी गिरोह में शामिल सदस्यों की गिरफ्तारी हेतु दबिश दी जा रही है।

### 25 सितंबर से शुरू होगा रामलीला का मंचन

**मरदह।** प्राचीन रामलीला कमेटी महाहर धाम के नेतृत्व में सैकड़ों वर्षों से मंचन हो रहा है।जो इस वर्ष आगामी 25 सितम्बर से शुरू होगी और दशहरे के दिन तक चलेगी है। रामलीला कमेटी अपनी सभी तैयारियां को पूरी करने के पूरी तन्मयता से जुटी है।वहीं दूसरी ओर साफ सफाई,प्रकाश,पेयजल, आवागमन सुचारू ढंग से करने के लिए क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों सहित अधिकारियों से सम्पर्क साधे हुए हैं। वहीं पड़ताल करने पर देखा गया कि रामलीला मैदान की तरफ जाने वाले सभी मार्ग खाफी खस्ताहाल में है सड़क पर गढ्ढे हो गये है,??जिसमें.भारी जल जमाव के कारण आवागमन करने वाले लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।अब जबकि कुछ दिनों में रामलीला शुरू होगी तो दर्शकों को आने जाने में बहुत कष्टकारी सिद्ध होगा।

# जनहित समस्या को लेकर एसडीएम से मिले सपाई

**गाजीपुर।** समाजवादी पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल झुन्नू लाल चौराहे से कलेक्टर घाट और शास्त्री नगर स्थित नाले को ढकने की मांग को लेकर उपजिलाधिकारी सदर को ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने उपजिलाधिकारी सदर को अवगत कराते हुए कहा कि यह नाला अत्यंत खतरनाक हो गया है। इन नालों में आये दिन बच्चें और जानवर गिरते रहते हैं। यह नाला पूरी तरह से जानलेवा बन चुका है। इसका ढका जाना अत्यंत आवश्यक है। इस संबंध में समाजवादी पार्टी कई बार ज्ञापन दे चुकी है। लेकिन नगरपालिका प्रशासन इस समस्या पर ध्यान नहीं दे रहा है। जिससे स्थानीय जनता के बीच जनाक्रोश बढ़ता जा रहा है। यदि जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान नहीं होता है तो समाजवादी पार्टी धरना देने का काम करेगी।

प्रतिनिधिमंडल में जिला मीडिया प्रभारी अरुण कुमार श्रीवास्तव, नगर उपाध्यक्ष अभिनव सिंह, प्यारे मोहन रावत, रीना यादव,संजय यादव, रामविलास यादव, राहुल पांडे आदि शामिल थे।

# अधिवक्ताओं के धरना प्रदर्शन से सरकार को लाखों की क्षति





दीवानी परिसर में धरना को संबोधित करते अधिवक्ता।

**गाजीपुर।** संयुक्त अधिवक्ता संघर्ष समिति के धरने के चौथे दिन अधिवक्ताओं के न्यायालय का बहिष्कार कर रजिस्ट्री ऑफिस के सामने धरना प्रदर्शन किया। अधिवक्ताओं के प्रदर्शन से शासन को रोजाना लाखों रूपए की आर्थिक क्षति हो रही है। बतादें, सोमवार को अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत होकर पूरे तहसील और दीवानी परिसर में जुलूस निकालकर जिलाधिकारी को ज्ञापन देने के बाद से धरने पर बैठे हैं। जिलाधिकारी और प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा अधिवक्ताओं से वार्ता का कोई प्रयास नहीं किया गया। जिससे दिनों दिन अधिवक्ताओं में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। अधिवक्ताओं के न्यायिक कार्य से विरत रहने से 4 दिनों से रोज लगभग रोजाना 10 से 12 रजिस्ट्री नहीं हो पा रही है। ऐसे में अब तक 50 लाख की राजस्व का नुकसान हुआ है। उपनिबंधक अधिकारी ने बताया कि अधिवक्ताओं के धरना प्रदर्शन से रोजाना शासन की आर्थिक क्षति हो रही है। वक्ताओं ने कहा कि जिलाधिकारी जब तक रजिस्ट्री ऑफिस के स्थानांतरण की प्रक्रिया को रोकने की कार्यवाही नहीं करते हैं। तब तक अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे और अनिश्चितकालीन तक धरना प्रदर्शन करते रहेंगे। धरना स्थल पर प्रमुख रूप से मोहम्मद तारिक सिद्दीकी, संदीप वर्मा, अजय कुमार, दिनेश कुमार, अखिल कुमार , ओम प्रकाश, अजीत कुमार , संजय सिंह कुशवाहा , सुधाकर राय , वीरेंद्र नाथ पांडे ,राजेश सिंह , सहित सहित सैकड़ों अधिवक्ता उपस्थित रहें। अध्यक्षता शहीद सुरेश सिंह संचालन अशोक कुमार भारती ने किया।

## जनसंपादकीय

# महंगाई और विपक्ष की राजनीति

महंगाई के हिसाब से आम आदमी की आमदनी नहीं बढ़ रही है। लेकिन खाद्य पदार्थों, तेल और गैस की कीमतें तेजी से बढ़ी हैं। इसलिए महंगाई की मार आम जनता को झेलनी पड़ रही है। सबसे अधिक समस्या निम्न मध्यम वर्ग की है। सरकारी कर्मचारियों का वेतन और पेंशन धारकों की पेंशन हर 10 वर्ष में लगभग दोगुनी हो जाती है। इसलिए उनके सामने महंगाई का कोई मुद्दा नहीं है। मजदूरों की मजदूरी भी बढ़ जाती है। इस समय एक मजदूर की औसत मजदूरी 400 रुपए प्रतिदिन है। लेकिन किसी प्राइवेट मिडिल या प्राइमरी स्कूल के मास्टर का मासिक वेतन दो हजार से 15 हजार रुपए के बीच ही है। यदि जोड़ा जाए तो उसे 67 से लेकर 500 रुपए ही प्रतिदिन मिलते हैं। यही हाल छोटे दैनिक समाचार पत्रों में काम करने वाले पत्रकारों का है। कपड़े, परचून और मिठाई एवं चाय की दुकानों पर काम करने वाले कर्मचारियों का भी बुरा हाल है।

सिर्फ आर्थिक मंदी से जूझते श्रीलंका में या रूस-यूक्रेन युद्ध से वैश्विक खाद्य संकट से प्रभावित देशों ही नहीं दुनिया भर में आसमान छूती महंगाई के बीच लोगों को सबसे ज्यादा परेशान खाद्य वस्तुओं की बढ़ती कीमतें कर रही हैं। आलम यह है कि विकासशील देशों के अलावा सिंगापुर जैसी उन्नत अर्थव्यवस्था वाले देश को भी बढ़ती महंगाई का दंश झेलना पड़ रहा है। महंगाई के मोर्चे पर घरेलू कीमतों को काबू में करने के लिए कई देशों ने खाद्य निर्यात पर पाबंदी लगा दी है। आर्थिक अनुसंधान एजेंसी कैपिटल इकोनॉमिक्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक इस साल उभरते बाजारों में खाद्य वस्तुओं की कीमतें करीब 14 फीसदी और विकसित अर्थव्यवस्थाओं में सात फीसदी से अधिक बढ़ गई हैं। एजेंसी ने आशंका जताई है कि अधिक मुद्रास्फीति के कारण विकसित बाजारों को इस साल और अगले साल भी खान-पान की वस्तुओं पर परिवारों को अतिरिक्त सात अरब डॉलर खर्च करने पड़ेंगे।

भारत ही नहीं दुनियाभर में लोग इस बढ़ती महंगाई से काफी परेशान हैं। अगर अमेरिका की बात करें तो अमेरिका में मुद्रा स्फीति की दर पिछले 30 साल में सबसे ज्यादा हो गई है। यानी पिछले कुछ सालों की तुलना में अभी अमेरिका में सबसे ज्यादा महंगाई है। वहीं, अन्य देशों के भी हाल खराब ही है। आखिर दुनियाभर में महंगाई क्यों बढ़ रही है रॉयटर्स के मुताबिक, अमेरिका में महंगाई दर बढ़कर 6.2 फीसदी हो गई है। यह साल 1990 के बाद की सबसे बड़ी तेजी है। अमेरिका में महंगाई 30 साल की ऊंचाई पर है। कोर इन्फ्लेशन भी 4.6 फीसदी पर है। सितंबर में महंगाई दर 5.4 फीसदी थी। दुनियाभर में बढ़ती महंगाई का असर अब शेयर बाजार पर भी दिखने लगा है। वहीं,भारत सहित अन्य देश भी इससे परेशान हैं। इस बढ़ती महंगाई के कई कारण हैं। दरअसल, अभी कई ऐसी परिस्थितियां बनी हैं, जिनका नतीजा बढ़ती महंगाई है। इसमें आपूर्ति ठीक न होने से लेकर सप्लाई चैन में गड़बड़ आदि शामिल है।

एक रिपोर्ट के अनुसार, महामारी के दौरान जब लॉकडाउन से बाजार बंद हो गया और मांग अचानक से कम हो गई। इसके बाद ऑर्डर कैंसिल कर दिए गए और उत्पादन कम कर दिया गया। लेकिन बाजार खुलने के बाद तेजी से डिमांड बढ़ी। इससे उत्पादन कम हुआ और महंगाई बढ़ गई। रिपोर्ट्स के अनुसार, ग्लोबल लेवल पर सप्लाई चेन बाधित होने से उत्पादन पर काफी असर पड़ा है। हवाई, रेल सेवाएं बंद होने से और असेंबल जैसे व्यापार में रुकावट होने के बाद भी आपूर्ति नहीं हो रही है। इसका असर इलेक्ट्रॉनिक आइटम पर ज्यादा पड़ा। जहां एक तरफ आपूर्ति कम हो रही थी, जबकि वर्क फ्रॉम होम और ऑनलाइन पढ़ाई से इसकी डिमांड ज्यादा हो गई थी। ऐसे में महंगाई बढ़ती चली गई।

इसके अलावा, महामारी के दौरान राशन की दुकानों में सामान की कमी थी। दुकानदार सीमित मात्रा में सामान खरीद रहे थे। अब उत्पादन से लेकर सप्लाई और ट्रांसपोर्ट से दुकान तक हर स्तर पर कामगारों की भारी कमी है। इतना ही नहीं, माना जा रहा है कि महामारी के अलावा जलवायु परिवर्तन का असर भी बाजार पर दिख रहा है। इससे दुनिया के कई हिस्सों में फसलें बर्बाद हो गई हैं, जिससे भी महंगाई काफी बढ़ गई है। महंगाई बढ़ने की अहम वजह दो साल की डिमांड तीन महीने में आना है। कोरोना की वजह से 2 साल से आर्थिक गितिविधियां थम गई थीं। कोरोना काल में लॉकडाउन के दौरान दुनिया भर की अर्थव्यवस्था ठप पड़ गई थी। इसके बाद रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध का असर भी पूरी दुनिया पर पड़ा है। इससे महंगाई बढ़ी है। पर दुनिया के अन्य देशों के मुकाबले भारत बेहतर स्थिति में है।

विश्व खाद्य कार्यक्रम और संयुक्त राष्ट्र की चार अन्य एजेंसियों की वैश्विक रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले वर्ष 2.3 अरब लोगों को गंभीर या मध्यम स्तर की भुखमरी का सामना करना पड़ा। सूडान में तो मुद्रास्फीति इस वर्ष 245 फीसदी के अविश्वसनीय स्तर तक पहुंच सकती है। ईरान में भी चिकन, अंडे और दूध के दामों में 300 फीसदी की वृद्धि देखी गई है।अकाल, आपूर्ति श्रृंखला के मुद्दे, ऊर्जा के ऊंचे दाम और उर्वरक की कीमतों के कारण दुनियाभर में खाद्य वस्तुओं की कीमतें आसमान छू रही हैं। इसका ज्यादा मार विकासशील देशों के निम्न वर्ग के लोगों पर पड़ रहा है और उनके लिए भरपेट खाने का इंतजाम कर पाना भी मुश्किल हो गया है। संभवतः इसे ही देखकर तमाम विशेषज्ञ आर्थिक मंदी की दस्तक की चेतावनी दे रहे हैं। उस पर बढ़ते खर्चों को काबू में करने के लिए कई बड़ी कंपनियों की छंटनी करनी पड़ी है, इससे भी लोगों की जिंदगी पर गहरा असर पड़ रहा है।

अर्थव्यवस्था से जुड़ी वैश्विक संस्थाएं जब विकासशील देशों को नव-उदारवादी नीतियां अपनाने को प्रेरित कर रहे थीं, तब कहा जा रहा था कि गरीबी मिटेगी। रोजगार के अवसर पैदा होंगे। खुशहाली आएगी। मगर जिस तरह इन दिनों श्रीलंका और पाकिस्तान के आर्थिक हालात हैं। अस्थिरता का माहौल है। दोनों देशों में, वे दूसरी कहानी बयान कर रहे हैं। वहां की जनता महंगाई और बेरोजगारी से त्रस्त है। श्रीलंकाई जनता सड़कों पर उतर आई है। ऐसे देशों में लोकतंत्र की जड़ें गहरी होना दूर की बात है। लोकतंत्र की सफलता के लिए सामाजिक और आर्थिक स्थिरता के भी खासे मायने हैं। बहरहाल, नव-उदारवादी नीतियों से किन देशों को फायदा हुआ या हो रहा है? इसे पर विमर्श की जरूरत है? आर्थिक सुधार की नव-उदारवादी नीतियों को भारत में नरसिंह राव सरकार के वित्तमंत्री मनमोहन सिंह के ही समय में लागू किया गया था।

देश में बढ़ती महंगाई को लेकर आज विपक्ष हमलावर है। पर इस समस्या का उनके पास भी कोई हल नहीं है। एक पार्टी के नेता ने तो 10 साल पहले अपनी सरकार के शासनकाल में आटा,दाल,गैस और पेट्रोल के दाम बता रहे थे। क्या 10 साल पहले जो भाव किसी भी चीज के थे, आज वही भाव हो सकते हैं? समय के साथ-साथ भाव तो बढ़ते ही हैं। दुनिया में कोई देश नहीं जहां आज उसी दर पर सामान बिक रहा हो जिस पर 10 साल पहले बिक रहा था। श्रीमती इंदिरा गांधी से जब महंगाई के बारे में पूछा गया था तो उन्होंने कहा था कि हमारे पास कोई जादू की छड़ी नहीं है जिसे घुमाते ही सब कुछ ठीक हो जाए। आज दुनिया के अन्य देशों के मुकाबले भारत बेहतर स्थिति में है।

सवाल यह है कि महंगाई पर लगाम कैसे लगाई जाए? सरकार और रिजर्व बैंक रेपो दर में वृद्धि करके महंगाई को नियंत्रित करने की कोशिश करता है। पर उससे कुछ खास फर्क नहीं पड़ता है। दरअसल महंगाई का सबसे बड़ा कारण देश की बढ़ती हुई आबादी और भ्रष्टाचार है। कल कारखानों और नई नई कालोनियों के विस्तार के कारण खेती की जमीन लगातार घटती जा रही है। उधर खाने वाले लोग बढ़ते जा रहे हैं। ऐसी दशा में खाद्य वस्तुओं के मूल्यों में वृद्धि को कैसे रोका जा सकता है? कई देशों ने अपने देश की आबादी पर लगाम लगाकर महंगाई और बेरोजगारी जैसी कई समस्याओं का समाधान किया है। भारत में जब भी जनसंख्या नियंत्रण के बात उठती है तो कई तथाकथित सेकुलर दल विरोध करने लगते हैं। यहां तक कि जनता को भी भड़काने से भी बाज नहीं आते। दूसरा बड़ा कारण देश में व्याप्त भ्रष्टाचार है। भ्रष्ट और बेईमान नेताओं और अधिकारियों ने जिस तरह से देश को लूटा है, उसकी कोई मिसाल नहीं मिलती है। कई राज्यों में कई मंत्री और अधिकारी जेल में हैं। अब जब सरकार कार्रवाई कर रही है तो कुछ लोग आंदोलन करके अराजकता फैलाने की कोशिश करते हैं।



**निरंकार सिंह**

**(लेखक हिन्दी विश्वकोष के पूर्व सहायक संपादक हैं, संपर्क 09451910615)**

# धार्मिक नगर में कामरेड सव्यसाची की आवाज

**शख्सियत**



**स्वप्निल श्रीवास्तव**

अयोध्या और मथुरा हमारे प्राचीन सांस्कृतिक केंद्र रहे हैं। राम को सत्ता के षडयंत्र के कारण वनवास जाना पड़ा। उन्होंने कोल भील संथाल और अन्य जनजातियो को संगठित कर, समाज में उचित स्थान दिलवाया। रावण को पराजित कर विभीषण को केंद्र में स्थापित किया। कृष्ण का चरित्र राम की तुलना में काफी व्यापक रहा है। वे बाल्यकाल से ही अनाचारियों से जूझते रहे। वे महाभारत के सूत्रधार रहे हैं। जैसे वे दोनों जननायक से सत्ताधीश हुये तो उनका चरित्र बदल गया।

राम की अयोध्या और रामचरितमानस से मेरा परिचय बचपन से रहा। वह मेरे अवध क्षेत्र में अवस्थित है। इसलिये उसके लिये मथुरा बृंदावन जैसा आकर्षण नहीं रहा। रामायण की चौपाइयां सुन कर हम बड़े हुये। कृष्ण के जीवन के बारे में हमारी जानकारी महाभारत या श्रीमद्भागवत से नही मिली। उसके स्रोत सूरदास, रसखान और रहीम रहे हैं। इन कवियों के साहित्य को पढ़ कर मथुरा बृन्दावन जाने के लिये मन उमगता था। पिता कहते थे कि इस जगहों पर कोई सहज नही जा सकता उसके लिये बुलावा आता है।

नौकरी दूर लगी थी लेकिन मन अपने ही इलाके में रमता था। जब भी दूर तबादला होता मैं घर के नजदीक आने की कोशिश करता। लेकिन संयोग देखिये मुझे अपने इलाके से दूर मथुरा में तबादले का परवाना मिला। उसके लिये मैं सहज तैयार नहीं था। वह मेरे गृह जनपद से काफी दूर था। सूरदास रसखान के बहाने बृज क्षेत्र की याद आयी। कृष्ण के कई स्वरूप आंखों में कौध गये। यह भी सोचा कि कृष्ण जीवन और क्रीड़ास्थल की भी परिक्रमा हो जायेगी। जीवन में ऐसे अवसर कहां मिलते है।

हमारे लिये दूसरे बड़े आकर्षण सव्यसाची थे। बुद्धिजीवी इलाके में मथुरा सव्यसाची का पर्याय बन चुका था। वे मथुरा जैसे धार्मिक शहर में क्रांति की अलख जगाये हुये थे। वहां से वे उत्तरार्ध नाम की पत्रिका निकालते थे। मथुरा क्रांतिकारी गतिविधियों का केंद्र बन चुका था। उत्तरार्ध में मेरी कवितायें प्रकाशित हो चुकी थीं। उनके बारे में हमे पूरी जानकारी थी। वे छोटी छोटी पुस्तिकायें भी प्रकाशित करते थे झ जो कम दाम में मिलती थी। उसे वे देश के विभिन्न कोनो में वितरित करते थे। उनके अनुयायी पूरे देश में फैले हुये थे। इन पुस्तिकाओं में- एक ही रास्ता, राज्यसत्ता क्या है, समाजवाद क्या है? समाज को बदल डालो, कम्युनिस्टो ने क्या किया. आजादी से इमर्जेंसी तक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक, स्वतंत्रता संग्राम का इतिहास प्रमुख है। ये किताबें ठेठ वामपंथी बुद्धिजीवियों की भाषा से अलग थी। सव्यसाची सामान्य पाठकों के लिये अलग भाषा निर्मित कर रहे थे झ जिसका असर सीधे आदमी के दिमाग पर पड़े। हम सभी जानते हैं कि वामपंथी विचारधारा आसान विचारधारा नही, इसमे दीक्षित होने के लिये धैर्य और समझ चाहिये लेकिन हमारे बुद्धिजीवी लेखक इसे अपने लेखन और पांडित्य से उसे अपाठ्य बना देते हैं। सव्यसाची इस जटिलता के विरोध में रहे। कठिन से कठिन विषयों को उन्होंने सरल भाषा में अभिव्यक्त किया। हमारे जैसे कम पढ़े लिखे लोगों को उनकी इन्हीं पुस्तिकाओं से समझ मिली।

सव्यसाची निम्नमध्यवर्गीय परिवार में जन्मे थे। वे अद्वितीय मेधा के व्यक्ति थे। उन्होंने राजनीतिशास्त्र में आगरा यूनिवर्सिटी से प्रथम स्थान प्राप्त किया था। उनकी पहली नियुक्ति रोहतक में, दूसरी नियुक्ति बी एस ए कालेज मथुरा में हुई। यहां वे अपने मूलनाम श्यामलाल बशिष्ठ की जगह नये नाम सव्यसाची में रूपांतरित हुये। अंत तक इसी नाम से जाने गये। इस नाम के अर्थ का निर्वाह किया। हम जानते हैं कि सव्यसाची धनुर्धर अर्जुन का पर्यायवाची है। सव्यसाची ने वामपंथ में लक्ष्यभेद की अपनी कार्यशैली को अपनाया। उनके निशाने अचूक रहे। हां उनकी शिष्यमंडली उनके कार्यभार को आगे नही बढ़ा सकी। वामपंथ की यही त्रासदी है कि जिस जनता के बल पर सामाजिक परिवर्तन होते है, उसे ही नजरंदाज कर दिया गया। वे अपनी सिद्धांतकी में उलझे रह गये। जनता से सम्पर्क टूटता चला गया। वामपंथी पार्टियां विभाजन का शिकार होती गयी। उनके पास कोई कामन प्रोग्राम नहीं रह गया जिससे परिवर्तन की भूमिका तैयार कर सके।

सव्यसाची जनवादी लेखक संघ के संस्थापक सदस्य थे। उन्होने इस संगठन की गतिविधियों को नया रूप दिया। युवा से युवा लोग इस संगठन से जुड़े। इस संस्था की प्रामाणिकता उनके कारण ही थी।

सव्यसाची डेम्पियर कालोनी में रहते थे। डेम्पियर मथुरा की पाश कालोनी थी। पास में बस झ स्टेशन था। वहां से कचहरी जाने के लिये साधन उपलब्ध थे। इक्के और रिक्शे सुलभ थे। मैं वहां जाने के लिये इक्के को पसंद करता था। बहरहाल काफी जद्दोजहद के बाद मुझे डेम्पियर में मकान मिल गया। अपने आपको सामान्य करने में हप्ता भर का समय लगा। सोचा कि इत्मीनान होने के बाद सव्यसाची से मिलूंगा। रविवार का दिन था। शाम हो रही थी। मैं सव्यसाची को खोजने निकल चुका था। उनकी रिहाइश ढूंढ़ने में कोई असुविधा नही हुई। कालोनी के लोग उन्हें जानते थे। एक आदमी ने मुझे एक धुंधले मकान की ओर इशारा किया। क्या कामरेड इतने बड़े मकान में रहते हैं? मेरा दिल धड़क रहा था। कैसे उनसे मिलूंगा झ क्या बात करूंगा?

दरवाजे पर कोई नेमप्लेट या घंटी नही थी। मैंने दरवाजा खटखटाया। दरवाजा कांपने लगा। एक दरम्याने कद का सांवला आदमी मेरे सामने था। वह कुर्ता झ पैजामा पहने हुये था। उसके कपड़े तुड़े झ मुड़े थे। मैंने अपना परिचय देते हुये कहा कि मुझे सव्यसाची जी से मिलना है। उस आदमी ने दरवाजा पूरी तरह खोल दिया था। कमरा छोटा सा था। उसमे दो तीन पुरानी कुर्सियां और मेज थी। कमरे में किताबों ने ज्यादा जगह घेर रखी थी। लेकिन मैं तो सव्यसाची से मिलने के लिये बेताब था। मैंने फिर उस आदमी से कहा झ मुझे सव्यसाची से मिलना है। वह आदमी ने मुस्कराते हुये कहा झ यार स्वप्निल मैं ही सव्यसाची हूं।

जबाब सुनकर मैं स्तब्ध था। इतनी सादगी और विनम्रता एक आदमी में एक जगह थी। वे पेशेवर कामरेडों से अलग थे। उनके चेहरे पर आम आदमी की आभा थी। उनका चेहरा किसी मजदूर किसान की तरह साधारण था। यदि वे उनकी भीड़ में मिल जाये तो उन्ही की तरह लगे।

सव्यसाची से मेरा मिलना झ जुलना जारी रहा। प्रायः हम एक दूसरे से तीसरे दिन मिलते थे। वे मेरे मकान से तीसरी गली में रहते थे। उदयप्रकाश के खत के जरिये मुझे यह भी मालूम हुआ कि हिंदी और राजस्थानी के कवि नंद भारद्वाज आकाशवाणी मथुरा में बड़े पद पर है। उदयप्रकाश ने उनका अलग परिचय यह कह कर दिया था कि वे राजस्थानी लोकगीत के अनुपम गायक हैं। उनसे खूंब दोस्ती हुई। उनकी कवितायें मुझे पसंद थी। सव्यसाची के मंडली में अशोक बंसल शामिल थे। वे वहां के डिग्री कालेज में अंग्रेजी पढ़ाते थे। साथ ही इंडियन एक्सप्रेस के सम्वाददाता थे। सम्भवतः वे होरी गेट के आसपास रहते थे। यदा कदा हम शहर की पैदल परिक्रमा कर लेते थे। सव्यसाची से मिल कर मेरा अज्ञान दूर हो रहा था। मैं उनसे बहुत कुछ सीख रहा था। वे मास्टर साहब के नाम से विख्यात थे। मैं उनका आज्ञाकारी छात्र बनने की कोशिश कर रहा था।

सत्यभक्त भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की स्थापना से जुड़े हुये थे। 1925 में इस पार्टी की स्थापना कानपुर में हुई थी। रामविलास शर्मा ने लिखा है कि कि हिंदूस्तान में किसी को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की स्थापना का श्रेय अगर दिया जाय तो वे सत्यभक्त होगे। एक दिन जब अशोक बंसल ने यह खबर सुनाई कि उन्होने सत्यभक्त को खोज लिया तो हम हैरान से रह गये थे। पता चला कि सत्यभक्त गायत्री तपोभूमि के मथुरा मुख्यालय में रह रहे हैं। हमारे लिये बिडम्बना यह थी कि सत्यभक्त जैसे व्यक्ति को समाज ने जगह नही थी और वे ऐसे संगठन की छाया में अपना जीवन गुजारने के लिये अभिशप्त थे।

सत्यभक्त के विचार सुनने के लिये गोष्ठी आयोजित की गयी। उस समय वह सम्भवतः उम्र का पच्चासीवां पड़ाव पार कर चुके थे। वे बोलते समय अपनी आवाज में लड़खड़ाते थे। वे साफ नही बोल पाते थे। लेकिन जो वह कह रहे थे, उसे समझना मुश्किल नही था। उन्होने आजादी की जंग में शामिल क्रांतिकारी साथियों की भूमिका को रेखांकित किया। कुछ संस्मरण सुनाये और बताया कि यह आजादी मजदूरों और किसानों के लिये नही, कुछ खास संवर्गो के लिये मिली है। यह कहते हुये वे फफक कर रो पड़े। सव्यसाची जी ने उन्हें मुश्किल से सम्भाला। हम सब लोग स्तब्ध थे। शायद हम उनके दुख को आसानी से जान नही पाये थे।

दूसरा प्रसंग 1984 में घटित हुआ था। इंदिरा गांधी की हत्या के बाद देश में दंगे भड़क उठे थे। मथुरा भी इसका शिकार था। सव्यसाची मेरे आवास पर आये और बोले झ चलो हालत का थोड़ा जायजा ले लिया जाय। मैंने कहा झ इस कर्फ्यू के माहौल में हम कैसे चलेंगे। वे बोले झमेरे साथ चलो, मुझे चोर रास्ते मालूम हैं। अब मना करने की कोई वजह नहीं थी। वे बोले झ चलो कुछ दोस्तो की खबर ली जाय। सचमुच वे निरापद रास्तों से चलते हुये, वहां की मलिन बस्ती में पहुंचे। घंटो हम उन अनजान इलाकों में घूमते रहे झ जहां समाज के हाशिये पर रहने वाले लोग रहते थे। उनसे हालचाल पूछे, उनकी समस्याओं के बारे में जाना ।यह थी उनकी प्रतिबद्धता . जो सव्यसाची जैसे विरल कामरेड में दिखाई देती थी।



सव्यसाची के साथ मेरी बहुत सी स्मृतियां हैं। वे समय के साथ याद आती है और हमे रास्ता दिखाती हैं। उनसे मिलते झ जुलते बात करते मैं थोड़ा ढ़ीठ हो गया। वे सरल स्वभाव के थे। उनसे किसी मामले में बात की जा सकती थी। उनके पास बौद्धिकों की भाव झ भंगिमायें नही थी। शायद इसलिये वे सबके बीच स्वीकार्य थे। सबसे बड़ी बात यह थी कि वह किसी तरह का ढ़ोंग नही करते थे। कहीं भी किसी हाल में रह सकते थे। वे न्यूनतम सुविधाओं में जिंदगी गुजारने की कला जानते थे। एक दिन मैंने उनसे पूछा झ कामरेड आपने अब तक शादी क्यों नही की? बोले -मुझसे कौन शादी करेगा? न घर न द्वार। फिर मान लो मैं शादी कर भी लूं तो पार्टी का काम कौन देखेगा? उनकी प्राथमिकतायें अलग थी।

उनके इस सवाल का जबाब मुझे बाद में मिला। उन्होने 1988 में कामरेड विजय लक्ष्मी से विवाह कर लिया। इस खबर से मुझे खुशी हुई। जिस उम्र में लोग जीवन से बेजार होने लगते है, उस उम्र में उन्होने अपने वैवाहिक जीवन की शुरूवात की। उनकी उम्र थी छप्पन साल। शायद इसी उम्र में राहुल ने जया से शादी की थी। क्रांतिकारी अपने विचारों से नही कर्म में भी क्रांतिकारी होते हैं। वे समाज के परम्परागत नियमों की परवाह नही करते। लेकिन यह खबर बहुत दिनों तक अच्छी नही बनी रही। नौ साल के वैवाहिक जीवन के बाद, वे ब्रेन ट्यूमर के आसाध्य रोग से पीड़ित हुये। 17 दिसम्बर 1997 को इस दुनिया को अलविदा कह दिया।

जब भी मथुरा प्रवास की याद आती है, उनका चेहरा सामने आ जाता है। उन्होंने मथुरा जैसे धार्मिक शहर को अपने विचारों से बदलने की कोशिश की। जिस नगर में अंध भक्तिरस प्रवाहित हो रहा हो, वहां वैचारिक हस्तक्षेप करना कठिन काम है। वे वहां तरह तरह के सांस्कृतिक और साहित्यिक आयोजन करते थे। नुक्कड़ नाटक के जरिये लोगो को वैज्ञानिक चेतना से स्पंदित करते थे।

हम सब अनुभव से जानते है कि मृत्यु मनुष्य के विचारों को खत्म नही कर सकती। आदमी के जाने के बाद उसके शब्द जीवित रहते हैं। सव्यसाची शब्द के रूप में हमारे भीतर जीवित हैं।

**(लेखक की किताब झ लेखक की अमरता से का संपादित अंश)**

**510, अवधपुरी कालोनी, अमानीगंज फैजाबाद-224001 मोबाइल - 09415332326**

# हसरत जयपुरी: तुम मुझे यूं भुला न पाओगे

**स्मरण**



**जाहिद खान**

आज भी जब हम रेडियो को ट्यून करते हैं, तो इसमें सबसे ज्यादा जिन गीतकारों का नाम गूंजता है, उनमें हसरत जयपुरी का नाम पहले पायदान पर रहता है। उनका नाम सुनते ही जुबां पर, वह गीत चला आता है और हम भी सिंगर के साथ खुद-ब-खुद गुनगुनाने लगते हैं। हसरत जयपुरी ने अपने पांच दशक के फिल्मी करियर में 350 फिल्मों के लिए कोई दो हजार गीत लिखे। सभी गीत एक से बढ़कर एक, दिल को छू लेने वाले। आज भी उनके नगमों का कोई मुकाबला नहीं। खास तौर से निमार्ता-निर्देशक राज कपूर और मौसिकार शंकर जयकिशन के लिए उन्होंने लाजवाब गीत लिखे। राजस्थान के जयपुर में 15 अप्रैल, 1922 को पैदा हुए हसरत जयपुरी का असल नाम इकबाल हुसैन था। उनके नाना फिदा हुसैन फिदा मशहूर शायर थे। उन्हीं से हसरत के अंदर शायरी की ओर रुझान बढ़ा। शुरूआती तालीम के बाद इकबाल हुसैन ने अपने नाना से ही उर्दू और फारसी की तालीम हासिल की। सतरह साल की उम्र आते-आते वे भी शेर-ओ-शायरी करने लगे। इस बाली उम्र में उन्होंने जो अपना पहला शेर लिखा, किस अदा से वह जान लेते हैं/मरने वाले भी मान लेते हैं। इस शेर ने ही जैसे उनके मुस्तकबिल की कहानी लिख दी थी। इकबाल हुसैन, शायर मौलाना हसरत मोहानी से बेहद मुतअस्सिर थे। लिहाजा उन्होंने अपना तखल्लुस भी हसरत रख लिया। जब वे नौजवान ही थे कि एक मुशायरे के सिलसिले में मौलाना हसरत मोहानी का जयपुर में आना हुआ। इस मुशायरे में नौजवान इकबाल हुसैन ने न सिर्फ शिरकत की, बल्कि उन्हें अपने महबूब शायर हसरत मोहानी से मुलाकात का मौका भी मिला। हसरत मोहानी उनसे मुहब्बत और खुलूस से मिले और उन्होंने इकबाल हुसैन को सलाह दी कि उनका तखल्लुस तो हसरत ठीक है, मगर वे इस नाम के आगे जयपुरी और जोड़ लें। उन्हें मोहानी की राय जंच गई और इस तरह वे इकबाल हुसैन से हसरत जयपुरी हो गए। लड़कपन में हसरत जयपुरी को पड़ोस में रहने वाली एक लड़की से मुहब्बत थी। लेकिन यह एक तरफा मुहब्बत परवान नहीं चढ़ सकी। वजह, अपनी माशूका से मुहब्बत का इजहार नहीं कर पाना। हसरत जयपुरी का इश्क भले ही परवान नहीं चढ़ा, लेकिन उसका असर आगे चलकर उनकी शायरी में हुआ। हसरत जयपुरी की शायरी में प्यार-मुहब्बत, मिलन-जुदाई के जो बार-बार अक्स आते हैं, उसमें उनकी लड़कपन की मुहब्बत का बड़ा रोल है। अपने इंटरव्यू में उन्होंने इस बात को बार-बार दोहराया है, शेरों शायरी की तालीम मैंने अपने नानाजान से हासिल की, लेकिन इश्क का सबक राधा ने सिखाया। हसरत जयपुरी ने इश्क को जो सबक सीखा, उसे अपने गानों के मार्फत आगे तक पहुंचाया। उनके ज्यादातर गीत इश्क-मुहब्बत का ही सबक हैं।

साल 1940 में गम-ए-रोजगार हसरत जयपुरी को जयपुर से मायानगरी मुंबई खींच ले गया। मुंबई में उन्होंने आठ साल तक बस कंडक्टरी की। कंडक्टरी के साथ-साथ वे शायरी भी करते रहे। जो मुशायरे होते, उसमें शिरकत करते। प्यार में नाकामी, जिंदगी की जद्दोजहद ने उनकी शायरी को और निखारा। मुशायरों में आहिस्ता-आहिस्ता उनकी मकबूलियत बढ़ने लगी। ऐसे ही एक मुशायरे में अजीम थियेटर अदाकार पृथ्वीराज कपूर ने हसरत जयपुरी को सुना। उनकी जज्बाती नज्म मजदूर की लाश पृथ्वीराज कपूर को बेहद पंसद आई। यह नज्म हसरत जयपुरी ने फुटपाथ पर उनके साथ रात बिताने वाले अपने एक दोस्त की मौत पर लिखी थी। राजकपूर उस वक्त फिल्म बरसात बनाने की तैयारी में लगे हुए थे। फिल्म के संगीत के लिए उन्होंने शंकर जयकिशन और गीतकार के तौर पर शैलेन्द्र को चुन लिया था। फिल्म के लिए उन्हें एक और गीतकार की तलाश थी। पृथ्वीराज कपूर ने राजकपूर को मशविरा दिया कि वे एक बार हसरत जयपुरी को जरूर सुन लें। अपने वालिद की सलाह पर राज कपूर ने हसरत जयपुरी के साथ एक मीटिंग की। जिसमें फिल्म के संगीतकार शंकर जयकिशन भी शामिल थे। शंकर जयकिशन ने हसरत जयपुरी को लोकगीत पर आधारित एक धुन सुनाई और इस पर गीत लिखने को कहा। हसरत जयुपरी ने धुन पर तुरंत ही उन्हें यह लाइन जिया बेकरार है, छाई बहार है, आजा मोरे बालमा तेरा इंतजार है.. सुनाई। जो फिल्म निर्देशक राजकपूर और संगीतकार शंकर जयकिशन दोनों को बहुत पसंद आई। बहरहाल, इसी के साथ हसरत जयपुरी, आरके बैनर का हिस्सा हो गए।


साल 1949 में रिलीज हुई फिल्म बरसात के सारे गाने ही सुपर हिट साबित हुए। हसरत जयपुरी के लिखे गाने जिया बेकरार है, छाई बहार है. छोड़ गए बालम..भी खूब पसंद किए गए। फिल्म बरसात के गीतों से हसरत जयपुरी की कामयाबी का जो सिलसिला शुरू हुआ, तो वह आवारा (1951), श्री 420 (1955), चोरी चोरी (1956), अनाड़ी (1959), जिस देश में गंगा बहती है (1960), संगम (1964), तीसरी कसम (1966), दीवाना (1967), अराउंड द वर्ल्ड (1967), मेरा नाम जोकर (1970), कल आज और कल (1971) तक चला। इस दौरान राज कपूर, शंकर जयकिशन और हसरत जयपुरी की तिकड़ी ने शानदार गीत रचे और फिल्मी दुनिया को अपने समधुर गीत-संगीत से समृद्ध किया। राजकपूर के अलावा उनके भाई शम्मी कपूर के लिए भी हसरत जयपुरी ने अनेक गीत लिखे। शम्मी कपूर की प्रोफेसर, जंगली, राजकुमार, ब्रह्मचारी, पगला कहीं का, अंदाज, एन इवनिंग इन पेरिस, प्रिंस आदि फिल्मों की कामयाबी के पीछे हसरत जयपुरी के प्यार-शरारत, चुहल भरे गीतों का बड़ा योगदान है। राजकपूर की फिल्मों के गीत सुनो, फिर शम्मी कपूर की इन फिल्मों के गीतों को सुनो, दोनों में ही जमीन-आसमान का फर्क नजर आता है। एक ही मौसिकार और एक ही नगमा निगार, लेकिन अंदाज बिल्कुल जुदा-जुदा। फिल्मों में शम्मी कपूर की जो इमेज थी, उसी इमेज के मुताबिक हसरत जयपुरी ने गीतों को लिखा। जो लोगों को बेहद पसंद आए। आवाज दे के हमें तुम बुलाओ... (फिल्म प्रोफेसर), एहसान होगा तेरा...(फिल्म जंगली), मेरी मुहब्बत जवां रहेगी..(फिल्म जानवर), बदन पे सितारे लपेटे हुए.. (फिल्म प्रिंस), तू बेमिसाल है, तेरी तारीफ क्या करूं..., आज कल तेरे मेरे प्यार के चर्चे.. (फिल्म ब्रह्मचारी), तुमने किसी की जान को.., इस रंग बदलती दुनिया में. (फिल्म राजकुमार), तुम मुझे यूं भुला न पाओगे..(फिल्म पगला कहीं का) आदि एक लंबी फेहरिस्त है, इन गानों की। इन्हीं गानों के चलते गर हम हसरत जयपुरी को रूमानी गीतों का राजकुमार कहें, तो गलत नहीं होगा। हसरत जयपुरी ने सिर्फ.रूमानी नगमें ही नहीं लिखे, वे अलग-अलग मूड और नेचर के गाने लिखने में भी बड़े माहिर थे। फिल्मों में जिस तरह की सिचुएशन होती, वे पल भर में उस तरह का गीत रच देते। तीतर के दो आगे तीतर, तीतर के दो पीछे तीतर..., ईचक दाना बीचक दाना दाने ऊपर दाना...जैसे गाने हसरत जयपुरी के हरफनमौला फन के ही शानदार नमूने हैं। हसरत जयपुरी के गीतों की ऑल इंडिया मकबूलियत का राज, उनकी सादा जबान है। जो आम जन को भी आसानी से समझ में आती है। उन्होंने जहां इश्क-मुहब्बत में डूबे बेहद रूमानी गीत ये मेरा प्रेम-पत्र पढ़कर तुम...(फिल्म-संगम), चले जाना जरा ठहरो..(अराऊंड दि वर्ल्ड) लिखे, तो वहीं महबूब की जुदाई और गम में डूबे जज्बात दुनिया बनाने वाले क्या तेरे मन में समाई (फिल्म-तीसरी कसम), जाने कहां गए वो दिन.. (फिल्म-मेरा नाम जोकर) को उसी शिद्दत से लफ़्ज़ों में पिरोया। हसरत जयपुरी की कुछ मशहूर गजलों ऐ मेरी जाने गजल, चल मेरे साथ ही चल..जब प्यार नहीं है तो भुला क्यों नहीं देते, हम रातों को उठ-उठ के जिनके लिए रोते हैं और नजर मुझसे मिलाती हो तो तुम शरमा सी जाती हो को उन्हीं के शहर जयपुर के रहने वाले गजल गायकों अहमद हुसैन, मुहम्मद हुसैन ने गाकर अमर कर दिया है।



साल 1966 में फिल्म सूरज के गीत बहारों फूल बरसाओ मेरा महबूब आया है और साल 1971 में फिल्म अंदाज के जिंदगी एक सफर है सुहाना..गीत के लिए हसरत जयपुरी को बेस्ट लिरिक्स का फिल्मफेयर अवार्ड मिला। इन दोनों ही गीत को आए हुए, एक लंबा अरसा बीत गया, लेकिन इनकी लोकप्रियता कम नहीं हुई है। जिसमें ह्यऽबहारों फूल बरसाओ मेरा महबूब आया है जब तक किसी शादी में न बजे, वह शादी पूरी नहीं होती है। सातवें दशक में पहले शैलेन्द्र, उसके बाद संगीतकार जयकिशन और फिर मुकेश की मौत से हसरत जयपुरी को काफी धक्का लगा। फिर उसके बाद उनकी जोड़ी किसी संगीतकार के साथ उस तरह की नहीं बनी। अलबत्ता वे गीत जरूर लिखते रहे और बीच-बीच में उनके ये गीत, हिट भी हुए। सुन साहिबा सुन, प्यार की धुन...(फिल्म-राम तेरी गंगा मैली), मैं हूं खुशरंग हिना...(फिल्म-हिना) हसरत जयपुरी के आखिरी वक्त में लिखे हुए गीत हैं, जो दोनों ही बेहद मकबूल हुए। पुरानी पीढ़ी के साथ-साथ नई पीढ़ी ने भी इन गीतों को खूब पसंद किया। अपने गीतों से श्रोताओं को एक लंबे अरसे तक मदहोश कर देने वाला यह बेमिसाल शायर, गीतकार 17 सितम्बर, 1999 को हमसे हमेशा के लिए जुदा हो गया। आज भले ही हसरत जयपुरी हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके तमाम गीत ये सदा दे रहे हैं, तुम मुझे यूं भुला ना पाओगे/जब कभी भी सुनोगे गीत मेरे/संग-संग तुम भी गुनगुनाओगे।

**(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं, मोबाइल: 9425489944)**

**स्मृति दिवस**



# निर्माण एवं सृजन के जनक विश्वकर्मा

**प्रभात किशोर**

सृष्टि में समस्त देवों में भगवान विश्वकर्मा को निर्माण एवं सृजन का जनक माना गया है। वे सृष्टि के प्रथम सूत्रधार बताये गये हैं। देवौ सौ सूत्रधारः जगदखिल हितः ध्यायते सर्वसत्वै। कहते हैं विश्वकर्मा ने अनगिनत नगरों, भवनों एवं संरचनात्मक ढांचों का निर्माण किया। शास्त्रों के अनुसार उनके प्रारूप पर सतयुग में स्वर्गलोक, त्रेता युग में सोने की श्रीलंका व जनकपुर एवं भगवान श्रीराम हेतु पुष्पक विमान, द्वापर युग में द्वारिका, हस्तिनापुर व इन्द्रप्रस्थ तथा कलियुग में ओडिशा के पुरी में जगन्नाथ मंदिर और उसमें स्थित कृष्ण, सुभद्रा व बलराम की मूर्तियॉ आदि का निर्माण हुआ, जो स्थापत्य एवं सुन्दरता के साथ-साथ वास्तुशास्त्र की दृष्टि से महत्वपूर्ण थे। इन्द्रपुरी, यमपुरी, कुबेरपुरी, सुदामापुरी आदि उन्हीं की रचना है। भगवान विष्णु का सुदर्शन चक्र, भगवान शंकर का त्रिशुल, यमराज का कालदंड, कर्ण का कवच-कुंडल, दिव्यास्त्र आदि के निमार्ता भी वही है।,

प्राचीन ग्रन्थों से यह विदित होता है कि एक ओर जहां त्रिदेव - ब्रह्मा, विष्णु एवं महेश की अर्चना-वंदना की गयी है, वहीं विश्वकर्मा का भी स्मरण किया गया है। विश्वं कृत्सनं कर्म व्यापारो वा यस्य सः। अर्थात जिसकी सम्यक सृष्टि और कर्म व्यापार है, वह विश्वकर्मा है। यद्यपि वे वैदिक देव के रूप में मान्य हैं, परन्तु उनका पौराणिक स्वरूप अलग है। आरम्भिक काल से ही उनके प्रति सम्मान का भाव रहा है। उन्हें गृहस्थ जैसी संस्था हेतु आवश्यक संसाधनों के निमार्ता व प्रवर्तक के रूप में जाना जाता है। वास्तु के 18 उपदेष्टाओं में विश्वकर्मा ही प्रमुख है तथा उनके मत को सहज रूप में मान्यता प्राप्त है। भारतीय गणितज्ञ एवं खगोलविद वराहमिहिर ने भी उनके मत को अनेक स्थानों पर उद्धृत किया है।

सनातन ग्रन्थों में विश्वकर्मा को भगवान ब्रह्मा का सप्तम पुत्र बताया गया। उनके पांचों पुत्र क्रमशः मनु, माया, त्वस्त, शिल्पी एवं देवज्ञ वास्तुशास्त्र की पांच अलग-अलग विधाओं में निपुण थे। मनु लुहार के, माया बढ़ई के, त्वस्त धातु कार्य के, शिल्पी पत्थर कार्य के तथा देवज्ञ स्वर्णकार के कार्य में विशेषज्ञ बताये जाते हैं। विष्णु पुराण के प्रथम अंश में विश्वकर्मा को देवों का वर्धकी यानी देव-बढ़ई बताया गया है तथा शिल्पावतार के रूप में महिमामंडित किया गया है। स्कंदपुराण में उन्हें देवायतनों का सृष्टिकर्ता बताया गया है। यही मान्यता अनेक पुराणों में उद्धृत की गयी है। शिल्प के ग्रन्थों के अनुसार वे शिल्प विद्या के इतने धनी थे कि जल पर चलने वाले खड़ाऊं तैयार कर सकते थे। राजवल्लभ वास्तुशास्त्र एवं अन्य ग्रन्थों में उल्लिखित है कि सूर्य की मानव जीवन संहारक रश्मियों पर नियंत्रण का कार्य विश्वकर्मा ने ही किया था।

भारतीय संस्कृति में तकनीकी व व्यावसायिक संस्थानों, उद्योगों, कल-कारखानों में विश्वकर्मा को महत्ता प्रदान की गयी है। हालांकि वेद, पुराण, उपनिषद एवं अन्य ग्रन्थों तथा उनमें उल्लिखित ज्ञान, विज्ञान, दर्शन आदि को कल्पनीय, अविश्वसनीय तथा आस्था का विषय करार देने वालों की कमी नहीं है। परन्तु चांद व मंगल के यात्रा अभियान, ध्वनि से तेज गति के सुपरसोनिक विमान, भारत व श्रीलंका के बीच का श्रीराम सेतु, लम्बी ऊंची अट्टालिकाएं, हाल में चीन के हुनान में दो पहाड़ियों के बीच कांच के सेतु निर्माण आदि अनगिनत अविश्वसीय संरचनाओं के प्रादुर्भाव से स्पष्ट है कि भारतीय ग्रन्थों एवं साहित्य में उल्लिखित विश्वकर्मा व अन्य शिल्पकारों की कृतियां यथार्थ में थीं, जो कालक्रम में मानव सभ्यता एवं विज्ञान के साथ उतार चढ़ाव की साक्षी रही। भारतवर्ष के मंदिर एवं अन्य प्राचीन संरचनाओं में प्रयुक्त तकनीकी आज भी शोध का विषय है।

विश्व के आदि तकनीकी ग्रन्थ विश्वकर्मीय ग्रन्थ हीं माने गये हैं, जिनमें न केवल वास्तुविद्या, वरन् रथादि वाहन व रत्नों पर विमर्श है। विश्वकर्मा प्रकाश उनके प्रतिपादित मतों का जीवंत ग्रन्थ है जिसमें मानव एवं देव वास्तु विद्या को कई गणितीय सूत्रों के साथ दशार्या गया है। आधुनिक युग में राष्ट्रनिर्माण के यज्ञ में संरचनात्मक विकास हेतु अभियंताओं, वास्तुविदों, वैज्ञानिकों व शिल्पकारों की भूमिका अपरिहार्य है। इनके ज्ञान, शोध, प्रयोग व क्रियान्वयन के दम पर हीं कोई राष्ट्र सर्वांगीण विकास की सीढ़ियां चढने का दावा कर सकता है। आज राष्ट्रोत्थान के ध्वजवाहक रचनाकारों को आधुनिक युग के विश्वकर्मा की उपाधि से अलंकृत किया जाता है। वैदिक, पौराणिक एवं लोककथाओं में कुशल निर्माणकर्ता के रूप में पूजित व वंदित भगवान विश्वकर्मा राष्ट्र नायकों के सदा-सदा आराध्य एवं प्रेरणास्त्रोत हैं।

**(लेखक अभियंता एवं शिक्षाशास्त्री हैं)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# बरसात ने खोली नगर पंचायत की पोल, चारो तरफ हुआ जलजमाव

**समस्या बढ़ी**

## समाधान न होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

## स्थानीय दुकानदार भी जलजमाव से प्रभावित



नगर पंचायत अतरौलिया में जाम पड़ी नाली

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** स्थानीय नगर पंचायत में जहां स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान चलाकर नगर को साफ सुथरा बनाने का दावा किया गया वहीं नगर प्रशासन की पोल लगातार हो रही बरसात ने खोल कर रख दी। नगर में चारों तरफ भारी जलजमाव है जिससे लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

वहीं स्थानीय दुकानदार भी जलजमाव से प्रभावित हो रहे हैं। नगर पंचायत में सबसे बड़ी समस्या जल निकासी की है जिसका अभी तक संपूर्ण निस्तारण नहीं कराया गया जिसकी वजह से हल्की बरसात में ही प्रशासन की पोल खुल जाती है। वहीं सड़कों पर लबालब पानी जमा हो जाता है। स्थानीय लोगों के साथ ही विद्यालय जाने वाले छोटे-छोटे बच्चों को मुसीबतों का सामना करना पड़ता है। नगर के सबसे ज्यादा जलजमाव वाले लोहिया नगर वार्ड में लोग घुटने भर पानी में सफर करते हैं। इसी वार्ड में राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, कस्तूरबा विद्यालय, बीआरसी तथा कमपोजिट विद्यालय के साथ ही यूनियन बैंक भी है जो जलजमाव की समस्या से बराबर जूझता रहता हैं। बुधहनिया रोड सहित अन्य मोहल्लों की स्थिति है। वार्ड नम्बर एक अम्बेडकर नगर में डॉक्टर बदरुद्दीन के हास्पिटल से शान्ति चैक तक घुटने भर पानी से होकर लोगों को गुजरना पड़ रहा है। स्थानीय निवासी लालजी सिंह व साहित्यकार डा.राजाराम सिंह ने बताया कि निषाद बस्ती तथा दलित बस्तियों में कभी भी नालों की सफाई नहीं की जाती है जिसकी वजह से बराबर जलजमाव होता रहता है। अतिक्रमण हटाने की लिए कई बार शिकायत की गई लेकिन अभी तक नाले से अतिक्रमण नहीं हटाया गया। इस संबंध में अधिशासी अधिकारी को फोन लगाया गया तो उनका फोन स्विच ऑफ रहा। नगर के राहुल मिश्रा, डॉ.राजाराम सिंह, छांगुर जायसवाल, राधेश्याम गुप्ता, शिव कुमार गुप्ता, आनंद जायसवाल, जयप्रकाश विश्वकर्मा, डा.बदरुद्दीन, मिश्री लाल गौतम आदि ने शासन प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द जल निकासी की व्यवस्था किया जाए नहीं तो हम लोग आंदोलन के लिए बाध्य होंगे जिसकी सारी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

## भारी बरसात के दृष्टिगत एलर्ट रहें सभी सीएचसी पीएचसी : डीएम

**आजमगढ़।** जनपद में लगातार हो रही भारी वर्षा के दृष्टिगत जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने जनपद वासियों के लिए दिशा निर्देश (एडवाइजरी) जारी किए हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि 17 सितम्बर तक भारी वर्षा की संभावना व्यक्त की गयी है, इसके दृष्टिगत सभी लोग पूरी सावधानी बरतें। पुराने जर्जर भवनों से सावधान रहें। अत्यंत आवश्यक कार्य होने पर ही घर से बाहर निकलें। भीड़-भाड़ वाले व ट्रैफिक जाम वाले क्षेत्रों में जाने से बचें। खुले सीवर, बिजली के तार व खम्भों से बच कर रहें। पीने के पानी को उबाल कर पियें, नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से ब्लीचिंग पाउडर एवं क्लोरीन की गोलियां प्राप्त कर लें। किसी भी चिकित्सीय आपातकाल में मुख्य चिकित्सा अधिकारी के मोबाइल नम्बर- 9839138740 पर सम्पर्क करें। अन्य किसी समस्या हेतु जनपद स्तर पर स्थापित इंट्रीग्रेटेड कंट्रोल कमाण्ड सेंटर के नम्बर- 05462-220220 एवं 9454417172 पर समस्या दर्ज कराएं। उन्होने कहा कि समस्त राजकीय चिकित्सालय, ट्रामा सेंटर, समस्त सीएचसी, पीएचसी सभी अस्पताल हाई अलर्ट पर रहें।

# शिव मंदिर में घुसकर बेखौफ चोरों ने किया हाथ साफ

**वारदात**

## एक पखवारा पूर्व रुद्राणी माता मंदिर में भी हुई थी चोरी

जनसंदेश न्यूज



**लालगंज (आजमगढ़)।** देवगांव कोतवाली क्षेत्र के देवगांव मेंहनाजपुर रोड पर स्थित कलीचाबाद ग्राम में सड़क के किनारे सैकड़ों वर्ष पूर्व से भगवान शंकर का मंदिर बना हुआ है। इसकी क्षेत्र में प्राचीन मंदिरों में गिनती होती है। क्षेत्र में उपरोक्त शिव मंदिर पर जनता की श्रद्धा भक्ति काफी अधिक है।

बीती रात चोरों द्वारा मंदिर से छोटे बड़े सैकड़ों पीतल के घंटे तथा बहुत बड़ा फूल का गगरा, जिससे शंकर जी के अरघे पर दूध गिरता था चोर उठा ले गये। सुबह मंदिर पर नित्य की भांति पूजा पाठ करने वाले पन्नालाल गिरी जब सुबह पूजा करने पहुंचे वहां उन्होंने मंदिर का दरवाजा खुला देखा तो वह अवाक रह गये। पहली नजर अरघे के ऊपर रखे फूल के बर्तन पर गई तो उन्होंने देखा कि वह अपने स्थान पर नहीं है। उन्होंने कहा कि लगभग 25 से 30 किलो का एक बड़ा घंटा, 2 किलो का लगभग 30 घंटा, बाकी छोटे घंटे घंटियां कुल मिलाकर लगभग डेढ़ कुंतल के थे चोर उठा ले गये।

पुजारी के अनुसार टोटल पीतल का घंटा व फूल का बर्तन मिलाकर लगभग 60 से 70 हजार का नुकसान चोरों द्वारा किया गया है। लाउड स्पीकर का नट बोल्ट भी चोर खोल रहे थे लेकिन खोल नहीं पाये जिससे उसको छोड़ कर चले गए। कलीचाबाद निवासी आशीष चैरसिया, भवन सिंह, पंकज गिरी आदि ने बताया कि उपरोक्त शिवालय शंकर जी का मंदिर है जहां क्षेत्र में श्रद्धा भक्ति के साथ पूजा अर्चना की जाती है। यहां साल में दो बार मेले का भी आयोजन होता है।

विदित हो कि स्थानीय तहसील क्षेत्र में लगभग एक पखवारा पूर्व उबारपुर ग्राम में रुद्राणी माता के मंदिर में सोने की आंख की पुतली, चांदी का मुकुट इत्यादि चोरी हुआ था, जिस मंदिर में ऊर्जा मंत्री एके शर्मा द्वारा भी पूजा की गई थी। इसी प्रकार करिया गोपालपुर मंदिर में करीब एक साल पहले लगातार दो बार दुर्गा माता मंदिर में चोरी हुई थी। क्षेत्र में चोरों के हौसला बुलंद हैं। ग्रामीणों द्वारा शुक्रवार को प्रातः चोरी की सूचना के बाद देवगांव कोतवाली पुलिस ने मौका मुआयना किया और आवश्यक जानकारी प्राप्त की है।

# आईआईटी में सफलता पर मयंक को मिल रही बधाई



मयंक को सम्मानित करते लोग

**बूढ़नपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के भीलमपुर छपरा गांव निवासी मयंक शेखर पुत्र अशोक कुमार द्वारा आईआईटी में 1102वीं रैंक हासिल करने पर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। अटेवा अध्यक्ष महेंद्र मृदुल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभा की कमी नहीं है बस जरूरत है उसे संवारने की। अशोक द्वारा मयंक को अच्छी शिक्षा और तालीम दी गई जिसकी बदौलत मयंक ने 1102वीं रैंक लाकर क्षेत्र का नाम रोशन किया। अटेवा के प्रदेश मंत्री विजय प्रताप यादव ने कहा कि यह निश्चित रूप से सराहनीय कदम है इससे क्षेत्र के युवा पढ़ाई की तरफ उन्मुख होंगे और आईआईटी में भी अपना मुकाम हासिल करेंगे। मयंक शेखर ने अपनी तैयारी और सफलता का श्रेय अपने पिता अशोक कुमार और माता तथा गुरुजनों को दिया। अशोक कुमार ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर राजेंद्र, घनश्याम, महेंद्र, मृदुल, विजय प्रताप, डॉ.मोहन लाल, डा.संतोष, जितेंद, कृपाशंकर, भुवाल राम, कृष्ण मोहन, सुनील, दिनेश, चंद्र प्रकाश, राज कुमार, सत नारायण, बिहारी, अरविंद , श्रीराम, सुरेश, राम , दिलीप , देवेंद्र कुमार, संजय, विजेंद्र, संजय आदि ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# आवास के लिए ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**कप्तानगंज (आजमगढ़)।** कोयलसा ब्लॉक क्षेत्र के ककरही गांव में अभी तक बहुत से पात्रों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिला है।, यहां के लोग छप्पर के नीचे या फिर पन्नी डालकर रहने को मजबूर हैं। आवास को लेकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने कहा कि इसके लिए कई बार ग्राम प्रधान से अपील की गई, लेकिन अभी तक आवास नहीं मिला।

रामचेत ने बताया कि गांव के कई गरीब ऐसे है जिन्हें आवास अभी तक नहीं नसीब हुआ। छप्पर के नीचे रहना अब दुश्वार हो गया है। जब बारिश होती है तो बहुत परेशानी होती है। बारिश का पानी घर में चला आता है। छतों से पानी टपकता है जिससे जीवनयापन करना मुश्किल हो जाता है। वहीं लालकेश ने बताया कि मजदूरी करके हम लोग अपना व परिवार का पेट पाल रहे हैं। टूटे फूटे कच्चे मकान में रह रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास के लिए कई बार ग्राम प्रधान से कहा गया पर वो सिर्फ आश्वासन ही दे रहे हैं।

# एक भी बरसात नहीं झेल पाई कचरा डंपिंग ग्राउंड की दीवार

जनसंदेश न्यूज



कचरा डंपिंग ग्राउण्ड की गिरी दीवार

**माहुल (आजमगढ़)।** स्थानीय नगर पंचायत में कचरा निस्तारण हेतु निमार्णाधीन डंपिंग ग्राउंड की दीवाल एक भी बरसात नही झेल पाई। गुरुवार रात में वह धराशाई हो गई। शुक्रवार सुबह जैसे ही इसकी सूचना नगर वासियों को हुई गिरी दीवाल देख इसकी सूचना आलाधिकारियों से लेकर मुख्यमंत्री तक ट्वीट कर दिया।

नगर पंचायत माहुल के अंबारी रोड पर काली मठ के पास करीब 35लाख रुपए के बजट में नगर पंचायत द्वारा ठेकेदार के माध्यम से इसका निर्माण कार्य शुरू कराया गया।

कार्य शुरू होने के उपरांत ही भाजपा जिला मंत्री लालगंज दिलीप सिंह व सुजीत जायसवाल आंसू सहित तमाम लोगो ने निर्माण कार्य में घटिया सामग्री के उपयोग व मानकों की अनदेखी की शिकायत जिले के उच्चाधिकारियों से किया था। पर अधिकारियों द्वारा इस शिकायत पर ध्यान नहीं दिया गया और ठेकेदार द्वारा करीब 80 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा भी कर लिया गया। गुरुवार रात में इस डंपिंग ग्राउंड की 18 इंच मोटी और लगभग 100- फीट लंबी व 10 फीट ऊंची उत्तरी और पूर्वी दीवार गिर गई। यही नहीं इसके प्रवेश द्वार की दीवार भी हल्की वर्षा में ही धाराशाई हो गई। जिससे इसके निर्माण पर सवालिया निशान उत्पन्न हो गया। शुक्रवार सुबह ही लोग वहा पहुंच गए और गिरी दीवार का फोटो निकाल कर सोशल मीडिया पर प्रेषित करना शुरू कर दिया। भाजपा जिला मंत्री दिलीप सिंह ने जिलाधिकारी को ट्वीट कर निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग किया।

## संक्षेप

### एफएचटीसी की खराब प्रगति पर डीएम ने जतायी नाराजगी

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। इस अवसर पर जनपद में कार्यरत कार्यदायी एजेंसी एलसी इंफ्रा और जीए इंफ्रा के कार्यों की समीक्षा की गई। भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन का उद्देश्य हर घर को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना है, जिसमें एलसी इंफ्रा को द्वितीय फेस में 250 वॉटर सप्लाई स्कीम पर कार्य करना था, जिसमें उनके द्वारा मात्र 180 स्कीमों पर कार्य प्रारंभ किया गया है। समीक्षा के दौरान एफएचटीसी की प्रगति संतोषजनक नहीं पाये जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता जल निगम को निर्देशित किया गया कि कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर को कारण बताओ नोटिस जारी करना सुनिश्चित करें। इसी के साथ ही जिलाधिकारी ने जनपद में चल रहे फील्ड टेस्ट की ट्रेनिंग के कार्यों की समीक्षा की। जिसके अन्तर्गत जनपद में 18910 महिलाओं को प्रशिक्षण देना था, जिसके सापेक्ष मात्र 9078 महिलाएं ही प्रशिक्षित हुई हैं। जिस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया कि जनपद में चल रहे समस्त कार्यों की समीक्षा आपके माध्यम से किया जाए एवं कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनपद में जल जीवन मिशन की जागरूकता हेतु प्रचार-प्रसार के लिए आईएससी एजेंसी का चयन किया गया है। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियन्ता जल निगम को निर्देशित किया कि एजेन्सी के कार्यों की मॉनिटरिंग करते हुए कार्यों को समय से पूर्ण करायें। बैठक में अधिशासी अभियंता जल निगम राम बिहारी अग्रवाल, जिला परियोजना प्रबंधन इकाई रेखा केशरी, राजमुनि यादव, कार्यदायी संस्था एलसी इंफ्रा के प्रतिनिधि, टीपीआई प्रतिनिधि एवं अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### ग्रामीण न्यायालय स्थापना के लिए अधिवक्ताओं ने किया धरना-प्रदर्शन



**लालगंज (आजमगढ़)।** ग्रामीण न्यायालय की स्थापना को लेकर शुक्रवार को लालगंज तहसील के अधिवक्ताओं ने धरना, प्रदर्शन कर तीन सूत्रीय मांग पत्र उपजिलाधिकारी कार्यालय में दिया। विदित हो कि स्थानीय तहसील में ग्रामीण न्यायालय की स्थापना को लेकर अधिवक्ता काफी दिनों से प्रयासरत हैं। शासन द्वारा ग्रामीण न्यायालय की स्वीकृति भी प्रदान कर दी गयी है। न्यायालय खोलने के लिए कई भवनों का निरीक्षण भी किया गया। टिकरगाढ़ में नव निर्मित पंचायत भवन में न्यायालय खोलने के लिए सहमति बनी। इसी बीच तहसील का निरीक्षण करने आए जिलाधिकारी अमृत त्रिपाठी उपजिलाधिकारी के पूर्व न्यायालय कक्ष में न्यायालय चलाने के लिए भी सहमति दे दिए इसके बाद भी न्यायालय का कार्य शुरू नही हो पाया है। दीवानी न्यायालय के अधिवक्ताओ द्वारा ग्रामीण न्यायालय का विरोध किए जाने की खबर के बाद आज शुक्रवार को तहसील के अधिवक्ताओं ने ग्रामीण न्यायालय को तत्काल चालू कराने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन कर स्वयं को न्यायिक कार्य से विरत रख करके तीन सूत्रीय मांग पत्र उप जिलाधिकारी के कार्यालय में दिया। अधिवक्ताओं ने मांग की कि लालगंज में स्वीकृत ग्रामीण न्यायालय को लालगंज में अविलंब चालू कराया जाए, ग्रामीण न्यायालय हेतु चयनित भूमि पर तत्काल निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाए, भवन निर्माण होने तक पूर्व में निर्धारित पंचायत भवन टिकरगाढ़ व उपजिलाधिकारी लालगंज का पूर्व न्यायालय में न्यायिक कार्य प्रारंभ कराया जाए। धरना प्रदर्शन में समर बहादुर सिंह, विंध्यवासिनी राय, विजय प्रकाश पाण्डेय, राजनाथ यादव, रामसेवक यादव, देवेंद्र नाथ पाण्डेय, हामिद अली, नगेन्द्र सिंह, राजेन्द्र लाल श्रीवास्तव आदि अधिवक्ता उपस्थित थे।

### श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का समापन कल

**आजमगढ़।** बिनानी गार्डन आजमगढ़ में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा सप्ताह का आयोजन किया गया है जो कि विगत 11 सितंबर से 17 सितंबर तक चलेगा। कथा का समापन 18 सितंबर को पूर्वाह्न 11 बजे श्री अग्रवाल धर्मशाला चैक में किया जाएगा। उक्त जानकारी रमेश चंद्र अग्रवाल ने दी है। उन्होंने कहा कि सच में यह कथा पित्रों के उद्धार के उद्देश्य से सुनी जाती है। जनकल्याण इस कथा का आयोजन किया गया है जिसके संयोजक गोपाल दास अग्रवाल, रमेश चंद्र अग्रवाल आदि हैं। अंतरराष्ट्रीय कथावाचक डॉ.श्याम सुंदर पाराशर श्री धाम वृंदावन से पधारे हैं।

### तमंचा के साथ अभियुक्त चढ़ा पुलिस के हत्थे

**आजमगढ़।** निजामाबाद पुलिस ने अपराधियों के विरूद्ध कार्रवाई के क्रम में एक अभियुक्त को अवैध असलहा के साथ गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर जेल भेज दिया। निजामाबाद पुलिस शुक्रवार को सेन्टरवा तिराहा पर मौजूद थी। इसी बीच सूचना मिली कि एक व्यक्ति अवैध असलहा के साथ दत्तात्रेय मंदिर जाने वाले गेट पर मौजूद है तथा कोई वारदात करने की फिराक में है। इस सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच गयी। अभियुक्त अंगद यादव पुत्र रामनयन यादव निवासी पिपरी (शकूरपुर) थाना निजामाबाद को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त के पास से एक अदद कट्टा .32 बोर व एक अदद कारतूस .32 बोर बरामद किया गया।

### शिया वर्ग ने निकाला मातमी जुलूस

**आजमगढ़।** शिया वर्ग द्वारा चेहल्लुम का मातमी जुलूस पुरानी कोतवाली स्थित बागमीर मीरपेटू से निकाला गया जो सीनाजनी करते हुए पुरानी कोतवाली चैक पुरानी सब्जी मंडी होते हुए कटरा होते हुए कर्बला मैदान में पहुंचकर देर रात समाप्त हुआ। इस अवसर पर मुख्य चैक पर मौलाना जीशान हैदर ने तकरीर करते हुए इमाम हुसैन के वाकये को बयान किया। बाहर से आए हुए अंजुमन अंसारी हुसैनी कदीम मुबारकपुर, अंजुमन गुलशन इस्लाम मितूपुर, अंजुमन जीनत उल अजा आलमपुर बाराबंकी, अंजुमन मोहिब्बाने हुसैन कदीम समन्दपुर आदि लोग उपस्थित थे।

### दहेज हत्या में वांछित अभियुक्ता गिरफ्तार



**आजमगढ़।** पुलिस अधीक्षक द्वारा अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए थाना जीयनपुर पुलिस ने दहेज हत्या में वांछित अभियुक्ता को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान करते हुए जेल भेज दिया। बीते 15 सितम्बर को ओम प्रकाश यादव पुत्र अमीरचन्द यादव निवासी अजगरा थाना जीयनपुर ने स्थानीय थाने पर लिखित सूचना दिया कि ससुरालियों द्वारा मेरी लड़की रेखा यादव को दहेज के लिए प्रताड़ित किया गया व घर के अन्दर हत्या कर दिया गया। उक्त सूचना के आधार पर पुलिस ने अभियुक्ता चांदमुनी उर्फ चन्द्रमुनि यादव पत्नी रामकेर यादव निवासी नत्थूपुर थाना जीयनपुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश में थी। शुक्रवार को पुलिस ने अभियुक्ता चांदमुनी उर्फ चन्द्रमुनि यादव पत्नी रामकेर यादव को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया।

# ग्रामीण बैंक कर्मियों ने किया आईपीओ का विरोध

**रोष**

## आदेश वापस नहीं लिया तो शीत सत्र में करेंगे संसद का घेराव

जनसंदेश न्यूज



कालीपट्टी बांधकर विरोध करते बैंक कमी

आजमगढ़। आजमगढ़ पूंजी बाजार में ग्रामीण बैंकों के प्रवेश करने के लिए भारत सरकार ने निर्देश जारी कर दिया है। ग्रामीण बैंक कर्मी इसे बैंक के निजीकरण के प्रयास के तौर पर देखते हुए इसका विरोध किया और काला बिल्ला धारण कर शुक्रवार को काम किये। बड़ोदा यूपी बैंक अधिकारी एसोसिएशन के महामंत्री सुभाष चंद्र तिवारी कुंदन और सहायक मंत्री अनुज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि सरकार अगर ग्रामीण बैंक का आईपीओ जारी करने का निर्देश वापस नही लेती है तो शीत कालीन सत्र में संसद का घेराव किया जायगा।

उन्होने कहा कि ग्रामीण बैंक की स्थापना ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे किसानों, खेतिहर मजदूरों और कारीगरों को सस्ते व्याज पर ऋण और अन्य सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से किया गया था। पांच दशक के दौरान ग्रामीण बैंकों ने आम लोगो में बैंक की छबि प्राप्त कर ली है।

इसकी कुल शाखाऐ देशभर में 21892 है जिसका 92 फीसद ग्रामीण और अर्द्ध शहरी क्षेत्र में कार्यरत है। ग्रामीण बैंक द्वारा अपने कुल ऋण का 90 फीसद प्राथमिकता वाले क्षेत्र अर्थात लघु व सीमान्त किसान, छोटे कारोबारी व दस्तकारों को सस्ते ब्याज दर पर दिए हैं। परन्तु अब ज्यादा पूंजी बाजार से जुटाने के उद्देश्य से ग्रामीण बैंक कानून 1976 को संशोधित किया गया है, जिसके तहत ग्रामीण बैंक का आईपीओ जारी करने के सरकारी प्रयास को बैंक कर्मी बैंक के निजीकरण की प्रारंभिक प्रक्रिया के रूप में देख रहे हैं जिसका कुप्रभाव उनके सेवाशर्त तथा गरीब ग्रामीण जनता के सस्ते दर पर ऋण मुहैया कराने पर भी पड़ सकता है। क्योंकि निजीकरण के बाद बैंक का उद्देश्य सामाजिक उत्थान और वेलफेयर के बजाय अधिक से अधिक मुनाफा अर्जित करना हो जाएगा।

# गोड़हरा बाजार में गड्ढों में तब्दील हुई सड़क

**मार्टिनगंज (आजमगढ़)।** लालगंज विधानसभा क्षेत्र के गोड़हरा बाजार में सड़को पर जल जमाव होने के कारण पैदल चल नहीं सकते मोटर साइकिल, साइकिल सवार आये दिन सड़क पर बने गड्ढे में गिर कर चोटिल हो जा रहे हैं। गोड़हरा बाजार से आजमगढ़ जौनपुर मार्ग त्रिवेणी रोड तक सड़क की हालत बद से बदतर है गड्ढो का जाल बिछा हुआ है जगह-जगह पानी है आये दिन दुर्घटनाएं हो रही है। बाजार में जल निकासी की व्यवस्था न होने के कारण बरसात का पानी बाजार में जमा हो रहा है जिससे सड़क टूटकर गड्ढे में तब्दील हो गई है वही बाजार के लोग कूड़ा करकट उसी गड्ढे में फेंक देते हैं जिससे कीचड़ कूड़ा करकट का भरमार हो गया है। जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा बना हुआ है लोगों की मांग है सड़क को जल्द से जल्द बनाया जाय और जल निकासी की व्यवस्था की जाय जिससे इस समस्या से निजात मिल सके सड़क पर जमा पानी और निकासी नहीं होने से लोगों में काफी आक्रोश है।

# 120 पुड़िया हेरोइन के साथ दो गिरफ्तार



मुबारकपुर थाने में गिरफ्तार अभियुक्त

**मुबारकपुर (आजमगढ़)।** पुलिस अधीक्षक द्वारा मादक द्रव्यों, पदार्थों की बरामदगी व इस कारोबार में लिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए थाना मुबारकपुर पुलिस ने चेकिंग के दौरान अवैध रूप से हेरोइन की बिक्री कर रहे दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान करते हुए जेल भेज दिया। उनके कब्जे से 120 पुड़िया हेरोइन व नकदी बरामद किया।

मुबारकपुर पुलिस समौधी तिराहे पर चेकिंग कर रही थी। इसी बीच सूचना प्राप्त हुई कि एक महिला और उसका बेटा घूम फिरकर मादक पदार्थ की बिक्री कर रहे हैं। इस सूचना पुलिस ने सम्पोटिंग ग्राउण्ड की तरफ जाने वाले रास्ते से एक महिला व उसके बेटे को नाजायज हेरोइन के साथ गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से 120 पुड़िया हिरौइन व 5640 रुपए नकदी बरामद की। गिरफ्तार किये गये अभियुक्तों में फूलमति पत्नी स्व.दयानन्द व संजय कुमार पुत्र स्व.दयानन्द निवासीगण ग्राम बरहदपुर थाना मुहम्मदाबाद जनपद मऊ व हाल पता समौधी तिराहा थाना मुबारकपुर शामिल हैं।

# इंजीनियर्स डे पर रक्तदान शिविर का आयोजन



रक्तदान करते डिप्लोमा इंजीनियर महासंघ के पदाधिकारी

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** गुरुवार को सिचाई विभाग संघ भवन में उत्तर प्रदेश डिप्लोमा इंजीनियर महासंघ द्वारा इंजीनियर्स डे के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन कर रक्तदान किया।

सिचाई विभाग संघ भवन में उत्तर प्रदेश डिप्लोगा इंजीनियर महासंघ के तत्वाधान में महासंघ के जनक स्व. आरके दत्त की पूर्ण्यतिथि एवं इंजीनियर्स डे के अवसर पर जूनियर इंजीनियरों ने काफी बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग किया। इस मौके पर 50 लोगों ने रक्तदान किया तत्पश्चात पौधरोपण कर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर संजय पाण्डेय, अरुण कुमार सिंह, कमाल अख्तर, मनोज कुमार सिंह यादव, रवीन्द्र यादव, संतोष कुमार सिंह, आशीष कुशवाहा, शेषनाथ चैहान आदि लोग उपस्थित रहे।

# कोई भी बच्चा पोलियो ड्राप से न रहे वंचित: डीएम



बैठक को सम्बोधित करते जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान माह अक्टूबर की जनपद स्तरीय अंतर्विभागीय बैठक एवं सघन पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान 18 सितम्बर हेतु जिला टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गयी। जिलाधिकारी ने बताया कि सघन पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान 18 सितंबर से प्रारंभ हो रहा है। जिलाधिकारी ने बताया कि 0-5 वर्ष तक के बच्चों के पल्स पोलिया टीकाकरण का लक्ष्य 634782 निर्धारित है, जनपद में 691001 घर आच्छादित हैं एवं टीकाकरण कराये जाने के लिए 2396 बूथ बनाये गये हैं, 1154 टीमें डोर-टू-डोर टीकाकरण हेतु लगायी गयी हैं तथा 49 ट्रांजिट टीमें एवं 19 मोबाइल टीमें टीकाकरण हेतु लगायी गयी हैं। इसी के साथ ही 19-23 सितम्बर 2022 तक डोर-टू-डोर टीकाकरण के लिए टीम-ए एवं 26 सितम्बर 2022 को टीकाकरण के लिए टीम-बी लगायी गयी है। जिलाधिकारी ने समस्त एमओआईसी को निर्देश दिया कि पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान के अंतर्गत नवजात शिशु, झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले, ईट-भट्ठों, रेलवे स्टेशनों पर रहने वाले 0-5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा अवश्य पिलाएं, जिसमें कोई भी बच्चा पोलिया ड्राप से वंचित न रहे।

बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन अनिल कुमार मिश्र, सीएमओ डा. इन्द्रनारायण तिवारी, एसीएमओ डा. संजय, जिला अस्पताल के एसआईसी डा. अनूप सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार मौर्य, समस्त एमओआईसी, समस्त सीडीपीओ सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

## संचारी रोग व दस्तक अभियान का करायें प्रचार-प्रसार

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी ने विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान माह अक्टूबर की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि समस्त नगर पालिका नगर पंचायतों एवं सभी ग्रामों में फागिंग एवं ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव करें। उन्होंने निर्देश दिया कि निगरानी समितियों के माध्यम से संचारी रोग एवं दस्तक अभियान का प्रचार-प्रसार कराया जाय।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि इस समय बरसात के मौसम में प्रायः शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में नालियॉ जाम हो जा रही है, इसके लिए नालियों की साफ-सफाई प्रतिदिन कराते रहें। जिलाधिकारी ने कहा कि आशा एवं एएनएम के माध्यम से जनपद में बुखार के मरीजों को चिन्हित कर उनकी जांच डेंगू, मलेरिया के लिए अवश्य कराएं, जिससे डेंगू एवं मलेरिया के मरीजों का पता लगाया जा सके और उनका उचित उपचार किया जा सके। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि मच्छरों से बचाव के संबंध में स्कूलों में बच्चों को साफ सफाई एवं वृक्षरोपण के प्रति जागरूक करें तथा स्कूली बच्चों को बतायें कि अपने आस-पास के क्षेत्र को साफ सुथरा रखें। उन्होंने कहा कि रोगों से बचाव हेतु घर-घर सप्लाई होने वाले पानी की भी जांच करायें।

# करंट की चपेट में आने से महिला की मौत

दुखद

## एसडीएम के समझाने के बाद भी परिजनों ने नहीं दिया शव


परिजनों को समझाते एसडीएम व सीओ

**मड़िहान।** संतनगर थाना क्षेत्र के खण्डवर मझारी गांव में बिजली करेंट के चपेट में आने से महिला की मौत हो गयी। बताया जाता है कि शुक्रवार को खण्डवर मझारी निवासी संतोषी उम्र 34 वर्ष घर के बगल सब्जी की खेती की हुई थी जो कि सब्जी के खेत में उगे घास को निकालने गयी हुई थी कि बगल में बिजली विभाग के पोल से निकले स्टे से बिजली करेन्ट के चपेट में महिला आ गयी जिससे झुलस गयी। जानकारी मिलते ही परिजन उपचार हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पटेहरा ले गये जहां देखते ही डॉक्टर वाजिद जमील ने मृत घोषित कर दिया। परिजन शव को लेकर घर आये जहां जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतका का पति संजय पटेल मुम्बई में रहकर जीवकोपार्जन करता है। सूचना मिलते ही मौके पर संतनगर पुलिस पहुँच कर शव को कब्जे में लेकर पीएम हेतु भेजवाना चाहा किन्तु परिजन शव देने से इंकार करते हुए आर्थिक सहायता की मांग पर अड़ गये। घटना की जानकारी पाकर एसडीएम अश्वनी कुमार सिंह व तहसीलदार फूलचंद यादव, सीओ परमानंद कुशवाहा, इंस्पेक्टर लालगंज रामनारायण पासी पहुँचकर परिजनों को काफी समझाने का प्रयास किया किन्तु परिजन शव देने से इंकार करते हुए उपजिलाधिकारी से बिजली विभाग द्वारा आर्थिक सहायता राशि में चेक दिलाने की मांग करते रहे। बिजली विभाग द्वारा चेक नहीं देने से परिजन शव पीएम हेतु नहीं दिया। देर शाम तक मौके पर सीओ परमानन्द कुशवाहा, इंस्पेक्टर लालगंज रामनारायन सरोज, थानाध्यक्ष संतनगर कमल कटारी, एसआई राकेश राय, क्षेत्रीय लेखपाल सुनील पटेल के अलावा भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहें।

## युवक ने लगाई फांसी पुलिस व ग्रामीणों ने बचाया

**जमालपुर।** भदावल गांव निवासी शैलेंद्र उर्फ काजू पटेल 35 वर्ष पुत्र स्व.गुलाब सिंह परिजनों से नाराज होकर गुरूवार की देर रात ओड़ी चट्टी स्थित अपने मकान के दूसरे तल पर बने करकट के कमरे में लोहे के राड पर नीचे ईट लगाकर गमछा के सहारे फांसी का फंदा बनाकर झूल गया। शक होने पर ओडी चट्टी पर मौजूद ग्रामीणों ने पिकेट पर तैनात सिपाहियों की सहायता से दरवाजा तोड़कर युवक को फांसी के फंदे से नीचे उतार कर उसकी जान बचाई गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने युवक को परिजनों के हवाले कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि युवक के पिता भी लगभग 10 वर्ष पूर्व उसी कमरे में फांसी का फंदा लगाकर अपनी जान दे चुके है। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि युवक फांसी का फंदा लगाने की जानकारी मिलते ही पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से युवक को फांसी के फंदे से नीचे उतार कर उसकी जान बचाई गई। युवक को फांसी के फंदे पर झूलने को लेकर चट्टी चौराहे पर तरह-तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म है।

# डीआईओएस ने बरौंधा जीजीआईसी की जांच के लिए गठित की टीम

निरीक्षण

## दो सदस्यीय टीम ने फर्जी बायोमेट्रिक हाजिरी की जांच-पड़ताल की

**हलिया।** विकास खंड के बरौंधा गांव स्थित राजकीय बालिका इंटर कालेज में पूर्व प्रधानाचार्य ज्योति गोयल के फर्जी बायोमेट्रिक हाजिरी मामले की जांच के लिए गठित दो सदस्यीय टीम ने शुक्रवार को बरौंधा जीजीआईसी पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल की। पूर्व प्रधानाचार्य द्वारा फर्जी बायोमेट्रिक हाजिरी लगाने की जानकारी होने पर जिला विद्यालय निरीक्षक अमरनाथ सिंह ने राजकीय इंटर कालेज के प्रधानाचार्य राजकुमार दीक्षित व अपर निदेशक बेसिक फतेह बहादुर सिंह की दो सदस्यीय टीम गठित कर मामले की जांच का निर्देश दिया था। जांच कमेटी के दोनों सदस्यों ने फर्जी बायोमेट्रिक हाजिरी मामले की जांच करते हुए बरौंधा जीजीआईसी की पूर्व प्रभारी प्रधानाचार्या ज्योति गोयल व परिचारक रामपोश का बयान दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल की। जांच टीम ने फर्जी बायोमेट्रिक हाजिरी लगाने की शिकायत शिकायत दर्ज करने वाले जीजीआईसी के वर्तमान प्रभारी प्रधानाचार्य रामप्रताप से भी पूछताछ कर अभिलेखों की जांच किया। जांच टीम ने विद्यालय के शिक्षकों व कर्मचारियों से भी इस संबंध पूछताछ की है। बरौंधा जीजीआईसी के वर्तमान प्रभारी प्रधानाचार्य रामप्रताप ने पूर्व प्रधानाचार्या ज्योति गोयल के अनुपस्थिति में भी उनकी बायोमेट्रिक हाजिरी लगा पाए जाने पर मामले की जांच पड़ताल की तो विद्यालय के परिचारक द्वारा पूर्व प्रधानाचार्या के फर्जी बायोमेट्रिक हाजिरी लगाने का खुलासा हुआ। मामले को गंभीरता से लेते हुए वर्तमान प्रभारी प्रधानाचार्य ने फर्जी बायोमेट्रिक हाजिरी लगाने की शिकायत जिला विद्यालय निरीक्षक से की थी। जिसपर मामले की जांच के लिए जीआईसी के प्रधानाचार्य और एडी बेसिक को निर्देश दिए हैं।

# चिकित्सकों ने डीएम को सौंपा पत्रक, लगाया अभद्रता का आरोप



आरोप

### अपने को असुरक्षित महसूस कर रहे है डॉक्टर

### कार्रवाई न हुई तो सेवा बंद करने को लाचार होंगे डॉक्टर : सुनील सिंह

**मीरजापुर।** कलेक्ट्रेट परिसर में शुक्रवार को मण्डलीय अस्पताल के चिकित्सकों द्वारा जिलाधिकारी को पत्रक सौंपकर आरोप लगाया कि गुरवार को बबलू चौरसिया नाम के मरीज सर्जिकल वार्ड में भर्ती थे। मरीज की गम्भीरता को देखते हुये, सुबह 11 बजे रेफर कर दिया गया था लेकिन मरीज के परिजनों ने अस्पताल से जाने में असमर्थता जताई। जिसके वजह से मरीज की हालत और गम्भीर हो गयी। देर शाम मरीज की मौत हो गयी। कुछ लोगों द्वारा, मरीज के परिजनों को उकसाने लगें कि आप लोग इलाज में लापरवाही का आरोप लगायेंगे तो मैं आप लोगों को पैसा दिलाऊँगा। ड्यूटी पर उपस्थित डा. दिलीप चौरसिया, डा. कमलेश व नर्सिंग स्टॉप के साथ गाली गलौज करने लगे। इसके पश्चात इमजेन्सी में जाकर देर तक हंगामा कर कार्यबाधित किया। पहले भी कई बार अस्पताल परिसर में अराजकता फैलाई गयी है। कुछ दिन पूर्व महिला हास्पिटल में स्त्री की मौत के पश्चात इन लोगों द्वारा परिजनों को उकसाया गया था। अस्पताल में हंगामा किया गया था। इन लोगों के खिलाफ मेडिकल सुरक्षा एक्ट तहत कार्यवाई करने की मांग किया। सचिव डा0 सुनील सिंह ने कहा कि अराजक तत्वों पर अगर कार्रवाई न हुई तो अस्पताल की सभी सेवाएं बंद कर दी जायेगी। पत्रक सौपनें वालों में अध्यक्ष डॉ. तरुण कुमार सिंह, डॉ. दिलीप चौरसिया, डॉ कमलेश कुमार अन्य चिकित्सक उपस्थित रहें।

## बीमा कर्मी लापता, जंगल में मिली बाइक, परिजनों में मचा कोहराम

**लालगंज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बरौंधा पुलिस चौकी अंतर्गत कोठी खुर्द गांव निवासी 35 वर्षीय अचानक लापता हुए युवक की देर रात बाइक लावारिस हालत में जंगल में पाई गई। अनहोनी की आशंका से चिंतित स्वजन शुक्रवार को थाने पर पहुंचकर लापता होने का तहरीर दिए है। बरौंधा पुलिस चौकी क्षेत्र के कोठी खुर्द गांव निवासी पिता रामखेलावन के साथ आए दर्जनों महिला पुरुषों ने गायब पुत्र पारसनाथ को गुरुवार शाम से लापता होने का तहरीर दिया। तहरीर में बताया गया है कि मैड़ी जंगल में पारसनाथ की बाइक लावारिस हालत में बीती रात पाई गई थी, लेकिन पारसनाथ का कहीं अभी तक पता नहीं चल पाया है। पिता रामखेलावन ने बताया कि पारसनाथ किसी बीमा कंपनी से जुड़े थे और बीमा का काम करते थे। देर रात तक घर नहीं वापस लौटे तो स्वजन को चिंता हुई और खोजबीन में लग गए। आगे जाने पर मैड़ी जंगल के प्लांटेशन में लावारिस बाइक मिली है। बताया गया कि लापता पारसनाथ के साथ प्रयागराज जनपद के कोरांव थाना क्षेत्र के छड़िगडा गांव निवासी हरि पाल के साथ देखे गए थे। इस मामले में प्रभारी निरीक्षक रामनारायन तहरीर लेकर लापता हुए पारसनाथ के मामले की छानबीन कर पता करने का स्वजनो को आश्वासन दिया है।

# पीएम मोदी के जन्मदिवस पर मनाया जायेगा सेवा पखवाड़ा : भाजपाध्यक्ष

कार्यक्रम

## पत्रकार वार्ता में जिलाध्यक्ष ने दी जानकारी

जनसंदेश न्यूज



पत्रकारों को संबोधित करते भाजपाध्यक्ष

**मीरजापुर।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय के सभागार में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। यह वार्ता देश के प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2022 पखवाड़ा के विषय में भाजपा जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह ने बताया कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के प्रति संकल्पित है। हम सब के लिए यह प्रसन्नता का विषय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिवस 17 सितम्बर को है। हम सभी कार्यकर्ता समाज के साथ मिलकर उनके जन्मदिवस को सेवा के विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाते हैं। विभिन्न कार्यक्रमों में 17 सितम्बर रक्तदान शिविर, मोदी व्यक्तित्व प्रदर्शनी, 18 सितम्बर निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, 20-21 सितम्बर स्वच्छता अभियान एवं अमृत सरोवर स्वच्छता, 22 सितम्बर जल ही जीवन, 23 सितम्बर वोकल फॉर लोकल, 24 सितंबर कृत्रिम अंग एवं उपकरण वितरण कैम्प, 25 सितम्बर पं. दीनदयाल उपाध्याय जयंती, मन की बात, 26 सितम्बर विविधता में एकता, 27 सितम्बर शुभकामना एवं अभिनन्दन पत्र, 29 सितम्बर कोविड टीकाकरण केन्द्रों पर स्टॉल, 30 सितम्बर टी0बी0 मुक्त राष्ट्र, 01 अक्टूबर को वृक्षारोपण तथा 02 अक्टूबर को गांधी जयंती के माध्यम से सेवा पखवाड़ा मनाया जायेगा। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से जिला महामंत्री भाजपा रविशंकर पाण्डेय, जिलाध्यक्ष भाजयुमो सिद्धार्थ मिश्र मोंटी, जिला मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश दूबे के साथ मीडिया बंधु उपस्थित रहे।

# ग्राम न्यायालय संचालित करने को अधिवक्ताओं ने दिया पत्रक

मांग

## ग्राम न्यायालय संचालित न हुआ तो न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे अधिवक्ता


एसडीएम को पत्रक देते अधिवक्ता

**लालगंज।** उपरौध अधिवक्ता समिति लालगंज के अधिवक्ताओं ने सभागार में समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में अधिवक्ताओं ने एक स्वर में मांग किया कि लालगंज तहसील में ग्राम न्यायालय की बिल्डिंग तैयार है केवल न्यायालय चलाने की देर है किंतु आज तक न्यायालय नहीं चलाया जा रहा है। जिसके चलते वादकारियों को मध्य प्रदेश बॉर्डर से मिजार्पुर अपने मुकदमें की पैरवी करने के लिए जाना पड़ता है। अधिवक्ताओं ने आरोप लगाते हुए कहा कि तहसील मड़िहान चुनार आदि अन्य जगहों पर ग्राम न्यायालय संचालित किया जा चुका है किंतु लालगंज तहसील में ग्राम न्यायालय संचालित नहीं किया जा रहा है। आरोप लगाते हुए कहा कि यदि लालगंज में ग्राम न्यायालय संचालित नहीं कराया जाता है तो हम सभी अधिवक्ता गण तहसील के सभी न्यायालयों का बहिष्कार कर गांधी तरीके से धरना प्रदर्शन किया जाएगा। अधिवक्ताओं ने बैठक प्रस्ताव की कॉपी उप जिला अधिकारी विजय नारायण सिंह को सौंपते हुए कहा कि यदि यथाशीघ्र ग्राम न्यायालय संचालित नहीं किया जाता है तो हम सभी अधिवक्ता गण तहसील के प्रत्येक न्यायालयों का बहिष्कार करते हुए गांधी आंदोलन के तहत न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे। उप जिलाधिकारी ने पत्रक लेते हुए ग्राम न्यायालय संचालित कराने का आश्वासन दिए। इस अवसर पर सचिव हृदय शंकर चतुर्वेदी, चौधरी श्याम नारायण यादव, उमाशंकर सिंह, अरुण त्रिपाठी, कैलाशपति त्रिपाठी, बृज भूषण पांडे, राजकुमार पांडेय, शिवम पांडेय, विपिन तिवारी, सुधीर पांडे आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

## बीमारी से तंग आकर युवती ने गंगा में लगाई छलांग

**चील्ह।** स्थानीय थाना क्षेत्र के शास्त्री ब्रिज से 18 वर्षीय युवती ने गंगा में छलांग लगा दिया। जब युवती ने गंगा में छल्लांग लगाई तो मछुवारों ने युवती को बचा लिया। जानकारी के अनुसार भवानीगंज कलवारी थाना नेवढ़िया जौनपुर निवासी 18 वर्षीय युवती जो जौनपुर में ही बीए फर्स्ट ईयर की छात्रा है। शुक्रवार को दोपहर 12 बजे बस द्वारा अपने घर से शास्त्री ब्रिज पर पहुंची इधर-उधर घूम रही थी कि एकाएक गंगा में छलांग लगा दिया। राहगीरों के शोर मचाने पर गंगा में मौजूद मछुआरों ने किसी प्रकार युवती को सकुशल बचा लिया। घटना की सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी चील्ह अजीत कुमार श्रीवास्तव युवती को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चील्ह पर इलाज करवाया तथा परिजनों को सूचना देकर थाने पर बुलाया। युवती ने बताया कि किडनी रोग से ग्रसित है। पिता की आर्थिक स्थिति ठीक ना होने के कारण उपचार नहीं करा पा रही है। जिससे तंग आकर गंगा में छलांग लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। पुलिस ने युवती को समझा बुझाकर थाना क्षेत्र के बल्ली परवा गांव निवासी युवती के जीजा को बुलाकर उसे सुपुर्द कर दिया।

# आयुक्त व डीएम ने विन्ध्याचल मेले की तैयारियों का किया निरीक्षण

**मीरजापुर।** मण्डलायुक्त योगेश्वर राम मिश्र व जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार द्वारा नवरात्र मेला के दृष्टिगत चल रहे तैयारियों का विन्ध्याचल पहुंचकर निरीक्षण किया गया। मण्डलायुक्त के पहुंचने के पूर्व जिलाधिकारी द्वारा न्यू वीआईपी मार्ग, कोतवाली मार्ग सहित परिक्रमा पथ का निरीक्षण कर कराये जा रहे कार्यो को युद्ध स्तर पर लगकर पूर्ण कराने का निर्देश सम्बन्धित कार्यदायी संस्थाओ को दिया गया। कोतवाली मार्ग पर निरीक्षण के दौरान पेयजल पाइप के लीक होने से पूरे मार्ग पर पानी बहता देख जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुये अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद को निर्देशित किया गया कि तत्काल पाइप लीकेज को ठीक कराया जाय ताकि मार्ग निर्माण कार्य में तेजी आ सकें। कोतवाली मार्ग पर अपेक्षित प्रगति न पाये जाने पर जिलाधिकारी द्वारा असंतोष व्यक्त करते हुये मार्ग के समतलीकरण कराने का निर्देश देते हुये लोक निर्माण विभाग के अधिकारियो से कहा कि रात दिन शिफ्टवार कार्य कराते हुये सभी कार्य को पूर्ण किया जाय। न्यू वीआईपी मार्ग पर चल रहे पत्थर के अवशेष कार्य को कल तक पूर्ण कराते हुये मार्गो से पत्थरों एवं मलबा को तत्काल हटाकर साफ सफाई कराने का निर्देश राजकीय निर्माण निगम के परियोजना प्रबन्धक को दिया गया।


मेला क्षेत्र का जायजा लेते आयुक्त व डीएम

# ड्यूटी से गायब चिकित्सक को दी गई आखिरी नोटिस

**राजगढ़।** मुख्य चिकित्साधिकारी ने उच्चाधिकारियों के आदेशों का अवहेलना करने तथा ड्यूटी से लगातार गायब रहने वाले चिकित्सक को आखिरी नोटिस जारी कर एक सप्ताह के भीतर सीएमओ कार्यालय में उपस्थित होकर स्पष्टीकरण व साक्ष्य देने के लिए निर्देशित किया है। ज्ञात हो कि नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खटखरीयां पर शासन द्वारा नियुक्त चिकित्सक अजीत केशरवानी अपने उच्चाधिकारियों के आदेशों का लगातार अवहेलना करते हुए कार्यभार ग्रहण नहीं कर रहे हैं। जिससे नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बंद पड़ा हुआ है। जिलाधिकारी के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेंद्र प्रसाद ने डॉ केसरवानी को नोटिस जारी कर बीमारी तथा उसका इलाज करने वाले डॉक्टर का नाम पता व आवश्यक दस्तावेज सहित सीएमओ कार्यालय में उपस्थित होने का पूर्व में निर्देश दिया गया था परंतु निर्धारित समय सीमा समाप्त होने के बावजूद भी चिकित्सक द्वारा सीएमओ के आदेशों का पालन नहीं किया गया। सीएमओ डॉ राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि डॉ अजीत केसरवानी को पूर्व में भी नोटिस देकर स्पष्टीकरण मांगा गया। लेकिन अपने उच्चाधिकारियों के आदेशों का अवहेलना कर रहे हैं, जिससे चिकित्सकीय कार्य प्रभावित हो रहा है। बार बार दिए जा रहे नोटिस का कोई उत्तर नही दे रहे हैं। अब उनको अंतिम नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है। स्पष्टीकरण न देने पर विधिक कार्यवाही की जाएगी। जिसके जिम्मेदार वे खुद होंगे।

## 82 के तहत की गई कार्रवाई

**लालगंज।** स्थानीय थाना में गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधिनियम से संबंधित वांछित अभियुक्त के विरुद्ध कार्रवाई की गई। ग्राम पड़री थाना रायपुर जिला सोनभद्र निवासी नागेंद्र जायसवाल पुत्र जोखू जायसवाल के विरुद्ध न्यायालय के आदेश के क्रम में धारा 82 सीआरपीसी की नियमानुसार कार्रवाई अभियुक्त के घर पर और सार्वजनिक स्थानों पर चस्पा करते हुए डुगडुगी पिटवाकर उप निरीछक रामदुलार यादव मय हमराह हृदय नरायण यादव थाना लालगंज द्वारा किया गया।

# चार दिन से विशालकाय पेड़ पर बैठा है विक्षिप्त

जिद

## फायर ब्रिगेड का प्रयास भी रहा निरर्थक

## घटना की जानकारी पर पहुंचे सीओ चुनार


पेड़ पर चढ़े युवक को देखने को उमड़ी भीड़

**जमालपुर।** थाना क्षेत्र के भदावल स्थित एक विशाल पेड़ पर चार दिनों से मानसिक रूप से विक्षिप्त युवक डाल पर बैठा है जिसको देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ लग रही है। मानसिक रूप से विक्षिप्त युवक की पहचान बलवंत बियार 29 वर्ष पुत्र शिवधनी बियार निवासी सेमरा लगभग चार दिनों से जमालपुर-भदावल के बीच स्थित एक विशाल पेड़ (निगोटा बाबा) पर युवक सबसे उपरी डाल के बीच बैठा है जिसके दूसरे दिन एक व्यक्ति नीचे उतारने का प्रयास किया तो उसने लकड़ी फेंक कर मारना शुरू कर दिया। तीसरे दिन गुरुवार को चमक गरज और बरसात में भी युवक नीचे नहीं उतर सका। चार दिनों से पेड़ पर रहने की जानकारी होते ही ग्रामीणों की भीड़ देखने के लिए जुट रही है। मानसिक रूप से विक्षिप्त युवक तीन भाइयों में सबसे छोटा है जो शादीशुदा हैं। कुछ वर्ष पहले विक्षिप्त युवक के चाचा लालता बियार का भी मौत विशालकाय पेड़ के पास संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो चुकी है। शुक्रवार की देर रात तक समाचार लिखे जाने तक मानसिक रूप से विक्षिप्त युवक पेड़ पर मौजूद रहा वहीं सड़क पर आते जाते राहगीर तमाशबीन बने रहे। पुलिस द्वारा सूचना दिए जाने पर फायर ब्रिगेड मीरजापुर से चार सदस्यीय टीम आकर घंटों परेशान होकर सीढ़ी से नीचे उतारना चाहा लेकिन विक्षिप्त युवक पेड़ की अंतिम छोर तक पहुंच गया जिससे फायर विभाग की टीम युवक को नीचे नहीं उतार पाई। जिससे लोगों में मायूसी देखने को मिली। विक्षिप्त युवक शादी शुदा है जिसकी पत्नी शादी के कुछ दिन बाद पति को छोड़ चुकी है। सीओ चुनार रामानंद राय के काफी प्रयास के बाद किसी तरह पेड़ से नीचे उतरा तब जाकर लोगों ने राहत की सांस लिया। इस दौरान जमालपुर पुलिस व अदलहाट थाने की पुलिस के साथ फायर विभाग से स्पेक्टर रमाशंकर, विनोद कुमार, सुभाष चन्द्र, मुनेश दूबे सहित तमाम क्षेत्र के महिला और पुरुष मौके पर मौजूद रहे।

## जेई से मारपीट के आरोप में आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**मीरजापुर।** मड़िहान थाना क्षेत्र के रजौहा में बिजली विभाग के जेई से मारपीट करने के आरोप में युवक के विरुद्ध मड़िहान पुलिस मुकदमा दर्ज कर तलाश में जुट गयी। बताया जाता है कि बिजली बकाया को लेकर बिजली विभाग की टीम क्षेत्र में निकली हुई थी। इस दौरान पटेहरा खुर्द गांव सघन चेकिंग अभियान चलाकर बकायेदारों का कनेक्शन काटा जा रहा था कि बिजली विभाग की टीम पटेहरा खुर्द गांव के बीडीसी होरीलाल का विद्युत कनेक्शन काट दिया। जिससे नाराज बीडीसी होरीलाल व गांव निवासी दिनेश पटेल रजौहा चौराहे पर पहुँचकर बिजली विभाग के कर्मचारियों के साथ मारपीट कर कागजात भी फाड़ दिया। घटना की लिखित तहरीर जेई राजेश कुमार ने मड़िहान थाने में दिया जिसके बाद मड़िहान पुलिस द्वारा सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न, मारपीट समेत कई विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही में जुट गयी।

# संक्षेप

## डंपर ट्रैक्टर में भिड़ंत ट्रैक्टर चालक की मौत

**चुनार।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के चक गंभीरा चौकी अंतर्गत शुक्रवार की सुबह लगभग 8:30 बजे दुर्गा जी रोड (रुद्रा काटेज) के पास तेज रफ्तार शक्तेशगढ़ के तरफ से आ रहे डंफर द्वारा ट्रैक्टर को मारी टक्कर ट्रैक्टर के परखच्चे उड़े गए। ट्रैक्टर चालक भुवर उर्फ लोरिक यादव उम्र 38 साल पुत्र नोहर यादव निवासी ग्राम शिवपुर वेदुर विंध्याचल जिला मीरजापुर की मौके पर ही मृत्यु हो गई। डंफर ड्राइवर भाग निकला। चकगंभीरा पुलिस चौकी प्रभारी शव को कब्जे में लेकर हॉस्पिटल भेजा।

## पक्के मकान पर गिरी बिजली बाल-बाल बचे परिजन

**जिगना।** विंध्याचल थाना अंतर्गत ग्राम सभा कामापुर कला के सेतूहार मजरे में आकाशीय बिजली गिरने से मकान के साथ साथ गृहस्थी का सभी समान क्षतिग्रस्त हो गया है। बता दें बुधवार की रात्रि लगभग 11:30 बजे अचानक पक्के मकान पर आकाशीय बिजली गिर गई। हालांकि परिवार में 4 लोग मौजूद थे जो घर के पास मड़हा में थे। सरस्वती पत्नी स्वर्गीय श्याम बिहारी, पुत्र मंगल बिंद, बहु शिवाराधना बिंद और एक 9 वर्षीय नाती भी था। हालाकि जान माल का कोई नुकसान नहीं हुआ है। क्षेत्रीय लेखपाल मुकेश कुमार भी मौके का मुआयना कर रिपोर्ट राजस्व विभाग को सौप दिया है। मकान चारों तरफ से फट गया है। पीड़ित परिवार काफी डरे हुए दिखाई दे रहे थे।

## बहन से छेड़खानी करने वाले पर मुकदमा दर्ज

**अहरौरा।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बेलखारा ग्राम सभा के वादी के भाई रामवृक्ष मौर्य के तहरीर पर अहरौरा पुलिस ने बाबा उर्फ अन्नू गुप्ता पुत्र शंकर गुप्ता निवासी बेलखरा उम्र 21 वर्ष पर छेड़खानी का मुकदमा दर्ज कर अभियुक्त को जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार छात्रा अपने खेत पर खेती का काम करने गई थी। सभी अभियुक्त ने 17 को अकेले जाते हुए देखा और वह भी खेत पर चला गया। आसपास तक दूर-दराज तक कोई भी नहीं था जिसका मौके का फायदा उठाते हुए अभी अपने छात्रा के साथ छेड़खानी की छात्रा रोती भागती हुई घर गई घर पर आकर आपबीती अपने परिजनों को बताई। जिस पर भाई ने मुकदमा दर्ज कराया मुकदमा दर्ज कर आते ही हरकत में आई अहरौरा पुलिस ने अभियुक्त को उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## शराब के साथ दो गिरफ्तार

**मीरजापुर।** एसपी के निर्देशन में मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में शुक्रवार को उनि नंदकिशोर सिंह मय पुलिस बल द्वारा आरोपी वकिल अहमद पुत्र भगवान दास, प्रकाश श्रीवास्तव पुत्र मंगला प्रसाद निवासीगण जगदीशपुर थाना चील्ह को 20 लीटर अवैध कच्ची देशी शराब के साथ गिरफ्तार कर नियमानुसार कार्यवाही की गई।

## मड़िहान पुलिस ने पकड़ा आरोपी

**मीरजापुर।** थाना मड़िहान पर 14 सितंबर थाना मड़िहान क्षेत्रान्तर्गत निवासिनी एक महिला द्वारा नामजद आरोपी के विरुद्ध अपनी नाबालिग की पुत्री के साथ छेड़खानी करने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई थी। जिसके आधार पर थाना मड़िहान पर श्रवण कुमार पर मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। उक्त निर्देश के अनुक्रम में शुक्रवार को उनि नारद सिंह मय पुलिस बल द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना मड़िहान क्षेत्र से नामजद आरोपी श्रवण कुमार पुत्र बाबू लाल निवासी पथरखूरा थाना मड़िहान को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

## छेड़खानी का आरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** थाना अहरौरा पर शुक्रवार को थाना अहरौरा क्षेत्रान्तर्गत निवासिनी एक महिला द्वारा स्वयं के साथ छेड़खानी करने के सम्बन्ध में नामजद आरोपी के विरुद्ध लिखित तहरीर दी गई थी। जिसके आधार पर थाना अहरौरा पर बाबा उर्फ अन्नू पर मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। उक्त निर्देश के अनुक्रम में शुक्रवार को उनि गिरेन्द्र कुमार राय मय पुलिस बल द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना अहरौरा क्षेत्र से नामजद आरोपी बाबा उर्फ अन्नू पुत्र शंकर गुप्ता निवासी बेलखरा थाना अहरौरा को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

## बालिकाओं पर छींटाकशी करने वाले दो गिरफ्तार

**मीरजापुर।** एसपी द्वारा महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा एवं सम्मान हेतु जनपद में एण्टीरोमियो/ मिशन शक्ति के माध्यम से अभियान चलाया जा रहा है जिसके सम्बन्ध में जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्षों को प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। थाना अदलहाट की एण्टीरोमियो पुलिस टीम द्वारा अदलहाट क्षेत्रांतर्गत सार्वजनिक स्थान पर आने जाने वाली लड़कियों से अश्लील टिप्पणी करने वालों के विरूद्ध विधिक कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना अदलहाट पर मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी आजाद सोनकर पुत्र शिव सोनकर निवासी हाँसापुर थाना अदलहाट, राहुल गुप्ता पुत्र स्व0 वरसाती निवासी नैठी पँचवां थाना अदलहाट को गिरफ्तार कर कार्यवाही की गयी।

## जानलेवा हमला करने वाले दो गिरफ्तार

**मीरजापुर।** थाना चुनार पर 10 सितंबर को वादी राजेश चौधरी निवासी पयागपुर द्वारा एक राय होकर मारपीट करते हुए जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर देने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई थी। जिसके आधार पर थाना चुनार पर बाबूलाल अन्य के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। एसपी द्वारा उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों की यथाशीघ्र गिरफ्तारी करते हुए अग्रिम विधिक कार्यवाही करने हेतु प्रभारी निरीक्षक चुनार को निर्देश दिया गया था। उक्त निर्देश के अनुक्रम में शुक्रवार को उ0नि0 रवि प्रकाश मय पुलिस बल द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना चुनार क्षेत्र से नामजद आरोपी बाबूलाल पुत्र स्व0 राम लखन, दिनेश पुत्र बाबूलाल निवासीगण पयागपुर थाना चुनार मीरजापुर को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

## आज होगा रक्तदान शिविर का आयोजन

**मीरजापुर।** शहर की दो संस्था रोबिन हुड आर्मी एवं मीरजापुर ब्लड डोनर क्लब के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को शहर के मध्य रक्तदान हेतु जनसंपर्क अभियान चलाकर वासलीगंज की दुकानदारों से संपर्क कर रक्तदान करने के लिए जागरूक किया। बताया गया कि शनिवार को 10 से 5 बजे तक बरियाघाट स्थित सिटी लॉन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। इस मौके पर कृष्णानंद हैहयवंशी, रामकुमार गुप्ता, दिवाकर मिश्र, श्रीकिशन कसेरा, शिवम जायसवाल, शुभम गुप्ता, अभिषेक साहू, आशुतोष दुबे, आकाश सिंह, पवन यादव, रिजवान अंसारी, अमित गुप्ता, संतोष पटेल, आदि मौजूद रहे। कल आयोजित रक्तदान शिविर में मुख्यथिति आयुक्त योगेश्वर राम मिश्र, विशिष्ट अथिति अजिता श्रीवास्तव होंगी।

## शव मिलने की सूचना पर घंटों हलकान रही पुलिस

**खोदा पहाड़ निकली चुहिया वाली कहावत हुई चरितार्थ**

**अहरौरा।** नगर के पट्टी कला स्थित ओवर ब्रिज के समीप सड़क के किनारे बोरे में भर कर संदिग्ध वस्तु फेंके जाने पर अफरा तफरी मच गया। स्थानों लोगो ने बोरे में भर कर फेकी गई वस्तु को शव समझ का पुलिस को सूचना दी। अल सुबह कस्बे के लोग शौच करने निकले थे पास स्थित झाड़ी में बोरे में भरकर फेंका गया संदिग्ध बस्तु को देखकर कस्बे में चर्चा का विषय बन गया लोग कयास लगा रहे थे कि किसी व्यक्ति का शव फेंका गया है। शव मिलने की सूचना पर आसपास के क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मौके पर लोगों की भीड इकट्ठा हो गय। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दिया। मौके पर पंहुची पुलिस ग्रामीणों की मदद से झाड़ी में फेंके गए बोरे को बाहर निकलवाया जब तक बोरा नही खुला था तब तक पुलिस के होश उड़े थे बोरी का मुंह खुला तो बोरे में गाय का शव देख राहत की सांस ली।

## तीन दिन से अंधेरे में जीवन यापन कर रहे हैं ग्रामीण

**जमालपुर।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत जमालपुर स्थित मौजा सेमरा में लगाया गया 25 केबीए का ट्रान्सफर तीन दिनों से जल गया है जबकि उपभोक्ताओं द्वारा लगातार जले ट्रांसफार्मर की सूचना विभाग को दिया गया लेकिन अभी तक ट्रान्सफार्मर नहीं लगाया गया। ग्रामीण बाबूलाल मौर्य, अनिल विश्वकर्मा, प्रमोद तिवारी आदि ग्रामीणों ने जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराया है।

## प्रेमिका ने दर्ज कराया प्रेमी के विरुद्ध छेड़खानी का मुकदमा, प्रेमी पुलिस हिरासत में

**अहरौरा।** फरेंदा महाराजगंज से चलकर अपनी प्रेमिका से मिलने आए एक व्यक्ति के विरुद्ध प्रेमिका के घर में घुसते समय पड़ोसियों द्वारा देख लिए जाने के बाद हुए हंगामे के कारण प्रेमिका ने अपने प्रेमी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया। इसी बीच स्थानीय लोगों ने प्रेमी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरेंदा महाराजगंज निवासी एक लड़की की शादी स्थानीय कस्बे के एक मोहल्ले में हुई है। शादी के बाद भी लड़की का संबंध अपने प्रेमी से बना रहा। इस बीच दोनों सोशल मीडिया के माध्यम से भी एक दूसरे से जुड़े रहे। चर्चा है कि बीच-बीच में प्रेमिका एवं प्रेमी एक दूसरे से मिलते जुलते भी थे। इसी बीच गुरुवार को भी प्रेमी शिवकुमार पुत्र मनोज जायसवाल निवासी फरेंदा महाराजगंज अपनी प्रेमिका से मिलने के लिए अहरौरा आ गया और मौका देख ज्योंहि प्रेमिका के घर में घुसना चाहा कि किसी ने देख लिया और चोर चोर का शोर मचाना शुरू कर दिया। शोर सुनकर आसपास के सैकड़ों लोग मौके पर पहुंच गए और प्रेमी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। बाद में जब मामले की जानकारी हुई तो पति के दबाव में आकर पत्नी को अपने प्रेमी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराना पड़ा। स्थानीय पुलिस ने आरोपी प्रेमी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा कायम कर जेल भेज दिया।

# एक ही परिवार के तीन सदस्यों को सर्प ने डंसा, दो की मौत, कोहराम

**दुखद**

**चोपन थाना क्षेत्र के गौरवनगर का मामला, एसडीएम ने लिया घटनास्थल का जायजा**

**जनसंदेश न्यूज**

**चोपन।** थाना क्षेत्र के चोपन बाजार स्थित गौरवनगर में शुक्रवार को भूसा व्यवसायी के परिवार पर बरपे सर्पदंश के कहर ने हड़कंप मचा दिया। पड़ोसियों के मुताबिक सर्प ने इस परिवार के तीन सदस्यों को बारी-बारी से डंसा, जिससे तीनों अचेत हो गए। उपचार के लिए उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चोपन ले जाया गया। वहां बेटी को मृत घोषित कर दिया गया। वही मां की जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। बताया गया कि गौरवनगर निवासी ईश्वरचंद्र भूसा का कारोबार करते हैं। उन्होंने गौरव नगर में पानी टंकी के पास पक्की दिवार और करकट के छाजन वाला मकान बना रखा है।

रोजाना की भांति वह, उनकी पत्नी, बेटी और बेटा खाना खाकर सो गए। आधी रात में अचानक से घर में आए एक विषैले सर्प ने बारी-बारी से पत्नी सुनीता 45, पुत्री सविता13, पुत्र विवेक10 को डंस लिया। उस समय तीनों सो रहे थे। सर्पदंश के बाद नींद खुली तो सामने सांप देख सन्न रह गए। चीख-पुकार पर परिवार के सदस्यों के साथ पास पड़ोस के लोग भी पहुंच गए और डसने के बाद भाग रहे सांप को मार डाला। कुछ ही देर बाद तीनों अचेत हो गए। पहले परिवार के लोग तीनों को पास में झाड़-फूंक के लिए लेकर पहुंचे। बाद में कुछ लोगों के समझाने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां ड्यूटी पर मौजूद डा. अभय ने जांच के बाद पुत्री सविता को मृत घोषित कर दिया। वही मां सुनीता और बेटे विवेक को एंटी स्नेक वेनम लगाने के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। डा. अभय के मुताबिक दोनों की भी हालत गंभीर बनी हुई थी। इसको देखते हुए दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। उधर जिला अस्पताल में उपचार के दौरान सुनीता की भी मौत हो गई।

वहीं बेटे विवेक का उपचार जारी है। एक ही परिवार के तीन सदस्यों को सर्प के डंसने और दो की मौत से कस्बे में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है। सूचना मिलते ही ओबरा एसडीएम राजेश सिंह, एसएचओ लक्ष्मण पर्वत तथा चेयरमैन प्रतिनिधि उस्मान अली मौके पर पहुंच कर घटना के बाबत जानकारी ली। वहीं एसडीएम ने बताया कि यह दैवीय आपदा अचानक घटित हो गई। शासन के नियमानुसार मृतकों को मुआवजे के तौर पर चार-चार लाख रुपए की धनराशि दी जायेगी।



मौके का जायजा लेते एसडीएम

### चोरी के मामले में वांछित गिरफ्तार

**विंढमगंज।** पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह के निर्देशन में जनपद में वांछित/वारंटी अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज शुक्रवार को पुलिस द्वारा चोरी मामले में अभियुक्त रामकुमार बैगा पुत्र रामलखन बैगा निवासी सिरसौती टोला कोडार, थाना बीजपुर, सोनभद्र को गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

### बाइक बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**करमा।** पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह के निर्देशन में जनपद में वाहन चोरी पर प्रभावी रोकथाम लगाने तथा वाहन चोरी की घटनाओं के शीघ्र अनावरण व उसमें संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शुक्रवार को पुलिस द्वारा हृदयलाल पुत्र जगदीश कुमार सिंह निवासी ग्राम जुरवट, करमा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से ग्राम पंचायत भवन उरमौरा से चुराई गई हीरो होन्डा आई स्मार्ट बाइक बरामद करते हुए संगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर चालान कर दिया।

## ओजोन दिवस पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन



कार्यक्रम में शामिल लोग

**दुद्धी।** भाऊराव देवरस राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डा. नीलांजन मजूमदार की अध्यक्षता में शुक्रवार को विश्व ओजोन दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। संचालन कर रहीं हिन्दी विभागाध्यक्ष आरजू सिंह ने ओजोन दिवस के बारे में बताते हुए कहा कि हमें प्रकृति के सुंदरतम रूप को देखना होगा, साथ ही उन्होंने महाप्राण निराला की कुछ पंक्तियों को उद्धृत किया। मुख्य वक्ता डा. मिथिलेश कुमार गौतम ने ग्लोब तथा रोचक वक्तव्य के माध्यम से अपनी बात प्रस्तुत किया। डा. सचिन विश्वकर्मा ने ओजोन क्षरण के कारण से लेकर उसके रोकथाम पर अपनी बात रखी। विद्यार्थियों को प्रोजेक्टर पर दिखाकर सारी भ्रांतियों को दूर कर दिया। प्राचार्य ने ओजोन के बारे में बताते हुए पर्यावरण को कैसे संरक्षित कर सकते हैं, इसके बारे में जानकारी दी। वहीं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। निर्णायक डा. अजय कुमार, उमेश कुमार गुप्त, मृत्युंजय यादव के मूल्यांकन के परिणाम स्वरूप प्रथम स्थान पर साहिल, द्वितीय स्थान पर मानसी तिवारी और हर्ष जौहरी एवं तृतीय स्थान तमन्ना ने प्राप्त किया। इस अवसर पर मुख्य शास्ता डॉ रामसेवक सिंह यादव, डॉ हरिओम वर्मा, डॉ विवेकानन्द, श्री नन्द बिहारी सिंह,श्री अंगद,कर्मचारीगण और बहुतायत संख्या में छात्र - छात्राएं उपस्थित रहें।उक्त समाचार मीडिया प्रभारी आरजू सिंह ने दिया।

# एसडीएम की कार्य प्रणाली से नाराज अधिवक्ताओं का प्रदर्शन

**बोले अधिवक्ता**

**किसानों व आमजनमानस की समस्याओं को गंभीरता से ले प्रशासन**

**जनसंदेश न्यूज**

**ओबरा।** एसडीएम ओबरा की कार्यप्रणाली से नाराज तहसील में अधिवक्ता शुक्रवार को हड़ताल पर रहे। इस दौरान अधिवक्ताओं ने ओबरा तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ एवं एसडीम ओबरा के तानाशाही रवैया तथा जनविरोधी नीतियों के खिलाफ नारेबाजी कर धरना-प्रदर्शन किया।

अधिवक्ताओं ने कहा कि अगर तहसील प्रशासन उनकी बातों को नहीं सुनना चाहता है तो ठीक है, लेकिन तहसील में लंबित किसानों, व्यापारियों एवं आम जनता से जुड़े मामलों के निस्तारण के बारे में तो उसे सोचना चाहिए। बताया कि प्रतिदिन सैकड़ों गांवों से किसान अपने मामलों के निस्तारण के लिए तहसील न्यायालय आते हैं। लेकिन जब हड़ताल की बात सुनते हैं तो वह पुनः अपने गांव वापस लौट जाते हैं। इसके चलते उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। चेतावनी दिया कि अगर अधिवक्ताओं की जायज मांगों को नहीं सुना गया तो अधिवक्ता अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रखेंगे। इस अवसर पर सोनांचल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रमेश मिश्रा, महामंत्री अनिल मिश्रा, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, रमाशंकर यादव, पुष्पराज पांडेय, उमेश चंद्र शुक्ला, मनीष मिश्रा, वीरेंद्र पांडेय, संजीत कुमार चौबे, राजेश कुमार, अनिल कुमार, संजय पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।



तहसील परिसर में नारेबाजी करते अधिवक्ता

## निकाय चुनाव की तैयारी को लेकर सपा ने शुरू किया मंथन

**सोनभद्र।** सपा के निवर्तमान जिलाध्यक्ष विजय यादव ने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार पार्टी कार्यालय पर शुक्रवार को नगर पालिका एवं नगर पंचायत चुनाव तैयारी को लेकर बैठक की गई। इसमें मुख्य अतिथि रहे नपा रावर्ट्सगंज, नगर पंचायत चुर्क गुरमा एवं डाला के पर्यवेक्षक अविनाश कुशवाहा ने कहा कि नगर निकाय चुनाव के लिए समाजवादी पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता लग जाए और वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने का काम करे। अपने-अपने क्षेत्र में आम जनमानस की समस्याओं को सुनकर अपने स्तर से हल कराने का काम करे। बैठक में राम निहोर यादव, मोहम्मद सईद कुरैशी, चौधरी यशवंत सिंह, रामभरोसे सिंह, संजय सिंह, राजमणि यादव, अजय सिंह, दिनेश कुमार, रमेश, पारस, कुंदन, मनोज, सूरज चौरसिया, विजय पांडे, शाहनवाज, उमेश, अंशु, जितेंद्र, नंदलाल, सचिन, धर्मराज जैन, राजेश पटेल, अशोक पटेल, मंगल जायसवाल, राजनाथ यादव, इरफान, रामसेवक यादव आदि मौजूद रहे।

### प्रेरणा फाउंडेशन हॉस्पिटल का हुआ शुभारंभ



**दुद्धी।** दुद्धी नगर स्थित लउवा नदी चढ़ाई के पास ईटा मंडी के सामने प्रेरणा फाउंडेशन हॉस्पिटल का शुभारंभ शुक्रवार को अनपूर्णा जायसवाल व योगेश जिला प्रचारक ने संयुक्त रुप से फीता काटकर किया।प्रेरणा फाउंडेशन की तरफ से शुभारंभ के अवसर पर 15 से 30 सितम्बर के भीतर मात्र 100 रुपये के शुल्क से पंजीकरण कराने वाले मरीजों का ऑपरेशन मुफ्त में विशेषज्ञों व वरिष्ठ सर्जन चिकित्सको के द्वारा किया जाएगा।प्रेरणा फाउंडेशन अस्पताल में हार्निया, हाइड्रोसील, बवासीर, एपेंडिक्स, पित्त की थैली में सूजन, आँत का फटना, ट्यूमर, पथरी, गुर्दा इत्यादि रोगों की ऑपरेशन की सुविधाएं उपलब्ध है।वही गर्भवती महिला का चेकअप, नार्मल डिलेवरी, धात का गिरना, मासिक रुक रुक कर आना, बच्चेदानी का बाहर आना, पेशाब में जलन, बच्चेदानी का ऑपरेशन, नसबन्दी, कापर तिमल्टीडोज, बाझपन सहित स्त्रियों का सम्पूर्ण इलाज एवं जांच के साथ ही साथ एनआईसीयू , पीआईसीयू, फोटोथेरेपी एवं रडीएन्ट हीटवार्मर सहित नवजात शिशु की भी सम्पूर्ण इलाज की सुविधा उपलब्ध है।इसके साथ नेत्र विशेषज्ञ द्वारा आंखों से सम्बंधित सम्पूर्ण उपचार किया जाएगा। प्रेरणा फाउंडेशन हॉस्पिटल में मेडिकल, पैथलॉजी, एक्स रे, ई सी जी व पर्सनल वार्ड जैसी सुविधाएं भी है।वही निःशुल्क ऑपरेशन हेतु पंजीकरण भी शुरू हो गई।इस दौरान अध्यक्ष बनारसी शाह, डायरेक्टर अभिषेक रंजन, अध्यक्ष सिविल बार प्रभु कुशवाहा, पूर्व बार अध्यक्ष कुलभूषण पाण्डे, एड रामपाल जोहरी, एड प्रेम चंद यादव, छोटे लाल गुप्ता, राकेश तिवारी, रवींद्र यादव, अधिवक्ता अमरनाथ जायसवाल सहित अन्य मौजूद रहे।

## संक्षेप

### दुष्कर्म के दोषियों को 10-10 वर्ष की कैद

**सोनभद्र।** साढ़े सात वर्ष पूर्व 17 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश/ विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट निहारिका चौहान की अदालत ने शुक्रवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषियों दिनेश सोनी व प्रदीप सोनी को 10-10 वर्ष की कैद एवं 40-40 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 6-6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी पड़ेगी। वहीं अर्थदंड की समूची धनराशि 80 हजार रुपये पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक राबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने 27 मई 2015 को राबर्ट्सगंज कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया था कि उसकी 17 वर्षीय नाबालिग बेटी 19/20 मई 2015 की रात्रि में जब सोयी हुई थी तभी राबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के बड़गांव निवासी दिनेश सोनी उर्फ बच्चा पुत्र रामचन्द्र बहला फुसलाकर भगा ले गया और उसके साथ दुष्कर्म भी किया। कोतवाली पुलिस ने 27 मई को पॉक्सो एक्ट एवं दुष्कर्म समेत अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दिया। विवेचना के दौरान प्रदीप सोनी पुत्र महाबीर निवासी कुरहुल, थाना चोपन का नाम प्रकाश में आया। विवेचक ने पर्याप्त सबूत मिलने पर न्यायालय में चार्जशीट दाखिल किया था। अभियोजन पक्ष की तरफ से सरकारी वकील दिनेश प्रसाद अग्रहरि,सत्य प्रकाश त्रिपाठी एवं नीरज कुमार सिंह एडवोकेट ने बहस की।

### धोखाधड़ी के मामले में एक गिरफ्तार

**ओबरा।** स्थानीय पुलिस ने शुक्रवार को धोखाधड़ी के मामले में एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया।मामले में पुलिस ने बताया कि अविनाश पुत्र स्व. डंगर निवासी बिल्ली मारकुण्डी खैरटिया थाना ओबरा ने थाने में तहरीर देकर बताया कि अनिल कुमार शर्मा पुत्र भगवान शर्मा निवासी सेक्टर नं. 02 संकट मोचन मन्दिर द्वारा मेरी जमीन को अपना बताकर दूसरे को बेच रहा है। तहरीर के आधार पर ओबरा पुलिस ने उक्त अभियुक्त के विरुद्ध संगत धारा में मुकदमा पंजीकृत कर लिया। वही पुलिस को शुक्रवार को मुखबिर से सूचना मिली कि उक्त अभियुक्त संकट मोचन मंदिर के पास है, जो कि कही भागने के फिराक में है। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक मिथिलेश कुमार मिश्रा, उप निरीक्षक श्रीराम यादव, कांस्टेबल विपिन कुमार, राम सिंह को देखते ही आरोपी युवक भागने लगा। पुलिस द्वारा दौड़ा कर आरोपी युवक को पकड़ कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया।

### गैंगस्टर आरोपी गिरफ्तार

**शक्तिनगर।** पुलिस ने शुक्रवार को एक गैंगस्टर आरोपी सूरज सिंह निवासी चिल्काडांड बाजार को उसके घर से गिरफ्तार कर चालान कर दिया। वहीं फरार दो गैंगस्टर आरोपियों की खोजबीन में लगी हुई है। पुलिस के मुताबिक शक्तिनगर टेलिफोन एक्सचेंज ऑफिस का ताला तोड़कर चोरी करने, बंद पड़े आवास से लाखों के गहने चुराने,20 फरवरी को अनपरा निवासी सौरव कुमार के घर का ताला तोड़कर सामान चोरी करने आदि तीनों चोरी के मामले में उक्त चारों की संलिप्तता पाए जाने के बाद पुलिस ने कुल 4 लोगों पर गैंगस्टर की कार्रवाई की है। थाना प्रभारी राजेश कुमार सिंह ने बताया कि चिल्काडांड बाजार निवासी सूरज सिंह को गिरफ्तार कर चालान कर दिया गया। गैंग लीडर सुग्रीव जो पूर्व से ही जेल में निरुद्ध है। फरार चल रहे सिंपलेक्स कॉलोनी विंध्यनगर निवासी अरबाज व अंबेडकर नगर निवासी सुरेंद्र गुप्ता की खोजबीन जारी है।

### एआरटीओ कार्यालय कर्मी की अचानक मौत

**सोनभद्र।** सदर कोतवाली क्षेत्र के एआरटीओ कार्यालय में कार्य के दौरान शुक्रवार को अचानक एक कर्मी की मौत हो गई। बताया गया कि लोढ़ी स्थित एआरटीओ कार्यालय में कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर कार्यरत 38 वर्षीय राम सेवक मौर्य शुक्रवार को काम कर रहे थे कि अचानक वह कुर्सी से गिर पड़े और बेहोश हो गए। उन्हें गिरता देख वहां अफरा-तफरी मच गई। कुछ देर तो उनके साथ के लोगों ने उन्हें होश में लाने का प्रयास किया। न आने पर जिला अस्पताल ले गए। वहां जांच के बाद उन्हें डाक्टर ने मृत लाया घोषित कर दिया।

### न्यू लाइफ अस्पताल सील

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह के निर्देशन में एसडीएम सदर रमेश कुमार ने शुक्रवार को प्राइवेट अस्पतालों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान न्यू लाइफ हॉस्पिटल उरमौर का औचक निरीक्षण के दौरान मौके पर स्टाफ नर्स के अलावा कोई भी स्टाफ मौजूद नहीं था, ओटी मानक के अनरूप नही पाई गई। उक्त कमी के दृष्टिगत अस्पताल को सील कर दिया गया अस्पताल के निरीक्षण के दौरान एसडीएम के साथ, डा रामकुंवर एसीएमओ सहित संबंधित उपस्थित रहे।

### अवैध तरीके से वाहन पास कराने वाले तीन गिरफ्तार

**सोनभद्र।** मनोज कुमार खान निरीक्षक गुरुवार को लोढ़ी इको पाईन्ट व उरमौरा के बीच वाराणसी शक्तिनगर मार्ग पर प्रभारी निरीक्षक रावर्ट्सगंज मय हमराह के साथ उप खनिज भरे वाहन की जांच कर रहे थे। इस दौरान 12 वाहन उपखनिजों का अवैध परिवहन करते हुये पाया गया। वाहनों को थाना परिसर ले जाते समय तीन व्यक्ति बाइक से आये, जिसमें से एक ने अपना नाम राजू कुमार गुप्ता पुत्र मनाऊलाल, निवासी मारकुण्डी, दूसरे ने संदीप पुत्र लक्ष्मण, निवासी-सुअरसोत व तीसरे ने अपना नाम राधेश्याम उर्फ अमित पुत्र स्व. राजकुमार जायसवाल निवासी सुअरसोत बताया। वे वाहनों को अपना बताते हुए जबरजस्ती छुड़वाने की कोशिश करने लगे। जांच टीम द्वारा पकड़े गये वाहन नहीं छोड़े जाने पर उपरोक्त तीनों व्यक्तियों द्वारा सरकारी कार्यों में बाधा एवं अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुये देख लेने की बात कही गयी। जिसपर पुलिस ने उक्त तीनों को मौके से गिरफ्तार कर लोक सम्पत्ति क्षति निवारण अधिनियम की धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही शुरू कर दी।

# हिण्डाल्को में सृजन कार्यक्रम का हुआ आगाज

**जनसंदेश न्यूज**

**रेणुकूट।** हिण्डाल्को क्लस्टर हेड एन. नागेश के दिशा-निर्देशन में एवं क्लस्टर एचआर हेड जसबीर सिंह के मार्ग दर्शन में विश्व विख्यात अभियंता डा. विश्वसरैया की जयंती पर इंजीनियर्स-डे पूरे उत्साह से मनाया गया। इस अवसर पर हिण्डाल्को प्रशासनिक भवन के कान्फ्रेन्स हाल में नये इनोवेशन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सृजन कार्यक्रम का आगाज किया गया। हिण्डाल्को रेणुकूट, रेणुसागर एवं इंजीनियरों की टीमों द्वारा विभिन्न प्लांटों में किए गए बेस्ट-प्रैक्टिसेज का प्रस्तुतिकरण किया गया।

कार्यक्रम में हिण्डाल्को रेणुकूट एवं रेणुसागर से तीन-तीन एवं महान अल्युमिनियम से चार टीमों ने भाग लेकर प्रस्तुतिकरण किया। इससे पूर्व हिण्डाल्को के क्लस्टर हेड, एचआर हेड, रेणुसागर के यूनिट हेड केपी यादव, महान अल्युमिनियम के यूनिट हेड सेन्थिल नाथ,वरिष्ठ अधिकारी एनएन राय, जेपी नायक,विनोद ठाकुर,सुनील सिंह,शैलेश विक्रम सिंह आदि ने दीप प्रज्जवलित करके एवं केक काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस क्रम में देर शाम हिण्डाल्को प्रेक्षागृह में एक रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सभी वरिष्ठ अधिकारियों सहित बड़ी संख्या में इंजीनियरों ने भाग लिया। कार्यक्रम में सभी इंजीनियरों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। संचालन विनिता वासनिक ने किया।




दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हिण्डालको के अधिकारी

## राजकीय इंजीनियरिंग कालेज में मना इंजीनियर्स डे

**सोनभद्र।** राजकीय इंजीनियरिंग कालेज के इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियरिंग विभाग के सोसायटी फॉर एक्सप्लोरेशन एंड इनोवेशन इन इलेक्ट्रॉनिक की ओर से इंजीनियर डे आयोजित किया गया। सोसाइटी के फैकल्टी एडवाइजर प्रशांत पांडेय ने बताया कि टेक्निकल प्रश्नोत्तरी, ई कनेक्ट एवं स्पाइस मेनिया जैसे इवेंट में इंजीनियरिंग के 100 से ज्यादा छात्रों ने भाग लिया। विभाग अध्यक्ष हिमांशु कटियार तथा डीन एडमिन डॉ डीके त्रिपाठी ने निदेशक प्रोफेसर जी एस तोमर को संस्था में तकनीकी से संबंधित वातावरण को बनाने के लिए हर संभव मदद देने पर धन्यवाद दिया। इवेंट कोऑर्डिनेटर के तौर पर डॉ पीके वर्मा तथा डॉ धर्मेंद्र ने योगदान दिया। तकनीकी प्रश्नोत्तरी में तकनीकी नवीन अन्वेषण से संबंधित ज्ञान को परखा गया। ई- कनेक्ट में कम से कम समय में दिए गए सर्किट को डिजाइन करने का चैलेंज दिया गया। स्पाइस मेनिया में दिए गए सर्किट को कम से कम समय में सॉफ्टवेयर पर सही तरीके से बनाने का चैलेंज दिया गया। वहीं कालेज में सांस्कृतिक संध्या का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर डा. रवि, डा. अभिनव, दीपक, कुंदन, मुकेश, रोहित, विजय समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

### पिपरी चेयरमैन का पद हो एससी के लिए आरक्षित

**रेनुकूट।** पिपरी नगर पंचायत के चेयरमैन पद को अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित करने की मांग पर आल इंडिया पीपुल्स फ्रंट के पिपरी प्रभारी कामरेड़ मारी ने राज्य निर्वाचन आयुक्त को पत्र भेजा है। पत्र में निर्वाचन आयुक्त को अवगत कराया गया कि जनपद की पिपरी नगर पंचायत में आबादी का बड़ा हिस्सा आरक्षित वर्ग से संबंधित है बावजूद इसके पंचायती राज अधिनियम एवं संवैधानिक प्रावधानों की अवहेलना कर 1995 से ही अध्यक्ष का पद अनारक्षित श्रेणी में है। इस अवधि में कई बार चुनाव हो चुके हैं, लेकिन आपत्ति दर्ज कराने के बावजूद आरक्षण की अवहेलना की गई है जोकि आरक्षित समुदाय के संवैधानिक अधिकारों का हनन है। पत्र में कहा गया कि प्राप्त आंकड़ों व जानकारी के अनुसार नगर पंचायत में सर्वाधिक आबादी अनुसूचित जाति की है, इसके बाद पिछड़े वर्ग की आबादी है। आरक्षित श्रेणी के लिए अध्यक्ष पद की मांग के बाद चक्रानुक्रम करने के नाम पर सामान्य महिला किया गया लेकिन अभी तक आरक्षित श्रेणी के लिए अध्यक्ष पद आरक्षित न करना इन समुदायों के साथ अन्याय है।

# जवाहर नवोदय विद्यालय में आयोजित हुआ क्षेत्र स्तरीय तीरंदाजी समागम

**प्रतियोगिता**

**शिक्षा के साथ स्वास्थ्य व खेल के प्रति बच्चों में जागरूकता फैलाने की जरूरत : डीएम**

**मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम व योगाभ्यास कर किया गया उत्साहित**

**छह जिलों के बच्चों ने किया प्रतिभाग**

**जनसंदेश न्यूज**

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने शुक्रवार को जवाहर नवोदय विद्यालय समिति क्षेत्रीय कार्यालय बहुआर में नवोदय विद्यालय समिति लखनऊ संभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय क्षेत्रस्तरीय तीरंदाजी समागम का धनुष-तीर से निशाना साधकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में जिलाधिकारी के आने पर विद्यालय के प्रिन्सिपल व शिक्षकों, छात्र-छात्राओं द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह के अवसर कार्यक्रम स्थल पर जिलाधिकारी को बैच लगाकर, अंगवस्त्रम भेंट कर व स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान क्षेत्रस्तरीय तीरंदाजी समागम के अवसर पर छह जिलों के नवोदय विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम में जवाहर नवोदय विद्यालय बहुआर के बच्चियों द्वारा स्वागत गीत व मनमोहक गीत प्रस्तुत किया गया, वहीं बच्चियों ने योगाभ्यास कर उपस्थित जनों को शरीर को स्वस्थ्य रखने के लिए एक मजबूत कड़ी का एहसास दिलाया।

जिलाधिकारी ने कहा कि शिक्षा के साथ ही स्वास्थ्य व खेल के प्रति भी बच्चों को निखारने की जरूरत है, जिससे शिक्षा के साथ ही स्वस्थ्य शरीर का भी विकास होता रहे, जब स्वास्थ्य ठीक रहेगा तभी पढ़ाई-लिखायी के प्रति छात्र-छात्राओं का मनोबल बढ़ता रहेगा, इसलिए बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति भी जागरूक करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि शिक्षकगण बच्चों को एक बेहतर शिक्षा देकर उनको उच्च शिखर पर पहुंचाने का काम करते हैं जो यह एक बड़ा ही सराहनीय कार्य है, जिस कारण बच्चों को इनके आत्मबल का भी अहसास कराते हैं, जिलाधिकारी ने जवाहर नवोदय विद्यालय के छात्राओं को अपने मेहनत व लगन के साथ उच्चतम व गुणवत्ता के साथ शिक्षा देने के लिए शिक्षक, शिक्षकाओं को धन्यवाद भी दिया। इस मौके पर एसपी सिंह प्रिन्सिपल जवाहर नवोदय विद्यालय बहुआर, एसपी त्रिपाठी प्रिन्सिपल मीरजापुर, राहुल सिंह, पीएस यादव सहित अन्य जिलों के नवोदय विद्यालय से आये छात्र-छात्राएं, शिक्षक, शिक्षिकाएं व कार्मिकगण उपस्थित रहे।




तीरंदाजी कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते डीएम चंद्र विजय सिंह

## डीएम ने किया विद्यालय का निरीक्षण, जानी भोजन की गुणवत्ता

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने जवाहर नवोदय विद्यालय बहुआर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने छात्र-छात्राओं के भोजनालय, हास्टल, किचन व किचन गार्डेन का जायजा लिया। उन्होंने हास्टल में छात्र-छात्राओं को दिये जाने वाले भोजन के गुणवत्ता व मीनू के सम्बन्ध में प्रधानाचार्य से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने विद्यालय के हास्टल कक्ष में बच्चों के रहने, सोने व पढ़ने आदि के सम्बन्ध में की गयी व्यवस्थाओं की निरीक्षण किया। वहीं विद्यालय के छात्रा-छात्राओं से वार्ता कर उनके बौद्धिक स्तर को जाना और भविष्य में क्या बनने चाहते हैं, के सम्बन्ध में भी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने स्कूल में शिक्षकों द्वारा छात्रों को दी जाने वाली शिक्षा के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की।

### पोलियो, संचारी रोग नियंत्रण अभियान की डीएम ने की समीक्षा

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने 18 से 25 सितम्बर तक पोलियो महाभियान, 1 से 31 अक्टूबर तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान 7 से 21 अक्टूबर तक चलने वाले अभियान की तैयारियों के सम्बन्ध में समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि पल्स पोलियो महाभियान, संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान में जिन विभागों के जो भी जिम्मेदारियां दी गयी है, वह उसका निर्धारित समय के अन्तर्गत पालन कराना सुनिश्चित करेंगे। पल्स पोलियो महाभियान, संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान के नियंत्रण करना हम सभी की जिम्मेदारी बनती है। उन्होंने कहा कि अपने आस-पास साफ-सफाई, कचरा निस्तारण व जल भराव को रोकने तथा शुद्ध पेयजल के इस्तेमाल पर विशेष ध्यान दिया जाय। नगर पालिका शहरी क्षेत्र व ग्रामीण क्षेत्रों में जल की शुद्धता की भी समय-समय पर जांच करा ली जाये, क्योंकि दषित पानी पीने से कई तरह की बीमारियां होने की संभावना बनी रहती है, इसके लिए उन्होंने जिला विकास अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि दूषित जल की शिकायत प्राप्त होने पर तत्काल संज्ञान लेकर उसकी जांच कराकर आवश्यक प्रबन्धक सुनिश्चित करायें। उन्होंने कहा कि आयुष्मान पखवाड़ा के अन्तर्गत लोगों को आयुष्मान कार्ड बनाये जाने का अभियान चलाया जा रहा है, इस अभियान को सफल बनाने में ग्राम प्रधान, ग्राम सचिव, एमआईसी, आशा, एएनएम सहित जिन भी अधिकारियों को जो भी जिम्मेदारी दी गयी है, वो निर्धारित समय के अन्तर्गत इसे पूर्ण कराना सुनिश्चित करेंगे, जिन अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा इस अभियान में शिथिलता या लापरवाही बरती जायेगी, उनकी जिम्मेदारी तय करते हुए उचित कार्यवाही की जायेगी। इस दौरान उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि उक्त अभियान में जिन ग्राम प्रधान द्वारा लापरवाही व शिथिलता बरती जायेगी, उन ग्राम प्रधानों को नोटिस जारी करने की कार्यवाही की जायेगी। बैठक में जिला विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. आरएस ठाकुर, राजीव सिंह, जिला मलेरिया अधिकारी सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य सम्बन्धितगण मौजूद रहे।

## रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों ने खेल मैदान का किया निरीक्षण

**म्योरपुर।** दशहरा का पर्व नजदीक आते ही रामलीला मंचन व रावण के विशालकाय पुतले के निर्माण हेतु म्योरपुर रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को खेल मैदान का निरीक्षण किया।खेल मैदान में चल रहे प्रदर्शनी मेले के समयावधि को लेकर नाराजगी जताते हुए कमेटी के प्रबंधक गौरीशंकर सिंह ने कहा कि 25 सितम्बर से रामलीला शुरू होने जा रही है और मेले की वजह से वह प्रभावित होगा और रावण के विशालकाय पुतले के निर्माण में भी परेशानी उत्पन्न होगी क्योंकि मेले के वजह से खेल मैदान में जगह ही नही बची है। रामलीला मंचन को देखते हुए खेल मैदान को खाली कराना अति आवश्यक है।खेल मैदान पर रामलीला को लेकर अन्य बातों पर भी चर्चा किया गया।इस दौरान,कमेटी के अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता,मंडली के अध्यक्ष सत्यपाल सिंह,सहदेव तिवारी अमित रावत, गोलू जायसवाल इत्यादि लोग मौजूद रहे।

# ट्रक ने बस व कार को मारी टक्कर, एक दर्जन घायल

**हादसा**

### घटना के बाद मौके से फरार हुआ वाहन चालक

**जनसंदेश न्यूज**


अस्पताल में उपचार कराते दुर्घटना में घायल यात्री।

**चंदौली।** सदर कोतवाली क्षेत्र के फुटिया गांव के समीप शुक्रवार को अनियंत्रित ट्रक ने बस और स्कोर्पियो में टक्कर मार कर दिया और घटना के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। वहीं बस और स्कोर्पियो ने सवाल दर्जन भर यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर जुटे आसपास के ग्रामीणों ने तत्काल सभी घायलों को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

बताते हैं कि बिहार से बस यात्रियों को लेकर वाराणसी जा रही थी। और स्कोर्पियो सवार गाजीपुर से वाराणसी जा रहे थे। जैसे ही दोनों फुटिया गांव के समीप पहुचे की तेज रफ़्तार अनियंत्रित ट्रक ने बस और स्कोर्पियो में टक्कर मार दिया और मौके से फरार हो गया। इस दुर्घटना में सुनीता 35 वर्ष, धर्मेन्द्र 40 वर्ष, पुष्पेन्द्र 10 वर्ष, गोलू 18 वर्ष, प्रिया 20 वर्ष, उमाकांत 50 वर्ष को गंभीर चोटे आई हैं वहीं अन्य लोगों को मामूली चोटें आई, जिनका ईलाज स्थानीय एक निजी अस्पताल में किया गया। और मौके पर चीख पुकार मच गया मौके पर जुटे आस पास के ग्रामीणों ने तत्काल सभी घायल को छतिग्रस्त वाहन से बाहर निकाला और जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहा उनका इलाज चल रहा है।

# कंदवा पुलिस पर हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार


कंदवा पुलिस द्वारा पकड़ा गया मारपीट का आरोपी।

**कन्दवा।** थाना क्षेत्र के कोदई गांव में दो पक्षों में मारपीट के सूचना पर पहुंची पुलिस पर पथराव में शामिल मुख्य आरोपी को शुक्रवार को ककरैत से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। इस मामले में 23 नामजद व 20 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज है। मुख्य आरोपी के पास से एक तमंचा, दो कारतूस, टार्च व दो लाठी बरामद हुआ है। विदित हो कि कोदई गांव निवासी प्रदीप कुमार का ढाई साल का बेटा पीयूष का शव तालाब में मिला था। मासूम के परिजनों व पट्टीदारों में घटना को लेकर विवाद चल रहा है। बीते दिनों दोनों पक्षों में मारपीट की सूचना पर पहुंचे पुलिस पर एक पक्ष के पथराव से घायल हो गए। पुलिस ने शुक्रवार को घटना में शामिल मुख्य आरोपी कोदई निवासी प्रदीप पासवान को ककरैत गांव के समीप से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस टीम में रामपुर चौकी प्रभारी मनोज पांडेय, कन्दवा थाना उपनिरीक्षक अजय, हेड कांस्टेबल वीरेंद्र कुमार, अनिल कुमार आदि रहे। इस सम्बंध में कन्दवा थानाध्यक्ष राजेश कुमार सरोज ने बताया कि घटना में शामिल मुख्य आरोपी को ककरैत से गिरफ्तार किया गया है। अन्य आरोपियों के गिरफ्तार के लिए प्रयास किया जा रहा है।

# जिला न्यायालय व मुख्यालय के लिए आंदोलन करेंगे अधिवक्ता

**प्रेसवार्ता**

### बैठक कर अधिवक्ताओं ने बनाई रणनीति, प्रेसवार्ता कर तय करेंगे रूपरेखा


चंदौली कचहरी में न्यायालय व मुख्यालय के लिए चर्चा करते अधिवक्ता।

**चंदौली।** सिविल बार एसोसिएशन व डिस्ट्रिक्ट डेमोक्रेटिक बार एसोसिएशन की संयुक्त बैठक शुक्रवार को बार भवन में हुई। इस दौरान अधिवक्ताओं ने दीवानी न्यायालय भवन निर्माण में जिलाधिकारी चंदौली के उदासीन रवैया के कारण विलंब होने का आरोप लगाया। साथ ही जिला स्तरीय प्रमुख कार्यालयों व स्टेडियम को तहसील मुख्यालय के बाहर नियम विरुद्ध तरीके से ले जाने के प्रस्ताव पर विरोध दर्ज कराया। नाराज अधिवक्ताओं ने पूरे दिन कार्य बहिष्कार जारी रखा और शनिवार को भी हड़ताल जारी रखते हुए प्रेसवार्ता करेंगे।

इस दौरान अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी व स्थानीय जनप्रतिनिधियों पर जनपद मुख्यालय के विकास में भेदभाव करने का आरोप लगाया।

कहा कि मद्दूपुर में पूर्व पारित प्रस्ताव के विपरीत स्टेडियम का धरहरा सकलडीहा में स्थापित करने का प्रयास पूरी तरह से गलत है जिसका अधिवक्ता पूरी तरह से विरोध करते हैं। कहा कि विकास भवन, पुलिस लाइन, जिला जेल का निर्माण जिला बनने के लगभग 25 साल बाद भी आज तक नहीं किया गया जिसकी वजह से जनपद चंदौली अपने मूर्तरूप में स्थापित नहीं हो सका है। इसके लिए जिला प्रशासन व जनप्रतिनिधियों की उदासीनता जिम्मेदार है। जिले के विकास व जनहित की लड़ाई में अधिवक्ता शुरू से ही अग्रिम पंक्ति में खड़ा होकर उठाता हा है। लेकिन आज शासन-प्रशासन पर कोई असर नहीं हुआ। न्यायालय में भी सीमित संसाधन व इन्फ्रा स्ट्रक्चर के अभाव में फरियादियों को त्वरित न्याय नहीं मिल पा रहा है जिसकी परिकल्पना संविधान में की गयी है।

## संक्षेप

### भैसौड़ा-बरवाटांड मार्ग को जीर्णोद्धार की दरकार


भैसोड़ा-बरवाटांड सम्पर्क मार्ग पर जमा पानी व कीचड़।

**नौगढ़।** ग्राम पंचायत भैसौड़ा के बरवाटांड़ गांव को जाने वाला संपर्क मार्ग काफी क्षतिग्रस्त होने से आवागमन करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस कारण राहगीर गिरकर चोटिल हो रहे हैं। बताया जाता है कि नौगढ़-रावर्टसगंज मार्ग से बरवाटांड गांव को जाने वाला संपर्क मार्ग गड्ढों में तब्दील हो गया है, जिससे रहवासियों व अन्य को आवागमन करने में घोर असुविधाजनक स्थिति का सामना करना पड़ जा रहा है। साइकिल व दो पहिया वाहनों से गिर पड़ कर आए दिन चोटचोटिल होना लाजिमी है। मार्ग मरम्मत कराए जाने की मांग को लेकर आक्रोशित ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर के आक्रोश का इजहार किया। प्रदर्शन करने वाले लोगों में हंसलाल, मुन्ना, ओमप्रकाश, हरिश्चंद्र, सुभाष, रमेश, मंटू, दिनेश, पप्पू, जितेंद्र, आशीष, रामजग, अंशु, सुनील, प्रभु, नागेश्वर, राहूल, मोहन आदि ग्रामीण शामिल रहे।

### त्योहार में खलल डालने वालों पर होगी कार्रवाई: एसडीएम


चंदौली कोतवाली में शांति समिति की बैठक करते एसडीएम व सीओ।

**चंदौली।** आगामी त्योहार दुर्गा पूजा, विश्वकर्मा पूजा आदि को देखते हुए शुक्रवार को एसडीएम अजय मिश्रा के नेतृत्व में सदर कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक आयोजित कि गयी जिसमे नगर के सम्मानित नागरिकों व ग्राम प्रधानों को अपने अपने क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए अपील किया गया। इस बाबत एसडीएम अजय मिश्रा ने कहा कि आगामी त्योहार दुर्गा पूजा चेहल्लुम में सभी आयोजन परंपरागत तरीके से किया जाएगा। किसी कमेटी द्वारा त्योहार में कोई भी नया काम नहीं किया जाएगा। दुर्गा पूजा अथवा चेहल्लुम के जुलूस में किसी प्रकार के शस्त्र प्रदर्शन नहीं किया जाएगा। ऐसा करने पर पुलिस कड़ी कार्यवाई करेगी। कहा कि त्योहार में किसी प्रकार का खलल डालने वालो को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस अराजकतत्वों व संदिग्ध व्यक्तियो पर विशेष नजर रखेगी। उन्होंने ग्राम प्रधानों व सम्मानित नागरिकों से अपील किया कि अपने अपने क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखे यदि कोई व्यक्ति द्वारा किसी त्योहार में खलल डालने का प्रयास किया जाएगा तो तत्काल पुलिस को सूचित करें ऐसे लोगों के खिलाफ पुलिस कड़ी कार्यवाई करेगी। इस दौरान क्षेत्राधिकारी सदर रामवीर सिंह, सदर कोतवाल संतोष सिंह, नगर अध्यक्ष रबिन्द्र नाथ, अशोक मोदनवाल, सभासद अर्चना देवी, रोशन यादव टिल्लू, मधु राय, रामचंद्र कटारिया आदि लोग उपस्थित रहे।

### चंदौली खंड शिक्षाधिकारी के वेतन से कटेगा 25 हजार

**चंदौली।** सदर बीआरसी पर तैनात खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) के खिलाफ राज्य सूचना आयुक्त अजय कुमार उप्रेती ने 25 हजार का जुमार्ना लगाया है। बीईओ ने आयोग में सुनवाई के दौरान कार्यालय में तैनात सहायक को भेज दिया था। आरोप है कि एक माह में सूचना उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया था, लेकिन उन्होंने 21 महीने गुजरने के बाद भी आयोग के आदेशों का पालन नहीं किया। आपको बता दें कि सकलडीहा के रहने वाले राम बहादुर भारती ने वर्ष 2020 में राज्य सूचना आयोग में याचिका दाखिल करके एक विद्यालय के पांचवी कक्षा की प्रवेश पंजिका की प्रमाणित प्रति उपलब्ध कराने की अपील की थी। सुनवाई में सहायक को भेजा इसके बाद आयोग के द्वारा आदेश जारी करके सकलडीहा के तत्कालीन बीईओ सुरेंद्र बहादुर को निर्देश दिया गया कि आयोग को संबंधित दस्तावेज एक माह के अंदर प्रस्तुत करें, परन्तु 21 माह गुजरने के बाद भी बीईओ के द्वारा राज्य सूचना आयोग के समक्ष उपस्थित नहीं हुए और रिपोर्ट भी देना उचित नहीं समझा। वहीं पिछली सुनवाई के दौरान उन्होंने कार्यालय में तैनात नागेंद्र कुमार को भेज दिया। इसके बाद आयोग के द्वारा उनके खिलाफ कार्रवाई गई। आयोग की ओर से जारी आदेश में बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिया गया है कि बीईओ सुरेंद्र बहादुर सिंह के वेतन से जुमार्ना काटकर जमा कराया जाए। राज्य सूचना आयोग की ओर से बीईओ के खिलाफ कार्रवाई के बाद से शिक्षा विभाग में तैनात अफसरों और कर्मचारियों में खलबली मची है।

### सोनहुल में पोखरे में डूबने से बालक की मौत

**चकिया।** कोतवाली क्षेत्र के सोनहुल गांव में शुक्रवार की दोपहर गांव के ही लक्ष्मण प्रसाद के निजी तालाब में नहाने के दौरान 9 वर्षीय छात्र दिव्यांशु की डूबने से मौत हो गई। आनन-फानन में परिजन उसे लेकर जिला संयुक्त चिकित्सालय गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने परिजनों और संभ्रांत व्यक्तियों की मिन्नत करने के बाद उनकी मौजूदगी में ही बच्चे के शव को परिजनों को सौंप दिया। बच्चे की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। बताते हैं कि सोनहुल गांव निवासी गुप्त नाथ के दो पुत्रों में बड़ा पुत्र दिव्यांशु गांव के ही प्राथमिक विद्यालय में कक्षा-3 का छात्र था। शुक्रवार की दोपहर साढ़े बारह बजे के आसपास दिव्यांशु अपने कुछ दोस्तों के साथ गांव के लक्ष्मण के निजी तालाब में नहा रहा था। मौके पर पहुंचे पिता गुप्तनाथ ने ग्रामीणों की मदद से पानी में डूबे छात्र को बाहर निकालकर जिला संयुक्त चिकित्सालय के इमरजेंसी ले गए, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। छात्र की मौत से माता सुशीला का रो-रोकर बुरा हाल था।

### टेबल फैन में उतरा करंट, अधेड़ की मौत

**धानापुर।** थाना क्षेत्र के पुरवा गांव में शुक्रवार को टेबल फैन में करेंट उतने से एक 48 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गयी। घटना को लेकर परिजनों में हड़कंप मच गया। इसकी लिखित तहरीर मृतक के पुत्र ने थाने में दी है। बताते हैं कि पगही (पुरवा) गांव निवासी हंसराज गौतम 48 वर्ष सो कर जगे तो टेबल फैन चल रहा था। वो उसको हटाने लगे तभी अचानक फैन में करेंट उतर गया और वो करेंट के चपटे में आ गए। शोरगुल सुनकर आनन-फानन में मौके पर पहुंचे परिजनों ने देखा तो वो जमीन पर पड़े हुए थे और उनकी मौत हो चुकी थी।

# रामगढ़ रामलीला समिति में पदाधिकारियों का हुआ चयन

**बैठक**

### 15 सदस्यीय पात्र चयन समिति का हुआ गठन


रामगढ़ में आयोजित बैठक में रामलीला समिति के पदाधिकारी

**चहनियां।** क्षेत्र के रामगढ़ गांव स्थित वैष्णो रामशाला में ब्यास शोभनाथ पांडेय व वरिष्ठ समाज सेवी प्रेमलाल श्रीवास्तव की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गयी। जिसमे सर्वसम्मति से 15 सदस्यीय रामगढ़ रामलीला कमेटी तथा 15 सदस्यीय पात्र चयन समिति का चयन हुआ। रामगढ़ रामलीला चयन समिति संरक्षक मण्डल प्रभुनाथ पांडेय, सुधीन्द्र पाण्डेय, राजकुमार सिंह, राजेश सिंह, अर्जुन सिंह, राधेश्याम पाण्डेय, अमृत प्रकाश सिंह, अवधेश सिंह की देश रेख में इस वर्ष कार्य करेगी।

26 सितंबर से होने वाले रामलीला व दशहरा पर लगने वाले विशाल मेला में रावण व मेघनाद के बनने वाले पुतले तथा रामलीला में होने वाले वित्तीय व्यवस्था के नियंत्रण के लिए 15 सदस्यों तथा पात्रो के चयन हेतु 15 सदस्यों की चयन समिति बनायी गयी। 15 सदस्यीय कमेटी में त्रिभुवन सिंह, बच्चन सिंह, राजेश सिंह तथा कोषाध्यक्ष ऋषिकेश यादव की अगुवाई में समिति कार्य करेगी। इसके अलावा 15 सदस्यों की पात्र चयन समिति राजेश कुशवाहा, रोहित गुप्ता, अनुज यादव की देख रेख में कार्य करेगी। चयन प्रक्रिया में रविन्द्र सिंह, जय सिंह, संदीप पाटिल, राजेन्द्र श्रीवास्तव, संतोष सिंह, शिवदत्त पांडेय, आशुतोष सिंह, अकरम अली, संदीप बरनवाल, विनय सिंह,मोनू पांडेय, अवधेश पांडेय, पप्पू माली, मन्नू विश्वकर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

### शिक्षकों के प्रशिक्षण को एसडीएम नौगढ़ ने देखा

**नौगढ़।** निपुण भारत मिशन के अन्तर्गत ब्लाक प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापक सहायक अध्यापक व शिक्षामित्रों का ब्लाक संसाधन केन्द्र में आयोजित चार दिवसीय प्रशिक्षण का उपजिलाधिकारी डा.अतुल गुप्ता ने औचक निरीक्षण किया। जिसमें प्रशिक्षणार्थी शिक्षकों की रजिस्टर में अंकित उपस्थिति के सापेक्ष मौजूदगी काफी कम होने पर उपजिलाधिकारी ने खण्ड शिक्षा अधिकारी नागेंद्र सरोज को निर्देशित किया कि इस तरह की लापरवाही एकदम अक्षम्य है। उन्होंने कहा कि निपुण भारत मिशन के अन्तर्गत सरकार शिक्षकों को प्रशिक्षित करके नये नये आयामों मे पारंगत करके शिक्षणार्थी को सरल व सुलभ शिक्षा मुहैया कराने को अग्रसर है। लेकिन प्रशिक्षणार्थी मनमानी करने पर आमादा है। जिन्हें देख जिम्मेदारान अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं। उपजिलाधिकारी ने बताया कि गुरुवार को कुल 109 शिक्षकों को प्रशिक्षण मे उपस्थित होना रजिस्टर में अंकित किया गया था। जब मौजूदगी की गिनती कराई गई तो मात्र 56 शिक्षक ही मिले। अनुपस्थित शिक्षकों को चेतावनी के साथ कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश खण्ड शिक्षा अधिकारी को दिया गया है।

# बारिश से जलजमाव की भारी समस्या


बारिश के बाद सड़क पर जमा बरसात का पानी।

**नियामताबाद।** क्षेत्र में रुक-रुक कर हो रही बारिश से भारी जलजमाव की समस्या उत्पन्न हो गयी है, जिससे वाहन चालकों के साथ-साथ पैदल यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ रही। विदित हो कि मंगलवार रात्रि से बारिश का सिलसिला शुरू हुआ। शुक्रवार को दोपहर तक रुक-रुक कर बारिश होती रही है। कई दिनों के तक बारिश होने से किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। इस बारिश से धान की फसल में लगने वाली रोगों से लाभ होगा। वहीं गर्मी से परेशान लोगों को राहत जरूर मिली है। दूसरी तरफ नेशनल हाईवे के सटे गांव पचफेड़वा, झंडा, आरटीओ कार्यालय गंजख्वाजा, जन्सो की मडई परिसर आदि स्थानों पर भारी जलजमाव हो गया है। इससे आने-जाने वाले वाहन और लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड रहा है। कुछ स्थानों पर पानी जमा होने से सड़क दिखाई नहीं दे रही, इसके कारण वाहन चालकों को जाम की काफी दिक्कतों से गुजरना पड़ा। ग्रामीण राहुल और अभिषेक ने कहा कि नेशनल हाइवे पर काम करने वाली एजेंसी से इस समस्या को दूर कराने का प्रयास जल्द से जल्द करना चाहिए, जिससे आवागमन में राहगीरों को परेशानी न उठानी पड़े।

# डा. एसके यादव अध्यक्ष व नीमा के सचिव बने डा. आरके शर्मा


चुनाव बाद नीमा के नवनिर्वाचित पदाधिकारीगण

**डीडीयू नगर।** नीमा कार्यालय में साधारण सभा की बैठक में हुई। इसमें चुनाव अधिकारी वरिष्ठ सदस्य डा.गोपाल सिंह के देखरेख में सर्वसम्मति से चुनाव सम्पन्न हुआ। नीमा के सदस्यों ने अपने पिछले कार्यकाल के पदाधिकारियों पर भरोसा जताया। कहा कि कार्यकारिणी के सदस्यों ने हमेशा नीमा के सदस्यों के हित के लिए संघर्षरत रहे। साथ ही शासन के मंशा के अनुरूप मिलकर मुख्य चिकित्साधिकारी के दिशा निर्देश पर जागरूकता अभियान, ब्लड डोनेशन कैम्प, हाइजीन किट वितरण कार्यक्रम एवं निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित कार्यक्रम में हमेशा सहयोग किया। चुनाव अधिकारी डा.गोपाल सिंह ने डा. एसएन उपाध्याय, डा.आनन्द विद्यार्थी व डा.स्वामी नाथ यादव को संरक्षक घोषित किया। इसके अलावा डा एसके यादव को अध्यक्ष, डा. आरके शर्मा को सचिव, डा.मृत्युंजय प्रसाद उपाध्यक्ष को कोषाध्यक्ष, डा. एससी श्रीवास्तव, डॉ केके सिंह को उपाध्यक्ष बनाया गया। इसके अलावा संयुक्त सचिव संजय त्रिपाठी, डा. हरेंद्र यादव, डा. वीके मिश्रा, डा. सुरेन्द्र यादव डिविजनल सेक्रेटरी, डा. बलराम गुप्ता, डा. पीएन तिवारी, डा. एसएन तिवारी, डा.अनिल पांडेय, डा. रमेश चंद्र शर्मा, साइंटिफिक डा आशुतोष सिंह, आडिटर डा. एसके शर्मा, सदस्य डॉ मुमताज, डा. राम मनोहर तिवारी, डा. ओएन सिंह, डा. आरके पांडेय को बनाया गया। इस अवसर पर सदस्यों ने चुने गए पदाधिकारी को माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस अवसर पर डा. पीएन तिवारी, डा.संजय त्रिपाठी, डा.अनिल पांडेय, डा.एसएन तिवारी, डा. हरेंद्र यादव, डा.आरके पांडेय, डा.मुस्तकीम, डा.दीपू सोनी, डा.सतीश चौहान, डा.डीएल चौहान आदि मौजूद थे।

# कायस्थ महासभा ने फिल्म निर्माता का किया विरोध

**डीडीयू नगर।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा द्वारा फिल्म थैंक गार्ड के निमार्ता, निर्देशक एवं अभिनेता अजय देवगन के द्वारा कायस्थ समाज के भगवान चित्रगुप्त की आपत्ति जनक भेष भूषा, भाषा, अमर्यादित टिप्पणी एवं चित्रण करने पर महासभा के जनपद-चन्दौली इकाई द्वारा मुगलसराय कोतवाली में कोतवाल ब्रजेश तिवारी को पत्रक देकर प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की। महासभा के राष्ट्रीय सचिव संजय श्रीवास्तव ने कहा कि फिल्म सेंसर बोर्ड को किसी भी धर्म, मजहब एवं जाति पर आधारित फिल्मों का सभी समाज की भावनाओं का अवलोकन करने के पश्चात ही अनुमति प्रदान करनी चाहिए, जिससे किसी को आहत न पहुंचे। पत्रक देने वालों में संजय श्रीवास्तव, डा.आनंद श्रीवास्तव, सुनील श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव, विक्की, विरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, प्रदीप कुमार सक्सेना,दीपक सिन्हा, राकेश कुमार श्रीवास्तव, गुलाब लाल आदि उपस्थित थे।

# भोड़सर में आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण के लिए हुआ भूमिपूजन


भोड़सर में आंगनबाड़ी केंद्र के शिलापट्ट को अनावरण करते विधायक चकिया कैलाश खरवार।

**शहाबगंज।** क्षेत्रीय विधायक कैलाश खरवार ने शुक्रवार को भोड़सर गांव में आंगनबाड़ी केंद्र का भूमि पूजन कर शिलापट्ट का अनावरण किया। इसी के साथ आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया। क्षेत्रीय विधायक ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र बन जाने से नौनिहालों को केंद्र पर जाकर प्राथमिक शिक्षा प्राप्त करने में मदद मिलेगी। वही गांव की महिलाओं, बच्चियों को शासन द्वारा प्रदान की जा रही योजनाओं का लाभ भी केंद्र से मिलेगा। गांव में एक केन्द्र अपने भवन में जहां चल रहा है। वही दूसरा केन्द्र किराये के मकान में था, लेकिन अब बाल विकास विभाग और ग्राम प्रधान सोनी मौर्य के प्रयास से आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया। दो लाख रूपया बाल विकास विभाग,पांच लाख रुपया मनरेगा व एक लाख छह हजार रुपया ग्राम पंचायत अपने वित्त से खर्च करेगा। भूमि पूजन व शिलापट्ट के अनावरण के बाद केंद्र का निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया। इस दौरान बीडीओ दिनेश सिंह, बाल विकास परियोजना अधिकारी आशीष कुमार वर्मा, प्रधान प्रतिनिधि सत्येंद्र सिंह, आशुतोष सिंह, अखिलेश पाण्डेय, सुमंत मौर्य, रिंकू विश्वकर्मा उपस्थित रहे।

### आंगनबाड़ी केंद्र का किया शिलान्यास

चकिया विकासखंड के बलिया कला गांव के प्राथमिक विद्यालय डेढ़ौना परिसर में शुक्रवार की दोपहर ब्लाक प्रमुख शंभूनाथ सिंह यादव ने आंगनवाड़ी केंद्र का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र के बनने से गांव को सहूलियत मिलेगी। बच्चों के पोषण एवं सुरक्षा के लिए आंगनबाड़ी केंद्र पर व्यापक प्रबंध करने के साथ ही गर्भवती महिलाओं, धात्री महिलाओं एवं किशोरियों के लिए भी पोषण एवं सुरक्षा के प्रबंध जाएंगे।। इस दौरान खंड विकास अधिकारी रविंद्र प्रताप सिंह यादव, सीडीपीओ राकेश बहादुर, ग्राम प्रधान छोटेलाल, मुख्य सेविका तारा देवी सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

# खेलकूद से सकारात्मक ऊर्जा का होता है उदय : संतोष खरवार

**जनसंदेश न्यूज**


शूटिंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते खिलाड़ी।

**डीडीयू नगर।** 6वीं माध्यमिक विद्यालय मंडलीय राइफल शूटिंग प्रतियोगिता का आयोजन शुक्रवार को नगर पालिका इंटर कॉलेज के राइफल शूटिंग रेंज टीवी पर संपन्न हुआ। इसका उद्घाटन नगर पालिका अध्यक्ष संतोष खरवार एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य डा.महेंद्र कुमार पांडेय द्वारा मेजर ध्यानचंद एवं मिल्खा सिंह के प्रतिमा पर माल्यार्पण करके किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य द्वारा बताया गया कि खेलकूद की गतिविधियों से नकारात्मक ऊर्जा को बदलकर सकारात्मक ऊर्जा में परिवर्तित करने में सहायता प्राप्त होती है। प्रतियोगिता का संपूर्ण संचालन विद्यालय के क्रीड़ा अध्यक्ष अरुण कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर अजीत सिंह,गोपाल प्रसाद, विवेक सिंह, राजीव सिंह, डा.दिनेश कुमार, छत्रपाल सिंह आदि लोगों ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया।

प्रतियोगिता में जनपद चंदौली में 14 वर्षीय बालक ओपन साइड राइफल में आशीष शर्मा को गोल्ड मेडल, विशेष कुमार को सिल्वर मेडल व हर्षित मिश्रा ने ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया। वही पिस्टल में श्रेयांश राय गोल्ड मेडल वाराणसी प्राप्त किया। अंडर-17 बालक वर्ग में ज्ञानेंद्र तिवारी पीप साइट राइफल गोल्ड मेडल चंदौली एवं आकाश यादव पीप साइट सिल्वर मेडल वाराणसी ने प्राप्त किया। ओपन साइट राइफल में नमन गुप्ता को गोल्ड मेडल एवं बलवंत को सिल्वर मेडल जनपद चंदौली ने प्राप्त किया। अंडर-17 बालिका में आकृति पिस्टल में गोल्ड मेडल प्राप्त किया एवं ओपन साइड राइफल में काजल कुमारी गोल्ड मेडल, श्रेया सैनी सिल्वर मेडल, गुड्डी कुमारी ब्रॉन्ज मेडल जनपद चंदौली ने प्राप्त किया। इसी प्रकार ओपन साइड राइफल में एखलाक अहमद गोल्ड मेडल जाहिद अली सिल्वर मेडल एवं अखिलेश चौरसिया ब्रोंज मेडल प्राप्त किया। इस मंडलीय प्रतियोगिता में जनपद चंदौली जनपद वाराणसी जनपद जौनपुर के कुल 56 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें 15 मेडल प्राप्त करके जनपद चंदौली चौंपियन बना एवं 6 मेडल के साथ जनपद वाराणसी द्वितीय स्थान प्राप्त किया एवं जनपद जौनपुर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# दुर्गा पूजनोत्सव की तैयारी शुरू कमेटी गठित

**चहनियां।** क्षेत्र में दुर्गा पूजा समारोह की तैयारियां जोरों पर चल रहा है । शुक्रवार को भव्य पूजा पंडाल बनाने का कार्य शुक्रवार को शुरू हो गया। वही शिव मंदिर पर छात्र संगठन सृजन परिवार की बैठक गुरुवार की शाम को सम्पन्न हुई। जिसमें श्री श्री दुर्गा पूजनोत्सव के पदाधिकारियों का गठन हुआ। शुक्रवार को चहनियां शिव मंदिर पर भी पंडाल निर्माण का कार्य कलकत्ता से आये कारीगरों द्वारा पूजन अर्चन के साथ शुरू हुआ। वही गुरुवार की देर शाम को संरक्षक उदय प्रताप सिंह पप्पू,अध्यक्ष गोपाल गुप्ता ,उपाध्यक्ष शिवलाल जायसवाल, महामंत्री आनन्द सिंह, कोषाध्यक्ष जयशंकर जायसवाल व सदस्य गण पूर्व प्रधान सरिद्वार यादव,रामजी मोदनवाल, भानु प्रताप यादव,अजय सिंह, आलोक जायसवाल,संजय गुप्ता, जयप्रकाश यादव,प्रधानपति सतीश गुप्ता को बनाया गया है।

# केक काटकर की पीएम के दीर्घायु होने की कामना


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन की पूर्व संध्या पर केक काटते समाजसेवी राकेश यादव एवं बच्चे।

**जनसंदेश न्यूज**

**चहनियां।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 72वें जन्मदिवस की पूर्व संध्या पर उनका जन्मदिन शुक्रवार को क्षेत्र के मारूफपुर बाजार में समाजसेवी राकेश यादव रौशन के नेतृत्व में बच्चों के बीच केक काटकर मनाया गया। इस दौरान बच्चों ने प्रधानमंत्री के दीघार्यु होने की ईश्वर से कामना की। राकेश यादव रौशन ने बताया कि नरेंद्र मोदी के जन्मदिन की पूर्व संध्या पर बच्चों के बीच में केक काटकर और मिष्ठान का वितरण करके प्रधानमंत्री के दीघार्यु होने की ईश्वर से कामना की गई। इस अवसर पर ग्राम प्रधान जमालपुर ज्ञानी जैल सिंह यादव, नौशाद अहमद, आकाश यादव, रहमत अली सहित बच्चे-बच्चियां उपस्थित थे।

## सोशल मीडिया ट्रोलिंग का अर्शदीप सिंह पर गहरा प्रभाव पड़ सकता था : रविचंद्रन अश्विन

भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन का मानना है कि हाल में दुबई में एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ सुपर फोर मैच में एक कैच टपकाने पर ट्रोल्स के निशाने पर आये बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह पर इसका भावनात्मक रूप से असर हो सकता था। प्रशंसकों ने सोशल मीडिया पर अर्शदीप के खिलाफ अपना गुस्सा निकाला। ये कैच उन्होंने उस समय छोड़ा था जब पाकिस्तान को जीत के लिए दो ओवर में 34 रन की जरूरत थी पारी के 18वें ओवर में जब पाकिस्तान को जीत के लिए 34 रन की जरूरत थी, आसिफ अली ने लेग स्पिनर रवि बिश्नोई की गेंद को स्वीप किया। तब लग रहा था कि आसिफ अली पवेलियन लौटने ही वाले हैं लेकिन 23 वर्षीय अर्शदीप ने सीधा मौका टपका दिया।



# ऑस्ट्रेलिया और द.अफ्रीका के खिलाफ सीरीज में जडेजा का विकल्प तलाशेगी भारतीय टीम

## जडेजा एशिया कप में चोटिल होने के बाद से ही टी20 विश्वकप से भी बाहर हो गये

**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट टीम टी20 विश्वकप से पहले ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली सीमित ओवरों की सीरीज में ऑलराउंडर रविन्द्र जडेजा का विकल्प तलाशने का प्रयास करेगी। जडेजा एशिया कप में चोटिल होने के बाद से ही टी20 विश्वकप से भी बाहर हो गये हैं क्योंकि उनकी सर्जरी हुई है। ऐसे में उनके विकल्प के तौर पर अक्षर पटेल को शामिल किया गया है। जडेजा स्पिनर होने के साथ भी एक आक्रामक बल्लेबाज ओर बेहतरीन क्षेत्ररक्षक भी हैं। ऐसे में उनका बाहर होना टीम के लिए करार झटका है।



जडेजा ने पिछले कुछ समय में जरुरत पड़ने पर बड़ी पारियां खेली हैं। ऐसे में किसी भी खिलाड़ी के लिए उनकी कमी पूरी करना आसान नहीं रहेगा। अक्षर के अलावा भी कई खिलाड़ी हैं, जिन्हें जडेजा के विकल्प के तौर पर टी20 विश्व कप के दल में रखा गया है। अब इनमें से कौन सा खिलाड़ी, टी20 विश्व कप के दौरान भारतीय टीम के अंतिम ग्यारह का हिस्सा बनता है। इसका पता ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली घरेलू टी20 सीरीज में प्रदर्शन के आधार पर होगा।

जडेजा इसलिए भारतीय टीम के लिए अहम हैं क्योंकि वह अपनी गेंदबाजी के अलावा बल्लेबाजी और फील्डिंग से भी कियी भी मैच का रुख बदलने की क्षमता रखते हैं।

जडेजा ने सितंबर 2020 से अब तक गल दो साल में 15 टी20 में 56.80 की औसत से 284 रन बनाए हैं। इसमें उनका स्ट्राइक रेट भी 140 से ऊपर का है। इस अवधि में जडेजा ने चार बार 30 से अधिक रन बनाये हैं। इसमें से तीन अवसरों पर वह नाबाद रहे हैं। इस प्रकार टीम के लिए मैच फिनिशर भी रहे हैं। इसी अवधि में जडेजा ने 15 मैच में 6.84 की इकोनॉमी रेट से 12 विकेट लिए हैं। ऐसे में उनका न होने से गेंदबाजी पर भी असर पड़ेगा।

अक्षर को जडेजा के चोटिल होने के कारण ही टी20 विश्व कप के स्क्वॉड में शामिल किया गया है। वो भी जडेजा की तरह ही स्पिन गेंदबाजी करते हैं। अक्षर भी नंबर-7 पर उपयोगी खिलाड़ी साबित हो सकते हैं। हालांकि, वो जडेजा की तरह ऐसे बल्लेबाज नहीं हैं, जिन्हें शीर्ष क्रम पर भेजा जा सकता हो। वह निचले क्रम पर ही बल्लेबाजी कर सकते हैं। ऐसे में अगर उन्हें अंतिम ग्यारह में मौका दिया जाता है, तो इससे गेंदबाजी तो मजबूत हो जाएगी। कम से कम छठे गेंदबाज के रूप में एक बेहतर विकल्प मिल जाएगा पर बल्लेबाजी में गहराई नहीं रहेगी। अक्षर ने इस साल 11 टी20 खेले हैं और इसमें से 5 में बल्लेबाजी नहीं की। उनका सबसे अधिक स्कोर नाबाद 20 रन है। जो बेहद सामान्य है।

वहीं दीपक हुडा को भी टी20 विश्व कप के साथ ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन टी20 की सीरीज के लिए भारतीय टीम में जगह मिली है। हुडा भी नंबर-7 पर भारत के लिए अहम खिलाड़ी साबित हो सकते हैं। वो बल्लेबाजी के साथ-साथ ऑफ स्पिन गेंदबाजी कर लेते हैं। हुडा को अगर अंतिम ग्यारह में शामिल किया जाता है, तो उससे बल्लेबाजी तो जरूर मजबूत होगी पर गेंदबाज नहीं। ऐसे में हार्दिक पंड्या पर अपने कोटे के 4 ओवर डालने का दबाव आ जाएगा।

इसी को देखते हुए भारतीय टीम प्रबंधन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज में हुडा को अवसर दे सकता है। इससे टी20 विश्व कप से पहले यह साफ हो जाएगा कि वह जडेजा की जगह ले सकते हैं या नहीं।

वहीं दिग्गज स्पिनर आर अश्विन भी जडेजा के विकल्प हो सकते हैं। उन्होंने आईपीएल-2022 में राजस्थान रॉयल्स के लिए निचले क्रम में अच्छी बल्लेबाजी की थी। बीते एक साल में उन्होंने टी20 के लिहाज से अपनी बल्लेबाजी में काफी सुधार किया है। उनके पास ऑस्ट्रेलिया में खेलने का अनुभव है और वो टी20 में पावरप्ले के साथ ही बीच के ओवर में भी किफायती गेंदबाजी कर रहे हैं।

# घर सरीखी सफाई को बाहर दें महत्व

**अभियान**

### स्टेशन निदेशक ने यात्रियों सहित कर्मचारियों को स्वच्छता की दिलायी शपथ

**वाराणसी।** शुक्रवार को कैंट स्टेशन पर यात्रियों के बीच पहुंचे स्टेशन निदेशक गौरव दीक्षित ने महात्मा गांधी की वो लाइन याद दिलाई जिसमें उन्होंने कहा था कि स्वच्छता में ईश्वर का वास होता है। उन्होंने सभी को शपथ दिलाते हुए स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारम्भ किया।

अपर मंडल रेल प्रबंधक वाराणसी लालजी चौधरी के निर्देशन में शुरू हुए इस स्वच्छता पखवाड़े के पहले दिन कार्टून कैरेक्टर मोटू पतलू ने यात्रियों को सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रति जागरुक किया। इसके साथ ही ट्रेनों व प्लेटफार्म पर बैठे यात्रियों में पम्पलेट वितरित कर गंदगी ना करने की अपील की। बच्चों



सहित बड़ों ने मोटू पतलू के साथ खूब सेल्फी भी लिया। स्टेशन निदेशक गौरव दीक्षित ने यात्रियों सहित रेल कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाते हुए कहा कि जैसे अपने घर की स्वच्छता पर ध्यान देने में सभी तत्पर रहते हैं वैसे ही सार्वजनिक स्थानों पर भी स्वच्छता का महत्व देना होगा। तभी स्वच्छ भारत की परिकल्पना को साकार किया जा सकता है। इस अभियान में मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक राकेश, मुख्य टिकट निरीक्षक एस के पांडेय, मुख्य पार्सल निरीक्षक विनोद, सीबीएस जेपी, सीआईटी रोस्टर धर्मेंद्र, सीएमआई नीलकमल, विकास, सफाई प्रबंधक चंद्रभूषण गिरी ने सहयोग किया।

# संजू सैमसन को भारतीय ए टीम की कमान भारतीय टीम में नहीं मिली थी जगह

## इंडिया ए और न्यूजीलैंड ए में तीन मैचों की वनडे इंटरनेशनल सीरीज होगी

**नई दिल्ली।** 22 सितंबर से इंडिया ए और न्यूजीलैंड ए के बीच तीन मैचों की वनडे इंटरनेशनल सीरीज खेली जानी है। इसके लिए इंडिया ए स्क्वॉड का ऐलान कर दिया गया है। टीम में कई जाने-माने नाम शामिल हैं, साथ ही कप्तानी का जिम्मा दिया गया है संजू सैमसन को, जिन्होंने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की फ्रेंचाइजी टीम राजस्थान रॉयल्स की कप्तानी करते हुए काफी प्रभावित भी किया है। इंडिया ए स्क्वॉड में एक नाम ऐसा है, जो थोड़ा चौंकाने वाला है। अंडर-19 वर्ल्ड कप 2022 में भारत को चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाने वाले ऑलराउंडर राज अंगद बावा को टीम में जगह मिली है, लेकिन उसके पीछे एक गणित है, चलिए समझते हैं क्यों इस खिलाड़ी को



किया जा रहा है फास्ट ट्रैक। फास्ट बॉलर ऑलराउंडर की कमी टीम इंडिया को लंबे समय तक रही है। हार्दिक पांड्या ने इस कमी को पूरा किया, लेकिन जब वह इंजरी और सर्जरी से परेशान रहे, तब भारत ने विजय शंकर और शिवम दुबे जैसे खिलाड़ियों को उनके रिप्लेसमेंट के तौर पर आजमाया। दोनों ही इस रोल में फ्लॉप साबित हुए। फिर शार्दुल ठाकुर पर भी दांव लगाया गया, लेकिन यह दांव भी कुछ खास हिट नहीं हुआ।


ऑल इंडिया सीनियर सिलेक्शन कमिटी ने इंडिया ए में बावा को जगह देकर उन्हें फास्ट ट्रैक करने का मन बना लिया है। हार्दिक फॉर्म में लौट चुके हैं, लेकिन टीम इंडिया जितना क्रिकेट खेलती है, ऐसे में हर खिलाड़ी का एक बढ़िया रिप्लेसमेंट होना टीम मैनेजमेंट की जरूरत है। ऐसा माना जा रहा है कि बावा को इसी वजह से फास्ट ट्रैक किया जा रहा है कि वह आने वाले समय में हार्दिक के रिप्लेसमेंट के तौर पर खेल सकें।

अब देखना है कि स्क्वॉड में चुने गए बावा को कितना खेलने का मौका मिलता है और वह एक्सपीरियंस्ड खिलाड़ियों से कितना सीखते हैं।

## संक्षेप

### पं.अमरनाथ तिवारी का हुआ सारस्वत सम्मान

**आजमगढ़।** आचार्य चंद्रबली पांडेय स्मृति समिति के तत्वावधान में हिंदी सप्ताह का आयोजन पंडित अमरनाथ तिवारी के राहुल नगर स्थित आवास पर संपन्न हुआ। अध्यक्षता जिला



सहकारी बैंक के चेयरमैन जय प्रकाश पांडेय ने की। उक्त अवसर पर पंडित अमरनाथ तिवारी का सारस्वत सम्मान करते हुए मुख्य अतिथि प्रो. प्रभुनाथ सिंह मयंक ने कहा कि आचार्य चंद्रबली पांडेय सूफी साहित्य, संस्कृत साहित्य, तथा अरबी, फारसी और अंग्रेजी साहित्य के प्रख्यात विद्वान आलोचक थे। पंडित अमरनाथ तिवारी आजमगढ़ की यशस्वी साहित्य परंपरा के रत्नमाला के सुमेरु हैं। समारोह के आयोजक, संचालक एवं आचार्य चंद्रबली पांडेय स्मृति समिति के महामंत्री प्रभुनारायण पांडेय प्रेमी ने कहा कि आचार्य चंद्रबली पांडेय सूफी फकीर व बहुमुखी प्रतिभा के साहित्यकार थे, उन्होंने राष्ट्रभाषा हिंदी के गौरव की स्थापना के लिए साहित्य के महायोद्धा के रूप में जीवन पर्यंत संघर्ष किया। जयप्रकाश पांडेय ने कहा कि यह आजमगढ़ का सौभाग्य और गौरव है कि पंडित अमरनाथ तिवारी जैसे मनीषी, साहित्यकार, पत्रकार, शिक्षाविद हमारी पीढ़ी के लिए निरंतर चेतना जागरण का प्रेरक कार्य कर रहे हैं। संजय कुमार पांडेय, मनोज कुमार पांडेय, रवि प्रकाश चैबे, राजीव रंजन तिवारी, निशीथ रंजन तिवारी एडवोकेट, आलोक वर्मा, रामकुंवर यादव, अजय यादव, अनूप मिश्रा इत्यादि ने अपना विचार व्यक्त किया। पंडित अमरनाथ तिवारी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

### अराजक तत्वों पर होगी कड़ी कार्रवाई : एसडीएम

**ओबरा।** कोतवाली परिसर में त्योहारों के मद्देनजर शुक्रवार को पीस कमेटी की बैठक आहूत की गई। एसडीएम राजेश सिंह व क्षेत्राधिकारी शंकर प्रसाद ने नगर तथा आसपास के क्षेत्रों में होने वाले विश्वकर्मा पूजा, दुर्गा पूजा, चेहल्लूम, रामलीला मंचन तथा दशहरा को शांति पूर्वक मनाए जाने व आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील किया। उपजिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी ने बैठक में उपस्थित सभी लोगों से बिंदुवार समस्याओं पर चर्चा करने के साथ ही मेला परिसर में मनचलों पर नकेल कसने तथा मूर्ति विसर्जन को लेकर कहा कि किसी प्रकार की लापरवाही नहीं किया जाय। मूर्ति वही विसर्जन करें जहां पर स्थान चिन्हित किया गया हो। दुर्गा पूजा पंडालों में किसी भी प्रकार से आगजनी संबंधित घटनाओं से बचने के लिए संबंधित कमेटी के लोगों को निर्देशित करते हुए कहा कि आग नियंत्रक उपकरणों का आवश्यक रूप से प्रयोग करें। नगर में साफ सफाई आदि को लेकर नगर पंचायत को मौके पर व्यवस्था सुदृढ़ रखने हेतु निर्देशित किया गया। कहा कि माहौल खराब करने वाले शरारती तत्वों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। बैठक में प्रभारी निरीक्षक मिथिलेश मिश्रा, केदार नाथ मौर्या, अमित त्रिपाठी, परविंदर सिंह, धुरंधर शर्मा, मुनीर अहमद, गिरीश नारायण सिंह, राजीव वैश्य, विजय शंकर यादव, आशीष, विशाल गुप्ता, सुशील कुशवाहा, अभिषेक, राजेश यादव आदि उपस्थित रहे।

### दुद्धी सीएचसी में गंदगी का अंबार, मरीज परेशान

**दुद्धी।** तहसील मुख्यालय पर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दुर्व्यवस्था का शिकार है। मरीज अपना इलाज कराने के लिए जाते हैं, लेकिन यदि गन्दगी रहेगी, दुर्गन्ध उठेगा तो मरीज के साथ अटेंडेन्ट भी बीमार पड़ जायेगा। डीसीएफ चेयरमैन सुरेन्द्र अग्रहरि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर खोखा निवासी बित्तन गुप्ता का हाल लेने के लिए गए तो वहां की स्थिति देखकर हैरान रह गए। तुरन्त इसकी सूचना मुख्य चिकित्साधिकारी को दिये कि हास्पिटल की स्थिति बहुत ही खराब है। जगह जगह गन्दगी है। मरीज परेशान हैं। मरीज ने बताया कि सप्ताह में केवल एक बार सफाई हुई है, शौचालय में तो एक सप्ताह से ऊपर हो गए, पानी नहीं आ रहा है। सुरेन्द्र ने इसकी सूचना उपजिलाधिकारी को दिया। तत्पश्चात उपजिलाधिकारी शैलेन्द्र मिश्रा निरीक्षण करने पहुंचे और गन्दगी और उठते दुर्गन्ध पर कड़ी नाराजगी जाहिर किया। इस मौके पर संजु तिवारी, धनंजय रावत उपस्थित रहे।

### पत्रकारों की सात सदस्यी टीम जाएगी हैदराबाद

अनपरा। सोनभद्र-सिंगरौली से पत्रकारों की सात सदस्यी टीम 23 और 24 को हैदराबाद में होने वाले राष्ट्रीय अधिवेशन में भाग लेगी। इस दौरान पत्रकारों के मिनिमम वेज, पत्रकार सुरक्षा, मजीठिया वेज बोर्ड सहित पत्रकारों के पेंशन आदि पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। जिसमें देश भर के पांच सौ से अधिक पत्रकार शिरकत करेंगे। यात्रा प्रभारी चन्द्रमौलि मिश्र ने बताया कि उत्तर प्रदेश वर्किंग जर्नलिस्ट के बैनर तले हैदराबाद में दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित होगा, इसके बाद पत्रकारों को फिल्म सिटी, श्रीशैलम मल्लिकार्जुन आदि स्थानों पर तेलंगाना के पत्रकार मित्रों के सहयोग से घुमाया जाएगा। सोनभद्र से वरिष्ठ पत्रकार विजय शंकर चतुवेर्दी, विजय विनीत, आरपी सिंह, दीपक सिंह एके द्विवेदी आदि जाएंगे। इस सम्बंध में अनपरा में शुक्रवार को एक बैठक आयोजित कर मंत्रणा की गई।

### संदिग्ध परिस्थितियों में मिली अज्ञात विवाहिता की लाश

**बदलापुर।** कोतवाली क्षेत्र के उदपुर गेल्हवा ग्राम पंचायत के दाऊदपुर में स्थित राम लीला मंच के समीप झाड़ी के पीछे एक संदिग्ध परिस्थितियों में एक अज्ञात विवाहिता की लाश मिलने से क्षेत्र में सन-सनी फैल गई। वहीं सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने घटना की सूचना उच्च अधिकारियों दिए, इसके बाद बदलापुर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई में जुटी हुई है। यह भी बताते चलें कि उक्त विवाहिता का आधा मुख जमीन में धंसा हुआ था शरीर में कई जगह चोट के निशान भी थे और शव के पास में शाराब की दो बोतल भी पड़ी हुई थी। जिससे मौजूद लोगों ने हत्या कर शव फेंके जाने की आशंका जताई है। इस सम्बन्ध में क्षेत्राधिकारी सुभम तोदी ने बताया कि पीआरबी की सूचना पर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायत नामा कर पोस्टमार्टम भेजने की कार्रवाई की जा रही है और शव की पहचान करवाने का प्रयास किया जा रहा है आगे विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## चन्दौली/आसपास

# पॉलिटेक्निक के 82 विद्यार्थियों को मिला टैबलेट, छाई खुशी

**चहनियां।** क्षेत्र के महुअर कला स्थित पंडित रामाधार जे पॉलिटेक्निक कालेज में शुक्रवार की शाम को पॉलिटेक्निक तृतीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं को टैबलेट वितरित किया गया। वितरण कार्यक्रम की शुरूआत सीओ सकलडीहा राजेश राय व इंस्पेक्टर बलुआ राजीव कुमार सिंह ने मां सरस्वती के तैल चित्र पर माल्यार्पण व धूप दीप प्रज्जवलित करके किया। कुल 82 छात्र छात्राओं को टैबलेट बितरित किया गया। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा छात्र-छात्राओं को अच्छी और उच्च स्तरीय शिक्षा से जोड़ने के लिए स्मार्ट फोन व टैबलेट का वितरण किया जा रहा है। उसी क्रम में शुक्रवार को पंडित रामाधार जे पॉलिटेक्निक कालेज महुअर में टैबलेट वितरित किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि सीओ सकलडीहा राजेश राय ने कहा शासन स्तर पर छात्र छात्राओं को स्मार्ट शिक्षा से जोड़ने के लिए अनवरत प्रयास किया जा रहा है। इस टैबलेट से सभी छात्र छात्राओं को सरकार द्वारा डिजिटल युग की ओर प्रेरित किया जा रहा है। इंस्पेक्टर राजीव सिंह ने कहा कि वर्तमान सरकार छात्र छात्राओं को



पंडित रामाधार जे पॉलिटेक्निक कालेज महुअरकलां में टैबलेट वितरित करते हुए सीओ सकलडीहा राजेश राय।

अच्छी शिक्षा देने के लिए संकल्पित है और इसी क्रम में ऐसे प्रयास किये जा रहे है। इस दौरान संस्थान के प्रबंधक आनन्द तिवारी सोनू ने अतिथियों को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में डायरेक्टर डा.शशिभूषण पांडेय, प्रिंसिपल परमात्मा वर्मा, विनोद कुमार, प्रिंसिपल बृजेश सिंह, नदीश तिवारी, प्रदीप तिवारी, अवधेश तिवारी उपस्थित रहे।

## आकाशीय बिजली से दो गायों की मौत



**कमालपुर।** धीना थाना क्षेत्र के महुंजी गांव में शुक्रवार की दोपहर दो बजे सिवान में चर रही दो गाय आकाशीय बिजली के चपेट में आने से मौत हो गई। भुक्तभोगी की सूचना पर लेखपाल व पशु विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचकर कागजी कार्यवाही में जुट गए। महुजी गांव निवासी रामअवतार की दो गाय सीवान में चर रही थी। लगभग दो बजे अचानक आकाशीय बिजली के चपेट में आने से दो गायों की मौके पर ही मौत हो गई। इससे गरीब परिवार के ऊपर दुःखों का पहाड़ टूट पड़ा। पूर्व प्रधान उमाशंकर सिंह, समाजसेवी पवन प्रजापति उर्फ पहाड़ी, पंकज निषाद आदि ने जिला प्रशासन से गरीब परिवार को अहेतुक राशि दिलवाने की मांग की है।

# सरल और सहजता संग बच्चों का हो शैक्षणिक वातावरण

जनसंदेश न्यूज

**सकलडीहा।** तीन दिवसीय शिक्षण सहायक सामग्री (टीएलएम)का प्रशिक्षण का शुक्रवार को समापन हुआ। प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे शिक्षकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान डायट प्राचार्य संगीता चौधरी ने बताया कि बच्चों का अध्ययन सरल और सहजता के साथ शैक्षणिक वातावरण में किया जाय।

तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षण संदर्भदाताओं ने विभिन्न सत्र के माध्यम से टीएलएम की बारीकियां, टीएलएम निर्माण सामग्री व उसकी उपयोगिता के साथ ही बच्चों में शिक्षा के प्रति रुचि पैदा करने हेतु नोडल शिक्षकों को विभिन्न प्रकार की गतिविधियों से संदर्भ दाता बृजेश यदुवंशी, धर्मेंद्र कुमार यादव,वंदना वर्मा व इन्दु श्रीवास्तव ने प्रतिभागियों को परिचित कराया। इस दौरान टीएलएम बनाने हेतु स्टेशनरी की उपलब्धता डायट की ओर से किया गया। प्रतिभागियों को जनपद स्तरीय प्रशिक्षण के सफलतापूर्वक संचालन हेतु डायट प्राचार्य की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय अनुश्रवण समिति का गठन किया गया है।

समापन सत्र को संबोधित कर प्राचार्य संगीता चौधरी ने बताया कि बच्चों का पठन पाठन बेहतर बने। इस उद्देश्य को पूरा करना सबकी जिम्मेदारी है। अंत में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे शिक्षकों को प्रमाण पत्र वितरण किया गया। इस दौरान वरिष्ठ प्रवक्ता डा.माया सिंह, मनोज कुमार, डा.बैजनाथ पाण्डेय, देवेन्द्र कुमार, डा.जितेन्द्र सिंह, रोशन सिंह ,जयंत कुमार सिंह, प्रवीण कुमार राय, रामानंद कुमार, मंजु कुमारी, कमर अयूब, राजेश सिंह, जेपी रावत आदि मौजूद रहे।

# छात्र-छात्राओं को यौन-शोषण से बचाव की दी जानकारी

**चंदौली।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष व जिला जज सुनील कुमार चतुर्थ के अनुमति के पश्चात जनपद न्यायालय मे राजकीय हाईस्कूल पैतुआ के एसपीसी के छात्र-छात्राओं के द्वारा सम्पूर्ण न्यायालय का भ्रमण किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को सचिव संदीप कुमार के द्वारा सर्वाइकल कैंसर (गर्भाशय ग्रीवा कैंसर) से बचाव के बारे में बताया। शासन की तरफ से प्रारंभिक दौर से ही शिक्षा के ऊपर कई प्रकार की योजनाओं का संचालन हो रहा है उन सभी योजनाओं का लाभ प्रत्येक अभिभावक अपने बच्चो को दिलाना चाहिए। साथ ही सचिव ने बच्चों का ध्यान यौन शोषण से बचाव की तरफ आकर्षित किया। बालिकाओं को बताया कि समाज व अन्य जगहों पर अपना ध्यान रखते हुए सतर्क व सावधान रहें। यदि कही भी अपनी सुरक्षा में कमी दिखती है तो महिलाओं की सुरक्षा के लिए जारी 1090, 112 डायल, चाइल्ड हेल्पलाइन, 1098 सेवाएं पर सम्पर्क कर सहयोग मांगे। सचिव संदीप कुमार द्वारा तहसील सभागार चंदौली में उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं को घरेलू हिंसा अधिनियम, गुजारा भत्ता की मांग कानून एवं 12 नवंबर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में बताया गया। बताया कि समान वेतन का अधिकार में पारिश्रमिक अधिनियम के अनुसार वेतन या मजदूरी को लिंग के आधार पर किसी के साथ भी भेदभाव नहीं किया जा सकता, काम पर हुए उत्पीड़न के खिलाफ अधिकार काम पर हुए यौन उत्पीड़न के खिलाफ शिकायत दर्ज करने का पूरा अधिकार है। नाम न छापने का अधिकार यौन उत्पीड़न की शिकार महिलाओं को नाम न छापने देने का अधिकार है। उक्त शिविर में राजकीय हाई स्कूल पैतुआ चन्दौली के प्रधानाचार्य व अध्यापिका भी उपस्थित थी।

# बबुरी दलित बस्ती के रास्ते पर बह रहा नाबदान का पानी

**बबुरी।** कस्बा अंतर्गत दलित बस्ती में कई दशक से जल निकासी की समस्या है जिस कारण मार्ग नाले में तब्दील हो चुके हैं, लेकिन ग्राम प्रधान उक्त गली में झांकने तक नहीं जाते। पुराने थाने से लगायत बागेश्वरी माता मंदिर तक जाने वाले रास्ते में नाबदान का गंदा पानी हर मौसम में बजबजाता रहता है। कई बार ग्रामीणों ने इसकी शिकायत ग्राम प्रधान से की लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ।

ग्रामीण बताते हैं कि बस्ती को रवीदास मंदिर से होते हुए बस स्टैंड से जोड़ने वाला मार्ग तथा बागेश्वरी माता मंदिर से पुराने थाने तक जाने वाला रास्ता कई दशक से अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। लेकिन प्रधानों के कई कार्यकाल बीत जाने के बाद भी उक्त मार्ग का जीर्णोद्धार नहीं हो सका। वर्तमान ग्राम प्रधान ने चुनाव के वक्त वादा किया था कि मार्ग का निर्माण कराया जाएगा, परंतु आज तक उक्त मार्ग को देखने



बबुरी कस्बा स्थित दलित बस्ती पर सड़क पर जमा कीचड़ व गंदा पानी।

तक नहीं आए। बताते चलें कि दोनों रास्तों पर लगभग तीन दशक पहले के पत्थर के खड़ंजे बिछे हुए है।

ग्रामीण बताते हैं कि हर बार चुनाव के समय बस्ती की समस्याएं चुनाव का सबसे बड़ा मुद्दा होती है। लेकिन चुनाव बीतने के साथ ही बस्ती की समस्याओं को लोग भुला देते हैं। आलम यह है कि बरसात के दिनों में दलित बस्ती में क्षतिग्रस्त खड़ंजा और नालियों के चलते घुटनों तक पानी लग जाता है, जिससे बस्ती के लोगों को आवागमन करने में भारी कठिनाइयों का सामना पकड़ना पड़ता है। बताया कि रात में आवागमन करने पर कई बार बस्ती के लोग गिरकर चोटिल होते रहते हैं तथा जहरीले जीव जंतुओं का भी भय बना रहता है। बस्ती के लोगों ने मांग करते हुए कहा कि जल्द से जल्द इस मार्ग का मरम्मत कराया जाए अन्यथा आंदोलन को बाध्य होंगे।

# फंदे से लटकता मिला किशोर का शव

**शाहगंज।** क्षेत्र के बड़ागांव बखारा में शुक्रवार की सुबह एक किशोर का शव संदिग्ध हालत में लटकता मिला। घटना की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुटी है। उक्त गांव निवासी राजेश बिंद का 14 वर्षीय पुत्र देवानंद बिंद रोज की तरह गुरुवार की रात घर में भोजन करने के बाद सोने के लिए घर के बाहर बरामदे में चला गया।

शुक्रवार सुबह जब पिता राजेश बाहर निकले तो बरामदे के टीनशेड में लगे लोहे की पाइप पर रस्सी के सहारे बेटे को लटकता देख के होश उड़ गये। पिता की चीख पुकार सुनकर परिजन और पड़ोसी मौके पर पहुंचे। आनन-फानन में किशोर को स्थानीय राजकीय पुरुष चिकित्सालय ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस घटना के कारणों की जांच में जुटी है। किशोर की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**दुखद**

**मौत की खबर पर परिजनों में मचा कोहराम**

जनसंदेश न्यूज



मृतक की फाइल फोटो

**सुइथाकला।** थाना क्षेत्र के मनवल गाँव के एक युवक की गुरुवार की शाम वाराणसी में संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मौत की खबर पर परिजनों में कोहराम मच गया। बताया जाता है कि क्षेत्र के मनवल गांव निवासी 28 वर्षीय अजय पुत्र स्व. मोतीलाल हरिजन वाराणसी मे किसी के यहाँ ट्रैक्टर चालक के रूप में काम करता था। गुरुवार को उसके मालिक द्वारा परिजनों को मोबाइल फोन पर उसके अस्पताल में भर्ती होने की खबर दी गई। सूचना पर परिजन जब मौके पर पहुँचे तो वह मृत अवस्था में अस्पताल के बाहर पड़ा मिला। पूछने पर उन लोगों ने बताया कि उसे किसी जहरीले सर्प ने डंस लिया था जबकि उसके शरीर पर सर्पदंश का कोई निशान मौजूद नहीं था। बहरहाल उसे पैतृक गाँव लाया गया। लोगों के सुझाव पर पुनः उसे झाड़फूंक के लिए ले जाया गया वहाँ भी जबाव मिल गया। इधर मौत की खबर पर परिजनों में कोहराम मच गया। बहरहाल परिजनों द्वारा मृतक का अन्तिम संस्कार कर दिया गया।

### पिता की मौत ने छीनी सृष्टि की दृष्टि

**सुइथाकला।** गुरुवार को वाराणसी में हुई मनवल गाँव निवासी अजय की मौत के बाद संवेदना में जुटे लोगों ने उसकी चार वर्षीया इकलौती पुत्री सृष्टि को देखने के बाद मौत को कोसते नजर आए। हर तरफ एक ही आवाज थी कि मौत ने सृष्टि की दृष्टि छीन ली। जबकि पति की मौत के बाद उसकी 25 वर्षीया पत्नी रेखा बेसुध सी पड़ी नजर आ रही थी। बता दे कि मृतक अपने पिता की बड़ी सन्तान के रूप में था जो पिता की मौत के बाद किसी तरह से वाराणसी के किसी बालू व्यवसायी के यहाँ ट्रैक्टर चलाकर अपना और अपने परिवार का भरण पोषण करता था जिसकी गुरुवार को संदिग्ध हालत में वाराणसी में मौत हो गई। वह अपने पीछे एक चार वर्षीया अबोध बच्ची सृष्टि और पत्नी रेखा को बेसहारा छोड़कर चला गया।

## पंखे में उतरे करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

**पवांरा।** थाना क्षेत्र अन्तर्गत बामी गांव में टेबल फैन में उतरे करंट की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई है। मोबाइल फोन चार्ज में लगाते समय युवक के शरीर पर पंखा गिरने से घटना घटित हुई है बामी गांव में तीन दिन से बिजली की आपूर्ति बाधित थी। शुक्रवार की सुबह करीब 11 बजे बिजली की आपूर्ति बहाल हुई तो युवक मनोज उपाध्याय (36) पुत्र स्व. राजेंद्र प्रसाद मोबाइल फोन लेकर चार्ज करने के लिए प्लग बोर्ड में लगाने लगा। इसी बीच पीछे टेबल फैन रखा था जिसमें करंट आ गया था, मुड़ते समय उसका शरीर टच कर गया जिससे वह करंट की चपेट में आ गया। करंट लगते ही युवक गिरकर छटपटाने लगा तभी पत्नी पूजा दौड़ कर बिजली बंद कर युवक के पास पहुंची। पड़ोसियों की मदद से निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मछलीशहर लेकर पहुंची जहां चिकित्सक ने देखते ही उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक परिवार में भाई सोनू के अलावा दो बेटे अंश (12) और अंकुश (8) है। मृतक गांव में गुमटी में दुकान चलाकर परिवार का भरण पोषण करता था।

# पुरानी पेंशन बहाली के धरने के लिए शिक्षकों ने भरी हुंकार



**रामपुर/मड़ियाहूं।** अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के आह्वान पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले आगामी 20 सितंबर को एक दिवसीय विशाल धरना प्रदर्शन के क्रम में जनपदीय अध्यक्ष अमित सिंह के नेतृत्व में सभी ब्लॉक और तहसीलों प्रभारियों ने शिक्षकों से संपर्क अभियान तेज कर दिया गया है। इसी क्रम में शुक्रवार को ब्लाक रामपुर और रामनगर में जिला संगठन मंत्री अश्वनी सिंह, जिला संगठन मंत्री संतोष सिंह बघेल एवं जिला प्रचार मंत्री अनुज सिंह के नेतृत्व में जनपदीय टीम ने रामपुर ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय नोनारी में और रामनगर के बीआरसी पर अध्यापकों के साथ क्रमिक बैठक की एवं आगामी धरने के विषय पर अपनी रणनीति के बारे में चर्चा की। इस अवसर पर जिला संगठन मंत्री संतोष सिंह बघेल ने कहा कि पेंशन की लड़ाई हमारे और आपके स्वाभिमान की लड़ाई है सरकार इसे अनदेखा नहीं कर सकती। जिस तरीके से और राज्यों ने पुरानी पेंशन को बहाल किया है उत्तर प्रदेश की सरकार को भी हम शिक्षक और कर्मचारियों की पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल कर देना चाहिए, क्योंकि समान पद के लिए वेतन भत्ते और पेंशन संवैधानिक रूप से हर राज्य में एक होना चाहिए। इस अवसर पर जिला संगठन मंत्री अश्वनी सिंह ने कहा कि अभी नही तो कभी नही, सरकार हमारी जायज मांगों को अनदेखा नहीं कर सकती। सभी शिक्षकों ने एक स्वर में धरने में प्रतिभाग करने के लिए हुंकार भरी। इस अवसर पर रामपुर ब्लाक अध्यक्ष भूपेश सिंह, रामनगर ब्लाक अध्यक्ष दिवाकर चौहान, जय प्रकाश सिंह, सतेंद्र सिंह, अखिलेश सिंह, जितेंद्र पटेल, चंद्रसेन सिंह, श्याम सुंदर और सैकड़ों शिक्षक/शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# पल्स पोलियो अभियान की सफलता को निकाली रैली




**केराकत।** पल्स पोलियो अभियान की जागरूकता और सफलता के लिए शुक्रवार को नगर में रैली निकाली गई। रैली सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर से शुरू हुई और नगर भ्रमण करते हुए वापस अस्पताल परिसर में पहुंच कर समाप्त हो गई। रैली में शामिल स्थानीय आदर्श उच्च प्राथमिक विद्यालय के छात्र छात्राएं, अध्यापक और स्वास्थ्यकर्मी विभिन्न स्लोगन वाली तख्तियां लेकर चल रहे थे। रैली का आरम्भ चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एके कन्नौजिया ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस मौके पर डॉ. कन्नौजिया ने बताया कि अभियान 18 सितंबर से शुरू हो रहा है। रैली में यूनिसेफ के हरिकेश मिश्रा, धीरज सिंह, साहबलाल, जिला पंचायत सदस्य वंदना सरोज के प्रतिनिधि डॉ. पप्पू सरोज, विद्यालय के प्रधानाध्यापक मोईनुद्दीन अंसारी, लालमन यादव, विजय कुमार आदि शामिल रहे।

# अधिवक्ता होता है समाज का सजग प्रहरी : सरस

**समारोह**

**संगत पंगत ने किया दीवानी अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों का सम्मान**



संगत पंगत द्वारा सम्मानित किये गये अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी

**जौनपुर।** अधिवक्ता समाज के हित के लिए हमेशा तत्पर रहता है और रहेगा। उक्त विचार मुख्य अतिथि संगत पंगत के संरक्षक व वरिष्ठ अधिवक्ता सरस चन्द श्रीवास्तव ने राजेश श्रीवास्तव बच्चा भइया एडवोकेट के आवास पर आयोजित संगत पंगत द्वारा दीवानी अधिवक्ता संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारी अरुण कुमार सिन्हा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अतुल कुमार श्रीवास्तव लेखा निरीक्षक, शुभम श्रीवास्तव कार्यकारणी सदस्य के सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कही।

सरस चन्द श्रीवास्तव ने कहाकि अधिवक्ता संघ के सदस्यों के हित में जो भी कार्य हो वे सभी पदाधिकारी पूर्ण करें। अधिवक्ता समाज का सजग प्रहरी होता है। उन्होंने कहाकि समाज के हित के लिए संगत पंगत संगठन निष्ठापूर्वक कार्य कर रहा है जो सराहनीय है। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर उन्हें अंगवस्त्र व स्मृतिचिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला जज अजय कुमार श्रीवास्तव एडवोकेट ने कहाकि समाज की असली पीड़ा अधिवक्ता ही समझ सकता है जो सबके दुःख के निवारण करने हेतु प्रयासरत रहता है। नवनिर्वाचित वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरुण कुमार सिन्हा ने कहाकि आप सभी के प्रेम से आज इस पद पर पहुंचा हूं अधिवक्ता हित में जो भी कार्य होगा उसे ससम्मान पूरा किया जायेगा। लेखा निरीक्षक अतुल कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि अधिवक्ता समाज का मैं आभारी हूं कि इतने भारी मतों से मुझे जिताकर अपनी सेवा करने का मौका दिया। अधिवक्ता संघ के प्रत्येक सदस्य की सेवा के लिए दृढ़ संकल्पित हूं। कार्यकारणी सदस्य शुभम श्रीवास्तव ने कहा कि आप सबके मार्गदर्शन में कार्य करूँगा जो भी जरूरत होगी अधिवक्ता हित के लिए लड़ाई लड़ूंगा। वरिष्ठ कवि व वरिष्ठ अधिवक्ता गिरीश चन्द श्रीवास्तव ने अपने कविता के माध्यम से स्वागत गीत प्रस्तुत किया। संचालन राजेश श्रीवास्तव बच्चा भइया एडवोकेट ने किया व आभार संगत पंगत के जिलाध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव हैप्पी ने किया। स्वागत समारोह को कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय सचिव रवि श्रीवास्तव एडवोकेट, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, कायस्थ कल्याण समिति के पूर्व अध्यक्ष प्रदीप श्रीवास्तव पूर्व ऑडिट ऑफिसर, कायस्थ महासभा के जिलाध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव एडवोकेट मियांपुर, वरिष्ठ अधिवक्ता मनोज श्रीवास्तव दादा, कायस्थ महासभा के जिला महासचिव संजय अस्थाना, कायस्थ महासभा के जिला संगठन मंत्री शशि श्रीवास्तव सभासद, रमेन्द्र श्रीवास्तव आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## संक्षेप

### पितृ तीर्थ के लिए श्रद्धालुओं का जत्था जगन्नाथ के लिए रवाना

**सिंगरामऊ।** पितृ पक्ष में लोग अपने पितरों को याद कर उनके नाम पर उनका पिंडदान कर्म, तर्पण और दान आदि करते हैं। मान्यता है लोग अपना शरीर त्याग कर चले जाते हैं तब उनकी आत्मा की शांति के लिए गया की फाल्गो नदी में श्रद्धा से पिंडदान और तर्पण किया जाता है, उसी मान्यता के चलते क्षेत्र से श्रद्धालुओं का



जत्था गया के लिए रवाना हुआ। पितृ पक्ष के शुक्रवार को नारायण सिन्हा इंटर कॉलेज सरायहरखू के पूर्व प्रधानाचार्य भेलूपुर तियरा गॉव निवासी राम सागर तिवारी सहित क्षेत्र के दर्जनों श्रद्धालु बड़े ही हर्षोल्लास के साथ गया के लिए रवाना हुए। श्रद्धालुओं को विदा करने के लिए लोगों का जमावड़ा लगा रहा। लोग श्रद्धालुओं का पैर छूकर आशीर्वाद लिए। धार्मिक मान्यता के अनुसार जो श्रद्धालु गया में पिंडदान करते हैं उनके 108 कुल और 7 पीढ़ियों का उद्धार होता है। कहा जाता है भगवान श्री हरि गया मे पितृ देवता के रूप में विराजमान रहते हैं।

### अनवरत बरसात में दो कच्चे मकान ढहे, हजारों का सामान नष्ट

**गभिरन।** खुटहन थाना क्षेत्र में दो दिनों से हो रही अनवरत बरसात के चलते दो अलग अलग गांवों में कच्चे मकान धराशायी हो गए। मलवे में दबकर हजारों की कीमत का गृहस्थी का सामान नष्ट हो गया। गनीमत है कि कहीं कोई हताहत नहीं हुआ। शेरपुर गाँव निवासी लालचंद्र यादव का परिवार गुरूवार की रात खा पीकर घर के बगल छप्पर



में सो रहा था। अचानक उनके कच्चे मकान की दीवार ढह गई। नरिया और थपुआ से बनी छत भी भरभराकर गिर गयी। इसी तरह रुस्तमपुर गाँव निवासी रामनवल का परिवार भी जर्जर हो चुके कच्चे मकान में गृहस्थी का सामान भर बाहर छप्पर में निवास बनाया है। बरसात के चलते उनका मकान ढह गया। दोनों स्थानों का मिलाकर ढाई लाख से अधिक की क्षति हुई। दोनों पीड़ितं द्वारा आवेदन के बाद भी उन्हें सरकारी आवास मयस्सर नहीं हो सका।

### बारहवीं के छात्र ने बनायी माँ दुर्गा की 18 प्रतिमाएं

**बदलापुर।** विकास खंड के कबेली ग्राम पंचायत निवासी दीपक कुमार प्रजापति ने नवरात्रि पर्व को लेकर मां दुर्गा की 18 प्रतिमाएं बनायी है जिसमें अष्टभुजी माँ दुर्गा की प्रतिमा के साथ लक्ष्मी, गणेश, सरस्वती, कार्तिकेय सहित महिषासुरमर्दिनी की प्रतिमा को बनाकर उसे सजाने व संवारने का कार्य तेजी के कर रहा है। दीपक का कहना है कि वह सिंगरामऊ इंटर



कॉलेज का छात्र है। वह विद्यालय से पढ़ाई कर घर आने के बाद माँ दुर्गा की प्रतिमा पूरी निष्ठा और लगन के साथ संवारने में जुटा रहता है। यह भी कहा कि माँ की प्रतिमा बनाने में वेश व शारीरिक ढांचा बनाने के बाद मुख को सांचे से बनाया जाता है जहां मुख व नेत्रों के संयोजन से ही मूर्तियों में जीवंतता आती है। एक मूर्ति बनाने में करीब 10 से 15 दिन का समय लगता है। उसने छोटी बड़ी कुल 18 मूर्तियों को बनाया है। इस समय उनके पास तीन हजार रुपए से लेकर 15 हजार रुपए तक की मूर्तियां मौजूद हैं।

### बस पलटने से एक दर्जन छात्र घायल

**केराकत।** दोपहर में छुट्टी के बाद छात्रों को घर पहुंचाने जा रही छितौना गांव में स्थित एक कान्वेंट स्कूल की बस शुक्रवार को तेज रफ्तार के चलते स्थानीय थाना क्षेत्र के भैरोभानपुर मोड़ के पास कम गहरे गड्ढे में पलट गई जिससे एक दर्जन छात्र घायल हो गए। सूचना पर स्कूल संचालक स्कूल की दूसरी बस और एक झोला छाप डॉक्टर को लेकर मौके पर पहुंचा और दिखाई पड़ने वाले चोट पर मरहम लगाकर उन्हें घर भिजवाया। दूसरी ओर ट्रैक्टर की मदद से बस को गड्ढे से बाहर निकवाया। हालांकि इस बारे में पूछने पर ब्लाक के बीईओ मुकेश कुमार राय ने बताया कि बस खाली थी। वह छात्रों को उनके घर छोड़कर लौट रही थी।

### विवाहिता ने दुष्कर्म का लगाया आरोप

**पवांरा।** थाना क्षेत्र अन्तर्गत एक गांव निवासी विवाहिता ने थाने पर प्रार्थना-पत्र देकर आरोप लगाया कि 5 सितम्बर की रात्रि गांव का ही रंजीत मेरे घर में घुसकर मेरे साथ छेड़खानी तथा दुष्कर्म का प्रयास करने लगा मना करने मुझको जान से मारने की धमकी देने लगा। पुलिस प्रार्थना-पत्र के आधार पर अभियुक्त रंजीत के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्जकर आवश्यक विधिक कार्रवाई में जुट गयी है।

### कलेक्ट्रेट में तीन दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन

**जौनपुर।** उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र ने सर्वसाधारण अवगत कराया जाता है कि शासन के निर्देशानुसार वोकल फार लोकल के अन्तर्गत ओडीओपी एवं हस्तशिल्पियों द्वारा निर्मित उत्पादों को बढ़ावा हेतु जनपद स्तर पर कलेक्ट्रेट प्रेक्षागृह में 23 सितम्बर से 25 सितम्बर तक तीन दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। जनपद के उद्यमियों, हस्तशिल्पियों एवं एक जनपद एक उत्पाद बुनकरों (ऊनी दरी) सम्बन्धित उत्पादों के प्रदर्शनी हेतु स्टाल आवंटन के लिये प्रदर्शनी आयोजन से दो दिन पहले (19 सितम्बर तक) कार्यालय, उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र जौनपुर मे अपने आवेदन पत्र समस्त अभिलेख के साथ जमा करना सुनिश्चित करें जिससे स्टाल आवंटन की कार्यवाही ससमय की जा सके।

### गैरजमानती वारंटी गिरफ्तार

**पवांरा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय साहनी के आदेश के अनुपालन में चलाये जा रहे अपराध की रोकथाम, अपराधियों की धरपकड़ तथा गैरजमानती वारंटियों की धरपकड़ अभियान के तहत गैरजमानती वारंटी भल्लू सरोज पुत्र पुत्तुल सरोज निवास रज्जूपुर, थाना पवांरा को उपनिरीक्षक बासदेव प्रसाद ने पुलिसबल के साथ शुक्रवार की सुबह उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।

# बारिश के पानी से बहा खड़ंजा

**यह है हाल**

**ग्रामीणों ने अनियमितता का लगाया आरोप**



**जफराबाद।** सिरकोनी विकासखंड के आसमान पट्टी गांव में भारी बारिश से नवंबर माह में बना हुआ खड़ंजा बह गया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि खड़ंजा लगाने में अनियमितता तथा पानी की निकासी न होने के कारण वह बह गया और आवागमन बाधित हो गया। कमलेश शर्मा, करण जायसवाल, उषा देवी, चंद तारा देवी, ललिता देवी आदि लोगों ने बताया कि हम लोगों ने डीएम के यहां प्रार्थना पत्र दिया था। उसकी जांच ग्राम पंचायत अधिकारी ने किया और गलत रिपोर्ट लगा दिया कि यहां पानी निकासी के लिए पाइप डाल दिया गया है। जबकि ऐसा यहां कुछ भी नहीं हुआ है। प्रधान और ग्राम पंचायत अधिकारी की मिलीभगत से बिना पानी निकासी का निर्माण कराए बगल से दीवार खड़ी करके इंटरलॉकिंग करा दिया गया जो कि एक भी बरसात झेल नहीं पाया बह गया। इस संदर्भ में ग्राम पंचायत अधिकारी सविता मौर्या ने बताया की इंटरलॉकिंग का काम नवंबर में हो गया था। मुझे जनवरी में वह गांव मिला था। खड़ंजा के बगल से ही प्रधान ने नाली बनवा दिया जिससे उसकी ऊंचाई अधिक होने के कारण कुछ लोगो का मकान नीचे हो गया। जिससे वहां पानी डूबने लगा। सूचना पर गांव में गई थी। मौसम सही हो जाए तो कोई व्यवस्था की जाएगी जिससे समस्या का समाधान हो सके।

## भारी वर्षा से मकान व छप्पर धराशायी

**सरायख्वाजा।** तीन दिनों से लगातार बरसात और तेज तूफान के कारण मेहरावां गांव में दो लोगों का कच्चा मकान व छप्पर गिर गया। संयोग ही था कि कोई हताहत नहीं हुआ। ज्ञातव्य है कि लगातार बरसात और तेज तूफान आने के कारण गांव निवासी दलित गरीब प्रहलाद का आशियाना गिर गया और देवी प्रसाद गौंड़ का भी छप्पर गिर गया। गुरुवार की शाम से ही रुक-रुक कर बरसात हो रही थी और आशियाना गिरने की आशंका से वे लोग अपने परिवार के साथ ही पड़ोसी के घर सोये हुए थे तभी रात में कच्ची मिट्टी की जर्जर दीवार गिर गयी जिसमें गृहस्थी का सामान मलवे में दब गया जिसकी सूचना तहसील प्रशासन को दी गई है।

## वांछित अभियुक्त समेत तीन गिरफ्तार

**सुइथाकला।** स्थानीय थानान्तर्गत अपराधियों तथा वांछित अभियुक्तों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को एक वांछित समेत दो वारण्टी को गिरफ्तार करने में कामयाबी मिली है। जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह को जरिये मुखबिर सूचना मिली कि मु.अ.सं. 216/2022 में वांछित अभियुक्त ईशापुर गांव में मौजूद है। सूचना मिलते हीं थानाध्यक्ष के निर्देशन में उपनिरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद सिंह मय हमराह के साथ ईशापुर गांव में पहुंचकर थाना क्षेत्र के मनवल निवासी वांछित अभियुक्त शिवा पुत्र राम आशीष को गिरफ्तार कर लिया। वांछित व वारण्टी की गिरफ्तारी के क्रम में उपनिरीक्षक सच्चिदानंद मय हमराह के साथ वारण्टी अभियुक्त छीत्तमपट्टी गांव निवासी विनोद सिंह पुत्र प्रसिद्ध नारायण सिंह तथा कमलेश उर्फ सूरजा पत्नी विनोद सिंह को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए तीनों का चालान न्यायालय भेज दिया।

# उत्तर प्रदेश जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ ने सौंपा ज्ञापन

**मछलीशहर।** उत्तर प्रदेश जूनियर हाईस्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ की शुक्रवार को खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के हाल में बैठक हुई। बैठक में जिलाध्यक्ष डॉ. अतुल प्रकाश यादव ने शिक्षक समस्याओं के निराकरण में बीएसए पर हीलाहवाली के आरोप मढ़े। निरीक्षण के नाम पर प्रमाणित करने, शिक्षकों के साथ अपराधियों जैसा व्यवहार करने का आरोप लगाया। शिक्षकों की 8 सूत्री मांग शिक्षकों की पदोन्नति अविलम्ब किया जाए, पुरानी पेंशन बहाली की मांग पूरी की जाए, बेसिक शिक्षकों के 17140 व 18150



वेतनमान की मांग पूरी की जाए, शिक्षकों के अवकाश 20 मई से 15 जून एवं 31 दिसंबर से 14 जनवरी की जगह ईल की व्यवस्था की जाए, शिक्षामित्र अनुदेशकों के मानदेय 25000 किया जाए जैसे संबंधित शिक्षकों ने मुख्यमंत्री को संबोधित आठ सुत्रीय मांग का ज्ञापन खण्ड शिक्षा अधिकारी बसन्त कुमार शुक्ल को सौंपा। ज्ञापन सभा को जिला महामंत्री शिव कुमार सरोज, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आनंद कुमार यादव, कोषा अध्यक्ष रविंद्र बहादुर सिंह आदि ने संबोधित किया। इस अवसर पर ब्लॉक इकाई अध्यक्ष रविंद्र बहादुर सिंह, मंत्री सरयू प्रसाद सरोज, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बसंत लाल, कोषाध्यक्ष रविंद्र कुमार यादव, रेखा यादव, बंदना सिंह, हेमलता सिंह, रीता सिंह, चंद्रकांत पांडेय, आशुतोष लाल साहब यादव, अनिल दीप चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# सिगरेट का पैसा मांगने पर दुकानदार की पिटाई

**वीडियो वायरल**

**थाने के दीवान सहित तीन पर केस, दीवान सस्पेंड**

**गभिरन।** वर्दी का रौब झाड़कर दुकानदारों का आये दिन उत्पीड़न करने वाले थाने के एक दीवान का गुरूवार की शाम सिगरेट के पैसे को लेकर दुकानदार की पिटाई का वीडियो मीडिया पर वायरल होते ही पुलिस अधीक्षक ने उसे सस्पेंड कर दिया है। इसके अलावा पिटाई करते दिखाई दे रहे उसके दो साथियों पर भी केस दर्ज कर लिया गया है। सभी आरोपितों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

पिलकिछा गाँव निवासी बृजेश गुप्ता की खुटहन चौराहे के बगल पान सिगरेट की दुकान है। आरोप है कि थाने के दीवान कमलापति जो कंप्यूटर आपरेटर का काम देखते है वह आये दिन दुकान पर पहुंचकर वर्दी का रौब दिखाकर सिगरेट गुटखा लेकर बिना पैसा दिए चले जाते थे। गुरूवार की शाम वे एक और कांस्टेबल को साथ लिवाकर दुकान पर आये। दोनों सिगरेट लेकर पीने लगे। पैसा मांगते ही कमलापति भड़क गये। आरोप है कि वह फोन कर शेरापट्टी गांव निवासी विशाल यादव बब्लू और उचवांडीह गांव निवासी अरविंद यादव को बुला लिए। चारों लोग लात घूंसा से दुकानदार को पीटने लगे। बीच बचाव करने आये दुकानदार के पुत्र सुमित को भी लोहे की पाइप से पीटकर घायल कर दिया। किसी के द्वारा घटनास्थल का मोबाइल में वीडियो बना लिया गया जो वारदात के बाद वायरल कर दिया गया। संज्ञान में आते ही दूसरे दिन सुबह क्षेत्राधिकारी शाहगंज अंकित कुमार थाने पर पहुंच गये। दीवान के अलावा दो उसके बाहर के साथियों पर विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया। प्रभारी निरीक्षक केके चौबे ने बताया कि आरोपित दीवान के सस्पेंशन के बाद विभागीय कार्यवाही की जा रही है।

## शुभम का इंटरनेशनल बैडमिंटन चैलेंज में चयन

**केराकत।** ग्राम पंचायत सिहौली के रहने वाले शुभम यादव का चयन नागपुर में चल रहे महा मेट्रो इंटरनेशनल बैडमिंटन चैलेंज 2022 में हुआ है जो 13 से 18 सितंबर तक चलेगा। इंटरनेशनल बैडमिंटन चैलेंज में शुभम



अच्छा प्रदर्शन करते हुए प्री क्वार्टर में प्रवेश कर चुके हैं जिसमें प्री क्वार्टर में शुभम यादव व नितिन कुमार का सामना कृष्णा प्रसाद और विष्णु वर्धन से होगा जिनकी वर्ल्ड टूर रैंकिंग 18 है और शुभम यादव की वर्ल्ड टूर रैंकिंग 63 है। शुभम यादव का कहना है कि बहुत ही अच्छे मुकाबले खेलने को मिल रहे हैं। इंटरनेशनल टूनार्मेंट में बहुत सारे ओलंपियन प्लेयर भी आए हुए हैं। सुमित रेड्डी ओलंपियन, थॉमस कप के हिस्सा रहे एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला जैसे बहुत ही दिग्गज खिलाड़ी आए हुए हैं। देश-विदेश से बहुत सारे खिलाड़ी खेलने आए हुए हैं जिसमें से इंडिया, मलेशिया, थाईलैंड, श्रीलंका, जापान और कनाडा देश हैं। शुभम का कहना है कि यहां पर वह अपना अच्छा प्रदर्शन करके अपना गेम जीत के उत्तर प्रदेश के साथ-साथ पूरे भारत देश का नाम रोशन करेंगे।

# अभियान की सफलता के लिए निकाली रैली

**आयोजन**

**जनपद में 18 से 23 सितंबर तक चलेगा पल्स पोलियो अभियान**

**रविवार को 1872 बूथ पर पिलाई जाएगी पोलियो की खुराक**




जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करते अधिकारी

**जौनपुर।** जनपद में 18 से 23 सितंबर तक चलने वाले सघन पल्स पोलियो अभियान के लिए जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. लक्ष्मी सिंह ने जनपदवासियों अपील की है कि अभियान के दौरान अपने पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो ड्रॉप अवश्य पिलाएँ। इसी उद्देश्य से शुक्रवार को अभियान के प्रचार-प्रसार के लिए जिला टीबी अस्पताल से कलेक्ट्रेट तक जन जागरूकता रैली निकाली गई। रैली का नेतृत्व जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. नरेन्द्र सिंह ने किया। डॉ. नरेंद्र सिंह ने बताया कि जनपद में रविवार 18 सितंबर को पोलियो बूथ दिवस मनाया जाएगा जिसमें 1872 बूथों पर पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की अतिरिक्त खुराक पिलाई जाएगी। इसके बाद सोमवार से प्राथमिक स्कूलों और घर-घर जाकर पांच दिनों तक पोलियो टीकाकरण टीमें छूटे बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाएंगी। इसके लिए 3,784 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। यह सभी बूथ प्राथमिक स्कूलों पर बनाए जाएंगे। 1,240 टीमें घर-घर जाकर पोलियो कि खुराक पिलाने का कार्य करेंगी। रोडवेज बस स्टैंड, चौराहों तथा रेलवे स्टेशनों के लिए 104 ट्रांजिट टीमें तैयार की गईं हैं। दूर-दराज के क्षेत्रों व ईंट-भट्ठों पर दवा पिलाने के लिए 52 टीमें बनाई गई हैं। अभियान के दौरान पांच वर्ष तक के करीब 6.37 लाख बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाने का लक्ष्य है। इस दौरान टीमें 74,320 घरों का भ्रमण करेंगी। रैली में जिला मलेरिया अधिकारी भानु प्रताप सिंह, अर्बन हेल्थ कोआर्डिनटर प्रवीन पाठक, यूनीसेफ की डीएमसी गुरदीप सिंह और बलवंत सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# 607 पेटी अवैध शराब संग 3 शराब तस्कर गिरफ्तार

**सफलता**

### थाना गोपीगंज टीम को मिली सफलता तस्करी में प्रयुक्त ट्रक बरामद

### उत्तर प्रदेश, बिहार सहित देश के विभिन्न प्रदेशों में सक्रिय रहता था यह गैंग



तस्करों को मीडिया के सामने पेश करते पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार

**गोपीगंज।** पुलिस ने बड़ी सफलता प्राप्त करते हुए 607 पेटी अवैध शराब के साथ तीन अन्तर्राज्यीय शराब तस्करो को गिरफ्तार करने में कामयाबी प्राप्त की हैं। गोपीगंज कोतवाली में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मामले का खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि क्षेत्राधिकारी ज्ञानपुर के नेतृत्व में थाना गोपीगंज पुलिस टीम द्वारा ग्राम कठौता ओवर ब्रिज पश्चिम छोर पर रात्रि अन्तर्राज्यीय शराब तस्कर गैंग के सरगना सहित कुल 03 तस्कर को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से तस्करी का 607 पेटी (5429.88 लीटर) अवैध अग्रेजी शराब (इम्पीरियल ब्लू विस्की) बरामद, तस्करी में प्रयुक्त ट्रक बरामद किया है। यह गैंग उत्तर प्रदेश से बिहार सहित देश के विभिन्न प्रदेशों में सक्रिय रहता था। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी मलखान सिंह निवासी रुस्तमपुर खास थाना बिल्लारी, अमरीश मौर्य पुत्र प्रकाश मौर्य निवासी इब्राहिमपुर मिर्जा थाना गढ़ी भारतल, गजेन्द्र मौर्या पुत्र कृपाल सिंह मौर्या निवासी रुस्तमपुर खास थाना बिल्लारी जनपद मुरादाबाद के रहने वाले हैं। सफलता प्राप्त करने वाली टीम में सदानन्द सिंह प्रभारी निरीक्षक गोपीगंज, उपनिरीक्षक रमेश प्रताप सिंह, अश्विनी सिंह ,अनिरुद्ध वैशवार, अमरेश मिश्रा, हरिकेश यादव, प्रमोद यादव, अरविन्द यादव, धिरेन्द्र यादव व कंचन सिंह आदि शामिल रहें।

## एक सौ बीस हेक्टेयर में सब्जियों की खेती कराएगा उद्यान विभाग

**ज्ञानपुर।** जनपद में सब्जियों की खेती की तरफ किसानों का रुझान तेजी से बढ़ा है। इसे देखते हुए उद्यान विभाग एक सौ बीस हेक्टेयर जमीन पर सब्जियों की खेती कराने की तैयारी की है। विभाग द्वारा पचास हजार प्रति हेक्टेयर लागत का चालीस प्रतिशत बीस हजार रुपये अनुदान दिया जाएगा। उन्नत धनराशि में से किसानों को निवेश के रूप में खाद एवं बीज विभाग से प्रदान किया जाएगा। जिले में लगभग बारह सौ हेक्टेयर में किसान सब्जियों की खेती करते हैं। जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि इच्छुक किसान विभाग की वेबसाइट पर पंजीकरण कराकर योजना का लाभ ले सकते हैं। विकासखंड औराई, भदोही, ज्ञानपुर में सब्जियों की खेती का रकबा बढ़ाया जाएगा। इसमें शिमला मिर्च, टमाटर, गोभी व फूलगोभी की खेती होगी। अक्टूबर माह में पौधों की रोपाई होगी। इसके लिए कृषको के पंजीयन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिला उद्यान अधिकारी सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि किसानों की रूचि सब्जियों की खेती करने में बढ़ी है। इसके चलते इस बार जिले में सब्जियों का उत्पादन बढ़ेगा।

# जिला चिकित्सालय से शुरू होगा पल्स पोलियो अभियान

**जागरूकता**

### 2.78 लाख बच्चों को पोलियों खुराक देने का लक्ष्य निर्धारित

### प्राथमिक विद्यालय के बच्चों ने रैली निकाल किया जागरूक

जनसन्देश न्यूज





प्लस पोलियो अभियान के लिये जागरूकता रैली निकालते प्राथमिक विद्यालय पीरखानपुर के बच्चे व अध्यापक

**ज्ञानपुर।** जिला चिकित्सालय से पल्स पोलियों अभियान की शुरूआत मुख्य चिकित्साधिकारी बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने से शुरू किया जायेगा। जिसकी तैयारी विभागीय स्तर के साथ ही बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से पूर्ण कर लिया गया है।

मुख्य चिकित्साधिकारी डाक्टर संन्तोष कुमार चक जहां शुक्रवार को कार्यालय स्थित सभागार में सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों व स्वास्थ्य कर्मियों को बताया कि पल्स पोलियों महाअभियान की शुरूआत 18 सितम्बर से 23 सितम्बर तक जिले में चलाया जायेगा। जिसके लिए रविवार को जिले के सभी केन्द्रों सभी स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहेगे। इस कारण विभाग स्तर से स्वास्थ्य कर्मियों की रविवार की छुट्टी को निरस्त कर दिया गया है। पल्स पोलियों की दवा सभी केन्द्रों पर पर्याप्त मात्रा में पहुंचाई जा चुकी है। इसलिए रविवार को सुबह 9 बजे से सायं 5 बजे पल्स पोलियों की खुराक सभी केन्द्रों पर पिलाने का कार्य किया जायेगा। उसके बाद विभाग में कार्यरत आशा डोर.टू.डोर जाकर पल्स पोलियों का खुराक पिलाने का कार्य करेगी। इस अभियान में 2.78 लाख 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो का खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है।

वहीं बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से सभी विद्यालयों को रविवार के दिन स्कूल खोलने के निर्देश के साथ ही प्लस पोलियो जागरूकता रैली निकाल कर लोगों को बूथ तक आने के लिए जागरूक करने का देश जारी किया गया है। इसी कड़ी में नगर क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों ने प्लस पोलियो जागरूकता रैली निकाली। जिसमें प्रमुख रूप से प्राथमिक विद्यालय पीरखानपुर, ठकुरा, कटरा, कुशियरा, चकसैफ आदि विद्यालय में बच्चे शामिल रहे।

## नीट की परीक्षा पास कर घर पहुंचे

ज्ञानपुर। विकासखंड ज्ञानपुर के ग्रामसभा वारी के निवासी सौरभ गिरी ने अपने कठिन परिश्रम से नीट की परीक्षा पास की और उन्होंने इसका श्रेय अपने माता पिता और शिक्षकों को दी। शुक्रवार को सौरभ के घर पहुंचने पर मौजूद ग्रामीणों ने स्वागत किया। इस अवसर पर उपस्थित रहे अरुण दुबे ने सौरभ गिरी की सफलता को और बच्चों के लिए प्रेरणास्रोत बताया। उन्होंने कहा सौरभ गिरी को देखकर जनपद के तमाम युवा प्रेरणा लेंगे।सौरभ गिरी के घर सुबह से बधाई देने के लिए लोगों का तांता लगा रहा। इस अवसर पर अरुण दुबे, विपिन सिंह ग्राम प्रधान, अंजनी शुक्ला जिला पंचायत सदस्य, गोपाल मिश्रा कोटेदार, सतीश दुबे अध्यापक, राजेश तिवारी, वीरेंद्र दुबे, राजधर दुबे, लल्लू सिंह, विनोद यादव, विमल दुबे, रणधीर सिंह, मंगरु गिरी सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# बाइक की टक्कर से स्कूल से घर जा रहे छात्र की मौत



**गोपीगज।** ऊंज क्षेत्र के सुधवै मार्ग पर बाइक के टक्कर से साइकिल सवार छात्र आयुष तिवारी 14 वर्ष की मौत हो गई। मृत छात्र ऊँज थाना क्षेत्र के बिछिया गांव का निवासी है। घटना के बारे में बताया जाता है कि बिछिया गांव निवासी सोनू तिवारी का पुत्र आयुष तिवारी 14 वर्ष एमबी पब्लिक स्कूल वहीदा मे कक्षा आठ का छात्र है। विद्यालय से छुट्टी होने के बाद साइकिल से वह घर जा रहा था। रास्ते में अनियंत्रित बाइक सवार ने टक्कर मार दिया जिससे छात्र गंभीर रुप से घायल हो गया। मौके पर पहुचे विद्यालय के कर्मचारी व परिजन उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपीगंज ले आये, जहां चिकित्सकों ने छात्र को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। धक्का मारने वाले बाइक सवार को भी हिरासत में ले लिया गया है। बताया जाता है कि आयुष तिवारी दो भाइयों में बड़ा था और काफी होनहार छात्र था। छात्र की मौत के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल रहा। वहीं गांव में मातम छा गया।

## भाजपा सरकार में अपराधियों का मानोबल बढ़ा

**भदोही।** कांग्रेस कमेटी के जिला महासचिव जजलाल राय ने कहा कि भाजपा सरकार में उत्तर प्रदेश की पुलिस भ्रष्ट और संवेदनहीन हो गई है। लखीमपुर खीरी में दो बहनों का रेप कर हत्या और उसके बाद पुलिस द्वारा पिता को यह आरोप बेहद गंभीर है कि बिना पंचनामा और सहमति के उनका पोस्टमार्टम किया गया। इससे यह साबित हो रहा है कि लखीमपुर खीरी में किसानों के बाद दो दलित बहनों की हत्या हाथरस की बेटी हत्याकांड की जघन्य पुनरावृति है। श्री राय ने कहा कि भाजपा राज में दलित व वंचित वर्ग की बहन बेटियों पर अत्याचार थम नहीं रहा है। इस सरकार में महिलाओं और बेटीयों के साथ दुष्कर्म और हत्या की घटनाएं भी बढ़ गई है। पुलिस निदोर्षों को झूठे मामलों में फंसाकर पीट-पीट कर हत्या कर रही है। जबकि अपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वाले बेखौफ हैं। श्री राय ने कहा कि यह घटना ऐसे समय में हुई है कि जब हाल में ही पूरे देश को आजादी का अमृत महोत्सव मनाया गया और खुद भाजपा सरकार ने महिलाओं के सशक्तिकरण में बात की थी।

# सदस्यता अभियान में अद एस ने झोंकी ताकत



**भदोही।** आगामी चुनाव को देखते हुए अपना दल एस ने बूथों को मजबूत करने में अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। इस क्रम में पार्टी के जिला महासचिव जितेंद्र पटेल के नेतृत्व में कई जगह चौपाल लगाकर लोगो को अपना दल एस की सदस्यता ग्रहण कराई गई। अपना दल एस के बृहद सदस्यता अभियान को तेजी से जन जन के बीच पहुंचाने के उद्देश्य से केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश एवं मंडल सदस्यता प्रभारी राजेश पटेल, बुलबुल पटेल के आह्वाहन पर पार्टी के जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र पटेल के द्वारा अनेक ग्राम सभाओं में पार्टी की नीतियों प्रचारित एवं प्रसारित करते हुए जिसमे रामरायपुर, राघोपुर, अभयनपुर, फुलवरिया एवं जमुनीपुर में विशेष सदस्यता अभियान चलाया। जिसमे एक दर्जन से अधिक लोगो ने पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर स्वेक्षा से पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर राजाराम गौतम, सुजीत पाल, मुकेश मौर्य, हरिलाल पाल, लल्लू राठौर इत्यादि बहुत से लोग साथ रहे।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण जरूरी: यादवेंद्र

**भदोही।** पेड़ व पौधे वातावरण में फैलने वाले प्रदूषण को न सिर्फ रोकने में ही सहायक होते हैं बल्कि इसके पत्ते प्रदूषण को अवशोषित करने में बड़ी भूमिका निभाते हैं। ऐसे कई पौधे हैं जो घरों में गमलों में रहकर भी वातावरण के प्रदूषण को अपने अंदर अवशोषित कर आक्सीजन में बदल देते हैं। यह बातें काका ओवरसीज प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी के मैनेजिंग डायरेक्टर यादवेंद्र राय काका ने अपने जन्मदिन के अवसर पर काका ग्रुप के सदस्यों को सम्बोधित करते हुए कहा। काका परिवार की ओर से मैनेजिंग डायरेक्टर यादवेंद्र राय काका के जन्मदिन पर आयोजित पार्टी में श्री काका ने काका कारपेट के सदस्यों से कहा कि आमतौर पर छोटे से दिखने वाले पौधे मनुष्य के जीवन के लिए बड़ा काम करते हैं। मनी प्लांट के पौधे में वायु में मौजूद कार्बन डाई ऑक्साइड को ग्रहण करने की क्षमता होती है और यह ऑक्सीजन बाहर निकालता है। साथ ही मनी प्लांट हवा में सीओ-2 कम कर सांस लेने के लिए शुद्ध ऑक्सीजन देता है। यही नहीं एलोवेरा में कई सारे औषधीय गुण होते हैं। यह पौधा हवा को शुद्ध रखता है। स्नेक प्लांट, पाइन प्लांट आदि कई ऐसे पौधे हैं जो घरों में रहते हुए प्रदूषित वातावरण को स्वच्छ बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं। इसलिए हम लोगों को ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण करना चाहिए। इस मौके पर पतंजलि के राज्य प्रभारी योग शिक्षक सन्देश योगी ने सीईओ यादवेंद्र राय काका को पौधा पंचमुखी रुद्राक्ष भेंट किया। इस अवसर पर भारतीय कालीन प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक आलोक कुमार भी मौजूद रहें।



सीईओ यादवेंद्र राय काका को पौधा पंचमुखी रुद्राक्ष भेंट करते आलोक कुमार

# आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से क्षुब्ध अधिवक्ताओं ने किया प्रदर्शन

**विरोध**

### तहसील बार के अधिवक्ता की जानलेवा पिटाई का मामला

### सीओ गौरव शर्मा ने गिरफ्तारी का दिया आश्वासन





एसडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन करते अधिवक्ता

**केराकत।** तहसील बार के एक अधिवक्ता पर पिछले दिनों हुए जानलेवा हमले के मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर की जा रही कोतवाली पुलिस की ढिलाई से क्षुब्ध अधिवक्ताओं ने शुक्रवार को तहसील परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान अधिवक्ताओं ने तहसील और पुलिस प्रशासन के विरोध में जमकर नारेबाजी की। इस दौरान अधिवक्ताओं का समूह सीओ गौरव शर्मा के कार्यालय पहुंचा और आरोपियों को गिरफ्तार न करने की वजह पूछी। सीओ ने बताया कि मामले में दो धाराएं 325 और 308 बढ़ा दी गई हैं। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार भी कर लिया जायेगा। प्रदर्शन करने वालों में बार यूनियन के अध्यक्ष जगदम्बा प्रसाद, महामंत्री अवधेश सिंह बब्बू सहित आनंद श्रीवास्तव, बृजेश सिंह, संतोष श्रीवास्तव, अनिल कुमार सोनकर, महेन्द्र शंकर पाण्डेय, नमः नाथ शर्मा, कुंवर बहादुर आदि भारी संख्या में अधिवक्ता रहे। मालूम हो कि तहसील बार यूनियन के पूर्व महामंत्री हीरेन्द्र यादव पिछले महीने की 26 अगस्त की शाम कचहरी से अपने घर जा रहे थे। उनके गांव में ही रास्ते पर पड़ोसी ने अपनी भैंस बांध रखा था। अधिवक्ता ने आगे जाने के लिए भैंस हटाई तो पड़ोसियों ने लाठी, डंडे और लात घूसे से उनकी जमकर पिटाई कर दी। जिससे उनके सिर तथा सीने में गंभीर चोट लग गई।

# पोषण माह के अन्तर्गत 4 आंगनबाड़ी केंद्रो का एमएलसी ने किया लोकार्पण

**जौनपुर।** बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के द्वारा पोषण अभियान के अन्तर्गत माह सितम्बर को राष्ट्रीय पोषण माह के रूप में मनाया जा रहा है। राष्ट्रीय पोषण माह सितम्बर के अन्तर्गत मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश के द्वारा लोकभवन ऑडिटोरियम में 199 आंगनबाड़ी केन्द्र का शिलान्यास तथा 501 आंगनबाड़ी केन्द्रों का लोकार्पण किया गया साथ ही सक्षम पुस्तिका को भी लांच किया गया। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत ही कलेक्ट्रेट सभागार में 4 आंगनबाड़ी केन्द्रों नाहरमऊ (सुजानगंज), नाऊपुर (केराकत), कितापुर (धमापुर), रायपुर (धमापुर) का लोकार्पण किया गया। लोकार्पण सदस्य विधान परिषद बृजेश सिंह प्रिंशु तथा संदीप द्विवेदी (प्रतिनिधि सांसद, मछलीशहर) के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। एक आंगनबाड़ी केन्द्र के निर्माण में 7.52 लाख रुपए की लागत आयी है। इसमें मनरेगा का 4.46 लाख, पंचायत विभाग का 1.06 लाख, बाल विकास विभाग का 2.00 लाख अंश है। सक्षम पुस्तिका के माध्यम से आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का क्षमतावर्धन होगा। सहयोग एप के माध्यम से आंगनबाड़ी केन्द्र का सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया जायेगा तथा बाल पिटारा एप के माध्यम से बच्चों को शालापूर्व शिक्षा दिया जायेगा। इस कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना अधिकारी, मुख्य सेविका, ग्राम प्रधान व आंगनबाड़ी कार्यकत्री ने भी भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन मनोज कुमार वर्मा, बाल विकास परियोजना अधिकारी, सिरकोनी के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामप्रकाश तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आरबी सिंह उपस्थित रहे।



आंगनबाड़ी केंद्रों का लोकार्पण करते एमएलसी प्रिंशु

# अपना दल एस ने चलाया सदस्यता अभियान



**जौनपुर।** अपना दल यस द्वारा चलाए जा रहे विशेष सदस्यता अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को मल्हनी विधानसभा अंतर्गत गोधना प्राइमरी पाठशाला पर विशाल सदस्यता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शिव नायक पटेल ने किया तथा संचालन जोन अध्यक्ष जयप्रकाश पटेल ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंडल सदस्यता प्रभारी वाराणसी एवं पूर्व विधायक डॉक्टर जमुना प्रसाद सरोज रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर राष्ट्रीय सचिव पप्पू माली रहे। 365 लोगों को अपना दल एस पार्टी का सदस्यता ग्रहण करायी गयी अपने संबोधन में मुख्य अतिथि डॉक्टर जमुना प्रसाद सरोज ने कहाकि अपना दल यस पार्टी प्रदेश की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी के रूप में आज प्रदेश में कायम है। हमारी पार्टी एक क्षेत्रीय दल के रूप में मान्यता प्राप्त पार्टी हो गई है। विशिष्ट अतिथि के तौर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सचिव पप्पू माली ने कहा कि जिस प्रकार से प्रदेश में अपना दल यस पार्टी का संगठन का कार्य चल रहा है और बड़े तेजी से समाज के हर वर्ग के लोग जो कुंठित हैं जो वंचित हैं जिनको सामाजिक भागीदारी राजनीतिक भागीदारी आर्थिक भागीदारी की जरूरत है। जिला अध्यक्ष शिवनाथ पटेल ने कहा कि आगामी 22 सितंबर को अपना दल एस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक राजकुमार पाल का आगमन जनपद में होने जा रहा है इसमें पार्टी द्वारा चलाए जा रहे विशेष सदस्यता अभियान में भाग लेंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रामसमुझ गौतम, संजय पटेल, राजेश पटेल, संतोष योगी, पन्ना लाल यादव, सुरेश कश्यप, पंकज चौधरी आदि लोग उपस्थित रहे।

# रिक्त सीटों पर पीयू परिसर में द्वितीय चरण की काउंसलिंग प्रक्रिया शुरू

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर में संचालित विषयों में सत्र 2022-24 के प्रवेश हेतु प्रथम चरण की काउंसलिंग समाप्त हो गई है। प्रथम चरण की काउंसलिंग के उपरांत जिन पाठ्यक्रम में सीट रिक्त है उन पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु अंतिम चरण की काउंसलिंग 16 सितंबर से हो रही है। काउंसलिंग समाप्त होने के बाद रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने हेतु 18 सितंबर से 15 अक्टूबर तक विश्वविद्यालय पोर्टल पर विकल्प खोला जाएगा। यह जानकारी विद्यालय के कुलसचिव द्वारा दी गई है।उन्होंने कहा कि प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी ह्लपहले आओ पहले पाओह्व के आधार पर विश्वविद्यालय पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन के उपरांत सीधे संबंधित पाठ्यक्रम के विभागाध्यक्ष से संपर्क कर रिक्त सीट पर प्रवेश ले सकते हैं। अंतिम अवसर प्रदान किए जाने के क्रम में आरक्षित वर्ग की रिक्त सीट पर आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी को अवसर प्रदान किया जाएगा। अगर अंतिम अवसर प्रदान किए जाने के बाद भी आरक्षित वर्ग की सीट रिक्त रह जाती है तो ऐसी रिक्त सीटों के सापेक्ष अनारक्षित वर्ग के अभ्यर्थी को प्रवेश हेतु अवसर प्रदान किया जाएगा। इससे संबंधित विस्तृत जानकारी वेबसाइट उपलब्ध कराई जा रही है।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।

**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**

**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**

पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।

फोन नं. 8177008889

आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**

डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

# प्रकृति संरक्षण पर ध्यान देने की जरूरत : प्रो. वंदना राय

**कार्यक्रम**

### ओजोन परत संरक्षण पर हुई चर्चा





कार्यक्रम को सम्बोधित करते वक्ता

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान विभाग एवं एल्युमिनी एसोसिएशन के तत्वावधान में विश्व ओजोन संरक्षण दिवस पर एक दिवसीय ओजोन परत संरक्षण और पर्यावरण विज्ञान में अध्ययन का महत्व विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।इस अवसर पर विज्ञान संकाय की पूर्व संकायाध्यक्ष प्रोफेसर वंदना राय ने कहा कि हमें अपनी आवश्यकताओं को सीमित करते हुए प्रकृति संरक्षण पर ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण के प्रति जागरूकता से पर्यावरणीय समस्याओं के वैज्ञानिक समाधान निकल सकेंगे। प्रोफेसर प्रदीप कुमार ने छात्रों को पर्यावरणीय समस्याओं के निदान हेतु शपथ ग्रहण कराया। उन्होंने कहा कि इससे पर्यावरणीय समस्याओं से मानव समाज एवं परिस्थितिकी तंत्र का संरक्षण हो सकेगा। प्रोफेसर राजेश शर्मा ने ओजोन संरक्षण के वैज्ञानिक सिद्धांतों के बारे में विस्तार से चर्चा की। डॉ. मनीष गुप्ता ने ग्रीन एनर्जी एवं भारतीय सनातन पद्धति के बारे में चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रकृति के खिलाफ जाने से पर्यावरण संकट बढ़ेगा। अध्यक्षता संकायाध्यक्ष प्रोफेसर राम नारायण ने किया। डॉ. विवेक पाण्डेय ने संचालन और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. सुधीर उपाध्याय ने किया। इसके बाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान विशाल प्रजापति, द्वितीय पुरस्कार चन्द्र भूषण एवं सनी सरोज तथा तृतीय पुरस्कार बबिता यादव को मिला। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रत्ना यादव, द्वितीय पुरस्कार शैफाली श्रीवास्तव एवं तृतीय साक्षी मौर्य ने प्राप्त किया।

## विश्व ओजोन दिवस पर निबंध और पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

**पराउगंज।** पीजी कॉलेज चक्के में विश्व ओजोन दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने आयोजित निबंध और पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता का आयोजन विज्ञान परिषद द्वारा किया गया। आयोजन में मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य मेजर डॉ. रमेश मणि त्रिपाठी रहे। जबकि निर्णायक की भूमिका में प्रो. राघवेंद्र पांडेय, डॉक्टर विनय पाठक और अनिमेष त्रिपाठी रहे। प्रतियोगिता के बाद संक्षिप्त गोष्ठी का भी आयोजन हुआ जिसमें मुख्य रूप से महाविद्यालय के शिक्षक पंकज कुमार मिश्रा, मुकेश कुमार, शैलेंद्र कुमार, रविकाश मौर्य, अभिषेक वर्मा ने प्रतिभाग किया।

उक्त अवसर पर टॉप तीन पोस्टर प्रतियोगी छात्राओं को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्षीय उद्बोधन के दौरान प्राचार्य मेजर डॉ. रमेश मणि त्रिपाठी ने कहाकि समाज को कार्बन मुक्त बना कर ही ओजोन परत की रक्षा की जा सकती है।

# वाद विवाद में द्विव्या को प्रथम शिवम देव को द्वितीय पुरस्कार



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के प्रबंध अध्ययन संकाय में राष्ट्रीय हिंदी सप्ताह समारोह के तीसरे दिन शुक्रवार को वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वाद विवाद प्रतियोगिता में प्रथम पुरुस्कार दिव्या भदौरिया द्वितीय पुरस्कार विजेता शिवम देव पांडेय एवं आयुष गुप्ता, तृतीय पुरस्कार विजेता कशिका श्रीवास्तव एवं शैलेन्द्र प्रताप सिंह रहे। निर्णायक मंडल कार्यक्रम में डा. इंद्रेश कुमार गंगवार एवं प्रांकुर शुक्ला रहे। संचालन नेहा विश्वकर्मा ने किया। धन्यवाद ज्ञापन चन्द्र प्रकाश अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में प्रो. मानस पांडेय, प्रो. अजय द्विवेदी, डा. आशुतोष कुमार सिंह, अभिनव श्रीवास्तव, अनुपम कुमार, राकेश उपाध्याय, नितिन चौहान अन्य उपस्थित रहे।



सनातन धर्म इंटर कालेज में बन रहा काशी विश्वनाथ कॉरिडोर पर आधारित पंडाल

# काशी में एक और विश्वनाथ कॉरिडोर

## पंडाल में मां दुर्गा व काली दो असुरों का करेंगी संहार

## दुर्गापूजा समिति सनातन धर्म के पंडाल में दिखेगा स्वरूप

**50 फुट ऊंचा गोल्डेन कलर का है पंडाल**


राधेश्याम कमल

दुर्गापूजा का नाम आते ही जेहन में सतरंगी पूजा पंडालों की आकर्षक छवि उभरने लगती है। मिनी बंगाल के रूप में जाने जाने वाली काशी नगरी में दुर्गापूजा की आहट के साथ ही गगनचुंबी पंडालों के निर्माण की तैयारियां शुरू हो गई है। दुर्गापूजा पंडालों में इस बार काशी में एक और काशी विश्वनाथ कॉरिडोर आकार ले रहा है। इसको मूर्त रूप देने में कोलकाता के लगभग 40 कारीगर लगे हैं। बनारस के प्रमुख पूजा पंडालों में माने जाने वाले श्री दुर्गा पूजा समिति सनातन धर्म इंटर कॉलेज (प्रांगण) नईसड़क में इस साल लोगों को एक और काशी विश्वनाथ कारिडोर का दर्शन होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने काशी विश्वनाथ धाम को जो नया स्वरूप प्रदान कराया जिसकी चर्चा पूरे विश्व में हैं, उसी से प्रेरित होकर समिति सभी दर्शनार्थियों के लिए एक नए रूप में नए अंदाज में पंडाल का स्वरूप लेकर आ रही है। पंडाल में दर्शनार्थियों को हूबहू काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का साक्षात दर्शन होगा।



मुकेश जायसवाल (महासचिव)

दुर्गापूजा समिति के महासचिव मुकेश जायसवाल ज्ञानू बताते हैं कि इस पंडाल की ऊंचाई लगभग 50 फीट रहेगी। पंडाल के ऊपर काशी विश्वनाथ की ही तरह तीन बड़े आकार के गोल्डेन कलर का गुंबद बनाये जा रहे हैं। इसको मनोज सेठ के नेतृत्व में कोलकाता के 40 बेहतरीन कारीगर पिछले एक माह से तैयार करने में जुटे हुए हैं। पंडाल में कॉरिडोर चार नंबर के प्रवेश गेट से लेकर अंदर की सारी आकृति हूबहू उतारी जा रही है जो काशी विश्वनाथ कॉरिडोर की प्रतिमूर्ति होगी। वे बताते हैं कि इस साल समिति का 43वां साल है। इसकी स्थापना 1980 में हुई थी। इसके संरक्षक मंडल में राज्य मंत्री डा. दयाशंकर मिश्र दयालु, विधायक दक्षिणी डा नीलकंठ तिवारी, विधायक रमेश जायसवाल, अध्यक्ष जगत किशोर चौरसिया, कार्यवाहक अध्यक्ष सूरज जायसवाल हैं। इस बार मां दुर्गा के नए अध्याय जो नारी सशक्तिकरण पर आधारित है बिजली चमकती है तो आकाश बदल देती है आंधी उठती है तो दिन रात बदल देती है जब गरजती है नारी शक्ति तो इतिहास बदल देती है? यह कहानी है दो दानव रूपी असुरों की जो असुरों के महाराज शुंभ-निशुंभ की जो ब्रह्मा से वरदान प्राप्त किए थे कि उन्हें कोई भगवान या और कोई तीनों लोगों में से कोई प्राणी उनका वध नहीं कर सकता है। उनका वध केवल एक स्त्री ही कर सकती है। जो मां दुर्गा के दूसरे रूप मां काली का रूप लेकर उन असुरों का वध करेंगी। पंडाल में मां दुर्गा पहले शंकरजी के ध्यान में बैठी रहेगी। तब उनके ऊपर दोनों शुंभ निशुंभ असुर आक्रमण करेंगे। तभी मां दुर्गा खड़ी होंगी और उनके शरीर से दो मां काली प्रकट होंगी जो दोनों असुरों का वध करेंगी। यह कहानी नारी शक्ति पर आधारित है। पंडाल में भारी भीड़ के मद्देनजर इस बार भी वैरिकेडिंग की व्यवस्था रहेगी। इसमें महिलाओं व पुरुषों के लिए प्रवेश का अलग-अलग व्यवस्था रहेगी। समिति की ओर से पंडाल में सीज फायर, बालू, पानी की व्यवस्था की गई है। मां दुर्गा की प्रतिमा को शिल्पकार विजय सिंह (सोनिया) व केना पाल (मुगलसराय) अंतिम स्वरूप दे रहे हैं। छह माह पूर्व से मूर्ति बनायी जा रही है। कार्यवाहक अध्यक्ष सूरज जायसवाल ने बताया कि पंडाल में समिति की ओर सुरक्षा की दृष्टि से स्वयंसेवकों की भी ड्यूटी लगायी जा रही है। पंडाल में सभी सीसी टीवी कैमरे की नजर में रहेंगे। पूजा पंडाल सभी दर्शनार्थियों के लिए सप्तमी दो अक्टूबर को खोला जाएगा जो 3 व 4 व 5 तक 4 दिन के लिए दर्शन होगा। 6 को गुरुवार रात्रि 8 बजे से विसर्जन किया जायेगा। जो नई सड़क से गोदौलिया होते हुए लक्सा लक्ष्मीकुंड पहुंचेगा जहां पर प्रतिमा विसर्जित होगी। समिति हर वर्ष की भांति सुरक्षा व्यवस्था में अपने क्लब से 200 वालंटियर बैच बिल्ला के साथ जनता की सुरक्षा मे लगे रहेंगे।



सनातन धर्म इंटर कालेज में बन रही मां दुर्गा की प्रतिमा




# शिल्पकारों को भाया शिल्प के देवता का यंग लुक

**अधेड़ व वृद्ध मूर्तियों को दिया गया है अंतिम स्वरूप**

**यंग लुक वाली मूर्तियों की डिमांड ज्यादा**

**वृद्ध दिखने वाले विश्वकर्मा को लोग ब्रह्मा का स्वरूप मानते हैं**

शिल्प के देवता भगवान विश्वकर्मा की जयंती 17 सितम्बर को मनायी जायेगी। इस बार भगवान विश्वकर्मा युवावस्था के साथ ही वृद्धावस्था में भी दिखेंगे। इस बार ब्राउन कलर के दाढ़ी वाले भी विश्वकर्मा भगवान दिखेंगे। भगवान विश्वकर्मा को शिल्पकारों नें हाथी या सिंहासन तथा हाथी के बगल में खड़ा होकर दिखाया है। वैसे इस बार भगवान विश्वकर्मा की शिल्पकारों के यहां मूर्तियां कम बनी है। इसके पीछे वजह यह बतायी जा रही है कि गंगा में विसर्जन बंद कर दिये जाने के कारण शिल्पकारों ने अब कम मूर्तियां बनानी शुरू कर दी है। पहले काफी मूर्तियां तैयार होती थी। लक्सा जद्दूमंडी के शिल्पकार बद्री प्रसाद प्रजापति बताते हैं कि इस बार उनके यहां एक फुट, 18 इंच, दो फुट की मूर्तियां बनी हैं। इसमें उनके सहयोगी अमित कुमार, अनिल कुमार प्रजापति, रामशरण, जिमी प्रजापति व राजू प्रजापति भी लगे हुए हैं। वे बताते हैं कि प्रतिमाएं बन कर तैयार हैं। इस बार शिल्पकारों ने विश्वकर्मा भगवान की मूर्तियों में अधेड़ व वृद्ध के मुकाबले जवान दिखने वाली मूर्तियों को तबज्जो दिया है। शिल्पकारों ने आकर्षक साज सज्जा के साथ जो मूर्तियां बाजार में उतारी है, सभी बुक हो चुकी हैं। इस बार विश्वकर्मा भगवान की युवा लुक वाली प्रतिमाओं की डिमांड ज्यादा है। बद्री प्रसाद प्रजापति बताते हैं कि जिनका कारखाना या व्यवसाय नया है ये ज्यादातर युवा दिखने वाली मूर्तियों को लेते हैं। जबकि पुरानी परम्पराओं व मान्यताओं को मानने वाले वृद् दिखने वाली मूर्तियों को महत्व देते हैं। बंगाल व बिहार में ज्यादा युवा दिखने वाले विश्वकर्मा भगवान की पूजा की जाती है। वृद्ध दिखने वाले विश्वकर्मा को लोग ब्रह्मा का स्वरूप मानते हैं। कोई उन्हें अपना पिता तो कोई अपना गुरु मानता है। अधेड़ उम्र के दिखने वाले विश्वकर्मा की मूर्तियों में ब्राउन कलर तथा वृद्ध दिखने वाली मूर्तियों में सफेद दाढ़ी लगायी जाती है।



# छोटके मोबाइल ही ठीक हव...

मनोज कुमार गुप्ता

नई पीढ़ी भी गजब की है, उसे सारी दुनिया मोबाइल के इर्द-गिर्द ही घूमती है। सोते-जागते, उठते-बैठते...उसे सिर्फ मोबाइल में ही सारी दुनिया नजर आती हैं। माना कि बदलते दौर में हम मोबाइल के बिना नहीं रह सकते, लेकिन हर काम के लिए मोबाइल का प्रयोग भी तो हमारे सामाजिक ताने-बाने को चोट पहुंचा रहा है। अब शर्मा जी को ही ले लीजिए, वे तो मोबाइल से ऐसे चिपके, जैसे फेविकोल का जोड़ हो...उनके बच्चे ने उन्हें जन्मदिन पर गिफ्ट दिया था। 'बड़का स्क्रीन टच' वाला मोबाइल पाकर तो शर्मा जी की दुनिया ही बदल गयी। अब जो रोज-रोज बेटे को मोबाइल की सौ बुराइयां गिनाते थे, अचानक से उनके लिये मोबाइल की परिभाषा ही बदल गयी।

अब तो उनका मोबाइल के साथ सोना, उठना, बैठना सब हो गया। इधर शर्माईन की हाल तो पूछिए मत...जैसे मोबाइल नहीं 'सौत' हो गयी। दिन भर में दस बार उनका हाल-चाल पूछने वाले शर्मा जी अब एक बार भी उनकी खबर नहीं लेते, अब लेते भी कैसे? 'स्क्रीन टच' वाले मोबाइल ने तो उनकी सुध-बुध ही छीन ली है। अब शर्माइन करें भी तो क्या करें? उन्हें तो लगा था कि मोबाइल हाथ में आने के बाद शर्मा जी और भी रोमांटिक हो जायेंगे, लेकिन यहां तो उल्टा हो गया। शर्मा जी मोबाइल की 'रील' में ऐसे फंसे की 'रियल' को भूल बैठे। हार मानकर उन्होंने कहा कि 'छोटका मोबाइल ही ठीक हव'।




### बुजुर्गों की दिनचर्या भी प्रभावित कर रहा मोबाइल

मोबाइल भले ही आज की जरूरत बन गयी हो, लेकिन इसके फंक्शन ने लोगों को ऐसा फंसाया है कि वे उसमें ही उलझ कर रह गये हैं। युवा आबादी को इसके चंगुल में फंसी ही है, लेकिन अब तेजी से पौढ़ और बुर्जुगों पर भी इसका प्रभाव बढ़ता जा रहा है। दादा-दादी, नाना-नानी से अब आज की पीढ़ियों से दूर-दूर तक नाता नहीं है और न ही उन्हें वह सामाजिक ताना-बानों से बुनी कहानियां सुनने को मिलती है, जिससे वे जीवन जीने की कला सीखते थे। इसका बड़ा कारण मोबाइल भी है। यह सिर्फ युवाओं की ही नहीं, बल्कि पौढ़ और बुर्जुगों की भी दिनचर्या को प्रभावित कर रही है।



# अनाथों के बेरंग जीवन में भरे जाते हैं खुशियों के रंग

**संवरता है बेसहारों का भविष्य, अच्छी परवरिश से बच्चे होते हैं सामाजिक**

**अनाथालय में इस समय 28 बच्चों का हो रहा लालन-पालन**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** उसे किसने और कहां जन्म दिया, यह किसी को नहीं पता। वह कैसे काशी आयी, यह कोई नहीं जानता। रंगों से भरी दुनिया में कदम रखते ही वह अनाथ हो चुकी थी। अबोध मन अपने किस्मत और तकदीर को लेकर असंमजस में था। कौन है उसके माता-पिता, कौन हैं जो उन्हें प्यार से 'कान्हा' और 'परी' के संबोधान से पुकारेगा। कौन होगा वह, जो उनके भविष्य को संवारेगा। जन्म लेते ही दुनिया के इस कटुता का अनुभव करने वाले अबोध बच्चों को शायद यह भान नहीं होता है कि यह प्रकृति ऐसे ही रंग-बिरंगी नहीं बनी। यहां सिर्फ त्यागने नहीं बल्कि अपनाने वाले लोग भी होते हैं।

जिन अबोधों के सर पर किसी का हाथ नहीं होता, उसे अनाथलय में आश्रय मिलता है। दान, दया और धर्म की नगरी काशी में भी एक ऐसा अनाथालय है। जहां न सिर्फ बच्चों की अच्छी परवरिश होती है, बल्कि उनका भविष्य भी संवारा जाता है। जन्म से लेकर जब तक वे अनाथालय में रहती या रहते हैं। उन्हें हर वह चीज उपलब्ध करायी जाती है, जो एक मां-बाप अपने बच्चों को लाकर देता है। शहर के लहुराबीर में स्थित काशी अनाथालय ऐसा ही एक अनाथालय है।





काशी अनाथालय के अधिशासी अधिकारी अरुण कुमार सिंह बताते हैं कि अनाथालय में इस समय दो महीने से लेकर 25 साल तक के कुल 26 बच्चियां और दो लड़कें हैं। बच्चों का लालन-पालन के साथ ही उनकी पढ़ाई-लिखाई और सभी कार्य 30 सदस्यीय काशी अनाथालय एसोसिएशन की ओर से किया जाता है। जिसका खर्चा एसोसिएशन के तहत संचालित होने वाले वनिता पब्लिक स्कूल और वनिता इंस्टट्यूट ऑफ फैशन डिजाइनिंग और वनिता पॉलिटेक्निक स्कूल और अनाथलाय के बाहर संचालित होने वाले दुकानों के किरायों से होता है। खास बात यह है कि इन बच्चियों की शिक्षा-दीक्षा इन्हीं स्कूलों में होती है और उन्होंने सिलाई-कढ़ाई के साथ ही फैशन डिजानिंग जैसे कोर्सेस भी पढ़ाये जाते हैं।

## 1928 में रानी रामकुमारी ने कराया था निर्माण

*दरअसल काशी अनाथालय एक ट्रस्ट है। जिसका पूरा नाम काशी अनाथालय एसोसिएशन है। अनाथालय जिसमें बच्चे रहते हैं, उसका नाम 'रानी रामकुमारी वनिता विश्राम' है। यह काशी अनाथालय एसोसिएशन के तहत ही संचालित होता है। औसानगंज के राजा बी. श्रीनारायण सिंह की पत्नी रानी रामकुमारी ने सन् 1928 में इस अनाथालय का निर्माण कराया था। जिसके लिए उन्होंने उस जमाने में एक लाख रुपये दान किये थे। अनाथालय के निर्माण के पीछे निराश्रित बच्चों का भविष्य संवारने और उनके समाज में पुन: स्थापित करने की मंशा रही। रानी रामकुमारी के इस कार्य से प्रभावित होकर शहर के दर्जनों लोगों ने अनाथालय के निर्माण में अपना योगदान दिया। जिनके नाम अनाथालय की दिवारों पर अंकित है।*




## साल भर होती है निगरानी सोशल ऑडिटर जाते हैं घर

अधिशासी अधिकारी के अनुसार किसी भी दंपत्ति को बच्चा गोद लेना हो तो वे 'कारा' (सीएआरए) वेबसाइट पर जाकर अपना विवरण अपलोड करते हैं। जिसके बाद सीडब्ल्यूसी की टीम उनके सारे डिटेल्स चेक करती और जरूरी प्रक्रियाओं को पूरा करने के बाद ही बच्चों को उन्हें सौंपा जाता है। संस्था के प्रतिनिधि साल भर तक ऑडियो-वीडियो कॉल से संपर्क में रहकर उनका हालचाल लेते हैं। उनसे पूछा जाता है कि उन्हें उनके अभिभावक के साथ कोई समस्या तो नहीं है। इसके साथ ही बच्चा जिस शहर में रहता है, वहां के सोशल ऑडिटर उससे और उसके अभिभावक से संपर्क कर संस्था को रिपोर्ट भेजते हैं। ध्यान इस ओर दिया जाता है कि बच्चा किसी भी तरह की परेशानी न महसूस करे और अच्छे माहौल में उसका विकास हो। शादी योग्य होने वाली बच्चियों के विवाह के दौरान भी इसी तरह के नियमों का पालन किया जाता है। उनके लिए बकायदा वर ढूंढ़ने के बाद धूमधाम से उनका विवाह होता है और उन्हें गृहस्थी के सारे सामना भी दिये जाते हैं। इसका सारा खर्चा संस्था उठाती है।



## अब तक 28 बच्चे लिये जा चुके हैं गोद

अरूण सिंह ने बताया कि जब कोई बच्चा कहीं भी पाया जाता है तो सबसे पहले उसे चाइल्ड लाइन भेजा जाता है। वहां से सारी विधिक प्रक्रियाओं को पूरा कर उसका विवरण सेंट्रल अडॉप्शन रिसोर्स अथॉरिटी की वेबसाइट पर अपलोड करके अनाथालय को सौंप दिया जाता है। इसी से जुड़ी हुई विदेशी दंपतियों की वेबसाइट भी है, जिससे वह भारतीय बच्चों को गोद ले सकते हैं। अब तक 28 बच्चे गोद लिये जा चुके हैं। जिसमें चार बच्चे विदेशी दंपत्तियों ने गोद लिये हैं। बताया कि काशी अनाथालय में रहने वाले बच्चों को वर्ष 2019 से गोद लेने की प्रक्रिया शुरू हुई है। देश के उत्तराखंड, असम, दिल्ली, नोएडा, कोलकाता सहित देश के अन्य हिस्सों में रहने वाले दंपती गोद ले चुके हैं।

# श्रीराम के राजतिलक से घबराये देवराज इन्द्र

**रामनगर की लीला**

**सरस्वती ने फेरी मंथरा की बुद्धि, कैकेयी ने अयोध्या पर किया वज्रपात**

**रामनगर।** राजा दशरथ की इच्छा उस समय धरी रह गई। जब उनकी पत्नी कैकेई ने अयोध्या पर वज्रपात गिरा दिया। वे राम का राजतिलक करना चाह रहे थे। यह देखकर इंद्र घबरा गए और सरस्वती के पास जाकर उन्होंने निवेदन किया कि वह कुछ ऐसा उपाय करें जिससे भगवान जिस काम के लिए अवतार लिए हैं वह काम पूरा हो। उनके इस निवेदन पर सरस्वती ने कैकेई की दासी मंथरा की बुद्धि को फेर दिया। जिसके बाद उसने कैकेई को गुमराह करके पुत्र मोह में फंसा दिया। जिसके बाद अयोध्या पर वज्रपात गिर गया। महाराज दशरथ एक दिन आईने के सामने अपना मुकुट ठीक कर रहे थे। तभी उन्होंने देखा कि उनके बाल काले से सफेद हो रहे हैं। इस पर उन्होंने राम को अपना उत्तराधिकारी बनाने का निर्णय किया। उन्होंने राम के राजतिलक की तैयारी शुरू करा दी। यह देख देवताओं के राजा इंद्र का सिंहासन डगमगाने लगा। वह घबरा गए आनन-फानन में वे माता सरस्वती के पास पहुंचे और उनसे निवेदन किया कि आप कुछ ऐसा उपाय करें। जिससे राम राजपथ को छोड़कर वन जाए। ताकि जिस काम के लिए वे अवतार लिए हैं। वह पूरा हो सके। उनकी इस बात को सुनकर माता सरस्वती कैकेई की दासी मंथरा की बुद्धि फेर दिया। जिसके बाद उसने कैकेई को ऐसा गुमराह किया कि वह कोप भवन में चली गई। उसे मनाने जब राजा दशरथ कोप भवन में गए तो उसने राम के लिए 14 वर्ष का वनवास मांग लिया। जिसके बाद वह जमीन पर गिर पड़े। जिसे देखकर वह उनसे कहती है कि कुछ भी कर लो तुम्हारी माया नहीं चलने दूंगी। राजा दशरथ उसे कहते हैं कि सूर्यवंश के लिए कुल्हाड़ी ना बनो। वे छाती पीट-पीटकर जमीन पर तड़पने लगे और अचेत हो गए। सेवक के कहने पर सुमंत कोपभवन पहुंचे तो वह राजा दशरथ की दशा देखकर परेशान हो गए। कैकेई ने उनसे राम को बुलाने को कहा। जब राम कोप भवन पहुंचे तो उसने अपने वरदान के बारे में उनको बताया। उनकी बात सुनकर श्रीराम सहर्ष वन जाने के लिए तैयार हो गए। दशरथ उन्हें गले लगाकर कुछ बोल नहीं पाए। अयोध्यावासी विधाता को कोसने लगे।। सखियों ने भी उनको कोसा। लेकिन उसका कैकेई के ऊपर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। पूरवासी राम के बिना जीने की आशा ही छोड़ दिए। कौशल्या ने श्रीराम को हृदय से लगाकर चिरंजीवी होने का आशीर्वाद दिया। राम उनसे वन जाने की बात कहे। सुमंत्र ने कौशल्या को वरदान के बारे में बताया तो उन्होंने पिता की आज्ञा से राम को वन जाने की अनुमति दे दी। उसी समय सीता आकर उनकी चरण पकड़ कर उनको प्रणाम किया तो उन्होंने उनको अचल सुहागन होने का आशीर्वाद दिया जिसके बाद भगवान की आरती के साथ कोप भवन की लीला को विश्राम दिया गया।

